RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 46
लखनऊ, शुक्रवार, 4 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



किसी भी तरह के भेदभाव का सामना नहीं किया
विविध-12

www.dailypioneer.com

# सरकार ने दिया भरोसा, किसान मांगों पर अड़े

- केंद्र ने एमएसपी न छूने का दिया आश्वासन, किसानों ने कहा-कृषि कानूनों को वापस लिया जाए
- पांच दिसबंर को फिर होगी दोनों पक्षों की बैठक, कृषि मंत्री ने जताई राह निकलने की उम्मीद

## चौथे दौर की बातचीत में भी नहीं बनी बात



नई दिल्ली में किसानों के साथ वार्ता के बाद बाहर निकलते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और राज्य मंत्री सोमप्रकाश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कृषि** कानूनों के खिलाफ आंदोलनरत किसानों और सरकार के बीच गुरुवार को चौथे दौर की बातचीत हुई। हालांकि 7 घंटे तक चली बैठक बेनतीजा रही लेकिन केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक बार फिर कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था को कभी छुआ भी नहीं जाएगा।

वहीं किसान कृषि कानूनों को खत्म करने की अपनी मांग पर अड़े रहे। पांच दिसंबर शनिवार को दोनों पक्षों में फिर बातचीत होगी। केंद्र की सरकार और किसान संगठनों के बीच दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई चर्चा के बाद तोमर ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के अनुसार, फसलों की खरीद की व्यवस्था बरकरार रहेगी और इस प्रावधान को कोई भी नहीं छुएगा। हालांकि सरकार के इस आश्वासन के बावजूद किसानों से बातचीत में कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। किसानों का कहना है कि सरकार के सामने बात कृषि कानूनों की वापसी के लिए रखी जा रही है, लेकिन सरकार सिर्फ एमएसपी के बारे में बात कर रही है। तोमर ने कहा कि बातचीत सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई। उन्होंने कहा कि किसानों और सरकार ने अपना-अपना पक्ष रखा है।

कृषि मंत्री ने कहा कि दो-तीन बिंदुओं पर किसानों की चिंता थी, हम हर मुद्दे पर खुले मन से बात कर रहे हैं, हमारा कोई अहम नहीं है। एपीएमस को सशक्त बनाने पर विचार हुआ। उन्होंने कहा कि न्यूंनतम समर्थन मूल्य के बारे में किसानों की चिंता है। यह पहले भी जारी था, जारी है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि परसों यानी 5 दिसंबर को दोपहर को दोनों पक्षों की फिर बातचीत होगी और उम्मीद है कि हम किसी सर्वसम्मत समाधान पर पहुंचेंगे। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी इस बैठक में सरकार की ओर से उपस्थित थे। बैठक में किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि कानून खत्म करने के ( शेष पेज 9 )

## शाह से मिले कैप्टन गतिरोध को खत्म करने की अपील

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने गुरुवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदर्शन कर रहे किसानों से नए कृषि कानूनों को लेकर जारी गतिरोध को समाप्त करने की अपील की और कहा कि इससे पंजाब की अर्थव्यवस्था और राष्ट्र की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। सिंह ने शाह से उनके आवास पर बैठक के बाद कहा कि जल्द से जल्द आम सहमति पर पहुंचना चाहिए और दोनों पक्षों को मामले पर अड़ियल रवैया नहीं अपनाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने पत्रकारों से कहा कि मैं गृह मंत्री से मिलने, मामले पर अपना रुख दोहराने और उनसे तथा किसानों से इस मामले का जल्द समाधान करने की अपील करने आया था, क्योंकि इससे पंजाब की अर्थव्यवस्था और राष्ट्र की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने गृह मंत्री से मामले का जल्द समाधान ढूंढने की अपील की। केन्द्र सरकार और प्रदर्शन कर रहे किसानों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाने के सवाल पर सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें इसका हल निकालना है.... हमने पंजाब का रुख स्पष्ट कर दिया है।

# स्वरोजगार के लिए नहीं होने देंगे पूंजी की कमी: मुख्यमंत्री



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- योगी ने 3,54,825 एमएसएमई इकाइयों में वितरित किया 10,390 करोड़ का ऋण

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों और परंपरागत शिल्पकारों के विकास के लिए प्रदेश सरकार हर आवश्यक मदद करने को तत्पर है। यह उद्योग ही आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार होने का आधार हैं।

प्रदेश का कोई भी युवा जो अपना नवीन उद्यम शुरू करना चाहता है, उसे पूंजी की कमी नहीं होने दी जाएगी। प्रत्येक उद्यमी को जरूरत के अनुरूप ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, यह काम लगातार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की 3,54,825 एमएसएमई इकाइयों की पूंजी की जरूरत को पूरा करते हुए 10,390 करोड़ का ऋण वितरित किया। इनमें 29,914 नई इकाइयां भी शामिल हैं, जिन्हें 1,316 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया।

वर्चुअल माध्यम से सम्पन्न इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों 8 उद्यमियों को लोन वितरित किया गया, जबकि शेष को जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में ऋण प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे छोटे उद्योग, सशक्त प्रदेश का आधार हैं। औद्योगिक विकास को गति देने की यूपी सरकार की कोशिश सभी के जीवन में खुशहाली लाने वाली है।

उन्होंने कहा कि कोविड.19 के कालखंड में केंद्र व राज्य सरकार ने मिलकर अपने प्रवासी श्रमिक भाइयों-बहनों को, परंपरागत शिल्पकारों को, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के प्रोत्साहन के लिए नियोजित प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉकडाउन के दौरान 14 मई को जब पहला आर्थिक पैकेज जारी किया, उसके अगले ही दिन यूपी सरकार ने ऑनलाइन स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत 56,754 नई एमएसएमई इकाइयों को 2002 करोड़ रुपये ( शेष पेज 9 )

## प्रकाश सिंह बादल ने लौटाया पद्म विभूषण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**अकाली** दल के कद्दावर नेता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने केंद्र के नए कृषि कानूनों के विरोध में बृहस्पतिवार को अपना पद्म विभूषण पुरस्कार लौटा दिया। असंतुष्ट अकाली नेता और राज्य सभा सदस्य सुखदेव सिंह ढींढसा ने भी कहा है कि वह अपना पद्म भूषण पुरस्कार लौटा देंगे जो उन्हें पिछले साल दिया गया था। इससे पहले, पंजाब के कुछ खिलाड़ियों ने भी पुरस्कार लौटाने की धमकी दी थी। बादल ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को लिखे पत्र में कहा, मैं जो कुछ भी हूं वह अपने लोगों के कारण हूं जिसमें विशेष रूप से आम किसान शामिल है। आज जब उनके सम्मान से अधिक बहुत कुछ छिन गया है तो मुझे पद्म विभूषण सम्मान रखने का कोई मतलब समझ में नहीं आता। शिअद (लोकतांत्रिक) के बागी नेता सुखदेव सिंह ढींढसा ने कहा कि बूढ़े लोगों और महिलाओं समेत किसान दिल्ली के बॉर्डर पर डटे हैं।

# बरेली-मुरादाबाद शिक्षक खंड में बीजेपी के हरि सिंह जीते

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- विधान परिषद चुनाव में हंगामे व आरोपों के बीच मतगणना जारी

**उप्र** की 6 शिक्षक व 5 स्नातक विधान परिषद सीटों पर गुरुवार को मतगणना शुरू हो गई। मतगणना के दौरान सत्तारू ढ़ दल बीजेपी और सपा में झड़प भी हुई कई स्थानों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी बीजेपी पर आरोप लगाया है कि बीजेपी ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है। इस चुनाव में रुझानों में बीजेपी को बढ़त मिलती दिख रही है।

चुनाव आयोग ने देर रात बरेली शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रा से बीजेपी हरि सिंह ढिल्लों को निर्वाचित घोषित किया है। हरि सिंह ने सपा के संजय मिश्रा को हराया है। शिक्षकों की राजनीति के सबसे अहम चुनाव विधान परिषद की इन सीटों के मतगणना के रुझान में ज्यादातर सीटों पर भाजपा बाजी मारती दिख रही है। इन चुनाव में वरियता क्रम में मतदान होता है। गुरुवार को सुबह 8 बजे शुरू हुई मतगणना देर रात तक चलने की संभावना है। वाराणसी में दोपहर दो बजे सपा ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को बाहर करना शुरू किया तो भारी संख्या में सपा के लोग पहुंच गए और मतगणना स्थल पहाड़िया मंडी गेट पर धरना शुरू कर दिया।

इलाहाबाद-झांसी खंड निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के दौरान उस समय हंगामा हो गया जब एक अफ सर ने सपा उम्मीदवार को धमकाते हुए कहा कि कान पकड़कर बाहर कर दूंगा। इस पर सपा एजेंटों ने हंगामा शुरू कर दिया इससे करीब आधे घंटे तक मतों की छंटाई का काम बाधित रहा। बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक एमएलसी निर्वाचन में भाजपा का परचम लहराया। भाजपा समर्थित हरि सिंह ढिल्लो सपा के दावेदार और निवर्तमान एमएलसी संजय मिश्रा को 7963 मतों से पछाड़कर चुनाव रिकॉर्ड मतों से जीतकर विजेता बने। सुबह से रात तक चली मतगणना में पहले से लेकर तीसरे चरण तक हरि सिंह ढिल्लों का दबदबा रहा। आखिर में कोटा के तहत अधिक वोट होने के आधार पर उन्हें विजेता घोषित कर दिया गया। वाराणसी में हंगामा और धरने के बीच स्नातक और शिक्षक विधान परिषद के लिए पहड़िया मंडी में मतगणना जारी थी।

शिक्षक एमएलसी के पहले राउंड में सपा प्रत्याशी लाल बिहारी यादव 4125 वोटों के साथ सबसे आगे थे। दूसरे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी डॉ. प्रमोद कुमार मिश्र को 2448 वोट मिले थे जबकि तीसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी चेत नारायण सिंह को 2008 वोट मिले। एमएलसी शिक्षक आगरा खंड की सीट पर पहले चरण की मतगणना में 13995 वोट सही निकले हैं। पांच मत निरस्त हुए हैं। इनमें भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार को सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार वशिष्ठ के 2718 मत निकले हैं। दूसरे नंबर पर निर्दलीय डॉ. ( शेष पेज 9 )

## मसाला किंग महाशय धर्मपाल गुलाटी नहीं रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** के मसाला किंग और एमडीएच मसाला के मालिक महाशय धर्मपाल गुलाटी का गुरुवार को शहर के अस्पताल में निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि गुलाटी (97) का माता चनन देवी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। खबरों के मुताबिक उनका कोविड-19 संक्रमण के बाद का इलाज चल रहा था और गुरुवार सुबह हृदय गति रुकने से उनका निधन हुआ। मसाला किंग के नाम से मशहूर गुलाटी को 2019 में देश के तीसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उनका जन्म 27 मार्च 1923 को सियालकोट (अब पाकिस्तान में) में हुआ था और वह विभाजन के बाद भारत आ गए और दिल्ली में अपना व्यवसाय स्थापित किया।

( संबंधित समाचार पेज 10 )

# अगले महीने आ सकता है भारत में कोरोना का टीका

**खुशखबरी**

- एम्स के डायरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा- जनवरी तक मिल सकती है आपात उपयोग की मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** के लिए एक अच्छी खबर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि इस महीने के आखिर या अगले महीने के प्रारंभ तक कोविड-19 के पांचों में से कम से कम एक टीके को लोगों को लगाये जाने के लिए दवा नियामक निकाय से आपात उपयोग की मंजूरी मिल जाएगी और टीकाकरण की शुरुआत प्राथमिकता समूह से होगी।

इन पांचों टीके का देश में परीक्षण चल रहा है। उनका बयान फाइजर बायोटेक के कोरोना वायरस टीके को ब्रिटेन में आपात मंजूरी मिलने के बीच आया है। इस मंजूरी के बाद ब्रिटेन में यथासंभव अगले सप्ताह से इस जानलेवा वायरस के खिलाफ बड़े पैमाने पर टीकाकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

सूत्रों के अनुसार, वैश्विक दवा कंपनी फाइजर ने अगस्त में भारत सरकार के साथ बातचीत की थी लेकिन तब से इस विषय पर कोई बात आगे नहीं बढ़ी है। गुलेरिया ने कहा कि कोविड-19 के टीके भारत के शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में वितरण के लिए व्यावहारिक हैं। गौरतलब है कि भारत में कोविड-19 का टीका बना रही पांच कंपनियों का क्लीनिकल परीक्षण काफी आगे के चरण में ( शेष पेज 9 )

## पीएफआई को विदेशी फंडिग को लेकर ईडी ने मारे छापे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया को विदेशों से हो रही लगातार फंडिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने लखनऊ और बाराबंकी में भी छापे मारे हैं। लखनऊ में कैसरबाग और लालबाग क्षेत्र में छापा मारा गया है। बाराबंकी के कुर्सी थाना क्षेत्र स्थित अगासड़ गांव में ईडी ने मुअस्सिर नाम के व्यक्ति के घर छापा मारा है। सीएए विरोधी हिंसा के दौरान लखनऊ से गिरफ्तार नदीम कुर्सी थाना क्षेत्र का ही रहने वाला है। दिल्ली में हुई हिंसा के बाद पीएफआई को होने वाली फंडिंग की जांच कर रहे ईडी को हाथरस कांड में भी पीएफआई के कनेक्शन की जानकारी मिली थी। दिल्ली से हाथरस जा रहे चार लोगों की मथुरा के मांट थाना क्षेत्र में गिरफ्तारी के बाद ईडी ने हाथरस कांड से जुड़े मामले को भी अपनी जांच में शामिल कर लिया। मथुरा में गिरफ्तार चारों अभियुक्तों में से एक केरल निवासी सिद्दीक कप्पन के बारे में पता चला कि वह पीएफआई का ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 44,632 | ↑ | 14 | |
| निफ्टी | 13,133 | ↑ | 20 | |
| सोना | 48,887 | ↑ | 481 | /10g |
| चांदी | 63,502 | ↑ | 555 | /kg |

## क्विक न्यूज

### रेलवे में नहीं होगी खलासी के पद पर नई भर्ती

**नई दिल्ली।** रेलवे ने वरिष्ठ अधिकारियों के आवासों पर काम करने वाले खलासी या बंगला चपरासी के पद पर किसी भी नई नियुक्तियों को रोकने का फैसला किया गया है लेकिन महाप्रबंधकों को ऐसे रिक्त पदों पर नियमित कर्मचारियों को भरने की अनुमति दी है। रेलवे द्वारा जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। हालांकि, रेलवे बोर्ड द्वारा अगस्त में एक पत्र में संकेत दिया गया था कि लंबे समय से चली आ रही खलासी की नियुक्ति प्रणाली को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाएगा। उसके बाद एक दिसंबर को जारी मौजूदा आदेश में संकेत दिया गया कि इसे जारी रखा जाएगा, हालांकि नई नियुक्तियां नहीं की जाएंगी। उल्लेखनीय है कि सरकार अनावश्यक पदों को समाप्त करने की नीति पर चल रही है।

## राहुल में निरंतरता की कमी लगती है: पवार

**भाषा।** पुणे




**राष्ट्रीय** नेता के रूप में राहुल गांधी की साख पर टिप्पणी करते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनमें कुछ हद तक निरंतरता की कमी लगती है। कांग्रेस के सहयोगी पवार ने हालांकि कांग्रेस नेता पर बराक ओबामा की टिप्पणियों को लेकर कड़ी आपत्ति जताई। पवार का साक्षात्कार लोकमत मीडिया के अध्यक्ष और पूर्व सांसद विजय दर्डा ने किया। यह पूछे जाने पर कि क्या देश राहुल गांधी को नेता मानने के लिए तैयार है, तो पवार ने कहा कि इस संबंध में कुछ सवाल हैं। उनमें निरंतरता की कमी लगती है। ओबामा ने हाल ही में प्रकाशित अपने संस्मरण में कहा था कि कांग्रेस नेता शिक्षक को प्रभावित करने के लिए उस उत्सुक छात्र की तरह लगते हैं जिसमें विषय ( शेष पेज 9 )

# एलएसी पर नौसेना ने तैनात किए निगरानी विमान व ड्रोन

- प्रगति पर है प्रस्तावित मैरीटाइम थियेटर कमांड का काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नौसेना** प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने गुरुवार को कहा कि उत्तरी सीमाओं (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर 'यथास्थिति में बदलाव' की कोशिश का असर सुरक्षा हालात पर पड़ा है और इसके चलते पिछले छह महीने से नौसेना को अपने विमान और ड्रोन को सीमा पर निगरानी के लिए समय समय पर तैनात करना पड़ा है।


उन्होंने कहा कि इस साल की व्याख्या कोविड महामारी की चुनौतियों के लिए की जाएगी, जिसने जीवन के हर पहलू को बाधित किया है। इसके साथ साथ हमारी उत्तरी सीमाओं पर यथास्थिति को बदलने की कोशिश की गई जिससे हमारे सुरक्षा हालात जटिल हो गए। सशस्त्र बलों की ऑपरेशनल तैयारियों को रेखांकित करते हुए सिंह ने कहा कि दोहरी चुनौतियों का परिदृश्य जारी है।

सेना, भारतीय वायुसेना और नौसेना सीमा पर इच्छित परिणाम पाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। नौसेना किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार ( शेष पेज 9 )

# रजनीकांत अपनी पार्टी का 31 को करेंगे ऐलान

- तमिलनाडु से राजनीति में प्रवेश करने वाले छठे बड़े फिल्मी सितारे

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई



**जाने** माने अभिनेता रजनीकांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह जनवरी 2021 में अपनी राजनीतिक पार्टी बनाएंगे। पार्टी बनाने की घोषणा करके रजनीकांत ने इस संबंध में वर्षों से लगाए जा रहे कयासों पर विराम लगा दिया है। सुपर स्टार ने कहा कि उनकी पार्टी आध्यात्मिक राजनीति करेगी और वह लोगों के कल्याण के लिए राजनीति में उतर कर अपनी जिंदगी को खतरे में डालने के लिए भी तैयार हैं। रजनीकांत ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी 2021 विधानसभा चुनाव लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-मई के बीच विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनका दल जनता के भारी सहयोग से चुनाव जीतेगा। रजनीकांत ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, आने वाले विधानसभा चुनाव में, यकीनन आध्यात्मिक राजनीति का उद्भव होगा। एक चमत्कार होगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में घोषणा 31 दिसंबर को की जाएगी।

अभिनेता ने बाद में पोएस गार्डन के अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उन्होंने 31 दिसंबर 2017 में घोषणा की थी कि वह 2021 विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टी का गठन करेंगे और राज्य के सभी 234 विधानसभा सीट से प्रत्याशी उतारेंगे। रजनीकांत ने कहा कि उन्होंने 2016 में गुर्दा प्रतिरोपण कराया था और चिकित्सकों ने उन्हें महामारी को देखते हुए राजनीति में नहीं आने की सलाह दी क्योंकि इसके लिए प्रचार करना होगा, उन्होंने कहा कि इस बात ने उन्हें राजनीति में आने के प्रश्न पर फिर से सोचने को मजबूर किया। उन्होंने कहा कि वर्षों पहले जब वे अस्वस्थ थे और सिंगापुर में उनका इलाज चल रहा था, तो तमिलनाडु की जनता की प्रार्थनाएं ही उन्हें वापस ले कर आई थीं। उन्होंने कहा कि लोगों के प्यार को देखते हुए अगर राजनीति में उनके आगाज से उनकी जिंदगी खतरे में पड़ती है अथवा थमती है, तो भी उन्हें खुशी होगी क्योंकि उनके राजनीतिक यात्रा का मकसद लोगों का कल्याण करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व नेता टी मनियन प्रस्तावित पार्टी में और उसकी शुरुआत के लिए निरीक्षक की भूमिका निभाएंगे।

# कृषि और ग्रामीण विकास कार्य को गति दें

## सहकारी समितियों को सुदृढ़ बनाकर उनके माध्यम से किसानों के लिये बीज एवं खाद जैसे जरूरी कृषि निवेशों की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कृषि और ग्रामीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने सभी विभागों को कृषि, किसान कल्याण तथा ग्राम्य विकास से जुड़े कार्यों के संचालन में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री गुरूवार को अपने सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कृषि उत्पादन आयुक्त को निर्देशित किया कि वे नाबार्ड से समन्वय कर कृषि अवस्थापना, उद्यान, सहकारिता, सिंचाई आदि से जुड़े कार्यों के लिये अधिक से अधिक धनराशि प्राप्त करें। इस सम्बन्ध में विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा नाबार्ड एवं अन्य संस्थाओं से नियमित सम्पर्क में रहकर प्रभावी कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारी समितियों को सुदृढ़ बनाकर उनके माध्यम से किसानों के लिये बीज एवं खाद जैसे जरूरी कृषि निवेशों की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिंचाई परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए समय से धनराशि निर्गत कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड तथा विन्ध्य क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए हर घर नल परियोजनाओं को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए। इसके लिए धनराशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि खुले बोर वेल को सुरक्षित बनाने की कार्यवाही की जाए, ताकि इसमें गिरकर दुर्घटना हो जाने की सम्भावना न रहे। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को डेयरी प्रोत्साहन के लिये संचालित योजनाओं की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई गोबर धन योजना को प्रदेश में लागू करने के लिए परियोजनाएं तैयार की जाएं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने धान क्रय केन्द्रों के सुचारु संचालन पर बल देते हुए कहा कि धान खरीद का भुगतान किसानों को प्रत्येक दशा में 72 घण्टे में करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभागों द्वारा धान खरीद भुगतान की स्थिति की नियमित समीक्षा की जाए। योगी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रखी जाए। जनपद स्तर पर जिला सेवायोजन अधिकारी को जिम्मेदारी देते हुए पोर्टल के माध्यम से रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, जल शक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बृहस्पतिवार को उनके सरकारी आवास पर कर्नाटक के पशुधन मंत्री प्रभु बी चौहान ने शिष्टाचार भेंट की

# जेवर एयरपोर्ट के लिए अब बनेंगे पांच रनवे

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने लिया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जेवर एयरपोर्ट के लिए गठित प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग इम्प्लमेंटेशन कमेटी की बैठक में गुरुवार को जेवर एयरपोर्ट के दो रनवे को बढ़ाकर 4 से 6 रनवे किए जाने के सम्बन्ध में तकनीकी परामर्शदाता के अध्ययन की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक में पांच रनवे बनाए जाने पर सहमति बनी जिस पर कैबिनेट की मंजूरी ली जाएगी।

बैठक में अधिकारियों ने बताया गया कि वर्तमान में दो रनवे के नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के विकास के लिए ग्लोबल ई-बिडिंग में माध्यम से विकासकर्ता के रूप में जुरिक एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी का चयन किया जा चुका है। 7 अक्टूबर को कन्शेसन एग्रिमेंट जुरिक एयरपोर्ट और राज्य सरकार की कम्पनी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नायल के मध्य हस्ताक्षरित हो चुका है। इस प्रस्तुतीकरण में कुल 5 रनवे की फीजिबिलिटी बतायी गई। वर्तमान में दो रनवे के अतिरिक्त 3 और रनवे बनाए जा सकते हैं।

गहन विचार-विमर्श के बाद मुख्य सचिव की अध्यक्षता की पीएमआईसी ने 5 रन वे बनाए जाने तथा वित्त की उपलब्धता होने पर भूमि अधिग्रहण करने की संस्तुति मंत्रिपरिषद के लिए कर दी। प्रथम चरण में तीसरे रनवे के लिए 1365 हेक्टयर भूमि का अधिग्रहण होगा। प्रथम चरण के दो रन वे के लिए 1334 हेक्टयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। दूसरे चरण में तीन रन वे के लिए कुल 3418 हेक्टयर और भूमि की जरूरत होगी। दूसरे चरण के प्रथम फेज में 1365 हेक्टेयर, दूसरे फेज में 1318 हेक्टेयर और तीसरे फेज में 735 हेक्टेयर की भूमि सम्मिलित होगी। पाँच रन वे का जेवर एयरपोर्ट में कुल 4752 हेक्टयर की भूमि सम्मिलित होगी।

# सत्ता दल के फैलाए राजनीतिक प्रदूषण को अधिवक्ता समाज ही कर सकता है खत्म

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारत के स्वतंत्रता सेनानियों ने जो आदर्श स्थापित किए थे और संविधान में लोकतंत्र, समता एवं पंथनिरपेक्षता को अपनी उद्देशिका में शामिल किया था, उनकी रक्षा में पूर्ववत अधिवक्ताओं को अपनी भूमिका निभाने की आज बड़ी जरूरत है। सच को सच और झूठ को झूठ बताने तथा अन्याय के विरोध की क्षमता अधिवक्ताओं में ही होती है। आज सत्ता दल ने झूठ, नफरत और भय-भ्रम के जरिए जो राजनीतिक प्रदूषण फैला रखा है उसे अधिवक्ता समाज ही आगे आकर समाप्त कर सकता है।

अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिन अधिवक्ता दिवस पर समाजवादी अधिवक्ता सभा द्वारा पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के सादगी, त्याग एवं समर्पण से भरे जीवन के कई प्रसंगों की भी चर्चा की।

उन्होंने स्वतंत्रता के पूर्व और पश्चात संघर्ष और निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। यादव ने कहा कि भारत में न्यायालयों पर लोगों का आज भी भरोसा है। सबके साथ उससे न्याय होने का विश्वास है। किसी के साथ अन्याय न हो, असमानता समाप्त हो इसके साथ संविधान आर्थिक सामाजिक तथा राजनीतिक न्याय का भी भरोसा देता है। संविधान निर्माताओं ने शोषण मुक्त समाज का सपना देखा था। उन्होंने व्यक्ति की गरिमा तथा प्रतिष्ठा को महत्व दिया था।

# गंगा नदी के आसपास क्षेत्रों में सॉलिड व अन्य वेस्ट की डंपिंग न की जाए: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गई जिसमें मुख्य सचिव ने कहा कि अपने सम्बोधन में मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि एनजीटी द्वारा पारित आदेशों के क्रम में शासन स्तर पर निर्गत निर्देशों का

- एनजीटी के लम्बित प्रमुख वादों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

अनुपालन सम्बन्धित विभागों द्वारा तत्परता के साथ किया जाए। समय-समय पर निर्गत आदेशों का समय से अनुपालन कराने के लिए सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारी की जिम्मेदारी नियत की जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अवशेष समस्त कार्यों को समय से पूर्ण कराने के लिए समय-सारिणी का निर्धारण कर नियमित अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बित प्रस्तावों पर एनएमसीजी के अधिकारियों से समन्वय कर यथाशीघ्र अनुमोदन प्राप्त किया जाए। गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए गंगा नदी के आसपास क्षेत्रों में किसी भी तरह का सॉलिड एवं अन्य वेस्ट की डम्पिंग न की जाये एवं पुराने जमा कचरों को भी साफ किया जाये। गंगा के समीपवर्ती चिन्हित 25 जनपदों में बायो-डायवर्सिटी पार्क की स्थापना का कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने रिहायशी और कृषि भूमि पर बनी औद्योगिक इकाइयों की समस्याओं के सम्बन्ध में जल्द से जल्द पुख्ता कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रामसार की अन्तर्राष्ट्रीय महत्व की 7 वेटलेण्ड को संरक्षित करने की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करायी जाये। इसके अतिरिक्त ध्वनि एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए अतिरिक्त कदम उठाने पर भी चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

# उम्मीदों की जमीन तैयार करने में कामयाब रहे योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- टाटा समेत देश के कई बड़े समूहों ने जताई उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छा

**राज्य** सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंबई दौरे को काफी सफल बताया है। उद्योग जगत की हस्तियों ने मुख्यमंत्री से यहां हजारों करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव और सुझाव दिए हैं। मुख्यमंत्री ने निवेश के प्रस्तावों को सरकार को सौंपने का निर्देश दिया है । उन्होंने उद्यमियों को भरोसा दिया है कि उनके सुझावों को सरकार अमल में लाएगी।

सीएम से मुलाकात में टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने चार क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जाहिर की । टाटा ग्रपु ने इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्करिंग, धार्मिक पर्यटन के स्थानों अयोध्या और प्रयागराज में होटल्स, पैसेंजर इलेक्ट्रिक वेहीकल और सोलर मैन्यूफैक्करिंग में निवेश में दिलचस्पी जाहिर की है। सीएम ने उनसे कहा एंड टू एंड इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्करिंग के लिए जेवर एयरपोर्ट के पास राज्य सरकार का प्रस्तावित इलेक्ट्रानिक सिटी एक अच्छा विकल्प है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन ने सुझाव दिया कि सौर विनिर्माण के क्षेत्र में बड़ा निवेश तभी संभव है, जब एक गीगावाट या दो गीगावाट की क्षमता पर विचार किया जाए। ऐसे मामले में टाटा समूह राज्य में सोलर स्थापित करने पर विचार करेगा। सीएम ने हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन और एमडी डॉ. निरंजन हीरानंदानी को डेटा सेंटर क्षेत्र में निवेश के लिए बधाई दी । हीरानंदानी ने सुझाव दिया कि मिश्रित भूमि उपयोग टाउनशिप स्थापित करना एक दिलचस्प प्रस्ताव होगा। केकेआर इंडिया एडवाइजर्स प्राईवेट लिमिटेड के पार्टनर और सीईओ संजय नायर ने कृषि आपूर्ति श्रृंखला, कोल्ड स्टोरेज, फार्म मशीनीकरण, वेयर हाउसिंग सहित पर्यटन अवसंरचना, वित्त पोषण, अस्पतालों के विकास पर चर्चा की। इस बात पर प्रकाश डाला कि सरकार भूमि दे सकती है और निजी क्षेत्र की ओर से शेष विकास किया जा सकता है। सीमेंस इंडस्ट्री साफ्टवेयर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और एमडी सुप्रकाश चौधरी ने सुझाव दिया कि डिफेंस कॉरिडोर में उत्कृष्टता केंद्र में सीमेंस आरएंडडी सेंटर विकसित करने में रुचि रखता है, जो यूपी में डिफेंस कॉरिडोर को अधिक कुशल और लागत प्रभावी बनाने के लिए एसएमई की सहायता कर सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि आरएंडडी केंद्र का विकास पीपीपी मोड पर किया जाना चाहिए। कल्याणी ग्रुप के चेयरमैन बाबा एन कल्याणी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनका ग्रुप प्रदेश में डिफेंस कारीडोर के तहत झांसी में रक्षा उत्पादन में निवेश के लिए इच्छुक है। उन्होंने इस बारे में केंद्र सरकार के तहत रक्षा उत्पादों के आयात संबंधी नीति में कुछ सुझाव दिए। वहां मौजूद यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने कहा कि उनका प्रस्ताव केंद्र सरकार के विचार के लिए मुख्यमंत्री द्वारा अग्रसारित कर दिया जाएगा। एल एंड टी ग्रुप के सीईओ और एमडी एसएन सुब्रमण्यम ने मुख्यमंत्री को उत्तर प्रदेश में कंपनी द्वारा अलग अलग क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से उनके प्रस्ताव पर अनुमोदन मिलने के बाद वे झांसी में रक्षा उत्पादन इकाई स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि एल एडं टी ग्रुप अस्पताल और गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण में भी भागीदार बनना चाहता है। थामस जेफर्सन यूनिवर्सिटी के मोहम्मद अली ने बताया कि जेवर में प्रस्तावित हवाई अड्डे के पास मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की रुचि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मेडिकल कालेज स्थापित करने के लिए हमारी प्रभावी नीति है इसके तहत उनका स्वागत है।

आदित्य बिरला ग्रुप के डा. संतृप्त मिश्रा ने एक्सप्रेस वे निर्माण, कोविड प्रबंधन और पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री को बधाई दी। नाबार्ड के चेयरमैन जी आर चिंटाला ने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास के तहत वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 1700 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है जिसमें से 664 करोड़ रुपये का अनुमोदन हो चुका है।

सेंट्रम कैपिटल लिमिटेड के अधिशासी चेयरमैन जसपाल बिंद्रा ने कहा कि उनकी कंपनी माइक्रो फइनेंस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में निवेश की इच्छुक है।

# माँ बाराही देवी धाम के नाम पर होगा दांदूपुर रेलवे स्टेशन

**लखनऊ।** लखनऊ-वाराणसी रेल खंड पर प्रतापगढ़ बादशाहपुर के बीच स्थित दांदूपुर रेलवे स्टेशन का नाम अब माँ बाराही देवी धाम होगा। केंद्र सरकार की सहमति के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी नाम परिवर्तन को हरी झंडी दे दी है। जल्द ही नाम परिवर्तन के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। प्रतापगढ़ के रानीगंज तहसील मुख्यालय स्थित इस रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग लंबे समय से चल रही थी। स्थानीय धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान देने के संकल्पों के क्रम में अब इसका नाम माँ बाराही देवी धाम किया जा रहा है। विदित हो कि दांदूपुर स्टेशन पर एक्सप्रेस व पैसेंजर सहित कई ट्रेनों का ठहराव होता है।

# सपा सात से सभी जिलों में निकालेगी किसान यात्रा

**लखनऊ।** भाजपा सरकार की कृषि नीतियों के विरोध और किसानों के समर्थन में 7 दिसम्बर 2020 से राज्य के प्रत्येक जनपद में सपा द्वारा किसान यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। किसानों की आय बढ़ाओं और खेती किसानी बचाओ की मांग को लेकर किसान यात्राओं में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल होंगे।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम दलजीत सिंह से बदलकर दलजीत सिंह सचदेवा पुत्र स्व0 देशा सिंह सचदेवा कर लिया है। भविष्य में मुझे समस्त अभिलेखों में इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। निवासी 3/15 अमन पटेल काम्पलेक्स B-3 विष्णुपुरी नवाबगंज कानपुर मो0 9838767676

# हमारे लाख प्रयास के बाद भी सपा की तरफ से कभी सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई: शिवपाल

- 21 को मेरठ से चुनावी रथ निकालकर विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी प्रसपा, सात से पूरे प्रदेश में होगा प्रदर्शन
- प्रसपा के सपा में विलय से शिवपाल ने साफ किया इनकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया 21 दिसंबर को मेरठ से चुनावी रथ यात्रा निकालकर 2022 विधानसभा चुनाव का बिगुल बिगुल फूंकेगी। इसके साथ ही 7 दिसंबर सोमवार से प्रदेश भर में जनविरोधी मुद्दों पर तहसील व मुख्यालय स्तर पर प्रदर्शन कर सरकार को ज्ञापन सौंपेगी। यह घोषणा बृहस्पतिवार को प्रसपा मुखिया शिवपाल सिंह यादव ने की। इसके साथ ही शिवपाल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को नसीहत भी दी कि वे मौजूदा स्थिति को देखते हुए गंभीर हो जाएं। उन्होंने कहा कि अखिलेश द्वारा एक सीट देने की बात कहना मजाक प्रतीत होता है। शिवपाल ने कहा कि हम गंभीरता की बात करना चाहते हैं, महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसलिए गंभीरता जरूरी है। शिवपाल ने कहा कि संघर्ष और त्याग जिसके मन में नहीं है वह कभी सफलता हासिल नहीं कर सकता। शिवपाल ने कहा कि हमारे लाख प्रयास के बावजूद भी समाजवादी पार्टी की तरफ से कभी भी सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों को एक मंच पर लाने की मेरी मंशा स्पष्ट होने के बावजूद समाजवादी पार्टी मुखिया बात आगे नहीं बढ़ा रहे हैं। इससे उनका ही नुकसान होगा। शिवपाल ने कहा कि प्रसपा का स्वतंत्र अस्तित्व बना रहेगा और पार्टी विलय जैसी एकाकी विचार को एक सिरे से खारिज करती है। साथ ही पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को यह विश्वास दिलाती है कि उनके सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिवपाल ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है। शिवपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को मेरठ की सिवाल खास विधानसभा से चुनावी रथ यात्रा निकाली जाएगी। 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती पर प्रसपा बड़े स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन करेगी।


# किसानों के आंदोलन को बिजली अभियंताओं का समर्थन

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने कृषि कानूनों और इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2020 की वापसी की मांग के लिए पिछले 7 दिनों से संघर्षरत किसानों को समर्थन देने का निर्णय लिया है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2020 का ड्राफ्ट जारी होते ही बिजली इंजीनियरों ने इसका पुरजोर विरोध किया था। इस बिल में इस बात का प्रावधान है कि किसानों को बिजली टैरिफ में मिल रही सब्सिडी समाप्त कर दी जाए और बिजली की लागत से कम मूल्य पर किसानों सहित किसी भी उपभोक्ता को बिजली न दी जाए। यद्यपि कि बिल में इस बात का प्रावधान किया गया है कि सरकार चाहे तो डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए किसानों को सब्सिडी दे सकती है किंतु इसके पहले किसानों को बिजली बिल का पूरा भुगतान करना पड़ेगा जो सभी किसानों के लिए संभव नहीं होगा।

# प्रदेश में कोरोना संक्रमितों की रिकवरी दर 94.4 प्रतिशत

- सूबे में तीन लाख से ऊपर संक्रमित मरीजों ने होम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सूबे** में अभी तक तीन लाख से ऊपर की संख्या में कोरोना संक्रमित मरीज होम आइसोलेशन की सेवाएं ले चुके हैं। इनमे से तीन लाख से ऊपर की संख्या में ही मरीजों ने अपने होम आइसोलेशन की अवधि भी पूर्ण कर ली है। गुरुवार को यह जानकारी प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने दी है।

उन्होंने बताया कि अब तक कुल 3,15,814 लोग होम आइसोलेशन की सुविधा प्राप्त करते हुए 3,04,908 लोगों ने अपने होम आइसोलेशन की अवधि पूर्ण कर ली है। प्रदेश में रिकवरी की दर 94.4 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 5,18,390 लोग कोविड.19 से ठीक होकर पूर्ण उपचारित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,69,895 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 1,97,88,497 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1967 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 22,990 कोरोना के एक्टिव मामले में से 10.846 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 2124 लोग इलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त बाकी मरीज एल-1, एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,68,008 क्षेत्रों में 4,74,494 टीम दिवस के माध्यम से 2,98,55,526 घरों के 14,58,12,930 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय उपचार के लिए ई संजीवनी पोर्टल शुरू किया गया है।

# शारीरिक दक्षता परीक्षा कल, प्रवेश पत्र पुलिस भर्ती बोर्ड ने वेबसाइट पर डाले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने नागरिक पुलिस में सब इंस्पेक्टर व कांस्टेबल और पीएसी में प्लाटून कमांडर के मृतक आश्रित कोटे के पदों पर भर्ती के लिए पांच दिसंबर को होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित प्रवेश पत्र अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया है। यह परीक्षा गत चार नवंबर को कराई गई परीक्षा में शामिल न हो पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए हो रही है। बोर्ड के अपर सचिव भर्ती ने बताया कि पांच दिसंबर को होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा में केवल उन अभ्यर्थियों को शामिल होने का मौका दिया जा रहा है, जिन्होंने गत चार नवंबर को कराई गई परीक्षा में शामिल न हो पाने के लिए प्रत्यावेदन दिया था।

कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र
संख्या-587/9-11/जि0आ0अ0/अपील/सोनभद्र/2019-20 दिनांक 27.11.2020
सावधान! अवैध शराब के सेवन से बचे! सावधान!
अपील
जनसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाईल अल्कोहल भी मिला हो सकता है, जो घातक विष हैं तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अतः किसी भी दशा में अवैध स्थानों से/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें।
सस्ते के चक्कर में जान न गवायें। जहरीली शराब पीने से बचें। उत्तर प्रदेश में वैध शराब पाउच में नहीं बिकती हैं। इसलिए अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी ठेके से ही बारकोड/क्यू0आर0कोड एवं सील लगी बोतल खरीदें। पाउच वाली महुए से बनी शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा हैं। अवैध शराब तथा निर्धारित मूल्य से अधिक की बिकी से सम्बन्धित सूचना निम्न फोन नम्बरों पर दी जा सकती है :
1. जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र मो.नं. 9454465619
2. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र मो.नं. 9454466191
3. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, दुद्धी, सोनभद्र मो.नं. 9454466192
4. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3, घोरावल, सोनभद्र मो.नं. 9454465862
(एस. पी. सिंह) जिला आबकारी अधिकारी सोनभद्र
(एस0 राजलिंगम) जिलाधिकारी सोनभद्र

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# हाईटेंशन तार की चपेट में आकर तीन मजदूरों की मौत

### बरात के दौरान बैंड की लाइट को सर पर उठा कर जा रहे थे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**काकोरी** थाना क्षेत्र के घुरघुरी तालाब चौकी के तहत तेज किशन खेड़ा गाँव में बीती रात्रि शादी के बैंड की लाइट को सर पर उठाए जा रहे मजदूर हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। हादसे के बाद वहां अफरा तफरी का माहौल हो गया। बारात में शामिल लोगों ने इधर उधर भाग कर अपनी जान बचाई। हाई टेंशन तार की चपेट में आये 3 मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। मजदूरों की मौत की खबर इलाके में जंगल की आग की तरह फैल गयी और आसपास के गाँव के ग्रामीण मौके पर पहुँच कर इकट्ठा होने लगे। स्थानीय लोग विद्युत आपूर्ति को बन्द कराकर राहत कार्य मे जुट गए। ग्रामीणों की सूचना पर आनन फानन काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और बुरी तरह झुलसे मजदूरों को इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। सूत्रों के मुताबिक हादसे के समय कई और मजदूर करंट की चपेट में आने से घायल हुए थे लेकिन पुलिस अन्य मजदूरों के घायल होने की पुष्टि नही कर रही है। बहरहाल मजदूरों की मौत से शादी की खुशियां गम में बदल गयी। ग्रामीण बिजली विभाग को हादसे की वजह बता रहे है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार बिजली विभाग को हाईटेंशन तार को ठीक करने की शिकायत की गई थी लेकिन बिजली विभाग के कानों में जूं तक नही रेंगी । ग्रामीणों का आरोप है कि अगर समय रहते बिजली तार को ठीक कर देते तो इतनी बड़ी घटना न घटती।

मिली जानकारी के मुताबिक काकोरी थाना क्षेत्र के घुरघुरी तालाब चौकी अंतर्गत तेज किशन खेड़ा में रहने वाले बेचलाल की बेटी पूर्णिमा की बुधवार की रात सरोजनी नगर से बारात आयी थी । रात्रि लगभग 11 बजे बारात उनके घर से करीब 500 मीटर दूरी की पर थी। बाराती बैंड की धुन पर जमकर नाच रहे थे तभी बारात के साथ सर पर लाइट लेकर चल रहे तीन मजदूर बेनीगंज हरदोई के रहने वाले 50 वर्षीय जगदीश 45 वर्षीय राजू 32 वर्षीय राजकुमार हाईटेंशन तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के गांव के लोग मौके पर पहुंचे । सूचना पाकर आनन फानन काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने करंट की चपेट में आए मजदूरों को तत्काल ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां जगदीश राजू और राजकुमार की इलाज के दौरान मौत हो गयी।इंस्पेक्टर काकोरी प्रमेन्द्र सिंह का कहना है कि करंट की चपेट में आकर 3 मजदूरों की मौत हुई है। उन्होंने किसी अन्य मजदूरों के घायल होने की बात से इन्कार किया है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर काफी रोष फैला हुआ है। ग्रामीणों का कहना था कि मजदूरों की मौत का जिम्मेदार बिजली विभाग है। उधर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । एक ही गांव के 3 मजदूरों की मौत की खबर जब उनके गाँव बेनीगंज हरदोई पहुंची तो वहां कोहराम मच गया।

## डंपर की टक्कर से बग्घी सवार तीन लोग घायल

**लखनऊ।** गुड़म्बा के पलका चौराहा स्थित तेज रफ्तार डम्पर ने बग्घी में टक्कर मार दी। टक्कर से बग्घी सवार तीन लोग व बग्घी के दो घोड़े गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां उनका इलाज जारी है। बेहटा, गुड़म्बा निवासी मन्नी शादी ब्याह में बग्घी चलाने का काम करते हैं। मन्नी के अनुसार बीती रात करीब एक बजे उनका बेटा नाज़िम व बाराबंकी निवासी उनके रिश्तेदार अनवर, महफूज़ बारात में बग्घी चलाकर घर लौट रहे थे। तभी पलका चौराहे के पास तेज रफ्तार डम्पर ने बग्घी में पीछे से टक्कर मार दी। इससे बग्घी पर सवार उनके बेटे नाजिम का सर फट गया और अनवर व महफूज के पैर टूट गए। वही टक्कर से बग्घी खींच रहे दोनों घोड़ों के पैर व रीढ़ की हड्डी टूट गई। पीड़ित मन्नी ने गुड़म्बा पुलिस में डम्पर की चेचिस नम्बर के साथ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सर्जरी की कांफ्रेंस में वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे देश भर से 600 विशेषज्ञ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में 5 दिसम्बर से दो दिवसीय सर्जरी की वर्चुअल कांफ्रेंस के दौरान देश भर से 600 सर्जन विशेषज्ञ अपनी राय रखेंगे। सर्जन एसोसिएशन आफ इंडिया, उत्तर प्रदेश शाखा द्वारा आयोजित कांफ्रेंस यूपीएसिकान 2020 में विभिन्न प्रकार की शल्य चिकित्सा की विधाओं जैसे कि पिडियाट्रिक सर्जरी, एन्डोक्राइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, थोरेसिक सर्जरी, वीनस सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, आन्को सर्जरी तथा गैस्ट्रो सर्जरी पर व्याख्यान होगा।

इस आयोजन में मुख्य वक्ता यूके के डा. अली जमीर खान दूरबीन से सीने की सर्जरी, फेफड़े की सर्जरी पर व्याख्यान देंगे। मुम्बई से डॉ परवेज शेख गुदा एवं उससे सम्बन्धित बीमारी तथा डॉ कुशल मित्तल बवासीर पर व्याख्यान देंगे। बीएचयू के डॉ एके खन्ना वेरिकोज़ वेन पर व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। पीजीआई लखनऊ के डॉ ज्ञान चन्द दूरबीन से थायराइड सर्जरी एवं डॉ वीके कपूर पित्त की थैली की सर्जरी पर व्याख्यान देंगे। डॉ परवीन भाटिया, दिल्ली एवं डॉ एमएम अंसारी अलीगढ़ से हर्निया पर व्याख्यान देंगे। कांफ्रेंस में पीजी कर रहे छात्रो का ज्ञानवर्धन एवं गुणवत्ता बढ़ाने हेतु विशेष आयोजन किया गया है।

# मतपेटी की सील खुली होने का आरोप लगा सपा ने किया हंगामा

### मंडलायुक्त रंजन कुमार व डीएम अभिषेक प्रकाश ने नाराज सपा कार्यकर्ताओं को समझा कर कराया शांत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधान** परिषद चुनावों की मतगणना बृहस्पतिवार को मारपीट, हंगामा और बवाल के बीच शुरू हुई, तो देर शाम तक नोक झोंक का दौर चलता रहा। विधान परिषद की खंड स्नातक व शिक्षक सीट पर मतगणना का कार्य गुरुवार को सुबह आठ बजे से रमाबाई रैली स्थल पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुआ। मतपत्रों की छंटाई के दौरान ही दोपहर में स्नातक सीट के सपा प्रत्याशी ने अपने समर्थकों के साथ सीतापुर से आई एक मतपेटी की सील खुली होने का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया।

सपा प्रत्याशी का आरोप था कि प्रशासन के अधिकारी जानबूझ कर सत्तापक्ष से जुड़े प्रत्याशी को फायदा पहुंचाने के लिए गड़बड़ी कर रहे हैं। आक्रोशित सपा कार्यकर्ताओं ने मतगणना कमरे के बाहर एकत्रित हो कर नारेबाजी भी की। हंगामे की जानकारी बाद मौके पर पहुंचे मंडलायुक्त रंजन कुमार व डीएम अभिषेक प्रकाश ने नाराज सपा कार्यकर्ताओं को समझा कर मामला शांत कराया। डीएम ने बताया कि सपा प्रत्याशी से लिखित में आपत्ति देने को कहा गया है। साथ ही जिस बैलेट बाक्स की सील खुली होने का आरोप लगाया जा रहा था वहां की मतपेटी को प्रत्याशी एजेंटो के सामने सील किए जाने की वीडियो क्लिपिंग भी दिखा कर संतुष्ट कराया। इससे पहले पर्यवेक्षकों और उम्मीदवारों के जांच करने के बाद, मतगणना स्थल पर आगे बैठने को लेकर स्नातक सीट के सपा व कुछ निर्दलीय उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों ने हो हल्ला मचाया। मौके पर पहुंचे मंडलायुक्त रंजन कुमार ने हस्तक्षेप कर स्थिति को बिगड़ने से बचाया। इसके बाद शांतिपूर्ण माहौल में दोनों सीटों की जिलेवार मतपेटियां खोले जाने के बाद मतपत्रों की छटनी व 50-50 की गड्डी बनाने का कार्य शुरू हुआ। वहीं स्नातक एमएलसी का चुनाव लड़ रहीं निर्दलीय उम्मीदवार कांति सिंह, सपा के राम सिंह राणा, कांग्रेस के ब्रजेश सिंह ने आरोप लगाया कि प्रशासन एक उम्मीदवार को जिताने के लिए काम कर रहा है। टेबल नंबर सात पर हरदोई व प्रतापगढ़ के खोले गए मतपत्र फर्जी हैं। स्नातक एमएलसी की मतगणना के लिए जब बैलेट बाक्स खोले जा रहे थे तो लखनऊ की एक मतपेटी का लाक ही नहीं खुला। बाद में इंजीनियर बुलाकर बाक्स खोला गया।

# मुठभेड़ में दो बदमाश बंदी, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक घायल

### महिला के गले से चेन छीनकर भाग रहे थे

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देवा** रोड से कुछ दूरी पर हरदासी खेड़ा गांव स्थित डूडा कॉलोनी के पास बुधवार देर रात हुई मुठभेड़ में पुलिस ने दो चेन स्नेचिंग जैसी घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके से अवैध पिस्टल, कारतूस व बिना नम्बर की अपाचे बाईक बरामद हुई है। इंस्पेक्टर चिनहट धनंजय पांडे को बुधवार की देर रात सूचना मिली कि मुलायम नगर निवासी एक महिला से चेन छीनने वाले बदमाश हरदासी खेड़ा गांव के पास स्थित डूडा कॉलोनी होते हुए अपाचे बाईक से जनपद बाराबंकी जाने की फिराक में हैं। सूचना पर इंस्पेक्टर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी की तो बाइक सवार दोनों बदमाश भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने दबोचने की कोशिश की तो बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस पार्टी पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बताया गया कि जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी जिससे वह वही गिर पड़ा, जबकि दूसरे को दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम बाराबंकी जिले के आजाद नगर निवासी धीरेन्द्र उर्फ जयदीप व दूसरे ने अपना नाम कौशलेंद्र सोनी बताया।

एडीसीपी पूर्वी कासिम आब्दी के मुताबिक पकड़े गए दोनों आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं और पूछताछ में पता चला है कि इनका एक संगठित गिरोह है। उन्होंने ने बताया कि इनके इतिहास के बारे में जानकारी एकत्र की जा रही है। वहीं इंस्पेक्टर धनंजय पांडे की टीम में शामिल चौकी प्रभारी जलसेतु मनीष वर्मा, कमता चौकी प्रभारी लोकेश गौतम प्रभारी क्राइम चौकी प्रभारी मटियारी नेपाल सिंह के अलावा दरोगा अभिषेक, मनोज कुमार, लवकुश, अजय, आकाश, नन्द लाल, अवधेश, अरुण व गीतम सिंह सहित टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को इस गुड वर्क पर खुश होकर पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने सराहना करते हुए इनाम देने की घोषणा की है।

## एमबीबीएस की परीक्षाएं नए साल में होंगी

**लखनऊ।** कोरोना काल के चलते ऑनलाइन पैटर्न पर चल रही शिक्षण व्यवस्था के बीच एमबीबीएस छात्रों की परीक्षाएं नए साल में शुरू होंगी। परीक्षा कराने को लेकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफसे भेजे गए प्रस्ताव पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने हरी झंडी दे दी है। केजीएमयू से राज्य के 14 और मेडिकल कॉलेज जुड़ें हैं। संस्थान के प्रवक्ता डॉण् सुधीर सिंह के मुताबिक जनवरी में एमबीबीएस के फर्स्ट प्रोफेशन की परीक्षा प्रस्तावित की गई है। वहीं सेकेंड प्रोफेशन की अप्रैल में, फाइनल प्रोफेशन के पार्ट वन की अप्रैल में व फाइनल प्रोफेशन के पार्ट.टू की फरवरी-मार्च में परीक्षा कराने की योजना है। इसका प्रस्ताव परीक्षा विभाग द्वारा कुलपति को भेज दिया गया है।

# हाईकोर्ट ने किसी भी प्रकार की उत्पीड़ात्मक कार्रवाई पर लगाई अंतरिम रोक

### शिया मौलाना के खिलाफ 67 लाख की रिकवरी का मामला

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**शिया** मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी के खिलाफ लोक सम्पत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में 67 लाख की जारी वसूली नोटिस पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंतरिम रोक लगा दी है। पीठ ने उनके खिलाफ किसी प्रकार की उत्पीड़ात्मक कार्यवाही करने से राज्य सरकार को रोक दिया है। साथ ही इस मसले पर राज्य सरकार को चार हफ्ते में अपना जवाबी हलफ्नामा दाखिल करने का आदेश दिया है। पीठ ने इस मामले को इसी प्रकार के अन्य मामले के साथ जनवरी में सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। जस्टिस आलोक सिहं एवं जस्टिस के एस पवार की पीठ ने यह आदेश मौलाना नकवी की याचिका पर दिया है। याचिक में तीन मार्च व 16 जूनए 2020 के जारी आदेशों को चुनौती दी गई है। कहा गया कि रिकवरी आदेश बिना अधिकार के पारित किया गया है। यह भी तर्क था कि इसी प्रकार के अन्य मामले में अंतरिम राहत दी गई है, तो उसे भी अंतरिम राहत प्रदान किया जाए।

**पांच मुल्जिम छह माह के लिए जिला बदरः** लखनऊ। मुख्यमंत्री द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति 2020 के तहत राजधानी के तीन थानों से संबधित पांच मुल्जिमों को छह माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया गया है। गुरुवार को पुलिस आयुक्त की अदालत ने यह आदेश दिया। इन मुल्जिमों में थाना अमीनाबाद से अबु हुरैरा उर्फ बबलू व थाना हसनगंज से जुनैर जबकि थाना पीजीआई से अमित, मुकेश व अजय उर्फ नेता को जिला बदर किया गया है। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अवधेश सिंह के मुताबिक लोक शांति व्यवस्था बनाए रखने व आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए महिलाओं व बच्चों के साथ अपराध करने वाले इन मुल्जिमों के खिलाफ उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3 (3) के तहत कार्रवाई की गई है। यदि मुल्जिमों द्वारा इस नियम का उल्लघंन किया जाता है, तो उन्हें कारावास की सजा से दंडित किया जाएगा।

## प्रतापगढ़ के एसडीएम के खिलाफ जांच का आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने जमीन के बंटवारे के एक मामले प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज तहसील के एसडीएम के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। पीठ ने प्रमुख सचिव राजस्व को तीन माह में जांच पूरा करने का आदेश दिया है। पीठ के समक्ष एक याचिका दाखिल कर एसडीएम राहुल कुमार यादव पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बंटवारे का मुकदमा अपने कोर्ट में पंजीकृत करने से इसलिए इंकार कर दिया ताकि याचिकाकर्ता की जमीन पर विपक्षी कब्जा कर सकें।

जस्टिस जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश फरीदा बानो की याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया कि उसने व कुछ अन्य लोगों ने प्रतापगढ के रसोइया गांव में जमीन खरीदीं इन जमीनों का बंटवारा नहीं हुआ था जिसके चलते वो एसडीएम कोर्ट में बंटवारा का वाद दाखिल करने गईं। लेकिन उसके वाद को दाखिल करने से इंकार कर दिया गया। आरोप है कि इस दौरान याचिकाकर्ता की जमीन पर विपक्षीयों ने निर्माण कार्य शुरु कर दिया। कहा गया कि एसडीएम द्वारा विपक्षियों की मदद करने के लिए वाद पंजीकृत करने से इंकार किया गया।

एकल पीठ ने पूर्व में पारित आदेश के बावजूद एसडीएम की ओर से जवाब नहीं आने पर उन्हें तलब कर लिया था। पीठ के इस आदेश के अनुपालन में हाजिर हुए एसडीएम राहुल कुमार यादव वाद दाखिल करने से इंकार करने का कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

एकल पीठ का इस पर कहना था कि यह परेशान करने वाली बात है कि एक जिम्मेदार अधिकारी जो एक कोर्ट का पीठासीन अधिकारी भी है, उसने प्रथम दृष्टया अपने दायित्वों का त्याग कर दिया।

## रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

### चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

**चुनाव** आचार संहिता का उल्लघंन करने के एक मामले में एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने रीता बहुगुणा जोशी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इसके साथ ही उनके जामिनदारों को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार जनवरी को होगी। थाना कृष्णानगर से संबधित यह मामला वर्ष 2012 का है। इस मामले में रीता बहुगुणा के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 133 के साथ ही आईपीसी की धारा 188 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है। 17 फरवरी 2012 को इस मामले की एफआईआर सर्विलांस टीम के स्टैटिक मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार ने दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी प्रचार का समय समाप्त होने के बाद भी बजरंगनगर में जनसभा कर रही थीं।

### पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ।** किराएदारी के एक कथित विवाद में गुरुवार को अदालत में थाना जानकीपुरम के एसआई शिव नारायण व चैकी इंचार्ज राज नारायण के साथ ही डा. लवनीश कश्यप व अन्य के खिलाफ अर्जी दाखिल की गई। अर्जीकर्ता सत्यम त्रिपाठी ने इन सबके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की है। सीजेएम शिवानंद ने फिलहाल इस अर्जी पर थाना जानकीपुरम से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को होगी।

### महिला दरोगा व सिपाही की याचिका खारिज

**लखनऊ।** उन्नाव के पत्रकार सूरज पांडेय की मौत के मामले में वांछित महिला दरोगा सुनीता चैरसिया व फ्रार सिपाही अमर सिंह की याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। इन दोनों मुल्जिमों ने इस मामले में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग की थी। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस सरोज यादव की पीठ ने यह आदेश दोनों मुल्जिमों की ओर से दाखिल अलग.अलग याचिका पर दिया है। उन्नाव के पत्रकार सूरज पांडेय की मौत के मामले को पुलिस ने हत्या की धारा को हटाकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने की आईपीसी की धारा 306 में परिवर्तित कर दिया है। साथ ही आरोपी महिला दरोगा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जबकि दूसरा आरोपी सिपाही अमर सिंह अभी फ्रार है।

### कैसरबाग से देहरादून के लिए वोल्वो बस सेवा शुरू

**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए कैसरबाग बस अड्डे से देहरादून के लिए वोल्वो बस शुरू की गई है। ये बस कैसरबाग बस अड्डे से रोजाना शाम पांच बजे चलकर अगले दिन तड़के पांच बजे देहरादून पहुंचेगी। वापसी में देहरादून से रोजाना शाम छह बजे चलकर अगले दिन तड़के छह बजे कैसरबाग बस अड्डे आएगी। दोनों बस स्टापेज के बीच 604 किलोमीटर की दूरी के लिए यात्रियों को 1649 रुपये किराया देना होगा। तत्काल में सीटें उपलब्ध होने पर कंडक्टर से टिकट लेना पड़ेगा। ये बस उत्तराखंड परिवहन की ओर से शुरू की गई है। यह जानकारी ग्रामीण बस सेवा के सहायक महाप्रबंधक केपी सिंह ने दी।

## राजधानी में 331 सूबे में मिले कोरोना के 1967 नए केस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। गुरुवार को राजधानी में कोरोना के 331 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1967 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 22990 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3529 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7848 मरीजों की और राजधानी में 1015 की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 541,380 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 1696 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 518,390 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। राजधानी लखनऊ में आज कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 9985 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 27, गोमती नगर 34, रायबरेली रोड 21, चौक 22, कैंट 18, आशियाना 10 , जानकीपुरम 14, अलीगंज 11, हसनगंज 10, विकास नगर 16, हजरतगंज 10, आलमबाग 19 स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये। वही आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 111रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। जिसमे से सभी 111 रोगियों के लिए एम्बुलेंस का आवंटन भी कर दिया गया। देर शाम तक 58 रोगियों को हास्पिटल में भर्ती कराया जा चुका है। शेष 53 रोगियों द्वारा होम आईसोलेशन के लिए अनुरोध करके एम्बुलेंस को लौटा दिया गया।



## पीजीआई ने अब तक किए छह लाख आरटीपीसीआर टेस्ट

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान को लेकर किये जा रहे टेस्ट के तहत एसजीपीजीआई ने अब तक 6 लाख से ऊपर आरटीपीसीआर टेस्ट कर लिए हैं। जबकि एक दिन में 7748 टेस्ट कर नया रिकॉर्ड बनाया है। माइक्रोबायलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ उज्वला घोषाल के नेतृत्व एक दिन में किये टेस्ट को लेकर विभाग का दावा है कि अभी तक देश के किसी भी लैब में एक दिन में इतने लोगों की कोरोना जांच नही की गई है। देश का पहला संस्थान है जिसने यह रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि इस सफ्लता के लिए विभाग के डॉक्टर व टेक्नीशियन और शोध छात्र समेत सभी कर्मियों का सहयोग है।

## पीजी की संशोधित सूची को लेकर एलयू में छात्रों ने किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीजी** कक्षाओं में दाखिले को लेकर संशोधित सूची जारी होने के बाद पुरानी सूची होने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रों ने प्रदर्शन किया। परिसर में प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस व विवि के अधिकारियों ने शांत कराने की कोशिश की, मगर प्रदर्शनकारी छात्र प्रवेश समन्वयक को बर्खास्त करने की मांग पर अड़े रहे।

एक दिन पूर्व बुधवार देर शाम परास्नातक प्रवेश परीक्षा की संशोधित मेरिट सूची जारी की गई थीए लेकिन वो सूची संशोधित न होकर वही पुरानी सूची थी। जिसे लेकर छात्रों में आक्रोश पैदा हो गया। जिसके विरोध में छात्रों ने एकत्र होकर विश्वविद्यालय के गेट नं 1 स्थित सरस्वती प्रतिमा के पास प्रदर्शन करने लगे। छात्रों का आरोप था कि विश्वविद्यालय प्रशासन की पीजी प्रवेश परीक्षा की जारी की गई पहली सूची में काफी गड़बड़ी मिली थी। इसका विरोध होने के बाद विवि प्रशासन ने तीन सदस्य कमेटी गठित कर मामले की जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने शताब्दी वर्ष समारोह के आयोजन का हवाला देकर स्टूडेंट्स को शांति बनाए रखने की अपील की थी। वहीं बुधवार देर शाम विश्वविद्यालय प्रशासन में पोर्टल पर वही पुरानी सूची अपलोड कर दी। वही विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि सूची को संशोधित करके अपलोड किया गया है। छात्रों द्वारा लगाए जा रहे पुरानी सूची अपलोड करने का आरोप बेबुनियाद है।

# प्रतियोगी छात्रों पर भारी पड़ सकती है सलेबस में कटौती

### एनटीए के एग्जाम की तैयारी को लेकर स्टूडेंट्स चिंतित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

#### नए साल के आरंभ से शुरू होगा परीक्षाओं का दौर

नए साल के शुरुआत देश के टॉप के इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम से होगी। इसे लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सबसे पहले जनवरी-फरवरी में जेईइ-मेंस के पहले फेस का एग्जाम होगा। जिसके डेट जल्द घोषित की जाएगी। वहीं एनटीए के एग्जाम में शामिल होने वाले लाखों स्टूडेंट्स के लिए एनटीए के सिलेबस को लेकर असमंजस की स्थिति हो गई है।

**कोरोना** संक्रमण के चलते सीबीएसई बोर्ड व यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की तरफ से अपने सलेबस को लेकर पूर्व में 30 फीसदी की कटौती किये जाने के बाद एक बार फिर से यूपी बोर्ड के सलेबस में कटौती की आहट का नतीजा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों पर पड़ना तय है। इसके पीछे इंजीनियरिंग व मेडिकल जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी मुख्य वजह है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स व एक्सपर्ट का कहना है कि एनटीए ओवरऑल सलेबस के आधार पर परीक्षा आयोजित कराता है, ऐसे में सलेबस की कटौती उनके लिए मुसीबत का सबब बन सकती है।

इधर यूपी बोर्ड के सलेबस में कटौती की सुगबुगाहट चल रही है। इसके पीछे तर्क कोरोना संक्रमण के चलते ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की वजह दी जा रही है। पर इसका खामियाजा उन छात्रों पर पड़ना तय है, जो 12वीं पास कर आगे मेडिकल और इंजीनियरिंग की राह देख रहे हैं। सत्र शुरू होने के बाद सीबीएसई व यूपी बोर्ड की तरफ से की गई सलेबस की कटौती पर अभी एनटीए की तरफसे कोई बयान सामने नहीं आया है और न ही अभी तक एनटीए ने अपने सलेबस में किसी प्रकार के बदलाव की बात सार्वजनिक तौर पर की है। क्योंकि एनटीए पूरे देश के लिए परीक्षाओं का आयोजन करता है। ऐसे में गिनती के प्रान्तों में सलेबस की कटौती स्टूडेंट्स पर भारी पड़ सकती है। फिलहाल एक्सपर्ट का मानना है कि एनटीए अपने सलेबस में कुछ राहत जरूर देगी, पर यह कितना होगा आने वाला वक्त बताएगा। एक्सपर्ट का कहना है कि स्टूडेंट्स अभी अपने बोर्ड एग्जाम पर फोकस करें। सरकार एनटीए के सिलेबस पर जल्द निर्णय लेगी। इस साल इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स का कहना है कि एनटीए जनवरी या फरवरी में एग्जाम कराएगा। उस समय सीबीएसई और यूपी बोर्ड के ज्यादातर स्कूलों में प्री बोर्ड के एग्जाम हो रहे होंगे। ऐसे में अगर जेईई मेंस का सिलेबस पूरा आता है स्टूडेंट्स को बोर्ड के एग्जाम के साथ ही जेईई मेंस के एग्जाम के पूरे सिलेबस को तैयार करना पड़ेगा जो बिना स्कूल और कोचिंग के संभव नहीं है।

## सौ रुपये में मॉडल ला पाना बना चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** विश्वविद्यालय में मूर्तिकला की पढ़ाई करने वाले छात्रों के सामने दोहरी चुनौती पिछले कई सालों से बरकरार है। एक तो पढ़ाई के लिए 100 रुपये में विवि प्रशासन को मॉडल ढूंढ पाना मुश्किल हो रहा है तो वही मॉडल को बतौर पारिश्रमिक दिए जाने वाले शुल्क का भी टोटा बना हुआ है।

विवि के फाइन आर्ट्स फैकल्टी में मूर्तिकला के तहत बीएफए व एमएफए की पढ़ाई होती है। इन दोनों कोर्सों में तकरीबन 500 के करीब स्टूडेंट्स हैं। इन स्टूडेंट्स को पढ़ाई के दौरान थ्योरी से ज्यादा प्रेक्टिकल की कक्षाएं होती हैं। इन प्रेक्टिकल की कक्षाओं के लिए मॉडल का होना जरूरी है। सामने मॉडल को देखकर ही स्टूडेंट्स मूर्तिया बनाते हैं। लेकिन पिछले कई साल से यही मॉडल चुनौती बने हुए हैं। इन मॉडल को एलयू की तरफ से बतौर पारिश्रमिक के रूप में 100 रुपये भुगतान किए जाते हैं। बढ़ती मंहगाई के दौर में 100 रुपये में मॉडल मिल पाना जहां चुनौती है वहीं मिलने वाले मॉडल के पारिश्रमिक का भी भुगतान पिछले कई माह से नही हुआ है। ऐसे में कम पारिश्रमिक पर मिलने वाले मॉडल भी अब नही मिल रहे हैं। छात्रों और शिक्षकों ने बताया कि एक तो कम पारिश्रमिक व दूसरे भुगतान न होने से उनकी क्लास नहीं हो पा रही हैं। ऐसे में कुछ सीखने के लिए उन्हें स्वयं से मॉडल पकड़ कर लाना पड़ता है। विभाग के शिक्षक लालजी अहीर के मुताबिक कई बार तो वह अपनी जेब से भुगतान करते हैं।

# संकल्प लें युवा, न करेंगे नशा, न करने देंगे: योगी

## मुख्यमंत्री ने नशा मुक्त समाज आन्दोलन के प्रथम संकल्प समारोह को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज को भलीभांति चलाने के लिए हमारे पूर्वजों ने चार आश्रमों की व्यवस्था दी थी। उन्होंने दैनिक जीवन को सुचारु रखने के लिए कुछ नियम, आदर्श और नैतिक मूल्यों की स्थापना की थी। इन्हीं व्यवस्थाओं और मूल्यों के अन्तर्गत आचरण किया जाता था। कालान्तर में अलग अलग व्यवस्थाएं हावी होती गयीं, जिससे सामाजिक मूल्यों में गिरावट आयी। इस गिरावट के चलते समाज में नशे की आदत बीमारी की तरह फैलने लगी।

मुख्यमंत्री ने यह विचार आज यहां नशा मुक्त समाज आन्दोलन के प्रथम संकल्प समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा निगल रहा है। नशा करने वाले युवक न केवल अपना नुकसान कर रहे हैं, बल्कि वह समाज व राष्ट्र की भी क्षति कर रहे हैं। समाज के हर जागरूक नागरिक का यह दायित्व बनता है कि वह नशामुक्ति अभियान के साथ न सिर्फ जुड़े बल्कि सम्पूर्ण योगदान दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक लोगों के मन में यह भाव पैदा न हो कि उन्हें नशे से दूर रहना है, तब तक नशे से मुक्ति सम्भव नहीं है। समाज को नशे से बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका तय करनी होगी, तभी समाज से नशे जैसी बुराई को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा को यह संकल्प लेना होगा कि न तो वह स्वयं नशा करेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देगा। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वह अपना भविष्य सुरक्षित करें, और नशे से दूर रहें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी का यह दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करें और इस बुरी आदत को छोड़ने के लिए प्रेरित करें। नशामुक्ति अभियान स्वत: स्फूर्त आन्दोलन की तरह चलना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा भी अपने मन की बात कार्यक्रम में युवा पीढ़ी की नशे की प्रवृत्ति पर चिन्ता व्यक्त की गयी है। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रवृत्तियां देश की दिशा तय करती हैं। नशा समाज को नष्ट करता है। नशे के उन्मूलन के लिए हम सब को संकल्प लेना होगा। नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान प्रभावी ढंग से लागू करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जागरूकता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। नशा व्यक्ति के विवेक को हर लेता है, सोचने, समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। जागरूक बनाने से लोग नशे से बचेंगे। युवा पीढ़ी को विभिन्न प्रकार के नशों के सेवन से होने वाले नुकसान के विषय में भी आगाह करना होगा। नशे से परिवार के परिवार बिखर जाते हैं। नशा अनेक अपराधों को जन्म देता है। परिवारों की आर्थिक स्थिति को जर्जर कर देता है। परिवार के किसी सदस्य की नशे के कारण असामयिक मृत्यु से परिजन टूट जाते हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों में नशामुक्ति केन्द्र मौजूद हैं। इन्हें सक्रिय करते हुए प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज आन्दोलन समाज को सही दिशा में ले जाते हुए नशा मुक्त बनाने का अभियान है।

ज्ञातव्य है कि यह अभियान सांसद कौशल किशोर द्वारा अपने दिवंगत पुत्र स्व आकाश किशोर की स्मृति में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री महेन्द्र सिंह, विधायक जयदेवी कौशल सहित कई स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आईसीडीएस और आंगनवाड़ी की भूमिका महत्वपूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स की बैठक की चतुर्थ बैठक गुरुवार को विधानसभा स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लागू किए जाने की दिशा में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर टास्क फोर्स सदस्यों द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में बहुमूल्य सुझाव भी दिए गए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव प्राविधिक शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षाए महिला कल्याण एवं बाल विकास एस राधा चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में आईसीडीएस और आंगनवाड़ी महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों को स्कूल भेजा जा सकता है। आंगनवाड़ी कार्यकत्री और शिक्षक के द्वारा आंगनवाड़ी आने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने हेतु में प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों के सशक्तिकरण के लिए एकीकृत पुनर्जागरण नवाचार के लिए बनी यू राइज वेबसाइट के बारे के अवगत कराया। यू राइज छात्रों को मुख्य धारा की तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का एक प्लेटफार्म प्रदान करती है। यू राइज के द्वारा छात्रों को एक ही जगह उनके कौशल प्रशिक्षण, आईटीआई डिप्लोमा तथा डिग्री उपलब्ध कराती है। यह एक पूर्ण पारदर्शी व्यवस्था है, जिसके द्वारा ऑनलाइन कॉन्सलिंग, ऑनलाइन परीक्षा, ऑनलाइन प्रवेश, ऑनलाइन मूल्यांकन, ऑनलाइन शुल्क जमा, ऑनलाइन पुनर्मूल्यांकन की सुविधा है। यू राइज लोगो को उचित और बेहतर अवसर प्रदान करता है, जिसके अंतर्गत क्रेडिट आधारित पाठ्यक्रम, जीवन पर्यन्त अध्ययन, अवसर और जुड़ाव, रियल टाइम डाटा, छात्रों की उपस्थितिए कक्षाए मूल्याकंन आदि उपलब्ध होगा।

# आकर्षक कृत्रिम हाथ-पैर बनाएगा डीपीएमआर विभाग



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग** जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डीपीएमआर विभाग (लिम्ब सेंटर) के वर्कशॉप द्वारा जल्दी ही आकर्षक दिखने वाले डिजाइनर कृत्रिम हाथ-पैर बनाये जाने की योजना है। साथ ही हल्के और सुविधाजनक मोल्डेड सॉकेट भी बनाने की योजना है। गुरुवार को विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के डीपीएमआर विभाग द्वारा कोरोना के सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने दिव्यांगजनों को बधाई दी। कार्यक्रम में डीपीएमआर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा वर्कशॉप में निर्मित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण दिव्यांगजन को वितरित किए गए। प्रो अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि कोरोना काल में भी विभाग द्वारा टेली मेडिसिन एवं रिपेयर की सुविधा लगातार दिव्यांगजन को दी जाती रही। अक्टूबर के बाद अब हर प्रकार की सेवा दिव्यांग जन को दी जा रही है। वर्कशॉप प्रभारी शगुन सिंह ने बताया कि केजीएमयू प्रशासन के सहयोग से अगले वर्ष कृत्रिम अंग के नए सॉकेट डिजाइन और बच्चों के लिए दिखने में आकर्षक सहायक उपकरण बनाने की दिशा में विभाग प्रयासरत है। इसमें डिजाइन बनाने के लिए ट्रांसफर पेपर का इस्?तेमाल किया जाता है। डिजाइनर पेपर को शीट पर ट्रांसफर करके दिया जाता है जिससे सुन्दर डिजाइन वाले प्रॉस्थिसिस तैयार किये जाते हैं। इसके साथ ही मोल्डेड सॉकेट बनाने की भी योजना है।

उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड निविदा सूचना–विशिष्टी सं0 01/ईएमटीसी–प्र0(ल0)/2020–21 किराये पर डीजल चालित कार की आवश्यकता वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम (GST Act) के अन्तर्गत पंजीकृत डीजल चालित वाहनस्वामियों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों/सेवा प्रदाताओं से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल–प्रथम, लखनऊ हेतु एक अदद डीजल चालित कार चालक सहित नौ माह के लिए किराये पर लिये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र (अप्रतिदेय मूल्य रू0 224.00 (रू0 दो सौ चौबीस मात्र)) क्रय करना तथा धरोहर राशि रू० 3000.00 (रू0 तीन हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य है। वाहन वर्ष 2017 से पूर्व निर्मित न हों। समस्त भुगतान केवल इलेक्ट्रानिक माध्यम (RTGS/NEFT) से Executive Engineer] EMTD] UPPTC LTD के खाता सं0–1378800249, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, सरोजिनीनगर, लखनऊ, IFS Code-CBIN0283745 में ही स्वीकार होंगे। उक्त भुगतान की बैंक द्वारा प्रमाणित पावती निविदादाता द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। नगद भुगतान स्वीकर नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र www.UPPTCL-ORG पर भी उपलब्ध होंगें। निविदा प्रपत्र, निविदा खुलने की अन्तिम तिथि दिनांक–06.01.2021 अथवा अवकाश की दशा में अगले कार्यदिवस को 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा भरी हुई मुहरबन्द निविदायें उसी दिन 14:00 बजे तक प्राप्त की जायेंगी तथा 16:00 बजे इच्छुक निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अनुतरंग एवं दूरसंचार मण्डल–प्रथम कमरा नं. 311–314, पारेषण भवन, विभूति खण्ड–2, गोमतीनगर, लखनऊ–226010 पत्रांक : 1006 दिनांक : 3.12.20 'राष्ट्र हित में बिजली बचायें।'

# साल्वर गिरोह में शामिल अग्निशमन विभाग के सिपाही सहित तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रतियोगी** परीक्षाओं में अभ्यर्थी की जगह सॉल्वर को बैठाकर प्रश्नपत्र हल कराने वाले एक और गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। इस बार कानपुर पुलिस ने अग्निशमन विभाग में तैनात एक सिपाही सहित सॉल्वर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से पुलिस को 52 हजार रुपएए तीन मोबाइलए एक फर्जी आधार कॉर्ड, एक ओरिजनल आधार कार्ड, एक परिचय पत्र (उप्र पुलिस) एक प्रवेश पत्र (एसएससी दिल्ली पुलिस परीक्षा–2020) एक क्विड कार बरामद हुई है। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को दिल्ली पुलिस भर्ती के लिए एसएससी की परीक्षा कानपुर नगर के कल्याणपुर के केशवपुरम स्थित अनजिप टेक्नोलॉजी एलएलपी के पास कात्यान स्कूल में चल रही थी। इस दौरान पुलिस ने दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे सॉल्वर सचिन कुमार निवासी मथुरा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि वह मैनपुरी जनपद के मधुपुरी ग्राम निवासी विवेक कुमार की जगह पेपर परीक्षा देने कानपुर आया था। सॉल्वर सचिन वर्तमान में फिरोजाबाद में अग्निशमन विभाग में सिपाही के पद पर कार्यरत है। पुलिस ने उसके साथ अभ्यर्थी विवेक और सचिन के साथी फिरोजाबाद के नगला मोती निवासी जितेन्द्र यादव को भी गिरफ्तार किया। सचिन ने बताया कि फिरोजाबाद के थाना लाइनपार क्षेत्र के ग्राम गुदाऊ निवासी राहुल के कहने पर वह परीक्षार्थी विवेक कुमार के जगह परीक्षा देने आया था। विवेक से पेपर सॉल्व करने के लिए तीन लाख रुपए में राहुल को ठेका दिया गया था। तय रकम में राहुल ने उसे 75 हजार दिए थे साथ ही सहयोगी जितेन्द्र यादव 25 हजार देकर कार कानपुर भेजा था। यह भी बताया कि वह राहुल के कहने पर आए दिन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पैसे लेकर अभ्यर्थी के स्थान पर दूसरे व्यक्ति द्वारा परीक्षा में पेपर सॉल्व करने जाता है।

## एडीसीपी क्राइम और इंस्पेक्टर गुडम्बा पर थर्ड डिग्री देने का आरोप

**लखनऊ।** कुर्सी रोड गायत्रीपुरम निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत कुमार मिश्रा ने एडीसीपी क्राइम दिनेश पुरी और इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेंद्र प्रताप सिंह पर कार्यालय बुलाकर थर्ड डिग्री देने का आरोप लगाया है। पीड़ित का दावा है कि उसने एक आईएएस अधिकारी के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति समेत कई आरोपों की शिकायत लोकायुक्त को कर रखी। शिकायत वापस न लेने पर ही एडीसीपी और इंस्पेक्टर ने उसे यातनाएं दीं। इतना ही नहीं इंस्पेक्टर पीजीआई को बोल कर फर्जी मुकदमा भी दर्ज करवा दिया गया। थर्ड डिग्री देने से पीड़ित की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद पुलिस कर्मी उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाकर भाग गए। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए थाना महानगर में तहरीर देने के साथ ही चीफ जस्टिस ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक, पुलिस आयुक्त, डीसीपी नॉर्थ, एडीसीपी नार्थ को भी कार्रवाई की मांग की। सुनवाई न होने पर पीड़ित ने गुरुवार को कोर्ट में याचिका दायर की। जहां कोर्ट ने याचिका को स्वीकार कर ली है।

# इंडियन बैंक ने सिडबी के साथ एमओयू साइन किया



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंडियन** बैंक एमएसएमई क्षेत्र को सहायता प्रदान करने वाले बैंकों में से अग्रणी बैंक है, जो एमएसएमई के लिए लाभकारी विभिन्न विशिष्ट उत्पाद प्रदान करती है। हाल ही में बैंक ने एमएसएमई को बुनियादी लेखांकन, बही खातों के रखरखाव, एमएसएमई के लिए सरकार, बैंक योजनाओं आदि का प्रशिक्षण देने के लिए एक ऑन लाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएसएमई प्रेरणा भी शुरू किया है। बैंक के एमएसएमई उधारकर्ताओं द्वारा उत्पादों के उपयोग के लिए सिडबी के साथ साझेदारी हेतु इंडियन बैंक ने सिडबी के साथ एमओयू साइन किया है।

इंडियन बैंक की एमडी व सीईओ पद्मजा चुंडूरू व बैंक के कार्यपालक निदेशक एमण् के भट्टाचार्य और के रामचंद्रन और सिडबी के डीएमडी मनोज मित्तल की उपस्थिति में समझौता एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू को सिडबी और इंडियन बैंक की ओर से चित्रा आलै, महाप्रबंधक सिडबी और इंडियन बैंक के महाप्रबंधक एमएसएमई के सुधाकर राव द्वारा निष्पादित किया गया।

## आनलाइन शिकायतों पर कार्रवाई का ब्योरा नदारद

**मोहनलालगंज।** तहसील प्रशासन की लापरवाही से मोहनलालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस के जरिए शिकायत दर्ज करा चुके फरियादियों को उनकी शिकायतों पर की गई कार्रवाई का ब्योरा आनलाइन देखने को नहीं मिल पा रहा है। लिहाजा शिकायत पर की गई कार्रवाई का विवरण जानने के लिए फरियादी तहसील से लेकर दूसरे विभागों में भटकते फिर रहे हैं। मोहनलालगंज तहसील में पिछले माह भर से सम्पूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों पर सम्बन्धित विभाग के अधिकारी की ओर से की गई कार्रवाई का ब्योरा अपलोड करने में लापरवाही की जा रही है। लिहाजा जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत संख्या डालने के बाद भी आमजन की अधिकतर शिकायतें अभी भी पेंडिंग दिखा रही हैं। फरियादी जब तहसील में शिकायत पटल पर जानकारी करने पहुंच रहे हैं तो वहां से शिकायतों पर की गई कार्रवाई का ब्योरा आनलाइन देखने की सलाह देकर लौटाया जा रहा है।

## मंडल रेलवे को सौंपी मेडिकल वैन

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे ने रेल सेवाओं को बेहतर बनाने और आपातकालीन चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के मकसद से मेडिकल वैन तैयार किया है। आलमबाग स्थिति रेलवे के कैरिज वर्कशॉप में तैयार मेडिकल वैन नंबर व कोच संख्या तय किया गया है। इस कोच को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए गुरुवार को मंडल रेलवे को सौंपा गया। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि मेडिकल वैन कोच चार भागों में बंटा हुआ है। जिसमे मरीज वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, डॉक्टर तथा स्टाफ हेतु अलग अलग केबिन की व्यवस्था है। ऑपरेशन थिएटर वातानुकूलित बनाए गए हैं। जहां कोच में स्लाइडिंग डोरए दो शौचालय, मॉडयूलर स्टेनलेस स्टील किचेन, मरीजों की बर्थ से स्टाफ तक कॉल बेल कनेक्टिविटी सहित अनेक सुविधाएं है। डीआरएम संजय त्रिपाठी ने बताया कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित दोनों यान में चार बर्थो का एसी

## फाइनेंस कंपनी से लाखों की ठगी कर फरार, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज थाना में बजाज फाइनेंस कंपनी में कार्यरत दिनेश शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि अज्ञात लोगों ने शोभित श्रीवास्तव नामक डॉक्टर की डिग्री लगाकर उनकी कम्पनी से 71 लाख 52000 रुपया लोन लिया था। जिसकी एक दो किस्त दी उसके बाद कोई भी किस्त नहीं आई। जब लोन धारक के एड्रेस पर फाइनेंस कंपनी की टीम पहुंची तो इस घटना का खुलासा हुआ। जिसके बाद मुकदमा दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित एक बजाज फाइनेंस कंपनी है जिसमें अज्ञात जालसाज ने डॉ शोभित श्रीवास्तव की डिग्री के कूट रचित दस्तावेज बनाकर उनके एड्रेस पर उस कंपनी से 71,52,000 लिए थे जालसाज ने कंपनी को एक से दो किस्त दी उसके बाद कोई किस्त नहीं आई जब फाइनेंस कंपनी के लोग उस पते पर पहुंचे तो मालूम इस ठगी की जानकारी हुई।

## दो जगह लाखों की चोरी

**लखनऊ ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र के दो अलग–अलग इलाकों में चोरों ने एक दुकान व बंद घर को अपना निशाना बनाते हुए लाखों का माल चोरी कर लिया। पहला मामला गोमतीनगर विस्तार के सीएमएस स्कूल के पास का है। यहां महानगर में रहने वाले हर्षित अग्रवाल की हार्डवेयर शॉप है। हर्षित के मुताबिक बीती सोमवार रात रोज की तरह अपनी दुकान बंद की और घर चले गए। बताया जा रहा है कि दूसरे दिन वह जब वापस पहुंचे तो देखा की उनकी दुकान के शटर का ताला टूटा है। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो गल्ले में रखी 15 हजार की नकदी समेत करीब एक लाख का हार्डवेयर का माल गायब था। उधर थाना क्षेत्र स्थित जगपाल खेड़ा छोटा भरवारा इलाके में रहने वाले लवकुश अपने परिवार संग रहते है। उन्होंने बताया कि बीती बुधवार शाम वह मकान में ताला लगाकर परिवार संग एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गए थे। गुरुवार को वह जब वापस घर लौटे तो देखा की कमरों के ताले टूटे है भीतर जाकर देखा तो अलमारी में रखे हजारों की कीमत के जेवर व नकदी गायब थी।

## रिमांड में लेकर हुई पूछताछ जंगल में छिपाई बोतलें बरामद

**सरोजनीनगर।** बंथरा जहरीली शराब कांड मामले में जेल में बंद देशी शराब दुकानदार सुभाष कुमार को पुलिस ने रिमांड पर लेकर गुरुवार को उससे काफी पूछताछ की। 24 घंटे की रिमांड पर लिए गए सुभाष ने पुलिस पूछताछ में इस घटना से जुड़े कई अहम सुराग दिए। इस दौरान उसकी निशानदेही पर बंथरा के लतीफनगर स्थित देशी शराब ठेके से कुछ दूर आगे जंगल में छुपा कर रखी गई शराब भरी विंडीज की कई बोतलें बरामद हुई। वहीं कुछ खाली बोतलें भी मिली हैं। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में देशी शराब दुकान दार सुभाष ने बताया कि यह शराब उसे उसका परिचित शराब व्यवसाई उपलब्ध कराता था। जिसे बाद में खाली बोतलों में भरकर वह अपनी दुकान से उन्हें बेचता था। पूछताछ में उसने बताया कि जहरीली शराब कांड की घटना होने के बाद उसने तुरंत इन अतिरिक्त शराब की बोतलों को वहां से हटाकर जंगल में छुपा दिया था।

# दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 27 का चयन, मिलेगा राज्य स्तरीय पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिव्यांगता** के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा 10 श्रेणियों के अंतर्गत 27 व्यक्तियों–संस्थाओं का चयन किया गया है। इन सभी को विश्व दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। गुरुवार को यह जानकारी प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के मंत्री अनिल राजभर ने दी है। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए जिनका चयन किया गया है। उनमे श्रेणी 1 में सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी–स्वनियोजित दिव्यांगजन के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कर्मचारी के रूप में रवि कुमार आगरा, खालिद बिन यूसुफ खां जनपद अलीगढ़, सावित्री जनपद वाराणसी, सर्वश्रेष्ठ स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए सुनील मंगल कानपुर नगर का चयन किया गया है। श्रेणी 2 में दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के रूप में कुशीनगर मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लि. द्वारा पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, फातिमानगर, पादरी बाजार, गोरखपुर को चयनित किया गया है। श्रेणी 3 में दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के रूप में नत्थूसिंह कटियार कानपुर देहात तथा आनन्द कुमार त्रिपाठी संतकबीरनगर का चयन किया गया है। श्रेणी 3 में दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए मूक–बधिर विद्यालय, 221–रेसकोर्स रोड, मेरठ कैन्ट, मेरठ तथा जन विकास समिति, धर्मालपुर, मुरदहा, वाराणसी का चयन किया गया है। श्रेणी 4 में प्रेरणाश्रोत के लिए नागेष कुमार बाराबंकी, कुमारी विभा गोयल आजमगढ़, मोनी वर्मा सिद्धार्थ नगर, गोपाल खण्डेलवाल मीरजापुर तथा सोनी सिन्हा हरदोई का चयन किया गया है। श्रेणी 5 में दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान व उत्पाद विकास के लिए सलमान खान मुरादाबाद तथा डा धीरेन्द्र बहादुर सिंह बाराबंकी का चयन किया गया है।

# कृषि रक्षा इकाई से खरीदा बीज खराब निकलने पर किसानों ने किया विरोध

संवाददाता। निगोहां

**कृषि** रक्षा इकाई मोहनलालगंज केंद्र से गेहूं का बीज लेकर गए किसानों ने जब बुआई के लिये गेहूँ के बोरे खोले तो गेहूं का बीज खराब निकला ।यह देख किसान दंग रह गए।

निगोहां के पुरहिया गांव के आधा दर्जन से अधिक किसानों ने आरोप लगाया है कि उन्हें खराब बीज दिया गया। जिसके चलते वह गेंहू की बुआई समय से नही कर सके जिसको लेकर किसानों विरोध जताते हुए केंद्र जिम्मेदारों को अवगत कराया। वहीं किसानों का विरोध देखते हुए केंद्र से मौके ओर टीम भेजी गई जिसके बाद किसानों का बीज बदलकर दूसरा दिया गया। तब जाकर किसानों ने राहत की सांस ली। पुरहिया गांव के किसान दीनू बाजपई दीपू बाजपई, रामनरेश, रामलाल, गुरुदीन समेत आधा दर्जन से अधिक किसानों ने आरोप लगाते हुए बताया



कि कुछ दिन पूर्व वह मोहनलालगंज से कृषि रक्षा इकाई गेहूं फसल बुआई के लिए बीज लेकर आये थे जिसमें कोई 25 बोरीए तो कोई 5 बोरी लेकर आया है। किसानों का आरोप है कि इकाई केंद्र से आया हुआ बीज खराब निकला जिसमें घुन लगा है और कटा पिटा हुआ है जिसको बोने पर उसकी पैदावार भी न होती। गुरुवार को बुआई के दौरान गेहूं बीज खराब निकालने के बाद जिम्मेदार को फोन पर बीज खराब निकलने की सूचना दी। किसान दीपू बाजपई ने बताया कि उन्होंने 1530 रुपए में 40 किलो गेहूं बीज की बोरी लेकर आए थे खराब निकल जाने की सूचना जब इकाई केंद्र के इंचार्ज को दी तो पहले तो उन्होंने टरका दिया कि बीज यही है नही तो अगले साल लिखापढ़ी के साथ आना तब मिलेगा। जिसके बाद पुरहिया गांव आस पास के अन्य किसान इक्कट्ठा हो गए। जिसके बाद इंचार्ज ने मौके पर टीम भेजकर गेहूं बीज की जांच कराकर दूसरा बीज बदलकर दिया। कृषि रक्षा इकाई मोहनलालगंज इंचार्ज वीरेंद्र ने बताया कि किसानों की शिकायत पर गेहूं बीज बदल दिया गया है।

# 88 गांव की परिसम्पत्तियां होंगी नगर निगम के अधीन

**मोहनलालगंज।** नगर निगम की विस्तारित सीमा में शामिल हो चुके राजधानी के 88 गांव की परिसम्पत्तियों पर निगम प्रशासन ने भौतिक रुप से कब्जा लेने की कार्रवाई शुरु कर दी है। नगर आयुक्त ने अस्तित्व खो चुकी सभी पंचायतों की परिसम्पत्तियों को भौतिक रुप से हस्तगत कर उनकी सूची मुहैया कराने के लिए जिला पंचायतराज अधिकारी को पत्र लिखा है। निगम प्रशासन का पत्र मिलने के बाद डीपीआरओ ने मोहनलालगंज समेत सभी ब्लाक के एडीओ पंचायत को पत्र भेजकर सम्बन्धित कार्रवाई पूरी कराने का निर्देश दिया है। मोहनलालगंज तहसील के बरुआ ,चककंजेहरा ,माढ़रमऊ कला ,माढ़रमऊ खुर्द ,सोनई कंजेहरा ,हरिकंशगढ़ी ,पुरसेनी और मस्तेमऊ समेत राजधानी की बीकेटी ,सदर और सरोजनीनगर तहसील के सभी 88 गांव को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने इन पंचायतों की परिसम्पत्तियों पर भौतिक रुप से कब्जा लेने की कार्रवाई शुरु कर दी है। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने इसके लिए जिला पंचायतराज अधिकारी को पत्र भेजकर नगर निगम की विस्तारित सीमा में शामिल सभी 88 गांव की सूची भेजकर वहां की परिसम्पत्तियों की सूची मांगी है। जिला पंचायतराज अधिकारी निरीश चन्द्र साहू ने बताया निगम प्रशासन का पत्र मिलने के बाद सभी एडीओ पंचायत को शासन की अधिसूचना के क्रम में सम्बन्धित गांव की सभी परिसम्पत्तियों की सूची बनाकर मुहैया कराने के साथ ही उन्हें भौतिक रुप से नगर निगम के कब्जे में देने के लिए कहा गया है।

## स्पीच व फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्रा रितिका सोनी ने अन्तर-विद्यालयी स्पीच एवं फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता लोटस सोशल वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित हुई, जिसमें लखनऊ के अनेक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सीएमएस की प्रतिभाशाली छात्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी पर आधारित इस प्रतियोगिता में अपनी आकर्षक वेषभूषा, अभिव्यक्ति क्षमता एवं रचनात्मक सोच का जोरदार प्रदर्शन कर निर्णायक मण्डल को अभिभूत कर दिया।

## गांव के बाहर बिजली के पोल से लटका मिला किसान का शव

**सरोजनीनगर।** बंथरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली के पोल से रस्सी के सहारे लटका मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जाँच में मृतक के शराबी होने के साथ ही घरेलू कलह से परेशान होकर फांसी लगाने की बात सामने आई है। बंथरा कस्बा निवासी किसान बनवारी लाल (58) बुधवार देर शाम परिवार के साथ खाना खाने के बाद अलग कमरे में सोने चला गया। गुरुवार सुबह करीब छह बजे जब ग्रामीण शौच के लिए निकले तो उसका शव गांव के बाहर निर्मल के खेत के सामने नहर किनारे विद्युत पोल से रस्सी के सहारे लटका मिला। शव लटका देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। बाद में घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जाँच में पता चला है कि मृतक बनवारी लाल शराब का आदी था। जिसकी वजह से उसके घर में अक्सर विवाद होता रहता था।

## दीक्षांत समारोह को लेकर एसएमयू आज जारी करेगा पदकों की सूची

**लखनऊ।** आगामी 14 दिसम्बर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दिए जाने वाले पदकों की सूची डॉण् शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय शुक्रवार को जारी करेगा। हालांकि यह सूची अभी टेंटेटिव होगीए जिस पर टॉपर्स से आपत्ति मांगी जाएगी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद फाइनल सूची जारी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमित राय ने अनुसार समारोह में कुल 150 मेडल दिए जाएंगे। यह मेडल 121 मेधावियों को मिलेंगे। इस बार सातवें दीक्षांत समारोह में पहली बार इंजीनियरिंग और बीएएसएलपी के छात्र.छात्राएं शामिल होंगे। समारोह को लेकर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग सहित अन्य विभाग युद्ध स्तर पर तैयारी में जुट गए हैं। एक ओर डिग्री बनाने का काम चल रहा है तो वहीं दूसरी ओर मेडल कमेटी मेधावियों के नामों की सूची बनने में लगा हुआ है। इसके अलावा कुलपति से लेकर अन्य प्रशासनिक अधिकारी मुख्य अतिथि से लेकर विशिष्ट अतिथि तक के नामों की सूची पर मंथन कर रहे हैं। हालांकि अभी तक मुख्य अतिथि के नाम पर अन्तिम फैसला नहीं हो पाया है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह के अनुसार मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आने की संस्तुति दे दी है।

## क्रेडिट कार्ड का क्लोन बनाकर ठगी

**लखनऊ।** क्रेडिट कार्ड का क्लोन बनाकर जालसाजों ने एक युवती के खाते से 2528 रुपये की चपत लगा दी। पीड़िता ने विकासनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सेक्टर.एन अलीगंज निवासी आकांक्षा चन्द्रा एक प्राइवेट कम्पनी में सीनियर विश्लेषक के पद पर कार्यरत हैं। आकांक्षा के अनुसार उनके आरबीएल क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने दो बार मे 2528 रुपये निकाल लिया। गुरुवार को उनके मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद उन्हें ठगी का पता चला। पीड़िता ने विकास नगर पुलिस में शिकायत कर दी है। अतिरिक्त इंस्पेक्टर विकास नगर संजय राय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## अधिवक्ता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**लखनऊ (विसं)।** अवध बार एसोसिएशन के तत्वाधान में गुरुवार को अधिवक्ता दिवस के मौके पर गुरुवार को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ स्थित ऑडिटोरियम हॉल में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अवध बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी में अधिवक्ता समाज की सामाजिक असुरक्षा विषय पर चर्चा हुई। इस संगोष्ठी में जस्टिस पंकज मित्तल बतौर मुख्य अतिथि जबकि जस्टिस रितुराज अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रुप में अपना विचार रखा। इस दौरान उप्र बार काउसिंल की ओर से अवध बार के कोरोना पीड़ित सदस्यों की सहायता के लिए 24 लाख 32 हजार 935 रुपए की धनराशि प्रदान की गई। इस समारोह की अध्यक्षता अवध बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एचजीएस परिहार जबकि संचालन महासचिव शरद पाठक ने किया।

## डीआरएम ने किया बादशाहनगर अस्पताल का दौरा

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम डा. मोनिका अग्निहोत्री गुरुवार को विश्व दिव्यांग दिवस के मौके बादशाहनगर हास्पिटल के ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान हाल में मौजूद दिव्यांग जनों को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना कार्यक्रम का मुख्य मकसद है। रेलवे में कार्यरत दिव्यांग कर्मियों के कल्याण के लिए रेलवे प्रशासन कार्यरत है।

# इलेक्ट्रिक वाहनों का आ रहा है समय : योगी

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मुद्रा लोन योजना के जरिये ऑटो रिपेयरिंग के लिए तीन लाख रुपये का ऋण पाने वाले गोरखपुर के राप्तीनगर फेज एक निवासी अर्जुन कुमार भारती से ऑनलाइन बातचीत करते हुए कहा कि अब इलेक्ट्रिक वाहनों का समय आ रहा है। इलेक्ट्रिक कार व बसें होंगी। उसके लिए चार्जिंग स्टेशन लगाने व अन्य कार्यों को लेकर तैयार रहें। लाभार्थी अर्जुन ने कहा कि वह इस बदलाव के लिए स्वयं को तैयार कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन प्रदान किया ऋण

मुख्यमंत्री गुरुवार की सुबह आयोजित चतुर्थ ऑनलाइन ऋण मेला एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम को लखनऊ से संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में गोरखपुर के छह लोगों को विभिन्न योजनाओं में 60 लाख की ऋण जबकि पांच लोगों को टूल किट वितरित किया गया। गोरखपुर के लाभार्थियों को एनआईसी भवन में आयोजित कार्यक्रम में ऋण एवं उपकरण दिए गए। अर्जुन से बातचीत में मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस कार्य के लिए ऋण लिया है? अर्जुन ने बताया कि कार रिपेयरिंग के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋण का सदुपयोग करेंगे तो बेहतर होगा डुबो देंगे तो समस्या आएगी। अर्जुन के जवाब पर मुख्यमंत्री हंसे बिना नहीं रह पाए। अर्जुन ने कहा कि हम आपको छोड़कर कहां जाएंगे। इस पर हंसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ठीक है मुझे नहीं छोड़ेंगे लेकिन बैंक का ध्यान रखिएगा। अर्जुन ने कहा कि हम न आपको छोड़कर जाएंगे और न ही बैंक को। मुख्यमंत्री ने समझाते हुए कहा कि यदि समय से किस्त जमा करेंगे तो भविष्य में और बड़ा ऋण मिल सकेगा। कार्यक्रम के बाद अर्जुन ने कहा कि मुख्यमंत्री से बात कर काफी अच्छा लग रहा है। मन लगाकर काम करेंगे और समय से किस्त का भुगतान करेंगे।

## अब मिलेगा सौर ऊर्जा से चलने वाला चाक

**टूल** किट पाने वाले गुलरिहा क्षेत्र के बेलवा रायपुर निवासी उमेश प्रजापति से बातचीत में मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण मिलने को लेकर जानकारी ली। उमेश ने 'हां' में जवाब देते हुए कहा कि टूल किट मिलने से अब अधिक उत्पादन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पादन अधिक होने से लागत घटी होगी इसलिए उत्पाद का दाम कम कर मार्केट बनाएं। उमेश प्रजापति ने कहा कि बिजली का उपयोग होने से लागत अधिक हो जाती है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में सभी को सौर ऊर्जा से चलने वाला चाक दिया जाएगा। कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त उद्योग आशुतोष त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग आरके शर्मा, लीड बैंक मैनेजर राम आधार सोनकर, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त उद्योग गुलाब चंद गौड़ व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस अधीक्षक नगर सोनम ने किया पदभार ग्रहण

**गोरखपुर।** 2016 बैच के तेजतर्रार आईपीएस सोनम कुमार ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक नगर का कार्यभार ग्रहण किया। श्री कुमार पुलिस अधीक्षक नगर का पद भार ग्रहण करने से पहले शासन ने श्री कुमार को 1 अक्टूबर को अपर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के पद पर भेजा था। जिन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने एसपी लाइन, आइजीआरएस, ऑफिस, सीसीटीएनएस का दायित्व सौपा था। श्री कुमार अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए लाइन सीसीटीएनएस आइजीआरएस के लंबित मामलों को निस्तारित कर रहे थे। जिन्हें शासन ने एक दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक नगर का दायित्व सौंपा। श्री कुमार गोरखपुर आने से पहले एसीपी महानगर लखनऊ में कर्तव्य निष्ठा के साथ ईमानदारी पूर्वक सेवा दे चुके हैं। श्री कुमार ने कहा कि शासन व वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए अपराध एवं अपराधियों से नगर क्षेत्र को मुक्त रखना पहली प्राथमिकता होगी।

# कड़ी सुरक्षा में शुरू हुई मतगणना

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर



**गोरखपुर-फैजाबाद** खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना प्रक्रिया गुरुवार को सुबह आठ बजे से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गई। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय भवन में सबसे पहले इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 17 जिलों से यहां लायी गई मटपेटिका का मिलान किया गया, उसके बाद मतों की 50-50 की गड्डी बनाई गई। रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के टेबल पर मतों के सत्यापन के बाद प्रथम चरण के 14 हजार वोटों की गिनती पूरी हो गई है। प्रथम चरण में निवर्तमान एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी, अजय सिंह व सपा प्रत्याशी में टक्कर चल रही थी। प्रथम वरीयता के 14 हजार मतों की गिनती के बाद खबर लिखे जाने तक ध्रुव त्रिपाठी निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय सिंह से 102 वोट से आगे हैं।

शिक्षक एमएलसी के चुनाव के लिए एक दिसंबर को वोट डाले गए थे। पूरे क्षेत्र में 73.94 फीसद यानी करीब 29 हजार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतपेटिका में 16 प्रत्याशियों की किस्मत बंद है, जो मतगणना के बाद खुलेगी। दो दिसंबर की सुबह चार बजे तक सभी जिलों से मतपेटिका गोरखपुर आ गई थी। बुधवार को अधिकारियों एवं प्रत्याशियों ने मतगणना स्थल का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था देखी थी। इसी दिन शाम को प्रत्याशियों के साथ बैठक कर सहायक रिटर्निंग आफिसर अजयकांत सैनी ने मतगणना प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई थी।

सबसे पहले सभी बूथों से आयी मतपेटिका का मिलान कर मतों को सूचीबद्ध किया गया। उसके बाद 50-50 की गड्डी बनायी गई। इसे आरओ टेबल पर बने बड़े बाक्स में डालकर सत्यापन किया गया। उसमें से 20-20 गड्डी यानी एक-एक हजार मत सभी टेबल पर गणना के लिए दिए गए। दूसरे चरण में भी एक-एक हजार वोट दिए जाएंगे। किसी एक टेबल पर तीन चरण में मतगणना होगी। यहां केवल प्रथम वरीयता के मत ही गिने जाएंगे। उसके बाद आरओ टेबल पर दूसरे वरीयता के मतों की गिनती होगी।

## बनाए गए थे 14 मतगणना टेबल

**मतगणना** के लिए 14 टेबल बनाए गए थे। हर टेबल पर एक मतगणना सुपरवाइजर एवं तीन गणना सहायक तैनात रहें। यहां प्रथम वरीयता के मतों की दो चरणों में गिनती हो रही है। यदि दूसरी वरीयता के मतों की गिनती की जरूरत पड़ी तो उसे आरओ टेबल पर गिना जाएगा। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों की सदस्यता वाली टीम का गठन किया गया है।

# 11000 दीपों से जगमगाया मां सरयू का तट

● कनक भवन के वरिष्ठ पुजारी दिनेश जी महाराज विगत 12 वर्षो से कार्तिक मास में कर रहे है मां सरयू की आरती

**अयोध्या।** मां सरयू के पावन तट पर भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या के सिद्ध पीठों में शुमार कनक भवन मंदिर के वरिष्ठ पुजारी पंडित दिनेश जी महाराज के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों से कार्तिक मास के शुभ अवसर पर मां सरयू की आरती की जाती है और कार्तिक मास की पूर्णिमा के महा आरती के साथ समापन होता है।कार्तिक मास में मां सरयू की आरती के 12 में वर्ष के अवसर पर बुधवार को भव्य महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें 11000 दीपो को प्रज्ज्वलित किया गया और मां सरयू के पावन तट को सजाकर के कनक बिहारी सरकार की कृपा से भव्य आरती का भी आयोजन किया गया। कनक भवन के पुजारी पंडित दिनेश जी महाराज ने बताया कि मां की कृपा से पिछले 12 वर्षों से कार्तिक मास में यह आरती जगत कल्याण के लिए की जा रही है। इस वर्ष आरती का 12 वर्ष होने के कारण आरती का समापन भव्य और दिव्यता के साथ 11000 दीपों का प्रज्वलन कर मां सरयू की 5100सौ बत्ती से भव्य आरती की गई और भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री पुजारी जी महाराज ने बताया कि कनक बिहारी सरकार की कृपा से और मां सरयू के आशीर्वाद से निरंतर यह आरती चलती रहेगी। महा आरती में मुख्य सहयोगी कविराज दास जी ने बताया कि आरती का आयोजन दिनेश जी महाराज के नेतृत्व में किया गया। आरती और दीपदान मेंहजारों लोग सहयोगी हैं जिनका आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर पावन भारत टाइम्स के संपादक पवन पांडे आचार्य वेद आर पी पांडे ए संजय पांडे ए महंत धनुषधारी शुक्ला सहित सैकड़ों छात्र.छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। महा आरती के बाद आरती में सम्मिलित सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

# जनरल बिपिन रावत ने जीआरडी का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**सीडीएस** जनरल बिपिन रावत गुरुवार की दोपहर में 3.15 बजे वायुसेना के विशेष विमान से गोरखपुर एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। एयरफोर्स परिसर से निकलने के बाद सीडीएस कूड़ाघाट स्थित जीआरडी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के करीब एक घंटे बाद वह एयरफोर्स के गेस्ट हाउस पहुंचे। सीडीएस के आगमन को देखते हुए जिले की पुलिस दोपहर से ही अलर्ट थी। एयरफोर्स स्टेशन से लेकर जीआरडी कूड़ाघाट परिसर के गेट तक इंस्पेक्टर, दारोगा और सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई थी। एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के जवान भी मुस्तैद थे। दोपहर बाद 3:20 बजे सीडीएस बिपिन रावत एयरपोर्ट स्टेशन से जीआरडी जाने के लिए निकले।

# इनायत नगर कोतवाली में बीएड की छात्रा बनी एक दिन की कोतवाल

संवाददाता। मिल्कीपुर, अयोध्या



**केंद्र** एवं प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत बीएड की छात्रा निशा तिवारी इनायत नगर थाने की 1 दिन की कोतवाल बनी और थाने पहुंचे क्षेत्रीय फरियादियों की शिकायतें सुनी तथा उनका निस्तारण भी कराया। प्रभारी निरीक्षक विजय सेन सिंह ने थाना क्षेत्र के ही मवई खुर्द निवासी शीतला प्रसाद तिवारी की बेटी निशा तिवारी को एक दिन के लिए थाने के कोतवाल की कुर्सी सौंप दी और छात्रा को हैट लगाया।

छात्रा निशा तिवारी इनायत नगर बाजार स्थित ओम सत्यनाम कोटवा धाम राम रती राम नरेश शिक्षण संस्थान में बी एड प्रथम वर्ष की छात्रा है। थाने में छात्रा निशा तिवारी के कोतवाल बन थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायतें सुनने की जानकारी मिलते ही भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा इनायत नगर के व्यापारी नेता अरुण गुप्ता के साथ थाने पहुंचे और उन्होंने कोतवाल बनी छात्रा निशा तिवारी को शाल एवं गमला भेंट कर उसके मनोबल को बढ़ाया। बृहस्पतिवार को छात्रा निशा तिवारी प्रातः 10 बजे इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक की कुर्सी पर बैठ गई और क्षेत्रवासी पीड़ितों की फरियाद सुनने लगी कोतवाल बनी छात्रा के सामने सबसे पहला मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ प्रस्तुत हुआ। जिसमें बारुन चौकी क्षेत्र अंतर्गत कर्म डांडा गांव निवासी एक युवक अपनी मां के साथ अपनी पत्नी के ही विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे थे पीड़ित मां बेटे की फरियाद सुन कोतवाल निशा तिवारी ने चौकी प्रभारी बारुन को उनके मोबाइल पर फोन कर निर्देश दिया कि तत्काल मौके पर जाएं और विवाद का निस्तारण करें।

## क्विक न्यूज

### पलाश बंसल बने नये सीओ सिटी

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने गुरूवार को दो क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में फेरबदल करते हुये मिल्कीपुर के सीओ रहे पलाश बंसल को शहर का नया सीओ सिटी बनाया है। निवर्तमान सीओ सिटी रहे एएसपी निपुण अग्रवाल का तबादला शाहजहांपुर हो जाने से यह जगह रिक्त हुई थी। वही रामजन्मभूमि परिसर के सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा को मिल्कीपुर का नया सीओ बनाया गया है। गुरूवार को देरशाम निवर्तमान एएसपी निपुण अग्रवाल को एसएसपी व जिले के अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुछ व शाल देकर सम्मानित करते हुये उन्हें नयी तैनाती स्थल के लिए शुभकामनाएं दी।

### नेटवे इनफ्रा एंड मार्केटिंग कम्पनी ने 11 जोड़ों की करायी शादी

**अयोध्या।** नेटवे इनफ्रा एण्ड मार्केटिंग कम्पनी ने रोजगार योजना के साथ.साथ गरीब लड़कियों की शादी मतलब भी घर आ रही है 2020 में लगभग 11 जोड़ों की शादी करा चुकी है कंपनी के एमडी नीरज दुबे ने हैदरगंज सील का पुरवा गांव में एक शादी समारोह के दौरान बताया कि कंपनी ने अब तक 11 जोड़ों की शादी कराई है उनका कहना था कि पैसे के अभाव के चलते जो गरीब अपने बच्चों की शादी नहीं करा पाते वह हमसे संपर्क कर अपने बच्चों की शादी के लिए सहयोग ले सकते हैं। आज राज बहादुर यादव की पुत्री साहनी यादव का विवाह रोहित यादव के साथ करवाया है। इस मौके पर ब्रांच के सदस्य व गांव निवासी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम उजागिर दूबे का निधन

**अंबेडकरनगर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम उजागिर दूबे ने विभिन्न पदों पर रहते हुए कांग्रेस संगठन को जो समय दिया, समाजसेवा की उसके लिए उन्हे सदैव स्मरण किया जायेगा,जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पाल जिला कार्यालय पर शोकसभा को संबोधित कर रहे थे, उन्होंने कहा कि राम उजागिर दूबे के निधन से कांग्रेस और समाज की जो क्षति हुई है उसकी भरपाई असंभव है। जिला कांग्रेस प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्रा बब्लू ने बताया कि पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दूबे ''गुड्डू'' के बड़े भाई वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम उजागिर दूबे (77) का कल रात को निधन हो गया.वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं,जिलाध्यक्ष रामकुमार पाल कांग्रेसजनों के साथ उनके घर पहुंचे और शोकसंतप्त परिवार को ढाढ़स बंधाया.प्रमुख रूप से डा विजय शंकर तिवारी, सुनील मिश्रा,रेहान जैदी, गुलाम रसूल छोटू,दीपक शर्मा , विशाल वर्मा, महली प्रसाद राजभर, दुर्गा प्रसाद पांडेय, आलोक पाठक, अमित वर्मा,वशिष्ठ पांडेय, अमित जायसवाल अरूण कुमार गुप्ता, मंजीत राजभर, संतोष कुमार सुमन आदि मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने ही उड़ाई कोरोना गाइड लाइन की धज्जियां

**अंबेडकरनगर।** वैश्विक महामारी कोरोना गाइडलाइन जिले में मजाक बनकर रह गया है । और तो और, केंद्र और प्रदेश में सत्ता सीन भाजपा के कर्ता धर्ता अपनी ही सरकारों की ओर से निर्धारित प्रोटोकॉल व गाइडलाइन और शर्तों का पालन नहीं कर रहे है। इसकी बानगी गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में तब देखने को मिली जब स्थानीय जिला इकाई की ओर से अवध क्षेत्र में मनोनीत हुए जिले के दो पदाधिकारियों के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में शासन की ओर से निर्धारित शर्तो व प्रतिबंधों का पूरी तरह से माखौल तो उड़ाया ही गया, निर्धारित गाइड लाइन मसलन फेस कवर अथवा मास्क धारण करना, सोशल डिस्टेंसिंग रखने को भी पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया। पार्टी के जिम्मेदार नेताओ से लेकर कार्यकर्ताओ तक ने कोरोना गाइड लाइन का मजाक बनाया। पार्टी कार्यालय से लेकर हाल तक मे कंही भी इस गाइड लाइन का अनुपालन होता नही दिखा।

### बच्चों के साथ घर जा रहे युवक पर जानलेवा हमला

**अंबेडकरनगर।** भीटी थाना क्षेत्र के प्रतापीपुर गांव निवासी सेवा निवृत्त सैन्य कर्मी राम प्रसाद तिवारी के पुत्र अनिल तिवारी पर 27 नवम्बर की देर शाम उस समय जानलेवा हमला किया गया जब वह अपने बच्चे के साथ मिझौड़ा बाजार से स्कूटी से घर जा रहे थे। बाल -बाल बचे अनिल ने पूरे मामले की शिकायत भीटी पुलिस से की लेकिन पुलिस ने कार्यवाही के बजाय पीड़ित के एक नौकर को ही हिरासत में ले लिया। थक हारकर पीड़ित अनिल ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई जिस पर उन्होंने क्षेत्राधिकारी भीटी को जांच सौंप दी है। घटना क्रम के अनुसार अनिल तिवारी 27 नवम्बर को देर शाम अपने दोनों पुत्रों के साथ अकबरपुर से घर आ रहे थे। मिझौड़ा बाजार पंहुचने पर विपक्षी ध्रुवदेव तिवारी व दो अन्य लोगों ने उन्हें चार पहिया वाहन से ओवरटेक करने का प्रयास करने लगे। उनकी हरकत को देख वह स्कूटी को छोड़कर जान बचाकर घर की तरफ भागा परन्तु उन्होंने उसे गांव के पास घेर लिया तथा उनके बच्चों के हाथ से बैट छीनकर उसे पीटने लगे। वे उनकी स्कूटी लेकर भी अपने घर चले गये। सेवा निवृत्त सैनिक राम प्रसाद तिवारी ने अधिकारियों से अपने परिवार के सदस्यों की रक्षा की गुहार लगाई है तथा आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

### देवरिया गांव में हुये हत्याकांड के वांछित 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर।** देवरिया गांव में हुए हत्याकांड में शामिल फरार चल रहे 4 अभियुक्तों को हरपुर बुदहट थाने की पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धर-पकड़, घटना के अनावरण में लगी पुलिस टीम क्षेत्र में मामूर थी कि जरिये मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भीटी तिराहे के पास ओवर ब्रीज के नीचे से कहीं भागने की फिराक में लालबिहारी विश्वकर्मा पुत्र स्व. रामकृपाल, रामअचल यादव पुत्र स्व. जीतई यादव, रामपाल यादव पुत्र रामअचल यादव,देवमन यादव पुत्र रामललित यादव निवासीगण देवरिया थाना हरपुर बुदहट को गिरफ्तार किया। बतातें चलें कि 26 नवंबर को ग्राम देवरिया गांव में आरकेस्ट्रा में हुई बच्चों के विवाद को लेकर प्रतिवादी गण द्वारा एक राय होकर लाठी ,डण्डा, छड़ व असलहे से लैश होकर घर में घूसकर गाली गुप्ता देते हुए बुरी तरह से मारने पीटने लगे जिससे वादी के पिता विजय प्रताप की मृत्यु हो गई व अन्य तीन को गम्भीर चोट लगी जिससे वह बेहोश हो गये।

# ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय राम मंदिर निर्माण में बन रहे हैं रोड़ा : महंत धर्मदास

● श्री राम जन्मभूमि मंदिर के उद्धारक बाबा अभिराम दास की मनाई गई 39 वीं पुण्यतिथि

संवाददाता। अयोध्या



**श्री राम** जन्म भूमि के उद्धारक महंत बाबा अभिराम दास जी महाराज की 39 वीं पुण्यतिथि समारोह निर्वाणी अनी अखाड़ा हनुमानगढ़ी के अध्यक्ष महंत धर्मदास जी महाराज के संयोजन में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें अयोध्या के सैकड़ों साधु संतों ने महाराज अभिराम दास जी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महंत धर्मदास जी महाराज ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रस्ट भगवान की संपत्ति को हड़पना चाहता है सुप्रीम कोर्ट ने भगवान श्री राम के पक्ष में फैसला दिया था और भगवान श्री राम ही पूरी संपत्ति के मालिक है। कोई भी पुजारी कोठारिया भंडारी भगवान के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकता है।उन्होंने कहा ट्रस्ट के संबंध में हमने केंद्र सरकार को एक नोटिस भेजा है जिसका आशय है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जो ट्रस्ट बनाया गया वह ट्रस्ट सही काम नहीं कर रहा है ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय राम मंदिर बनने में रोड़ा बने हुए है और ट्रस्ट भगवान श्री राम की संपत्ति का बंदरबांट कर रहा है। पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती जी महाराज ने कहा की अभिराम दास जी महाराज हमारे गुरुदेव थे और 1949 में जब राम जन्मभूमि पर कुछ नहीं था तब उन्होंने ही आंदोलन प्रारंभ किया था और तभी से ही श्री राम जन्मभूमि पर हिंदुओं का कब्जा प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा वह भूमि राम लला की है और राम लला की ही रहेगी। रामलला के नाम पर ही सब कुछ होना चाहिए। श्री वेदांती ने कहा राम मंदिर आंदोलन में हनुमानगढ़ी के निर्वाणी अनी अखाड़ा का बहुत महत्व पूर्ण योगदान था। और श्री राम जन्म भूमि न्यास में मैं निर्वाणी अनी अखाड़ा का प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया गया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में भी निर्वाणी अनी अखाड़ा का प्रतिनिधि होना चाहिए। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र, रामानंदाचार्य जगद्गुरु रामदिनेशाचार्य जी महाराज, महंत संत रामदास, महंत गौरी दास, महंत राम कुमार दास, महंत राजू दास हनुमानगढ़ी के पुजारी रमेश दास समाजसेवी विकास श्रीवास्तव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# हेल्थ केयर वर्कर को सबसे पहले लगेगी कोरोना वैक्सीन

● तैयारियों को लेकर डीएम ने की टास्क फोर्स की बैठक

● सीएमओ को भंडारण की तैयारियां पूरी करने के निर्देश

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**बुधवार** को देर शाम जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई । बैठक के दौरान कोविड-19 वैक्सीन की तैयारी के लिये जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार हेल्थ केयर वर्कर प्राइवेट(1165/ सरकारी(8109) वर्करों को प्रथम चरण में सर्वप्रथम वैक्सीन दिया जाएगा। वैक्सीनेशन हेतु जनपद की स्पेशल डॉक्टर टीम का चयन कर प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीन के भंडारण, उपलब्धता भंडारण हेतु स्टोरेज क्षमता वाले केंद्र को पूर्व से चयनित कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें। वैक्सीनेशन स्टोरेज में किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। शासन के निर्देश के अनुपालन में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए डॉक्टर की टीम एवं संबंधित स्वास्थ्य टीम प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ,डॉक्टर की टीम एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने वर पक्ष को ही बना दिया आरोपी

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**मंगलवार** की देर शाम जंहा भीटी थाना क्षेत्र के समंथा चौराहे पर दबंगों ने दूल्हे को धमकाने के साथ ही फायरिंग कर बारात को वापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया था वही अब घटना में पुलिस ने वर पक्ष को ही दोषी करार दे दिया है। बुधवार को दिन भर थाने में चली महा भागदौड़ व पंचायत के बाद बुधवार की शाम पुलिस ने गिरगिट की तरह रंग बदलते हुए दूल्हे व उसके पिता पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। पुलिस की यह नई कहानी किसी को हजम नहीं हो रही है । पुलिस के इस रवैये की चर्चा भी जोर शोर से हो रही है । गौरतलब है कि जौनपुर जिले के सरपतहा थाना क्षेत्र के जैनुद्दीन पुर गांव निवासी अभय राम अग्रहरी के पुत्र बॉबी की शादी समंथा चौराहे पर रहने वाले रामसहाय की पुत्री के साथ तय हुई थी। बताया जाता है कि बुधवार को बारात जब महरुआ के निकट पहुंची थी उस समय भी मोटरसाइकिल सवार चार दबंगों ने बारात को वापस लौटाने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली थी। इसके बाद दबंगों ने समंथा चौराहे के पहले ही बारात को लौटने के लिए मजबूर कर दिया था।

## खेत की सिंचाई करने गये किसान की मौत

**अंबेडकरनगर।** खेत की सिंचाई करने गये किसान की ठंड से मौत हो गई। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। जानकारी के अनुसार इब्राहिमपुर थानान्तर्गत अवसानपुर निवासी लगभग 55 वर्षीय किसान आज्ञाराम बुधवार की रात में खेत की सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान वह अचेत होकर गिर पड़े। सूचना पर पंहुचे घर वालों ने गम्भीरावस्था में लेकर जिला चिकित्सालय पंहुचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# डीएम का धान क्रय केन्द्रों के निरीक्षण का अभियान जारी

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**खरीफ** विपणन वर्ष 2020 -21 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत जनपद के किसानों के धान क्रय करने में तेजी लाने एवं क्रय केंद्रों पर मूलभूत समस्याओं का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र नवीन मंडी सिझौली पहुंचकर किसानों से रूबरू हुए। जिलाधिकारी द्वारा मंडी में पीसीएफ द्वारा संचालित क्रय केंद्र का जायजा लिया गया ।मौके पर उपस्थित केंद्र प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस क्रय केंद्र पर कृषक जगराम का 49 कुंटल धान ,मोहम्मद रजा का 20 कुंटल, लालधर का 28 कुंटल धान की तौल किया जा चुका है ।मौके पर शेर बहादुर की ट्राली का धान तौल किया जा रहा था। इस केंद्र पर विनोइंग फैन की स्थिति ठीक पाई गई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मंडी समिति द्वारा संचालित केंद्र का जायजा लिया।

# भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष व महामंत्री का जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**भारतीय** जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के मान सम्मान की पूरी चिन्ता करती है। सबको सम्मान और सबका ध्यान हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है।भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी के पद धारण करने पर पहली बार अम्बेडकर नगर आगमन पर जनपद की सीमा यादव नगर में भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्त्ताओं ने बुके भेंट कर और फूल माला पहना कर स्वागत किया। यादव नगर सीमा पर जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह (मिंटू),पूर्व जिला महामंत्री पूर्व विधान सभा प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी,रमाशंकर सिंह, जिला उपाध्यक्ष विमलेन्द्र प्रताप सिंह मोनू,जिला महामंत्री डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,सुरेश कन्नौजिया,अमरेन्द्र कांत सिंह, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद, दीपक तिवारी,दिलीप पटेल (देव), युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास मोदनवाल,आदित्य शुक्ल, शशांक शेखर सिंह पालीवाल,मण्डल अध्यक्ष रणंजय सिंह,दिलीप तिवारी,भाजपा नेता चंदन पटेल,संदीप श्रीवास्तव, राजमणि सिंह,संजय सिंह, कुलदीप, मुदित बहल, कुलदीप अग्रहरि,सतेंद्र पाण्डेय, शैलेश वर्मा,प्रधान राजीव यादव, गुलाब सिंह, सोंटी सिंह, राधे वर्मा, मिथिलेश वर्मा ने क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी का स्वागत किया। सैकड़ों गाड़ियों के काफिला के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के नेतृत्व में यादव नगर में स्वागत के बाद क्षेत्रीय महामंत्री त्रयंबक तिवारी का स्वागत गोपाल पुर चौराहे पर अनुज शर्मा, अमित पाण्डेय, राकेश सिंह,जवाहिर लाल मौर्य ने स्वागत किया। देव इंद्रावती महाविद्यालय के पास जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह के नेतृत्व में विकेक तिवारी, विकास सिंह,अमरेंद्र यादव, सितांशु त्रिपाठी,वैभव सिंह, शौरभ सिंह,विवेक सिंह ने फूल माला भेंट कर स्वागत किया।

## कनाडा पीएम का बयान
### राजनयिक मूल्यों का उल्लंघन

**कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो को अभी यह समझने की आवश्यकता है कि अपने देश में बसने वाले सिखों का आंख बंद कर समर्थन भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है क्योंकि उनमें कुछ अतिवादी किस्म के हैं। उन्होंने नए कृषि कानूनों पर प्रदर्शन कर रहे भारतीय किसानों का पक्ष सरकार द्वारा सुने जाने की पैरवी की है जो हमारे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। इससे एक जटिल व बहुस्तरीय मामला समझने में उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता भी स्पष्ट होती है। इससे न केवल पंजाब, बल्कि कनाडा के पंजाबी किसान भी प्रभावित हो सकते हैं। गुरुपरब जैसे पवित्र अवसर पर मुद्दे का राजनीतीकरण एकदम अनुचित है जिसका प्रयोग उन्होंने अपने देश के मतदाताओं को संतुष्ट करने के लिए किया है। खालिस्तानियों के प्रति उनकी हमदर्दी को देखते हुए पंजाबी किसानों के मामले में उनकी सक्रियता को पंजाब में अलगाववाद को बढ़ावा की तरह देखा जा सकता है। त्रूदो भूल गए कि पंजाब के सिख कनाडा के सिखों की तरह नहीं समझते हैं। यहां सिखों व खासकर किसानों में खालिस्तान के प्रति कोई समर्थन नहीं है। इसके साथ ही बाजार समर्थक के रूप में कनाडा ने हमेशा विश्व व्यापार संगठन-डब्लूटीओ में हमेशा हमारी खाद्य सब्सिडी का विरोध करते हुए पिछले वर्ष तक न्यूनतम समर्थन मूल्य का विरोध किया है। एक विश्व नेता के रूप में त्रूदो से उम्मीद है कि वे राजनयिक मूल्यों के अनुसार अपनी प्रतिक्रिया देंगे। भारत ने कभी राजनयिक मुद्दों में उनको निराश नहीं किया है और वह इसके बदले में सज्जनता की उम्मीद करता है। विदेश मंत्रालय ने उचित प्रतिक्रिया करते



हुए त्रूदो की टिप्पणी को 'गलत सूचनाओं पर आधारित' कहा है। ऐसा लगता है कि त्रूदो ने अपनी पिछली भारत यात्रा से कोई सबक नहीं सीखे हैं जब उन्होंने अपने प्रतिनिधिमंडल में खालिस्तान-समर्थक तत्व शामिल किए थे और उनकी अनदेखी हुई थी। इस मुद्दे पर मतभेद दूर करने के बजाय वे केवल अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए इसे भड़का रहे हैं। थोड़े से सर्वाधिक कट्टर खालिस्तानी चरमपंथी एक्टिविस्ट यह आंदोलन जीवित रखे हैं और वे भारत में इसे पुनर्जीवित करने के लिए मौके की तलाश में हैं। 2015 में ऐसे तत्वों के सहारे सफलता पाने के बाद से त्रूदो खालसा दिवस परेडों में भाग लेते रहे हैं जहां जरनैल सिंह भिंडरावाले, अमरीक सिंह व शहबाग सिंह जैसे चरमपंथी नेताओं का महिमामंडन किया जाता है। राजनयिक मूल्यों का घोर उल्लंघन करते हुए उनको ऐसे समूहों के साथ देखा गया है जो भारत में 1984 में सिख-विरोधी दंगों के दौरान नरसंहार का आरोप लगाते रहे हैं। भारत ने ऐसी घटनाओं का लगातार विरोध किया है। त्रूदो के किसी पूर्ववर्ती ने खालिस्तान-समर्थक नेताओं के साथ इस तरह अपनी निकटता नहीं दिखाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐसे सरोकारों पर सवाल उठाने के बावजूद ऐसे समूह 'रेफरेंडम 2020' की बात करते रहे हैं जिसमें विदेशों में रहने वाले सिखों से 'स्वतंत्र खालिस्तान' के पक्ष में वोट देने को कहा जाता है। त्रूदो ने 16 कनाडाई गुरुद्वारों द्वारा कौंसुलर अधिकारियों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस व शिवसेना सदस्यों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के मामले में कुछ नहीं किया। त्रूदो ने कश्मीर मुद्दे पर भी मोदी सरकार का विरोध कर स्वयं को भारत में अश्पृश्य जैसा बना दिया है। उनकी लिबरल पार्टी के अनेक सदस्यों ने खालिस्तानी चरमपंथियों का खुला समर्थन कर अपनी स्थिति खराब की है। भारत ने राजनयिक रूप से पाकिस्तान द्वारा कट्टरपंथी खालिस्तानी तत्वों को समर्थन दुनिया भर में उजागर किया है जिसके माध्यम से वह भारत में उग्रवाद को बढ़ावा देना चाहता है। आज सारी दुनिया आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान के खिलाफहै। त्रूदो को भारतीय उच्चायुक्त अजय बिसारिया ने संभवत: स्पष्ट रूप से बता दिया है कि ऐसे तत्वों का समर्थन करने से कनाडा के साथ आर्थिक संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा, जबकि पश्चिम के अनेक देश भारत के साथ व्यापार करने के इच्छुक हैं।

# किसानों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी

**सरकार के पास अपने पक्ष में तर्क होने पर भी किसान आंदोलन के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण जरूरी है। इस मामले में आक्रामक दृष्टिकोण के भारी राजनीतिक व सुरक्षा जोखिम हैं।**



**प्रियदर्शी दत्ता**
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)




**गुरु** नानक जयंती पर जहां दिल्ली की अनेक सड़कें प्रकाश में नहाई हुई थीं, वहीं पंजाब के आंदोलनकारी किसान सड़कों पर भयंकर जाड़े का सामना कर रहे थे। पंजाब में किसानों का आंदोलन सितंबर से ही जारी था, पर सरकार ने उसके प्रति लापरवाही बरती जब तक कि वे दिल्ली के दरवाजे पर नहीं आ गए। उस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरसिमरत कौर के कैबिनेट से इस्तीफे की जरा भी चिन्ता नहीं की थी। उनकी पार्टी शिरोमणि अकाली दल-शिअद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजद की सबसे पुरानी घटक थी जिसने उनके इस्तीफे के एक सप्ताह बाद गठबंधन छोड़ दिया। शिअद के अलग होने के नतीजे सीमान्त प्रदेश में शांति पर हो सकते थे। केन्द्र में मजबूत पकड़ के उलट पंजाब में भाजपा का समर्थन घटा है। वास्तव में सारे भारत में अपनी छवि बढ़ाने से भाजपा ने सिख-बहुल राज्य को अलगाव में छोड़ दिया है। स्वर्गीय अरुण जेटली के अनुसार, भाजपा-शिअद साझेदारी राजनीतिक के साथ सामाजिक गठबंधन भी था। 1990 दशक मध्य में दोनों के एकसाथ आने से पंजाब में चरमपंथ पर रोक लगी थी। ग्रामीण जाट सिख किसानों में शिअद का समर्थन आधार भाजपा के शहरी मध्यवर्गीय हिंदू समर्थन आधार को मजबूत करता था। इसलिए इस अलगाव से ध्रुवीकरण हो सकता है तथा राज्य में उग्रवाद को बढ़ावा देने की प्रतीक्षा कर रहे उग्र तत्व सक्रिय हो सकते हैं। भाजपा ऐसे राज्य में यह कतई नहीं चाहती है जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं।

हरदीप सिंह पुरी को छोड़ कर अब कोई सिख चेहरा मौजूद नहीं है। पुरी पूर्व राजनयिक हैं और राजनेता बनने की ओर बढ़ रहे हैं। वे 2019 में अमृतसर सीट से लोकसभा चुनाव हार गए थे। मंत्रिपरिषद में अब पश्चिम बंगाल भाजपा के एस.एस. अहलूवालिया भी नहीं हैं, हालांकि उन्होंने कभी सिख मतदाताओं का प्रतिनिधित्व नहीं किया था। भाजपा में रहे नवजोत सिंह सिद्धू अब कांग्रेस में चले गए हैं। नए कृषि कानून लागू करने के पीछे सरकार के मन में किसानों का हित सर्वोपरि है। खेती को लाभदायक बनाने के लिए कृषि मार्केटिंग में सुधार बहु-प्रतीक्षित था। हालांकि, नए कानून लागू होने के पहले भी एमएसपी व्यवस्था के बाहर खुले बाजार में कृषि उत्पाद या सरकार द्वारा न खरीदी जाने वाली चीजें बेचने पर कोई प्रतिबंध नहीं था, लेकिन इसका कोई वाणिज्यिक या विधिक ढांचा नहीं था। सरकार ने इस मुद्दे पर सहमति बनाने के मामले पर भी ज्यादा ध्यान नहीं दिया। मानसून सत्र में बनाए कानूनों को 5 जून को अध्यादेश के माध्यम से लाया गया था। संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार कृषि राज्य का विषय है। इसे देखते हुए अभी स्पष्ट नहीं है कि राज्य सरकारों, किसान संगठनों व अन्य पक्षों के साथ कोई विचार-विमर्श हुआ था या नहीं। आरएएस का आनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ-बीकेएस भी इस मुद्दे पर सरकार के व्यवहार से संतुष्ट नहीं है। बीकेएस के अखिल भारतीय मंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने हाल ही में कहा था कि लगभग 25,000 किसानों ने इस बारे में प्रधानमंत्री को एक प्रस्ताव भेजा था। निसंदेह कानून व्यापारियों के लाभ के लिए बनाए गए हैं और उनको लाभ पहुंचाएंगे। यह रवीन्द्रनाथ टैगोर की सोच के विपरीत है। उन्होंने ब्रिटिश सरकार की प्रगति अवधारणा पर कहा था, 'वे पक्ष लेने के अनिच्छुक नहीं हैं, पर बहुत नजदीक नहीं आना चाहते हैं। लाभ पाने के बाद वे जल्दी से पीछे हटना बेहतर समझते हैं। वे दया नहीं करते पक्ष लेते हैं, प्रेम नहीं संरक्षण देते हैं, सम्मान नहीं करते पर न्यायोचित व्यवहार का प्रयास करते हैं, वे जमीन की सिंचाई नहीं करते हैं पर काफी मात्रा में बीज बोने से पीछे नहीं हटते हैं।' उनकी टिप्पणी आज सार्थक लगती है। सरकार का दृष्टिकोण 'हम जानते हैं कि तुम्हारे लिए क्या अच्छा है' वाला है, जबकि किसान स्पष्ट रूप से समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यदि विज्ञान भवन की वार्ता सफल होती है तो भी सरकार को अंतत: समझ में आ जाएगा कि जल्दी से कार्रवाई कर आराम से उस पर दु:ख प्रकट करना अच्छी नीति नहीं है। किसान आंदोलन के आलोचक सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। वे जल्दी से किसानों को खालिस्तान समर्थक बताने का प्रयास कर रहे हैं। डिजिटल स्पेस में फर्जी तस्वीरों की भरमार है। लेकिन सवाल यह है कि खालिस्तानी समर्थक होने के बावजूद वे क्या चाहते हैं? क्या वे किसानों को कुचलने के लिए सेना भेज देंगे? क्या भाजपा सरकार पंजाब में जनता के साथ स्थापित सेतु तोड़ना चाहेगी? क्या वे अथवा उनके मित्र ऐसी स्थिति से निपटने को तैयार हैं जब कृषि संकट सामाजिक संकट के रूप में गहरा हो जाए? ईश्वर न करे ऐसा हो। अतीत में लोकतांत्रिक सरकारों ने किसानों की परेशानियों के प्रति संवेदनहीन रवैया अपनाया है। अब यह स्थिति समाप्त होनी चाहिए। जब कोई सरकार विपक्ष को या विपक्ष सरकार को कुचलना चाहता है तो लोकतंत्र व शांति की विरोधी शक्तियां उठ खड़ी होती हैं जैसा खालिस्तानी आंदोलन के मामले में हुआ था। पंजाब को जवाहरलाल नेहरू की बांध बनाने वाली नीतियों, लाल बहादुर शास्त्री के समय भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई की खरीद वाली नीतियों तथा इंदिरा गांधी द्वारा शुरू की गई हरित क्रान्ति का लाभ हुआ है। मोदी सरकार को अपनी कृषि नीति सही तरीके से पेश करते हुए यह कहना चाहिए कि वह लंबे समय से प्रतीक्षित कदम उठाते हुए इस प्रगति को आगे ले जाना चाहती है। सौभाग्य से भाजपा को 1980 व 1990 के दशक में खालिस्तानी विद्रोह के खिलाफ संघर्ष नहीं करना पड़ा है। यह लड़ाई कांग्रेस सरकार ने लड़ी, हालांकि आंशिक रूप से वह स्वयं इसके उभार की जिम्मेदार थी। 1980 के दशक में खालिस्तानियों ने हरित क्रान्ति से पैदा कृषि समस्याओं का लाभ उठा कर पंजाब को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का प्रयास किया था। उस समय कांग्रेस देश में इतनी ही मजबूत थी जितनी आज भाजपा है, लेकिन उसे हिंदू फासिस्ट पार्टी के रूप में पेश किया जाता था। पंजाब के हिंदू खालिस्तानी हिंसा का पहला शिकार बने थे। भाजपा समेत सभी पार्टियों को जनता में पुराने घावों का भय पैदा करने से बचना चाहिए। खालिस्तानी सोच के बचे हुए तत्व अब भी पंजाब में सक्रिय हैं। वे किसानों के प्रति सरकार के संवेदनहीन रवैये का लाभ उठा कर अपना दुष्टतापूर्ण एजेंडा आगे बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं जिनमें से अधिकांश सिख हैं। पंजाब के किसानों ने उचित ही अब तक इस मुद्दे का सांप्रदायीकरण नहीं होने दिया है, जबकि 80 के दशक में ऐसा हुआ था। वास्तव में सितंबर के मध्य में शुरू हुआ उनका आंदोलन केन्द्र के साथ ही कांग्रेस शासित राज्य सरकार के भी खिलाफ था। कृषि कानूनों को वापस लेने के साथ वे राज्य सरकार से कर्ज माफी भी चाहते थे। लेकिन पिछले दो महीनों में कांग्रेस किसानों की हमदर्दी पाने में सफल हुई है। राजनीति में भावनाओं का भी नीति के समान महत्व है। मार्च, 1783 में बाबा बघेल सिंह और जस्सा सिंह अहलूवालिया के नेतृत्व में सिखें की एक सेना ने मुगल दिल्ली पर हमला बोल कर लाल किले पर भगवा ध्वज फहरा दिया था। 30,000 निहंग सिखों ने निकट के एक स्थान पर कब्जा किया था जिसे बाद में तीस हजारी के नाम से जाना गया। पंजाब के किसानों ने अपनी तलवारों को हल में तथा भालों को हंसियों में बदल दिया है। ऐसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए कि 1780 और 1980 दशक के भूत फिर जाग जाएं।

# ... फिर कोई नहीं पूछेगा तेल उत्पादक देशों को!

> जैसे-जैसे आपात स्थिति गहराती जा रही है, तेल से चलने वाले वाहनों का स्थान विद्युत वाहन लेने लगे हैं। यह तेल समृद्ध देशों के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

**गुइन डायर**
(लेखका वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)



**यह** ट्वीट किया था सऊदी अरब के विदेश मंत्री, राजकुमार फैज़ल बिन फरहान अल सऊद ने, "मौजूद रहने वाले पदाधिकारियों में केवल अमेरिकी और सऊदी थे", लेकिन वो या तो गलत थे सा पूरी कहानी नहीं बता रहे थे। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वाकई हाल ही में राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान व अमेरिकी विदेश सचिव माइक पोम्पियो के साथ कुछ घंटे बिताने सऊदी अरब गए थे। वो अपने ज्ञान को अपरिहार्य पत्रकारिता संसाधन, उड़ान टोही वेबसाइटों से प्राप्त बताते हैं। उन्होंने खुलासा किया कि निजी विमान जिसका उपयोग नेतन्याहू आमतौर से गोपनीय विदेशी दौरों के लिए करते हैं वह तेल अवीव से हाल ही में उड़कर सऊदी अरब के निओम पहुंचा था, जो कि साढ़े तीन घंटे बाद वापसी के लिए उड़ गया था। अत:, क्या वाकई कोई बैठक हुई थी? क्या कुछ गड़बड़ हुई थी? अथवा क्या बैठक हुई थी, लेकिन प्रत्येक पक्ष ने सार्वजनिक रुख अपनाया जो उसकी राजनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करता है?

मायने नहीं रखता कि दुविधा के लिए बाध्यता क्या है, एक चीज बिलुकल स्पष्ट है : बैठक निरर्थक थी। किसी समय दुनियाभर में यह खबर सुर्खियों में हुआ करती थी। "अमेरिकी महाशक्ति और तेल से समृद्ध सऊदी अरब युद्धरत इस्राइली नेता के साथ मिलकर मध्य-पूर्व को आपस में बांटने के लिए तैयार हैं", कुछ ऐसी ही बातें सुनने को मिलतीं। जबकि आज इस बैठक का किसी ने संज्ञान तक नहीं लिया। नेतन्याहू निश्चित ही लड़ रहे हैं लेकिन इस बार वो भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहे हैं, किसी विदेशी शत्रु से नहीं। पोम्पियो जल्द ही बेरोजगार हो जाएंगे और 2022 में सीनेट में नामांकन के लिए अथवा 2024 में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के तौर पर नामित होने के लिए अपने दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान अभी भी प्रभावी रूप से सऊदी अरब के तानाशाह हैं, लेकिन शेष जगत में उतने खास नहीं रह गए हैं। प्रासंगिकता में उनके पतन का कुछ मामला अस्थायी है। नेतन्याहू अंतत: या तो जेल जाएंगे या सेवानिवृत्त हो जाएंगे, लेकिन इस्राइल फिर भी एक बौनी महाशक्ति होगा जो सैन्य बल से मध्य पूर्व पर सवार रहता है। पोम्पियो व उनके नियोक्ता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही पदच्युत हो जाएंगे और अमेरिका विश्व नेता के तौर पर अपनी स्थिति का कुछ हिस्सा पुन: हासिल कर लेगा, कम से कम कुछ समय के लिए। लेकिन सऊदी अरब अपना पहले जैसा महत्व कभी हासिल नहीं कर पाएगा। पतन स्थायी है, क्योंकि तेल से समृद्ध मुहावरा प्रतिलिपि की तरह अतीत की बात हो जाएगी। अरब उत्पादकों का तेल से मिलने वाला राजस्व दो तिहाई से अधिक कम हो गया है, जो 2012 में एक ट्रिलियन डॉलर से गिरकर इस वर्ष 300 बिलियन डॉलर पर आ गया, और वापस उछाल माने वाला नहीं है। अभी तक पतन तो तेल की कीमतों में गिरावट के कारण रहा है, मांग सतत रूप से बढ़ी मगर उत्पादन निरंतर और तेजी से बढ़ा, लेकिन अब मांग में भी भारी गिरावट आने की संभावना नजर आ रही है।

जैसे-जैसे आपात स्थिति गहराती जा रही है, तेल से चलने वाले वाहनों का स्थान विद्युत वाहन लेने लगे हैं। यह तेल से समृद्ध देशों के लिए अच्छा संकेत नहीं है। ब्रिटेन और फ्रांस अब आंतरिक ज्वलनशीलता इंजनों वाली नई कारों की बिक्री बंद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसका अर्थ है कि 2025 के बाद कोई भी पेट्रोलियम ईंधन वाली कारें नहीं खरीदेगा। अन्य बहुत से देश भी ऐसे ही उपाय करने पर चर्चा कर रहे हैं। ऐसे में सऊदी अरब जैसे देशों का क्या होगा, जहां सरकार के बजट का चतुर्थ पंचम हिस्सा तेल से मिलने वाले राजस्व से बनता है? स्वाभाविक रूप से, बजट में कटौतियां पहले से ही की जाने लगी हैं, लेकिन राजस्व में गिरावट आना जारी है। इसके अतिरिक्त, खाड़ी के लगभग सभी तेल उत्पादक देशों की जनसंख्या अभी भी तेजी से बढ़ रही है।

समय के किसी बिंदु पर ग्राफ में ये दोनों रेखाएं राजनीतिक रूप ये अस्थिरताकारी ढंग से एक दूसरे को काटेंगी। यदि सऊदी अरब अथवा छोटे खाड़ी राज्य, ईरान से स्वयं की रक्षा के नाम पर हथियारों पर भारी मात्रा में धन खर्च करते जाएंगे, तो ये रेखाएं जल्द ही एक दूसरे को काटेंगी, मगर यह कुछ ही समय की बात रह गई है। इन राज्यों की असाधारण स्थिरता, पूर्ण रूप से परम्परागत शासकों की अपने विषयों की रजामंदी खरीदने की क्षमता पर निर्भर है, पिछले 50 वर्षों में अरब प्रायद्वीप में छह तेल समृद्ध राजतंत्रों में एक भी सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ है। जैसे ही संपत्ति जाएगी, उसके साथ उनकी स्थिरता भी चली जाएगी।

अरब प्रायद्वीप संक्षिप्त रूप से इतिहास में केवल दो बार शक्ति का बड़ा केंद्र रहर है : एक बार 632-661 में, जिसके बाद पूर्वी इस्लामी साम्राज्य की पूंजी दमिष्क चली गई थी, और एक बार 1973 से वर्तमान तक, लेकिन ज्यादा लंबे समय तक नहीं। स्वयं सऊदी अरब की एकता भी, जो एक सदी से कम समय पूर्व बलपूर्वक थोपी गई थी, हो सकता है संक्रमण को झेल न पाए। पश्च-तेल मध्य-पूर्व के वर्चस्वकारी शक्ति केंद्र ठीक वहीं पर हैं जहां वे पिछले हजार वर्षों में अधिकतर समय रहे हैं : तुर्की, ईरान और मिस्र। और पिछले एक जार वर्षों में एक बार भी इन तीन ताकतों में से कोई दो लंबे समय तक सहयोग करने में सक्षम नहीं रहे हैं। उनमें कुछ चीजें साझी रही हैं : इस्लाम (यद्यपि दो भिन्न एवं आमतौर से विरोधी प्रतिरूप), सापेक्षत: आधुनिक, अर्ध-औद्योगीकृत अर्थव्यवस्थाएं (अधिकतर तुर्की, कमतर मिस्र), और प्रत्येक में लगभग 100 मिलियन लोग। मगर वे भाषाओं द्वारा विभाजित हैं (तुर्क, अरबी और फारसी में कुछ भी साझा नहीं है), दूरी (राजधानियां 2,000 किलोमीटर से अधिक दूर हैं), और इतिहास और राजनीति द्वारा। मिस्र पर कभी-कभी दोनों अन्य में से एक ने आधिपत्य जमाया लेकिन वह गठबंधन नहीं माना जाता। अत: सह दलील दी जा सकती है कि मध्य-पूर्व स्वयं एक अवधारणा के तौर पर लुप्त होने वाला है। लेकिन, यथार्थ में, कोई बड़ा नुकसान नहीं है।

## आप की बात

### वृक्ष ही सच्चे साथी

**विगत** वर्ष राजस्थान के डूंगरपुर जिले के हर गांव में अब सबसे पुराने पेड़ को जननी वृक्ष का दर्जा दिए जाने की पहल वृक्ष के सम्मान में प्रशंसनीय पहल की गई। वृक्षों की सुरक्षा और इनकी देखभाल इस योजना में बरगद ,खेजड़ी पीपल आम ,महुआ ,नीम ,सेमल, गुलर मोलश्री ,रायणी ,अर्जुन ,इमली कल्पवृक्ष आदि को जननी के रूप में चयन किया गया है। मिटटी का कटाव रोकने हेतु नदी के तट पर फलदार वृक्ष ज्यादा मात्रा में लगाया जाना चाहिए जिससे परिक्रमा वासी,नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी में सुखद छांव एवं फल की प्राप्ति हो सकें। देखा जाए तो वर्तमान में पेड से प्राप्त होने वाली सभी चीजे महंगी है। प्राचीन वृक्षों को जो अंदर से पोले या गिरने की कगार पर हो उसका उपचार भी किया जाना चाहिए ।वर्षा ऋतू में तेज हवा आंधी से कमजोर वृक्ष गिर जाते उनका उपचार किया जाए व ध्यान रखा जाए, ताकि जानमाल की हानि से बचा जा सके। बरगद का पेड़ लगाए जाए क्योंकि इसकी आयु कई वर्ष होती है। पशु पक्षियों और इंसानों के लिए ये घना वृक्ष छांव के साथ सुखद आसरा प्रदान करता है। इसके लगाने से प्रतीक्षालय बनाने के खर्चे का भार भी कम होगा।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### ब्रिटेन में टीकाकरण शुरू

**ब्रिटेन** के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बायोटेक और फाइजर को वैक्सीन की मंजूरी दे दी है। ब्रिटेन ने 4 करोड़ वैक्सीन का ऑर्डर भी फाइजर को दे दिया है। हालांकि भारत भी स्वदेशी वैक्सीन लाने में लगा हुआ है।बताया जा रहा कि अगले सप्ताह से ही ब्रिटेन में बुजुर्गों और स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण शुरू कर दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ये भी देखना होगा कि क्या भारत फाइजर की 95 फीसद कारगर साबित होने वाली वैक्सीन को मंजूरी देता है। बताया जा रहा कि वैक्सीन को लेकर भारत, इथोपिया समेत 17 देश के 85 फीसद लोग वैक्सीन के लिए उत्सुक हैं वहीं अमेरिका समेत अन्य देश के 47 फीसद लोग वैक्सीन लगवाने के लिए उत्सुक नहीं है। ऐसे में कई अफवाहें भी जगह बना रही हैं। जरूरत सही और स्पष्ट जानकारी को पाना, जिससे बढ़ती मुश्किलों को रोका जा सके। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का मानना है कि वैक्सीन से ही वैश्विक महामारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है और साथ ही अर्थव्यवस्था को भी पुन: पटरी पर लाया जा सकता है। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि क्या भारत स्वदेशी वैक्सीन का इंतज़ार करेगा या फिर फाइजर को वैक्सीन के लिए ऑर्डर देगा।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

### सजा के साथ सेवा भी

**देश** भर में कोरोना फिर अपना पैर पसार रहा है। आंकड़े गतिमान अवस्था में हैं। परन्तु लोगों की लापरवाही भी चरम सीमा लांघ रही है। प्रशासन के बार बार अपीलें करने के बाद भी लोग मास्क पहनने को तैयार नही है। कोरोना को इतने हल्के में लेकर चल रहे हैं कि कोरोना भारत से हमेशा हमेशा के लिए चला गया हो। इस तारतम्य में गुजरात हाईकोर्ट ने बहुत ही बढ़िया राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह मास्क पहनने के नियम का उल्लंघन करने वालों के लिए जुर्माने की सजा के अलावा कोविड -19 मरीज देखभाल केंद्र में सामुदायिक सेवा को अनिवार्य बनाए। मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ और न्याय मूर्ति की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि कोविड 19 मरीज देखभाल केंद में नियम उलंघन करने वालो की सामुदायिक सेवा के तहत ड्यूटी लगाए जिसका स्वरूप गैर चिकित्सकिय जैसे साफ सफाई हो, यह 5 से 15 दिन तक रोजाना 4 से 6 घण्टे हो सकती है। बिल्कुल सही निदेश क्योंकि लोगो ने मास्क नही लगाकर भी कोरोना को हवा दी है।और लोगो को जो अतिविश्वास है कि हम मास्क नही लगाएंगे।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**एमएचआरए** ने औपचारिक रूप से फाइजर और बायोनटेक समूह को कोविड-19 वैक्सीन के लिए अधिकृत कर दिया है।

– **बोरिस जॉनसन**
यूके के प्रधानमंत्री



**जबकि** आम आदमी पार्टी किसानों को समर्थन का दावा कर रही थी, दिल्ली सरकार ने एक गजटेड अधिसूचना के द्वारा काला कानून लागू कर दिया।

– **अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**आम** आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली में प्रदर्शनकारी किसानों को भोजन एवं अनिवार्य वस्तुएं दी जा रही हैं। पंजाब केजरीवाल के समर्थन में है इसलिए अमरिंदर परेशान हैं।

– **राघव चड्ढा**
आप विधायक

# कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से कराएं पूराः मौर्य

- केशव प्रसाद मौर्य ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा
- एनएचआई, एनएच, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम के साथ बैठक



**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उप मुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को सरकिट हाउस में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने एनएचआई, एनएच, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रयागराज और कौशाम्बी के निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराए जाने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने प्रयागराज में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे निमार्णाधीन परियोजनाओं एवं प्रयागराज में प्रस्तावित सेतु, आरओबी एवं नदी सेतु की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बेगम बाजार में बन रहे दो लेन उपरिगामी सेतु के काम में रूकावट के लिए कहा कि जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से इस पर चर्चा कर रास्ता निकालने की बात कही। उन्होंने भीरपुर मेजा मार्ग पर बनाये जा रहे दो लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। नारी बारी कोरांव में टोंस नदी पर बन रहे सेतु निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। डिप्टी सीएम ने कहा कि निमार्णाधीन परियोजनाओं में गुणवत्ता के मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। इलाहाबाद बामपुर मार्ग पर बनाये जा रहे दो लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण में अधिग्रहण से सम्बंधित समस्या को जल्द सुलझाने के लिए कहा। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी फ्लाई ओवर का प्लान तैयार किया जाए वह फोर लेन ही बनाये जाए। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माणाधीन कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने रामपुर से भड़ेवरा तक कराये जाने वाले चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य में आ रही रूकावटों को दूर करते हुए कार्य को जल्द प्रारम्भ कराने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में सांसद एवं विधायक उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने किया केशव का स्वागत

गुरुवार को संगम नगरी पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने पुलिस लाइन में स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत करने वालों में अवधेश चंद्र गुप्ता, कुंज बिहारी मिश्रा, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, रमेश पासी, शोभिता श्रीवास्तव, मयंक यादव, बबलू केसरवानी, अभिषेक सोनकर आदि रहे।

### डिप्टी सीएम ने दी इलेक्ट्रॉनिक ट्राइसाइकिल

प्रयागराज। अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज प्रवास के दौरान चन्द्रशेखर आजाद सरकिट हाउस में उपहार स्वरूप नैनी के दिव्यांग सुनील विश्वकर्मा को बैटरी वाली इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल भेंट की। इस मौके पर विधायक संजय गुप्ता, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक लाल बहादुर, गणेश केसरवानी, दीपक पटेल, किशोरी लाल जायसवाल, गौरव गुप्ता, मनीष केसरवानी, मयंक यादव, विश्वास श्रीवास्तव, आशीष जायसवाल, देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## मुख्य चौराहों पर स्थापित होगी स्वर्गीय चौधरी चुन्नीलाल की प्रतिमाः केशव

**प्रयागराज।** चौधरी चुन्नीलाल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में हिन्दुस्तानी एकेडेमी में राज्यसभा सदस्य स्वर्गीय चौधरी चुन्नीलाल की 21वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वर्गीय चौधरी चुन्नीलाल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर्गीय चौधरी संघर्ष एवं सेवा की मिसाल थे। उन्होंने अपना सारा जीवन लोगों की सेवा करते हुए और उनकी समस्याओं का निदान करते हुए समर्पित कर दिया। वह सच्चे समाजसेवक और समतामूलक समाज के संवाहक थे। उनके पुत्र न्यायमूर्ति गौतम चौधरी अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। डिप्टी सीएम ने एक हजार करोड़ की लागत से प्रयागराज कौशाम्बी को जोड़ने वाले फोरलेन मार्ग परियोजना का नाम स्वर्गीय चौधरी चुन्नीलाल के नाम से करने एवं शहर के मुख्य चौराहे पर स्वर्गीय चुन्नीलाल की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता एवं संचालन विधायक संजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौधरी सांसद केसरी देवी पटेल, विधायक लाल बहादुर, विक्रमाजीत मौर्य, शीतला प्रसाद पटेल, हर्षवर्धन बाजपेई, गणेश केसरवानी रहे।

## सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान

**वाराणसी।** चौक थाने में तैनात सिपाही शिवम पांडेय ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के मुताबिक सिपाही शिवम पियरी क्षेत्र में किराए के मकान में रहता था। गुरूवार सुबह देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर मकान मालिक ने दरवाजे पर दस्तक दी लेकिन कोई आहट नहीं मिलने पर रोशनदान से झांक कर देखा तो अंदर युवक का शरीर फंदे के सहारे लटका हुआ था। आननफानन में मामले की जानकारी स्थानिय पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई और शव को फंदे से निचे उतारा गया, लेकिन युवक की मौत पहले ही हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोसटमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गोरखपुर के बड़हर गंज थाना क्षेत्र के सिधुआ निवासी शिवम 2019 बैच का सिपाही था। पुलिस के मुताबिक घटना का कारण पारिवारिक कलह हो सकता है। अपुष्ट सुत्रों के मुताबिक वहीं चर्चा है की प्रेम प्रसंग में सिपाही ने आत्याती कदम उठाने को मजबूर हुआ। पुलिस आत्महत्या मामले की पड़ताल में जुट गई है। घटना की सूचना उसके परिवार के लोगों को दे दी गई है। सिपाही के पिता का भी निधन हो चुका है।

## किसान मेला का आयोजन संपन्न

**सफीपुर उन्नाव।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी किसान मेला का आयोजन कर किसानो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने फीता काटकर किसान मेला का शुभारम्भ किया। विधायक बम्बा लाल दिवाकर ने किसानो को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार किसानों की हर जरूरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर लाभकारी योजनायें चला रही है। जिससे किसानों की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। उन्होने कहा कि भूमि विकास बैंक भी बहुत जल्द खेती किसानी के लिये ऋण उपलब्ध कराना प्रारम्भ करेगी, किसानो की आमदनी दुगनी करने के लिये एक ओर जहॉ उत्पादन, उत्पादकता में वृद्वि कर रहे है। वहीं दूसरी ओर समर्थन मूल्य पर धान, गेहूॅ, मक्का आदि फसलों को खरीदने की व्यवस्था को सरकार के द्वारा की गयी है।

## एम्बुलेंस चालकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवाबगंज उन्नाव।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद के 108 व 102 एम्बुलेंस चालकों और इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन को एईएस के मरीजों को अस्पताल तक बेहतर ढंग से पहुंचाने के तौर तरीकों की जानकारी देने के लिए नवाबगंज स्थित स्वास्थ्य केन्द्र में असोहा, नवाबगंज एवं बिछिया ब्लॉक की एम्बुलेंस चालकों व ईएमटी को प्रशिक्षण दिया गया। एसीएमओ डॉक्टर विजय गुप्ता ने प्रशिक्षण में शामिल लोगों से कहा कि मरीजों के बारे में सूचना मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर एंबुलेंस सेवा उपलब्ध करायी जाए। मरीज को एम्बुलेंस में लाते समय बाएं या दाएं करवट में लिटाकर लाये। यदि मरीज को झटके आरहे हो तो उसके मुंह में साफकपड़े का गोला बनाकर रखे, जिससे जीभ न कटे। पार्थ संस्था लखनऊ की ओर से आये ट्रेनर बुन्देल सिंह ने एईएस के मरीजों की पहचान व प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण शिविर के दौरान डॉ रमेश चंद्र यादव डीएमओ, पवन तिवारी परामर्शदाता, रत्नेश शुक्ला सुपरवाइजर एम्बुलेंस व असोहा, नवाबगंज एवं बिछिया ब्लॉक के एम्बुलेंस चालक व ईएमटी मौजूद रहे।

## मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला सचिव मनोनीत

**फतेहपुर 84 उन्नाव।** बाँगरमऊ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हफिजाबाद के मजरा मौहाई निवासी समाजवादी पार्टी के जुझारू कार्यकर्ता अजय विक्रम सिंह को समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का पुनः जिला सचिव मनोनीत किया गया है। श्री सिंह को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष लकी यादव और पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक सभा उत्तर प्रदेश मो. सैफ खाँ की उपस्थित में मनोनयन पत्र सौंपा गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** बंथरा थाना क्षेत्र के पिपहरी रहीमनगर निवासी गोविंद उर्फ भुट्टन 40 बृहस्पतिवार को कस्बे की साप्ताहिक बाजार में सिंघाड़ा बेचने अपनी बाइक से आ रहा था। राजमार्ग पर तेज रफ्तार इनोवा कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनांक मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को लगी गोली

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदार नगर निवासी राम सजीवन 30 के बुधवार की रात सोते समय संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। जिससे वह लहूलुहान हो गया। गोली की आवाज सुनकर दौड़े परिजनों ने आनन-फानन घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## छेड़छाड़ के आरोपी पीड़िता और उसके परिजनों का कर रहे उत्पीड़न

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी अब किशोरी के परिजनों का जमकर उत्पीड़न कर रहे हैं। किशोरी के पिता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप कर जान- माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में किशोरी के पिता ने कहा है कि बीती 5 मई को उसकी नाबालिग बेटी शाम करीब 7 बजे कूड़ा गोबर डालने घर के बाहर गई थी। रास्ते में गांव के ही हरि भान सिंह पुत्र मंगल सिंह ने किशोरी को दबोच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। किशोरी द्वारा शोर मचाने पर दौडे परिजनों को आता देख हरिभान जान से मारने की धमकी देकर भाग खड़ा हुआ। घटना की प्राथमिकी किशोरी के पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी युवक अपने रिश्तेदार जयपाल सिंह, मान सिंह, अमर सिंह, लवकुश एवं सोहन के साथ मिलकर किशोरी के परिजनों को मारा पीटा था। जिसकी एनसीआर दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कोतवाली पुलिस की कार्यशैली के चलते विपक्षी गांव में खुलेआम असलहा लेकर घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मना पूर्व राष्ट्रपति का जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**काशी हिन्दू** विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान संस्थान की ओर से ने गुरूवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन को कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाया। इस मौके दरेखूँ स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटरमीडिएट कालेज में कृषि शिक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती समारोह में कालेज के सैकड़ों छात्र एवं छात्राओं नें प्रतिभाग किया। सभा को कृषि विज्ञान संस्थान कृषि संकाय प्रमुख डॉ. आनंद प्रकाश सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कृषि विषय की महत्ता एवं उपलब्धियों के बारे में छात्रों को विधिवत जानकारी दी। उन्होने कृषि में होने वाले नवीन प्रयोगों, कृषि शिक्षा एवं रोजगार के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया। कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. रमेश चंद ने ग्रामीण छात्रों को कृषि शिक्षा में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित कृषि प्रवेश परीक्षा स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न प्रकार के रोजगार के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होने छात्रों को यह भी बताया कि कृषि में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं, यदि छात्र किसी अच्छे संस्थान से अपनी स्नातक या स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त करता है। छात्रों को अच्छे संस्थान में प्रवेश के लिए सतत् परिश्रम करने और विभिन्न पाठ्यक्रम सामाग्री के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई। कालेज के प्रधानाचार्य फूलचंद प्रसाद वर्मा ने छात्रों को कृषि शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## आईआईटी बीएचयू के 396 छात्रों का चयन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू में जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया में 396 का छात्रों ने सफलता पाई ई। बीएचयू आईआईटी के छात्रों के लिए 1 दिसंबर से केम्पन प्लेसमेंट के लिए 30 मल्टी नेशनल कंपनियों ने भर्ती के लिए आईआईटी बीएचयू से संपर्क साधा था। पहले चरण में कंपनियों ने 64 लाख 26 हजार 578 रूपए से 11 लाख 50 हजार प्रति वर्ष सीटीसी का पैकेज की 217 नौकरियों की पेशकश की। पिछले वर्ष यह आंकड़ा रूपये 58.21 लाख से रूपये 10 लाख प्रति वर्ष था। आईआईटी बीएचयू के प्रशिक्षण और प्लेसमेंट कार्यालय के प्रोफेसर प्रभारी के अनुसार, कुल 1365 छात्रों ने नौकरी के लिए साक्षात्कार के लिए अपना पंजीकरण कराया था। छात्रों के चयन की कुल संख्या 396 है जिसमें 179 प्री प्लेसमेंट ऑफर शामिल हैं।

## जहरीली शराब से होने वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर आयोजित हुयी बैठक

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी की अध्यक्षता में वर्ष 2018 के पश्चात आबकारी नियमों में किए गए बदलाव तथा विशाक्त जहरीली शराब की घटना की पुनरावृत्ति को रोकने के संबंध में बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के आबकारी स्टाफको अवैध जहरीली शराब के सेवन से प्रदेश के जनपदों में हो रही जनहानि से सतर्क करते हुए सख्त निर्देश दिए गए कि किसी भी तरह से अवैध शराब की बिक्री नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा राजमार्गों पर स्थित ढाबों की सघन निगरानी की जाए। संबंधित आबकारी निरीक्षक लगातार आबकारी दुकानों का निरीक्षण करें जिससे किसी भी प्रकार से अवैध मदिरा दुकानों से न बिक पाये। यदि किसी आबकारी स्टाफकी लापरवाही सामने आती है अर्थात यदि आबकारी स्टाफ की लापरवाही से कोई अवैध शराब की बिक्री का मामला पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा किसी भी दशा में ओवर रेटिंग नहीं होनी चाहिए। समय के अनुसार ही बिक्री होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुकानों पर पोस्टर में सरकारी ठेका लिखे होने की बजाए सरकारी मदिरा की दुकान लिखा होना चाहिए। सभी निरीक्षकों व कॉन्स्टेबल को निर्देश देकर कहा कहीं भी मदिरा में जल मिश्रण भी नहीं होना चाहिए। उन्होंने समस्त आबकारी निरीक्षकों को लोगों से मिलते रहने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि लोगों से मिलें, ग्राम प्रधानों से मिलें अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से पालन करें। उन्होंने कहा अवैध डिस्टलेशन नहीं होना चाहिए, तथा अगले 10 दिनों में सभी का चरित्र प्रमाण पत्र अवश्य बन जाना चाहिए। शासन की मंशा के अनुसार ही कार्य होने चाहिए।

पुलिस अधीक्षक आनंद कुलकर्णी ने कहा जहरीली शराब के कारण होने वाली घटनाओं से हमें बहुत ही सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा जनपद के कच्ची शराब बनने वाले स्थानों में निरीक्षण कर उन्हें नष्ट करें। पुलिस अधीक्षक ने आबकारी निरीक्षकों को शराब माफियाओं को चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे शराब माफियाओं को चिन्हित करें फिर उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी तो अन्य व्यक्ति भी अवैध रूप से कार्य करने से डरेंगे। बैठक में लखनऊ मंडल के उप आबकारी आयुक्त जैनेंद्र उपाध्याय एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त धीरज सिंह, जिला आबकारी अधिकारी केके शुक्ला सहित समस्त संबंधित उपस्थित रहे।

## शिक्षक एमएलसी चुनाव में चेतनारायण व प्रमोद की टक्कर

- देर से आएगा परिणाम, सुरक्षा के कड़े इंतजाम, रुझान जानने को उत्सुक रहे लोग



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बनारस में** खंड शिक्षक व स्नातक कोटे सीट पर हुए चुनाव के बाद गुरूवार को पहड़िया मंडी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई। मतगणना के बाद 34 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला देर रात आ जाएगा। बता दें कि प्रदेश में 11 सीटों के लिए वाराणसी समेत सात स्थानों पर मतगणना गुरूवार को एक साथ शुरू हुई। बनारस में स्नातक कोटे की सीट पर 22 प्रत्याशी चुनाव में व शिक्षक निर्वाचन सीट पर 12 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया।

शुरूआती दौर के रूझानों में तीन प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर दिख रही थी। पहड़िया स्थित मतगणना हाल में 14 टेबल मतगणना लगाए गये हैं। एक आरओ टेबल पर अलग से वरिष्ठ अधिकारी पूरी मतगणना प्रक्रिया पर नजर रख रहे हैं।प्रत्याशियों द्वारा नियुक्त एजेंट प्राप्त मतों को अलग नोट कर चार्ट बना रहे थे, लेकिन आरओ टेबल से घोषित परिणाम को ही अधिकृत रूप से घोषित माना जाएगा। पहड़िया मंडी के बाहर व त्रिस्तीय सुरक्षा घेरा बनाकर मतगणना चल रही है। आज प्रशासन पूरी तरह सतर्क था तो सुरक्षा भी चाक-चौबंद नजर आई। मतगणना के दौरान विजय जुलूस व नारेबाजी, काफिले के साथ झंडा लेकर नारेबाजी करने पर पहले ही रोक लगा दी गई है। मतगणना देर तक चलने की संभावना को देखते हुए 12-12 घंटे की शिफ्टवार पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना के अंदर किसी को मोबाइल फोन, उपकरण, ज्वलनशील सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है।

वाराणसी खंड के 8 जिले वाराणसी, भदोही, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया से आए बैलट बाक्स गुरूवार को 8 बजे स्ट्रांगरूम से निकालकर मतगणना हाल में ले जाया गया, जहॉ मतों को खोलकर प्रथम, द्वितीय वरीयता क्रम क`मत अलग-अलग किए जा रहे थे। ईवीएम मशीनो से इतर बैलेट बाक्स से चुनावी प्रक्रिया चलने से विधानसभा, लोकसभा की तरह त्वरित परिणाम नहीं आ पा रहा था। अधिकारियों ने पहले ही कह दिया था कि इस बार मतगणना के परिणाम देर से आने की उम्मीद है। पहड़िया मंडी के बाहर प्रत्याशी समर्थकों की भीड़ इधर-उधर घूमकर परिणाम जानने को उत्सुक रहे तो प्रत्याशियों ने आसपास के इलाकों में अड्डा जमाकर रूझानों पर लगातार नजर रखे थे।

### मतगणना में धांधली का अरोप लगा सपाईयों ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** एमएलसी खंड शिक्षक व स्नातक कोटे की सीट पर हुए मतों की गणना गुरूवार प्रातः पहड़िया मंडी में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच कराई जा रही है। इसी बीच सपा सदस्यों ने मतगड़ना में धांधली का अरोप लगाते हुए धरने पर बैठ गए। पहड़िया मंडी के बाहर मौजूद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दिया। सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मतपेटिका का सील टूटा हुआ है, हालांकि इसकी पुष्टि किसी ने नहीं किया। सपा सदस्यों का आरोप है कि प्रशासन पूरी तरह से सत्ता के साथ खड़ा है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। धरने पर बैठे सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर धमकाने का भी आरोप लगाया है। पहड़िया गेट पर धरना दे रहे सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफनारेबाजी किया। हालांकि प्रदर्शन शुरू होने की सूचना पाकर पहुंचे पुलिस ने बलप्रयोग कर प्रदर्शनकारियों मंडी गेट से हटा दियइं धरने स्थल पर सपा के पदाधिकारी भी पहुंचे थे जिन्हे समझाकर हटा दिया गया। इसके बावजूद सपा कार्यकर्ता सड़क उसपार खड़े होकर थोड़ी देर पर नारेबाजी करते रहे। जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक एमएलसी शिक्षक व स्नातक कोटे की सीट के मतगणना परिणाम के बाद विजयी उम्मीदवार विजय जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। विजय जुलूस पर पाबंदी लगाई गई है। सड़क पर काफिला निकालने और झंडा लेकर चलने की भी मनाही है।

## लिपिक की जांच कराने को शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

**उन्नाव।** शासनादेश के विरूद्ध बीएसए कार्यालय में सम्बद्ध व सृजित पद के विपरीत सांठ-गांठ करके लिपिक के पद पर पदोन्नति कराने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की जांच कराये जाने को लेकर उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन के साथ ही शासन के आलाधिकारियों को पत्र लिखकर जांच और कार्यवाही की मांग की है। बेसिक शिक्षा मंत्री और अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे शिकायती पत्र में जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने प्रकरण की जांच कराने के साथ ही दोषी जनों पर कार्यवाही की मांग की है। श्री सिंह के पत्र में आरोप है कि हसनगंज विकास खण्ड के खानपुर सुरौली के उच्च प्राथमिक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सहचर के पद पर कार्यरत रहे आशीष कुमार की पदोन्नति चोरी छिपे तत्कालीन निलम्बित बीएसए बी.के.शर्मा के द्वारा नियम विरूद्ध लिपिक पद पर कर दी गयी थी। साथ ही विकास खण्ड हसनगंज में तैनाती देकर बीएसए कार्यालय मे अटैच कर लिया गया। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने आरोप लगाया कि लिपिक ने आय से अधिक सम्पत्तियां अर्जित की है।

## सरकार ने दिव्यांगजनों का सम्मान कर उनको उपहार भेंट किया

- संस्थाएं दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करें

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**दिव्यांगजन** सशक्तिकरण विभाग द्वारा सर्किट हाउस में गुरूवार को विश्व अंतराष्ट्रीय विकलांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं उनको कृत्रिम अंग निर्माण व सहायक उपकरण भेंट किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री अनिल राजभर ने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांग होना अभिशाप नहीं बल्कि उनको सहायता करना एवं पुर्नजीवन स्थापित करना होता है। केन्द्र सरकार दिव्यांगजनों को एक से एक योजना दे रही है जिससे वे अपने को उन्नति कर सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला दिव्यांगजन अधिकारी राजेश कुमार मिश्र ने दिव्यांगजनों को उपहार भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने संस्थाओं का आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों का मदद करें, हो सकें तो उनका आत्मनिर्भर बनाने का मार्गदर्शन करें जिससे उनका उत्थान हो सके। स्विट्जरलैंड से आई युवती ने सेवा करने के लिए शादी न करने का संकल्प लिया। इनकी सच्ची सेवा और संगीत प्रेम से प्रभावित यहां के लोगों ने संगीता बहिन जी नाम दे दिया। मिट्टी से बनी कुटिया और साइकिल से चलने वाली महिला ने दिव्यांगों की सेवा के लिए काशी में एक मिसाल कायम कर दी।किरण सोसाइटी में हर वर्ष भारत ही नहींए बल्कि विदेश से भी लोग दिव्यांग और गरीबों की सेवा के लिए आते हैं। यहां सेवा ही नहींए अनुदान देने वाले लोगों की संख्या 200 के ऊपर है। विदेश से आए छह लोग लाकडाउन में यहां फंस गए जिनका एक्टेंशन कराने के बाद उनके देश से बुलावा आने पर भेजा गया। संस्था ऐसे बच्चों को लेती है जिनके माता.पिता और परिवार के लोग यहां आते जाते रहें सिर्फ पैसे देकर यहां छोड़ने वालों के लिए जगह नहीं है। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना और दिव्यांग सेवा को समर्पित स्वयंसेवी संस्था सक्षम के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी दिव्यांगता और सामाजिक चुनौतियां तथा सक्षम दिव्यांग सेवा उत्कृष्ट सम्मान समारोह का आयोजन काशी हिंदू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के सभागार में किया गया।

जिसका उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी और चिंतक श्री रामाशीष जी ने किया । अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा कि आज यह समय की मांग है। कि हम दिव्यांग भाई और बहनों कोसमानता का अवसर प्रदान करें। जिसके लिए भारत सरकार अपने माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सतत प्रयत्नशील है।दिव्यांग दिवस की सार्थकता तभी होगी जब हम सब मिलकर समाज के दिव्यांग व्यक्ति तक सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करेंगे।

## कठिनाइयों का सामना कर अनिल ने तय किया सफर

**प्रयागराज।** जेईई मेन में अनिल कुमार की 573वी रैंक आयी है। जबकि जेईई एडवांस्ड में 835वी रैंक है। अभिभावक बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए और उन्हें कामयाबी के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करते हैं। उनके त्याग और मेहनत से बच्चे सफलता की बुलंदियों को छूते हैं। इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता कि दुनिया में माता पिता से बढ़कर और कोई नहीं है। क्योंकि माता पिता अपने बच्चों की खुशी के लिए सभी खुशियां और आराम को कुर्बान कर देते हैं। स्थिति चाहे जैसी भी हो, लेकिन अभिभावक अपने बच्चों पर कभी आंच नहीं आने देते। वाराणसी के अनिल कुमार अपने को बहुत भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इतना मदद करने वाले माता पिता मिले। अनिल कुमार अपने गुरु नितिन विजय मोशन एजुकेशन के प्रबंध निदेशक वी पी बिजेयू जेईई एनईईटी डिवीजन की तारीफ करते नहीं थकते।

### माघमेला के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने की विस्तृत तैयारियां

## कोविड-19 को देखते हुए की जा रहीं विशेष व्यवस्थाएंः जीएम

- कोरोना लक्षण वाले यात्रियों के लिए स्थापित होंगे चिकित्सा बूथ

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**माघमेला** की तैयारियों को लेकर जीएम एनसीआर राजीव चौधरी ने विस्तृत समीक्षा की। एनसीआर ने माघमेला के दौरान प्रयागराज आने जाने वाले तीर्थयात्रियों के सुरक्षित परिवहन के लिए विस्तृत योजना इस बार बनाई है। पिछले माघ मेले के दौरान की गई व्यवस्थाओं इस साल की मेला चुनौतियों आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों परिवहन योजना एवं वांछित सहायता को समाहित करते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा विस्तृत पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रयागराज में आधारभूत संरचना के कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए सुपरफास्ट वाशिंग लाइन जी प्लस फाइव मल्टी स्टोरी बिल्डिंग स्काईवॉक प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म सात और आठ पर रीसर्फेसिंग सहित प्रयागराज, छिवकी, नैनी और अन्य स्टेशनों पर अन्य मेला सम्बंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्तमान में नियमित ट्रेनों के संचालन और कोविड 19 के दृष्टिगत परिवहन क्षमता के हिसाब से माघमेला के लिए विशेष ट्रेनों की आवश्यकता का आंकलन किया गया। मुख्य स्नान अवधि के दौरान मुख्य स्टेशनों पर प्रवेश और निकास के लिए रेल और सिविल प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से निर्धारित किए गए। सभी स्टेशनों पर अधिकारियों के स्तर पर मेला नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन पर स्थापित किए जाने वाले मुख्य नियंत्रण कक्ष से केंद्रीयकृत रूप से जुड़े होंगे। रेलवे स्टेशनों मेला क्षेत्र और शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से सीसीटीवी फीड केंद्रीय नियंत्रण टॉवर में उपलब्ध कराई जाएगी। संचार के लिए पर्याप्त व्यवस्था जैसे हॉटलाइन, वीएचएफ सेट कंट्रोल फोन पीए सिस्टम आदि स्टेशनों और नियंत्रण टॉवरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मेला में पूछताछ और टिकटिंग प्रणाली युक्त यात्री सुविधा केंद्र और प्रदर्शनी की योजना है। पर्याप्त आपातकालीन उपाए एम्बुलेंस, मेडिकल टीम, अग्निशमन व्यवस्था आदि की योजना है। रेलवे कोविड 19 के वर्तमान संकट के दौरान तीर्थयात्रियों के सुरक्षित और कुशल परिवहन के दृष्टिगत योजना बना रहा है। व्यवस्थाओं में यात्रियों की स्क्रीनिंग और कोविड 19 लक्षण वाले यात्रियों के लिए विशेष चिकित्सा बूथों की स्थापना, यात्री आश्रयों, प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में फिजिकल डिस्टेंसिंग के मानकों के अनुरूप व्यवस्था पर्याप्त सैनेटाइजर डिस्पेंसर और हाथ की स्वच्छता संबंधी अन्य प्रावधान प्रत्येक ट्रेन की क्षमता के अनुसार सीमित यात्रियों को अलग करना यात्री आश्रयों, प्लेटफार्मों ट्रेनों और यात्रियों के संपर्क में आने वाले अन्य स्थानों की लगातार सफाई आदि शामिल हैं। बैठक में अपर महाप्रबंधक रंजन यादव, मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा शामिल रहे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रवचनों पर रहेगा प्रतिबंधः डीएम

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी एवं उपाध्यक्ष प्रयागराज मेला प्राधिकरण भानुचंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में माघमेला सलाहकार समिति की बैठक हुई। जिसमें कोविड महामारी के दृष्टिगत माघमेले से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। हर संस्था अपने यहां आने वाले कल्पवासियों से अनिवार्य रूप से तीन दिन के भीतर कराए गए कोविड 19 आरटी पीसीआर टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट लेने के बाद ही उन्हें कैंप में स्थान दे सकेगा। को मोरबिड कल्पवासियों से इस वर्ष घर में रहकर ही कल्पवास करने की अपील करेगी। कम से कम लोगों को माघ मेले में आमंत्रित कर भीड़ पर नियंत्रण करेगी। वहीं प्रवचन कथा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों वाले स्थलों पर भी नियंत्रण रहेगा। करोना संक्रमण को रोकने हेतु जनहित में इस वर्ष मेला क्षेत्र में बाजार झूलों तथा उन सभी जगहों जहां भीड़ लगने की संभावना तो होगी पर प्रतिबंध रहेगा। मेला क्षेत्र में जमीन का बराबर समतलीकरण कराने, गाटा मार्गो से पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने तथा कोविड 19 प्रोटोकाल के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु मेला क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कराने की अपील की गयी है। आचार्य बाड़ा के संन्यासियों ने सोशल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित कराने हेतु स्नान घाटों का क्षेत्रफल बढ़ाने तथा संस्था हेतु टीन घेरे की मांग की है।

# लीक से हटकर सोचने के लिए कलाम से प्रेरणा लें युवाः वेंकैया नायडू

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू** ने बृहस्पतिवार को युवाओं से अपील की कि वे लीक से हटकर सोचने के लिए पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम से प्रेरणा लें और भारत के बड़े तबके को प्रभावित करने वाली विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए तकनीक का इस्तेमाल करें। नायडू ने प्रवासी मजदूरों पर कोविड-19 के असर का जिक्र करते हुए गांवों एवं कस्बों में रोजगार एवं आर्थिक अवसर पैदा किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, हमें विकेंद्रीकृत योजना, स्थानीय निकायों के क्षमता निर्माण और कुटीर उद्योगों को बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने पर ध्यान केंद्रित करना होगा, ताकि हमारे गांव एवं कस्बे विकास के केंद्र के रूप में उभरें। उन्होंने कहा कि कलाम ने ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुख-सुविधाओं के प्रावधान के मॉडल के जरिए शहरों एवं ग्रामीणों के बीच अंतर को पाटने की आवश्यकता की वकालत की थी और यही सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए।

नायडू ने 40 ईयर्स विद अब्दुल कलाम-अनटोल्ड स्टोरीज किताब के ऑनलाइन विमोचन के अवसर पर कहा कि यह किताब पूर्व राष्ट्रपति के जीवन की सीधी जानकारी देती है। इस किताब को शिवातनु पिल्लई ने लिखा है। नायडू ने कहा, डॉ. कलाम का जीवन यह मजबूत संदेश देता है कि यदि मुश्किलों और रुकावटों को सही भावना से लिया जाए, तो वे हमारे चरित्र और मानसिकता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कलाम को एक सच्चा कर्म योगी बताया और कहा कि वह हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं।

नायडू ने कहा, वह सादगी, ईमानदारी एवं बुद्धिमत्ता का प्रतिमान थे। भारत की रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षमताओं को मजबूत करने में उनका योगदान अनमोल है। उन्होंने कोरोना वायरस महामारी के दौरान वैज्ञानिक समुदाय के कई नवोन्मेषों पर प्रसन्नता जताई और कहा कि महामारी की शुरुआत में भारत में पीपीई की निर्माण क्षमता शून्य थी, जबकि अब भारत दुनिया में पीपीई किटों का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि सफलता की इसी कहानी को अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी प्रतिबिम्बित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाना कलाम का सपना था।

## झारखंड के पलामू में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़, हथियार बरामद

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** झारखंड के पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के सालमदिरी जंगल में बृहस्पतिवार को नक्सली संगठन झारखंड जन मुक्ति परिषद और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किया। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि मुठभेड़ लगभग आधे घंटे तक चली जिसके बाद जंगल का फायदा उठाकर नक्सली भाग गए। पुलिस अधीक्षक ने बताया, घटनास्थल से ए के- 47, स्टेनगन के अलावा बंदूक एवं गोली, पर्चा आदि बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में कई नक्सली शामिल थे जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए विशेष तलाश अभियान चलाया जा रहा है और विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा की जा रही है। नक्सली रंगदारी वसूलने के मकसद से आए थे। सीआरपीएफ और पलामू जिला पुलिस बल की संयुक्त टीम को देखकर नक्सलियों ने गोली चलानी शुरू कर दी।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति भवन में प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए।

# लव जिहाद के खिलाफ कर्नाटक में भी लागू होगा कानून : राज्य के गृह मंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में लव जिहाद के खिलाफ कानून लागू किया जाएगा और अधिकारियों को इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश में जारी अध्यादेश के बारे में जानकारी जुटाने का निर्देश दिया गया है। उप्र ने जबरन या फर्जी धर्मांतरण के खिलाफ हाल ही में एक अध्यादेश जारी किया है, जो 10 साल तक की कैद की सजा और 50,000 रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान करता है। लव जिहाद शब्द का इस्तेमाल दक्षिण पंथी कार्यकर्ता उन घटनाओं के लिए करते हैं, जिसके तहत प्रेम संबंध के बहाने हिंदू लड़की का इस्लाम में धर्मांतरण करा दिया जाता है। बोम्मई ने कहा, ...जब उत्तर प्रदेश, हरियाणा और मप्र की सरकारों ने इस पर (कानून पर) विचार करना शुरू कर दिया है, तो हमने भी इस बारे में सोचना शुरू कर दिया कि-इसे कैसे किया जाए, यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि दबाव या बलप्रयोग (धर्मांतरण में) का इस्तेमाल किया जाता है-यह मुख्य चीज है।

उडुपी में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हाल ही में इस सिलसिले में एक अध्यादेश जारी किया है और कर्नाटक के अधिकारियों को इसकी एक प्रति हासिल करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, अन्य राज्यों में उठाए गए कदमों के बारे में जुटाने के बाद कर्नाटक में भी हम निश्चित तौर पर लव जिहाद के खिलाफ एक कानून लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी सहमति दे दी है...। पिछले महीने मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने कहा था कि सरकार प्रेम एवं विवाह के नाम पर धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगी। भाजपा के प्रदेश प्रमुख नलिन कुमार कतिल ने भी बुधवार को कहा कि कर्नाटक में लव जिहाद के खिलाफ सख्त कानून लागू किया जाएगा।

## मै बंगाल का बेटा हूं, जनता की सेवा करता रहूंगाः शुभेंदु

**तामलुक (पश्चिम बंगाल)।** टीएमसी के नाराज चल रहे नेता शुभेंदु अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बंगाल और भारत के पुत्र हैं और लोगों की सेवा करना जारी रखेंगे। अधिकारी ने खुद के और पार्टी के बीच चल रही बातचीत में ठहराव आने के बाद अगले राजनीतिक कदम को लेकर लगाई जा रहीं अटकलों के बीच यह टिप्पणी की है। पार्टी का दावा है कि अधिकारी के साथ मतभेदों को दूर कर लिया गया है। पिछले सप्ताह ममता बनर्जी मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यहां पार्टी के बैनरों और झंडों के बिना रैली की। पूर्वी मिदनापुर जिले के तामलुक उप-मंडल में हुई इस रैली का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की जयंती के मौके पर किया गया था। रैली के दौरान उनके समर्थक राष्ट्रध्वज थामे नजर आए। पत्रकारों ने जब अधिकारी से उनके मौजूदा राजनीतिक रुख के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, हमारे देश का संविधान जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन की बात कहता है।

# मालेगांव विस्फोट मामलाः विशेष अदालत में पेश नहीं हुई प्रज्ञा सिंह ठाकुर

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण** (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि 2008 में हुए मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई शुक्रवार को फिर से शुरू होगी। अदालत ने सभी सात आरोपियों को 19 दिसंबर को पेश होने का निर्देश दिया है। विशेष एनआईए अदालत के न्यायाधीश पी आर सितरे ने इससे पहले भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित समेत सभी आरोपियों को बृहस्पतिवार को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। हालांकि, प्रज्ञा ठाकुर, रमेश उपाध्याय, सुधाकर द्विवेदी और सुधाकर चतुर्वेदी अदालत में पेश नहीं हुए।

पिछले साल अदालत ने सातों आरोपियों को सप्ताह में एक बार अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया था जिसके बाद गत वर्ष जून में ठाकुर, अदालत में पेश हुई थी। लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित, समीर कुलकर्णी और अजय राहिकर बृहस्पतिवार को न्यायाधीश के सामने पेश हुए थे। अन्य चार आरोपियों के वकीलों ने अदालत को बताया कि कोविड-19 की स्थिति के चलते उनके मुवक्किल पेश नहीं हुए।

इसके बाद अदालत ने सभी आरोपियों को 19 दिसंबर को पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि मामले की सुनवाई शुक्रवार को पुनः शुरू होगी। महाराष्ट्र में मुंबई से 200 किलोमीटर दूर स्थित मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में रखी विस्फोटक सामग्री में धमाका हो गया था जिससे छह लोग मारे गए थे और सौ से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

अदालत ने अक्टूबर 2018 में पुरोहित, ठाकुर और पांच अन्य आरोपियों के विरुद्ध आतंक रोधी धाराओं में मामला दर्ज किया था। इस साल कोविड-19 के कारण मार्च से मामले की सुनवाई नहीं हो सकी थी क्योंकि अदालत नहीं चल रही थी। इस बीच बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि मालेगांव विस्फोट मामले की सुनवाई पर रोक नहीं लगाई गई है।

अदालत ने कहा कि मुकदमे की कार्यवाही जारी रहनी चाहिए। न्यायमूर्ति एस एस शिंदे और न्यायमूर्ति एम एस कार्णिक की एक खंड पीठ ने लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह कहा। याचिका में कहा गया गया था कि लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित के विरुद्ध मामला रद्द कर दिया जाए। अदालत ने पुरोहित के वकील के अनुरोध पर मामले की अगली सुनवाई की तारीख 14 दिसंबर तय की है।

## क्विक न्यूज

### नए कृषि कानूनों को वापस नहीं लिया गया तो देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगेः ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि किसान विरोधी नए कृषि कानूनों को वापस नही लिया गया तो वह देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगी। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए सिलसेवार ट्वीट किए। ट्वीट किया, मै किसानो, उनके जीवन और उनकी आजीविका के बारे मे बहुत चिंतित हूं। भारत सरकार को किसान विरोधी कानून वापस लेना चाहिए। यदि वह तत्काल ऐसा नही करते है तो हम राज्य और देश भर मे विरोध प्रदर्शन करेंगे। शुरुआत से ही हम इन किसान विरोधी विधेयकों का विरोध कर रहे है। चार दिसंबर को अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की एक बैठक बुलाई है। हम इस पर चर्चा करेंगे कि आवश्यक वस्तु अधिनियम से आम लोगो पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और इससे महंगाई कितनी बढ़ रही है। केंद्र सरकार को इस जनविरोधी कानून को वापस लेना चाहिए। भारत सरकार हर चीज बेच रही है। आप रेलवे, एयर इंडिया, कोयला, बीएसएनएल, बीएचईएल, बैंक, रक्षा इत्यादि को नही बेच सकते। गलत नीयत से लाई गई विनिवेश और निजीकरण की नीति वापस लीजिए। हम अपने राष्ट्र के खजाने को भाजपा की व्यक्तिगत संपत्ति नही बनने देंगे।

### अधीर रंजन चौधरी ने आंदोलन समेत अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए संसद का सत्र बुलाने का आग्रह किया

**कोलकाता।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से किसानों के आंदोलन और कोविड-19 के टीकाकरण की तैयारी समेत महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कराने के लिए अल्प अवधि का शीतकालीन सत्र आहूत करने का बृहस्पतिवार को अनुरोध किया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने बिरला को लिखे एक पत्र में कोविड-19 संबंधी सभी प्रोटोकॉल के साथ सदन का शीतकालीन सत्र आहूत करने को कहा है ताकि लोग देश के मौजूदा महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत हो सकें। पत्र में कहा गया है, कई महत्वपूर्ण मुद्दे है जिनका वर्तमान में देश सामना कर रहा है। इसमें सबसे उल्लेखनीय किसानों का मौजूदा आंदोलन और कोविड-19 टीके की स्थिति और तैयारियों के विषय हैं। चौधरी ने आर्थिक सुस्ती, बेरोजगारी की स्थिति, भारत-चीन सीमा पर लगातार जारी गतिरोध, भारत-पाकिस्तान सीमा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की घटनाओं में बढ़ोतरी जैसे मुद्दों का भी उल्लेख किया है। उल्लेख किए गए सभी महत्वपूर्ण मुद्दो पर गहन चर्चा कराने की जरूरत है।

### ईडी ने केरल में पीएफआई अध्यक्ष, अन्य के परिसरों पर छापा


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) अध्यक्ष ओ एम अब्दुल सलाम और उसके राष्ट्रीय सचिव नसरुद्दीन एलामारोम के परिसरों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। राज्य के मलप्पुरम और तिरुवनंतपुरम जिलों में छापेमारी की कार्वाई की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि यह कार्वाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। ऐसा समझा जा रहा है कि केरल स्थित पीएफआई से जुड़े कुछ अन्य परिसरों पर भी छापे मारे जा रहे हैं, लेकिन अभी इस बात की कोई पुष्टि नही हुई है। केंद्रीय जांच एजेंसी देश मे संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों को भड़काने के आरोपों के संबंध में पीएफआई के खिलाफ जांच कर रही है। इससे पहले, उसने केरल राज्य विद्युत बोर्ड के वरिष्ठ सहायक सलाम का बयान भी दर्ज किया था।

### डीआरआई ने 76 लाख रुपए के सोना के साथ दो को पकड़ा

पटना। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) की पटना इकाई के एक दल ने पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन से एक महिला सहित दो लोगों के पास से करीब 76 लाख रुपए का सोना जब्त किया। गुप्त सूचना के आधार पर दल ने बुधवार को पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के एसी कोच से करीब 76 लाख रुपए के सोना के साथ मुंबई निवासी महिला अफरोज अमीरुल्लाह और शमद को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 1496 ग्राम सोना जब्त किया गया। दोनों ने पूछताछ के दौरान बताया कि सोना म्यांमा से तस्करी कर भारत लाया गया था।

### जाली नोट रखने को लेकर तीन लोगों को छह साल की कैद

**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की यहां स्थित एक विशेष अदालत ने जाली नोट रखने को लेकर तीन लोगों को छह साल की कैद की सजा सुनाई है। एनआईए ने कहा कि तीनों लोगों को एक दिसंबर को सजा सुनाई गई। जांच एजेंसी ने कहा कि मामले में एक फरार व्यक्ति सहित चार अन्य लोगों के खिलाफ सुनवाई जारी रहेगी। यह मामला सात अगस्त 2018 का है जब 6.84 लाख रुपए मूल्य के जाली नोटों के साथ चार लोगों को बेंगलुरु में गिरफ्तार किया गया था। उनके नाम मोहम्मद साजिद अली, एम जी राजू, गंगाधर रामप्पा कोलकर और वनिता हैं। इन लोगों की गिरफ्तारी के एक महीने बाद एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ली तथा तीन और लोगों को विजय को कर्नाटक से, सबीरुद्दीन एवं अब्दुल कादिर को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया।



तिरुवंतपुरम में चक्रवाती तूफान से निपटने के लिए तैयारी करती हुई एनडीआरएफ की टीम।

# बिहार के पूर्व सांसद शहाबुद्दीन को तीन दिन की हिरासती पैरोल

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली उच्च न्यायालय** ने हत्या के मामले में तिहाड़ जेल में आजावीन कारावास की सजा काट रहे पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन को राष्ट्रीय राजधानी में अपने परिवार से मिलने के लिए तीन दिन की हिरासती पैरोल दे दी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के पूर्व नेता शहाबुद्दीन को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 2018 में बिहार की सीवान जेल से तिहाड़ जेल लाया गया था।

न्यायमूर्ति ए जे भंभानी ने कहा कि बिहार और दिल्ली की पुलिस ने संयुक्त रूप से कहा है कि वे शहाबुद्दीन की अभिरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकते और उनका कहना है कि उसकी अभिरक्षा तथा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत अधिक संसाधनों की जरूरत पड़ेगी।

उच्च न्यायालय ने बुधवार को आदेश पारित किया, जिसके अनुसार शहाबुद्दीन 30 दिन के अंदर अपनी पसंद के किसी भी तीन दिन में छह घंटे की हिरासती पैरोल ले सकता है। वह चाहे तो लगातार तीन दिनों तक छह-छह घंटे या फिर 30 दिनों के अंदर किसी भी तीन दिन में इतने घंटे की पेरोल ले सकता है। अदालत ने कहा कि पैरोल की अवधि के दौरान उसे सिर्फ अपनी मां, पत्नी और अन्य रक्त संबंधियों से मिलने की ही इजाजत होगी।

हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे शहाबुद्दीन के पिता का 19 सितंबर को देहांत हो गया था। उसने पिता की कब्र पर जाने, बीमार मां तथा परिवार के सदस्यों से मिलने के लिए हिरासती पैरोल मांगी थी। शहाबुद्दीन के खिलाफ तीन दर्जन से अधिक आपराधिक मामले चल रहे हैं। 15 फरवरी 2018 उच्चतम न्यायालय ने उसे बिहार की सीवान जेल से तिहाड़ लाने का आदेश दिया था।

# बीएसएफ की गोलीबारी में मवेशी तस्कर की मौत

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट तस्करों और सीमा की रक्षा करने वाले जवानों के बीच झड़प के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गोली से एक संदिग्ध मवेशी तस्कर की मौत हो गई। अर्धसैनिक बल के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि बीएसएफ की गश्त करने वाली एक टीम और करीब 150 मवेशी तस्करों के बीच बुधवार को तड़के ब्रह्मपुर सीमा चौकी के निकट सागरपाड़ा में झड़प शुरू हो गई थी। ए तस्कर 50-60 मवेशियों की तस्करी पड़ोसी देश में करने की कोशिश कर रहे थे।

बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया, सैनिकों ने तस्करों को ललकारा और उन्हें आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन तस्करों ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने घातक हथियारों से बीएसएफ के जवानों पर हमला करने की कोशिश की, देसी पिस्तौलों से गोलियां चलाईं और बम फेंके। आत्मरक्षा में बीएसएफ के कर्मियों ने पंप एक्शन बंदूक से चार गोलियां और इंसास राइफल से चार गोलियां चलाईं।

अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर शरारती तत्व पक्ष का कोई भी व्यक्ति न तो घायल हुआ और न ही किसी की मौत हुई। अधिकारी ने कहा, शाम को पता चला कि एक व्यक्ति को उसके कुछ परिचित लोग अस्पताल ले गए, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अगर वह ग्रामीणाशरारती तत्व इस गिरोह का सदस्य था तो बीएसएफ की गोली से घायल या मौत होने को नकारा नहीं जा सकता। घटनास्थल से गोवंश के चार मवेशी बरामद हुए। वर्ष 2020 में अभी तक साउथ बेंगाल फ्रंटियर के बीएसएफ कर्मियों ने तस्करी कर बांग्लादेश ले जाए जा रहे 6,224 मवेशियों को बचाया है।

# न्यायालय ने पंजाब के पूर्व डीजीपी को हत्या के मामले में अंतरिम जमानत दी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के पूर्व डीजीपी सुमेध सिंह सैनी को एक कनिष्ठ अभियंता की कथित हत्या से जुड़े 1991 के एक मामले में बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एम. आर. शाह की एक पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ सैनी की अपील को स्वीकार किया, अदालत ने 29 साल पुराने मामले में गिरफ्तारी से पहले जमानत के सैनी के अनुरोध को खारिज कर दिया था। पंजाब पुलिस को निर्देश दिया कि एक लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही धनराशि के दो जमानती बॉन्ड भरने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दे। उसने सैनी की याचिका पर 17 नवम्बर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। बल वंत सिंह मुल्तानी के गायब होने के 1991 के मामले में जालंधर में रहने वाले उसके रिश्तेदार पलविन्दर सिंह मुल्तानी की शिकायत पर सैनी और छह अन्य के खिलाफ मई महीने में मामला दर्ज किया गया।

उस समय मुल्तानी चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के साथ एक कनिष्ठ अभियंता के तौर पर काम करते थे। शीर्ष अदालत ने 15 सितंबर को सैनी को गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान करते हुए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा था। उच्च न्यायालय ने बलवंत सिंह मुल्तानी की कथित हत्या के मामले में सैनी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान सैनी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उनके मुवक्किल एक सम्मानित अधिकारी रहे हैं और पंजाब में खतरों से निपटने के उनके सख्त रवैए के कारण हमेशा वह आतंकवदियों का निशाना पर रहे। यह मामले में वह राजनीतिक प्रतिशोध का एक उदाहरण है, क्योंकि जब वह सेवा में थे तब वर्तमान मुख्यमंत्री के खिलाफ भी कई प्राथमिकियां दर्ज की थी। राज्य सरकार ने इस याचिका का विरोध करते हुए कहा कि इस समय सैनी को जमानत दिए जाने से जांच प्रभावित होगी।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि सैनी को हिरासत में रखने की क्या जरूरत है, जब कथित अपराध हुए 30 साल हो चुके हैं। उच्च न्यायालय ने आठ सितम्बर को सैनी के, मुल्तानी की कथित हत्या के मामले में अग्रिम जमानत सहित दो आवेदन खारिज कर दिए थे। मोहाली अदालत के एक सितम्बर को उनकी जमानत याचिका खारिज करने के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया था। पंजाब पुलिस ने सैनी की सुरक्षा वापस लेने के उनकी पत्नी के दावे से इंकार करते हुए तीन सितंबर को दावा किया था कि सैनी फरार हो गए है। मोहाली अदालत ने 21 अगस्त को पंजाब पुलिस को उन पर हत्या के आरोप लगाने की अनुमति दे दी थी।



गुवाहाटी में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई और उनकी मां डाली गोगोई पूर्व सीएम तरुण गोगोई के श्राद्ध कर्म के दौरान

# केंद्र ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 पुलिस थानों की घोषणा की

भाषा। नई दिल्ली

## ● मणिपुर का नोंगपोसेक्मी शीर्ष पर

**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बताया कि मणिपुर के थौबल जिले में नोंगपोसेक्मी को सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाने के तौर पर चुना गया है। इसके बाद तमिलनाडु के सलेम सिटी में एडब्ल्यूपीसी-सुरामंगलम थाना और अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग खारसांग थाने को चुना गया है।

वर्ष 2020 के लिए देश के 16671 थानों में से 10 शीर्ष पुलिस थाने चुने गए हैं। शीर्ष पुलिस थानों में इसके बाद क्रमवार छत्तीसगढ़ में सूरजपुर झीलमिल (भैया थाना), गोवा में संगुइम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कालीघाट, सिक्किम में पूर्वी पाकयोंग, उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में कांठ, दादर और नगर हवेली में खानवेल और तेलंगाना के करीमनगर जिले का जम्मीकुंटा टाउन थाना शामिल हैं। गृह मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, केंद्र सरकार प्रतिवर्ष देश में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों का चयन करती है ताकि उनके काम-काज को प्रभावी बनाने की दिशा में प्रोत्साहित कर उनके बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित की जा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के कच्छ में वर्ष 2015 में पुलिस



महानिदेशकों की बैठक को संबोधित करते हुए जो निर्देश दिए थे, यह उन्हीं के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि पुलिस थानों के चयन के लिए उपयुक्त मानकों को बनाया जाना चाहिए और लोगों से थानों के बारे में प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाए। डीजीपी और आईजीपी के 55 वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 10 पुलिस थानों के नामों की घोषणा की गई। कोरोना वायरस महामारी के बीच पहली बार इस सम्मेलन का आयोजन डिजिटल तरीके से किया जा रहा है। बयान के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने इस वर्ष चुनौतीपूर्ण स्थितियों के बीच सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों के लिए सर्वेक्षण किया था। कोरोना महामारी की वजह से आवागमन संबंधी विभिन्न प्रतिबंधों के मद्देनजर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पुलिस थानों तक पहुंच पाना काफी कठिन कार्य रहा है। सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही यह सर्वेक्षण करवाया गया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, देश के हजारों पुलिस थानों में से जिन थानों का चयन किया गया है।



अलाप्पुझा जिले में चक्रवात तूफान के प्रभाव वाले क्षेत्र में रहने वाले निवासियों के बीच जागरूकता बढ़ाते राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान

# कर्नाटक के मंत्री ने कहा, कायर हैं आत्महत्या करने वाले किसान

भाषा। बेंगलुरू

**कर्नाटक** के कृषि मंत्री बीसी पाटिल ने बृहस्पतिवार को कहा कि आत्महत्या करने वाले किसान कायर हैं। कर्नाटक के कोडागु जिले के पोनमपेट में किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा, जो किसान आत्महत्या करते हैं, वह कायर हैं। केवल वह डरपोक ही आत्महत्या करते हैं , जो अपनी पत्नी एवं बच्चों की देख-रेख नहीं कर सकते हैं।

पाटिल पोनमपेट में बांस उत्पादकों को यह बता रहे थे कि कृषि व्यवसाय कितना लाभदायक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ कायरों को इस बात का अहसास नहीं है और वे आत्महत्या करते हैं। अपनी बात के समर्थन में, पाटिल ने एक महिला का उदाहरण दिया जिसने सोने की चूड़ियाँ पहन



रखी थीं। मंत्री ने कहा, जब मैने इस बात की जानकारी ली कि उनके हाथों में सोने की चूड़ियां कहां से आई है, आप जानते हैं कि उन्होंने क्या कहा ? उन्होंने कहा कि इस धरती मां ने मुझे 35 साल की मेहनत के लिए यह दिया है।

पाटिल ने पूछा, यह सब सुनकर आपको प्रसन्नता नहीं होती है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला पूरी तरह कृषि पर निर्भर है और सफलता प्राप्त करती है तो दूसरे किसान ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कर्नाटक कांग्रेस के प्रवक्ता वी एस उगरप्पा ने मंत्री के बयान को कृषक समुदाय को अपमानित करने वाला बताया और इसकी निंदा की है।

उगरप्पा ने पीटीआई भाषा को बताया, यह किसानों का अपमान है। उन्हें (पाटिल को) इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि मंत्री को इस बात की जड़ में जाना चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि कुछ किसान आत्महत्या क्यों करते हैं। उगरप्पा ने कहा, कोई किसान आत्महत्या नहीं करना चाहता। कई कारण है, जैसे बाढ़, सूखा ... जिसका समाधान अब तक नहीं हुआ है। समस्या की गंभीरता को समझने के बदले मंत्री इस तरह का गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं।

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने स्टालिन को बयान वीर बताया

**सलेम (तमिलनाडु)।** मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी ने सत्तारूढ़ दल के खिलाफ भ्रष्टाचार के लगातार लगते आरोपों को लेकर बृहस्पतिवार को द्रमुक और इसके नेता एम के स्टालिन की आलोचना की और उन्हें बयान वीर बताया। साथ ही उन्हें बहुत बड़े टू जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाले की याद दिलाई। द्रमुक सांसद कनिमोई और पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा भी घोटाले में आरोपी रह चुके हैं लेकिन विशेष अदालत ने उन्हें बरी कर दिया। सीबीआई ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की है। पलानीस्वामी ने संवाददाताओं से बात करते हुए केंद्र के हालिया विवादास्पद कृषि कानूनों का बचाव किया, जिसके खिलाफ किसान दिल्ली के नजदीक बड़ा प्रदर्शन कर रहे हैं। भ्रष्टाचार और घोटाले के स्टालिन के आरोपों से इंकार करते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि निश्चित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और किसी तरह की अनियमितता को खारिज किया। उन्होंने कहा, टू जी स्पेक्ट्रम (आवंटन) घोटाला बहुत बड़ा घोटाला था। 1.76 लाख करोड़ रुपए की राशि (कथित नुकसान) तमिलनाडु के बजट के बराबर है। यह तब हुआ जब वे केंद्र में कांग्रेस के साथ सत्ता में थे। पलानीस्वामी ने कहा, (तत्कालीन) कांग्रेस सरकार ने कार्वाई की और उन्हें (राजा) जेल भेजा। उन्होंने पूछा कि विपक्षी दल किस तरह से अब अन्नाद्रमुक सरकार के खिलाफ आरोप लगा सकता है। स्टालिन पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह कमरे में बैठकर रोज बयान जारी करते हैं और उन्हें बयान वीर करार दिया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती द्रमुक सरकार देश में एकमात्र सरकार है जो भ्रष्टाचार को लेकर बर्खास्त हुई और इसलिए स्टालिन को भ्रष्टाचार के बारे में बोलने का अधिकार नहीं है।

# सीएए, एनआरसी के खिलाफ भड़काऊ वॉट्सऐप स्टेटस डालने वाले मैकेनिक को काउंसलिंग की शर्त पर जमानत

भाषा। इंदौर

**सीएए** और एनआरसी के खिलाफ भड़काऊ वॉट्सऐप स्टेटस डालने के आरोप में गिरफ्तार 24 वर्षीय मैकेनिक की जमानत याचिका मंजूर करते हुए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने यह शर्त भी लगाई है कि वह एक महिला वकील और सामाजिक कार्यकर्ता से अपनी काउंसलिंग कराएगा।

आरोपी गिरफ्तारी के बाद पिछले पांच महीने से न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति वीरेंदर सिंह ने मामले के गुण-दोषों पर टिप्पणी किए बगैर शाजापुर के अनवर खान (24) की जमानत याचिका 26 नवंबर को स्वीकार कर ली। एकल पीठ ने निचली अदालत में 30,000 रुपए का निजी मुचलका और इतनी ही राशि की जमानत पेश किए जाने पर यह अर्जी मंजूर की। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में जमानत की सामान्य शर्तें लगाने के साथ यह भी कहा कि याचिकाकर्ता फरवरी, मार्च और अप्रैल 2021 के प्रथम सप्ताह में अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रश्मि पाण्डे के समक्ष काउंसलिंग के लिए उपस्थित रहेगा और उनके दिए निर्देशों का पालन करेगा। पीठ ने कहा, यदि पाण्डे द्वारा याचिकाकर्ता के आचरण इत्यादि के संबंध में कोई विपरीत रिपोर्ट दी जाती है, तो याचिकाकर्ता को दी गई जमानत पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

अदालत के आदेश पत्र में कहा गया, "याचिकाकर्ता ने कहा है कि वह भविष्य में भावनाएं भड़काने वाला या राष्ट्रीय अस्मिता एवं अखंडता को प्रभावित करने वाला कोई कृत्य नहीं करेगा और इस आशय का शपथ पत्र अधीनस्थ न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। खान के वकील मनीष यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक निचली अदालत में जमानत की औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद उनके मुवक्किल को शाजापुर की जेल से रिहा कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक खान पर आरोप है कि उसने संसद से पारित संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ फरवरी में ऐसा वॉट्सऐप स्टेटस डाला था जिससे धार्मिक सौहार्द और सार्वजनिक शांति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता था।

उन्होंने बताया कि इस वॉट्सऐप स्टेटस को लेकर खान के खिलाफ शाजापुर के कोतवाली पुलिस थाने में भारतीय दंड विधान की धारा 188 (किसी सरकारी अधिकारी का आदेश नहीं मानना) और 505 (2) (विभिन्न वर्गों में शत्रुता, घृणा या वैमनस्य पैदा करने वाला कथन) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि 24 वर्षीय मैकेनिक को इस मामले में दो जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह जेल में बंद था। निचली अदालत ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

# भारत का उदय किसी के लिए खतरा नहीं

## ● हम किसी से डरते भी नहीं: रक्षा सचिव

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव अजय कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के उदय से किसी को खतरा नहीं है और देश किसी से डरता भी नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के लिए यह आवश्यक है कि देश के पड़ोस में स्थायित्व हो।

कुमार ने कहा कि हमारे सामुद्रिक और राष्ट्रीय हित के लिए आवश्यक है कि हमारे निकटस्थ पड़ोस में स्थायित्व बरकरार रहे और हिंद महासागर में ही नहीं बल्कि भारत-प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था स्थापित हो। मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान की ओर से आयोजित एक वेबिनार में उन्होंने कहा, भारत का उदय किसी के लिए खतरा नहीं है और न ही हम किसी से डरते हैं। कुमार ने कहा कि भारत के रक्षा संबंध मुक्त, खुली और नियम आधारित व्यवस्था के सिद्धांत पर आधारित हैं ताकि आर्थिक वृद्धि सुनिश्चित हो जिससे भारत के एक सौ तीस करोड़ तथा क्षेत्र के दो सौ करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में हमने समान विचारधारा वाले राष्ट्रों के साथ सहयोग किया है और कुछ महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं जिनसे सामंजस्य और संचालन को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में सम्पन्न हुआ मालाबार (सैन्य) अभ्यास, हमारे अंतरराष्ट्रीय सहयोग का एक उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं में मानव संसाधन पर खर्च बहुत तेजी से बढ़ रहा है और इस पर नियंत्रण पाना जरूरी है। कुमार ने कहा, हम इसके लिए विभिन्न तरीकों पर विचार कर रहे हैं ताकि कम खर्च में काम हो सके, ऐसे तरीकों की तलाश कर रहे हैं जिससे खर्च कम हो सके और तकनीक का उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौर में जहां अन्य मंत्रालयों के बजट में कटौती की गई वहीं रक्षा मंत्रालय का बजट प्रभावित नहीं होने दिया गया।

# कार ने खडे टैंकर को टक्कर मारी, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**सीहोर (मप्र)।** सीहोर जिले के आष्टा कस्बे के पास बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े दूध के टैंकर से टकरा गई, जिससे कार में सवार दंपति एवं उनकी बेटी की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव ने बताया कि यह हादसा आष्टा कस्बे के पास इंदौर-भोपाल हाइवे पर दोपहर करीब दो बजे उस वक्त हुआ, जब ये लोग कार से भोपाल से इंदौर जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस हादसे में कार दूध के टैंकर में जा घुसी, जिससे कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों में से तीन की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान मनीष कपूर (45), उनकी पत्नी भविया कपूर (42) एवं उनकी बेटी लवली कपूर (15) के रूप में की गई है। से सभी भोपाल के रहने वाले थे। उन्होंने कहा कि इस हादसे में सिया (18) गंभीर रूप से घायल भी हुआ है, जिसे पास के एक अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद भोपाल रेफर कर दिया गया है।

# चक्रवात बुरेवी के निकट होने से तमिलनाडु, पुडुचेरी में भारी बारिश

भाषा। चेन्नई

**चक्रवाती** तूफान बुरेवी बृहस्पतिवार को पम्बन और कन्याकुमारी के बीच दक्षिणी तमिलनाडु तट से गुजरने वाला है और इसके प्रभाव के चलते बुधवार रात से ही तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि उत्तर श्रीलंका के ऊपर बना चक्रवात 70-80 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी के साथ बृहस्पतिवार को दोपहर तक पम्बन के नजदीक पहुंच जाएगा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक ट्वीट में बताया, इसके बाद यह पम्बन में करीब पश्चिम दक्षिण पश्चिम की तरफ दोपहर में बढ़ेगा और दक्षिण तमिलनाडु के पम्बन और कन्याकुमारी तट से होकर गुजरेगा। मौसम के प्रभावों की वजह से कावेरी डेल्टा क्षेत्र में आने वाले इलाकों तिरुवरूर के कोडावसल, नागापट्टिनम, वेदारानयम, कराइकल, तिरुथुराइपोंडी और रामनाथपुरम के मुदुकुलातुर में नौ सेमी से अधिकतम 20 सेमी की बारिश बृहस्पतिवार सुबह तक हुई है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाहने कहा, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से चक्रवात बुरेवी के मद्देनजर बातचीत की। मोदी सरकार तमिलनाडु और केरल की जनता को हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों ही राज्यों में एनडीआरएफ के कई दलों को तैनात किया जा चुका है।

# संसद का शीतकालीन सत्र यथाशीघ्र बुलाया जाए: मनीष तिवारी

भाषा। चंडीगढ़

**कांग्रेस** नेता मनीष तिवारी ने बृहस्पतिवार को मांग की कि कृषि सुधार कानूनों पर किसानों के वर्तमान आंदोलन, चीन के आक्रामक रवैए और कोविड-19 जैसे देश के समक्ष मौजूद ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करने के लिए संसद का शीतकालीन सत्र यथाशीघ्र बुलाया जाए।

पंजाब के आनंदपुर साहिब के लोकसभा सदस्य ने कहा कि सांसदों की कोविड के चलते अपने दायित्वों से नही बचने का उदाहरण पेश करने और अगुवाई करने की देश के प्रति जिम्मेदारी बनती है। तिवारी ने एक बयान मे कहा कि किसानों के आंदोलन, चीन के आक्रामक रवैए, कोविड संकट और अर्थव्यवस्था में गिरावट के मद्देनजर संसद का शीतकालीन सत्र यथाशीघ्र बुलाया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब देश के विभिन्न हिस्सों के हजारों किसान तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग करते हुए दिल्ली के चारों ओर प्रदर्शन कर रहे हैं तो ऐसे में उनके आंदोलन के मद्देनजर संसद का शीतकालीन सत्र बुलाना और अहम है। उन्होंने कहा, और संसद किसानों की चिंताओं और मांगों को ध्यान में रखते हुए इन विषयों पर चर्चा करने एवं विचार विमर्श करने का सबसे अच्छा मंच है।

तिवारी ने कहा कि स्थाई समितियों और संयुक्त संसदीय समितियां जैसी कई संसदीय समितियां तो पहले से ही नियमिति बैठकें कर रही हैं, ऐसे में सदन के शीतकालीन सत्र को छोड़ देने का कोई तुक या वजह नहीं है। पिछले महीने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा था कि लोकसभा सचिवालय शीतकालीन सत्र आयोजित करने के लिए तैयार है लेकिन तारीखें संसदीय विषयों पर मंत्रिमंडल की समिति तय करेंगी।

# राजस्थान में अपने संदेश, शिकायतें सीधे सीएम को ईमेल करें

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने एक नई ईमेल आईडी बृहस्पतिवार को जारी की जिस पर लोग अपने संदेश या शिकायतें सीधे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भेज सकते हैं। यहां जारी एक बयान के अनुसार इस नए ईमेल पर भेजे गए संदेश सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचेंगे। बयान के अनुसार इस नए ई-मेल पर व्यक्तिगत संदेश भेजने के साथ ही लोग गम्भीर आपराधिक प्रकरणों तथा किसी भी अन्याय के संबंध में शिकायत या अन्य समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत करा सकेंगे। इन शिकायतों और समस्याओं पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार मुख्यमंत्री अपने राजकीय निवास पर स्वयं जन सुनवाई करते रहे हैं लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण जन सुनवाई संभव नहीं हो पा रही है। इसे देखते हुए उन्होंने तकनीकी नवाचारों के जरिए आमजन की सुनवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

# पेज 1 का शेष

## सरकार ने...

लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए। मसला इकलौते एमएसपी का नहीं, बल्कि कानून पूरी तरह वापस लेने का है। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि केवल एक नहीं, बल्कि कई मसलों पर बातचीत होनी चाहिए। केंद्र और किसानों के बीच अब पांचवें दौर की बातचीत 5 दिसंबर को होगी। बुधवार को दिनभर किसानों ने 5 बार और सरकार ने 2 बार बैठकें कीं। किसानों ने कृषि कानूनों में आपत्तियों का 10 पेज का दस्तावेज तैयार किया। क्रांतिकारी किसान यूनियन के अध्यक्ष दर्शन पाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि सरकार कानूनों को खत्म करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए। उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर को देशभर में प्रदर्शन किए जाएंगे।

## स्वरोजगार के...

का ऋण उपलब्ध कराया। यही नहीं इनकी समस्याओं और जिज्ञासाओं के समाधान के लिए एमएसएमई साथी पोर्टल और एप लांच किया। बीती 26 जून को जब प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान की शुरुआत की, तब 4,03,646 नई और पुरानी एमएसएमई इकाइयों को 10999 करोड़ का वित्तीय प्रोत्साहन देते हुए ऋण दिलाया गया। तीसरे चरण में 2,69,291 इकाइयों को 7,841 करोड़ का ऋण दिलाया गया। यह ऋण इन उद्योगों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने का अहम माध्यम बने। बैंकों से समन्वय स्थापित कर व्यापक पैमाने पर लोन मेले आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई इकाइयां आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं। हाल ही में 15 इकाइयों ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में अपनी लिस्टिंग कराकर अपने विकास के लिए पूंजी की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास किया है। यह अभिनव प्रयास अन्य इकाइयों के लिए प्रेरक भी है। मुख्यमंत्री आवास पर सम्पन्न इस कार्यक्रम में एक जनपद-एक उत्पाद योजनाओं से लाभान्वित 5,000 शिल्पियों को हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल, मेटल शिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, पॉटरी आदि से संबंधित नि:शुल्क टूल किट प्रदान किया गया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने लोन मेले के अन्तर्गत प्रदीप मिश्रा, मोहम्मद एजाज खान, अशीष पाल, मोहम्मद सुलेमान, अरविन्द अरोड़ा, सुभाष पाल, संदीप अरोड़ा, सिद्धार्थ भाटिया तथा मनीष वर्मा को चेक प्रदान किया। एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के अंतर्गत हनुमान दत्त मिश्रा, सुषमा वर्मा, पम्मी, रेहाना परवीन, चन्दो कश्यप, मोहम्मद इमरान, सुषमा कुमारी, मधु कश्यप, मेराज खान, राधा सिंह को टूलकिट्स प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में सिद्धार्थनगर की सरिता मिश्रा मुरादाबाद के निश्चल आर्या, हापुड़ के शुभम कंसल, वाराणसी के मोहम्मद रेहान अंसारी तथा गोरखपुर के अर्जुन कुमार भारती से वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लोन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में हापुड़ के शुभम कंसल से संवाद के दौरान उनका कुशलक्षेम पूछा तथा लोन के विषय में जानकारी प्राप्त की। श्री कंसल ने बताया कि वह प्राप्त ऋण के माध्यम से सौर इन्वर्टर की इकाई स्थापित करेंगे। इसी तरह गोरखपुर के अर्जुन कुमार भारती ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह आटोवेयर के सम्बन्ध में अपने कार्य को आगे बढ़ाएंगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में इलेक्ट्रिक कार, बस आदि को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसलिए चार्जिंग सेण्टर स्थापित करने की दिशा में भी अध्ययन करते हुए इस क्षेत्रों में भी सम्भावनाएं तलाशने की आवश्यकता है। ओडीओपी योजना के गोरखपुर के उमेश कुमार प्रजापति ने मुख्यमंत्री को बताया कि इलेक्ट्रिक चाक मिलने से उनके टेराकोटा उद्योग को काफी गति मिली है। प्रतापगढ़ के विनोद कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह आंवले से मुरब्बा, अचार इत्यादि बनाते हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आंवला एक बहुउपयोगी फल है। इसके जूस की डिमाण्ड मार्केट में बहुत ज्यादा है। आंवले का चूरन भी बहुत उपयोग में आता है। मथुरा की सोनिया माथुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि ठाकुर जी की पोशाक, श्रृंगार मूर्ति एवं कंठीमाला के उत्पादों पर कार्य कर रही हैं, जिसकी भारी मांग है। बिजनौर के मुकुल कुमार ने बताया कि वुडक्राफ्ट में ओडीओपी योजना के तहत काफी लाभ प्राप्त हुआ है। बरेली की मीरा ने मुख्यमंत्री को बताया कि टूलकिट प्राप्त होने से ज़री-जरदोजी के काम को विस्तार मिलेगा। एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एमएसएमई सेक्टर लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। ओडीओपी योजना से अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम प्राप्त हुआ है।

## बरेली-मुरादाबाद...

आकाश अग्रवाल के 2601 मत हैं। मेरठ-सहारनपुर शिक्षक खंड के विधान परिषद सदस्य के लिए प्रथम वरीयता की मतगणना में भाजपा प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा ने 7186 वोट प्राप्त कर माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के ओम प्रकाश शर्मा से 4232 वोटों की निर्णायक बढ़त बना ली है। इसके बाद दूसरी वरीयता की मतगणना शुरू हो गई है। शर्मा 48 साल से लगातार विधान परिषद के सदस्य रहे हैं। स्नातक खंड की मतगणना बृहस्पतिवार रात तक शुरू नहीं हो पाई। मतपत्र खोलने का काम चल रहा था। विधान परिषद की सीटों के नतीजे प्रदेश के बड़े शिक्षक संगठन शर्मा गुट का भविष्य तय होगा।

## अगले महीने...

पहुंच चुका है। पिछले महीने नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) एवं टीकारकण पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ दल के अगुवा डॉ. वीके पॉल ने कहा था कि भारत की जनसंख्या के लिए जरूरी फाइजर टीके के पर्याप्त डोज उपलब्ध नहीं हो पायेंगे लेकिन सरकार संभावनाओं पर गौर कर रही है और वह इस टीके को नियामक मंजूरियां मिलने के बाद (उसकी खरीद और वितरण की) रणनीति पर काम करेगी।

## पीएफआई को...

सक्रिय सदस्य है। ईडी ने इन अभियुक्तों से भी पूछताछ की थी। इसी दौरान ईडी को पीएफ्आई और भीम आर्मी के बीच आर्थिक रिश्तों की भी जानकारी मिली। इन साक्ष्यों से हाथरस कांड के जरिए प्रदेश में जातीय हिंसा फैलाने की साजिश किए जाने की आशंकाओं को बल मिला। ईडी एक वेबसाइट के माध्यम से एकत्रित धन के लाभार्थियों की भी जांच कर रहा है। हाथरस पुलिस ने जातीय हिंसा भड़काने के मकसद से वेबसाइट बनाकर दुष्प्रचार किए जाने के संबंध में भी मुकदमा दर्ज किया हुआ है। तीन दिन पहले भी यूपी में 12 पीएफआई सदस्यों के घुसने का इनपुट मिला था। इस इनपुट के आधार पर डीजीपी मुख्यालय ने एटीएस व राज्य खुफिया एजेंसी को सचेत किया था। सूचना के बाद एटीएस की एक टीम को सिद्धार्थनगर रवाना किया गया था। सूत्रों के हवाले से केंद्रीय खुफ्यिा एजेंसी ने आशंका जताई थी कि पीएफआई के 12 सदस्य यूपी पंचायत चुनाव में माहौल खराब करने की साजिश रच सकते हैं।

## राहुल में...

में महारत हासिल करने के लिए योग्यता और जुनून की कमी है। इस बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि हम सभी के विचार को स्वीकार करें। उन्होंने कहा, मैं अपने देश के नेतृत्व के बारे में कुछ भी कह सकता हूं। लेकिन मैं दूसरे देश के नेतृत्व के बारे में बात नहीं करूंगा। किसी को उस सीमा को बनाए रखना चाहिए। मुझे लगता है कि ओबामा ने उस सीमा को पार कर लिया। कांग्रेस के भविष्य और यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी पार्टी के लिए बाधा बन रहे हैं तो पवार ने कहा कि किसी भी पार्टी का नेतृत्व इस बात पर निर्भर करता है कि संगठन के भीतर उन्हें कैसे स्वीकार किया जाता है।

## एलएसी पर...

है। नौसेना दिवस की पूर्व संध्या पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित हुए उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में किसी भी तरह के अतिक्रमण जैसी स्थिति में नौसेना के पास मानक संचालन प्रक्रिया है। नौसेना प्रमुख अप्रत्यक्ष तौर पर चीन से मिल रही चुनौतियों का हवाला दे रहे थे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा की स्थितियों का हवाला देते हुए नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय नौसेना का निगरानी विमान पी-81 और हेरोन ड्रॉन इस इलाके में तैनात हैं। उन्होंने कहा कि हम जो भी कर रहे हैं, वह सेना और भारतीय वायु सेना के साथ करीबी समन्वय से कर रहे हैं। भारत और चीन के बीच पिछले करीब सात महीने से पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध चल रहा है और यह गतिरोध चीन के आक्रामक रवैये से पैदा हुआ है। एडमिरल सिंह ने देश के सामने मौजूद नौसैन्य क्षेत्र की चुनौतियों पर कहा कि भारतीय नौसना परीक्षा की घड़ियों में डटे रहने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## हीरो डब्ल्यूपीजीटी में स्नेहा को एक शॉट की बढ़त

**नोएडा।** अमैच्योर स्नेहा सिंह ने हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के सातवें चरण में गुरुवार को इवन पार 72 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली। स्नेहा से एक शॉट पीछे सिद्धी कपूर है जिन्होंने 2016 में खिताब जीता था। अमनदीप ड्राल ने दो ओवर 74 का स्कोर किया और वह वाणी कपूर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रही। अमैच्योर हुनर मित्तल पांचवें स्थान पर रही।

## बेंगलुरू एफसी का सामना चेन्नइयिन से

**बम्बोलिम।** बेंगलुरू एफसी इंडियन सुपर लीग के अगले मैच में शुक्रवार को चेन्नइयिन एफसी से खेलेगी तो उसका इरादा इस सत्र में पहली जीत दर्ज करने का होगा। दोनों टीमें अभी तक दो दो मैच खेल चुकी है। बेंगलुरू ने एक भी जीत हासिल नही की जबकि चेन्नइयिन ने एक मैच जीता और एक ड्रॉ खेला।

## आईएनआरसी के लिए गिल करेंगे अगुआई

**नई दिल्ली।** जेके टायर ने गुरुवार को एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय रैली चैम्पियनशिप (आईएनआरसी) के लिए अपने ड्राइवर लाइन-अप की घोषणा की जिसमें गौरव गिल और अमित्राजीत घोष शामिल है। अर्जुन पुरस्कार हासिल कर चुके कई बार के राष्ट्रीय चैम्पियन गिल सभी वर्गो मे टीम की चुनौती की अगुआई करेंगे।

## जर्सी उतारने पर मेसी पर जुर्माना

**बार्सीलोना।** डिएगो माराडोना को श्रृद्धांजलि देने के लिए अपनी जर्सी उतारने वाले लियोनेल मेस्सी पर 600 यूरो (720 डॉलर) का जुर्माना लगाया गया है। स्पेनिश फुटबॉल महासंघ की प्रतिस्पर्धा समिति ने रविवार को स्पेनिश लीग मे ओसासुना पर बार्सीलोना की 4-0 से जीत के बाद यह जुर्माना लगाया। अर्जेंटीना के स्टार मेस्सी ने गोल करने के बाद बार्सीलोना की जर्सी उतारकर माराडोना के पुराने क्लब नेवेल्स ओल्ड ब्वायज की जर्सी पहनी।

## ओलंपिक 1960 डेकाथलन चैम्पियन जॉनसन का निधन

**लॉस एंजिलिस।** रोम ओलंपिक 1960 में डेकाथलन में स्वर्ण पदक जीतने वाले राफेर जॉनसन का 86 वर्ष की उम्र मे निधन हो गया। उन्होंने अपने घर पर ही अंतिम सांस ली। जॉनसन 50 और 60 के दशक के दिग्गज एथलीटो में से थे। उन्होंने मेलबर्न ओलंपिक 1956 मे रजत पदक जीता था। इसके बाद रोम में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस ओलंपिक मे वह अमेरिकी दल के ध्वजवाहक भी थे।

## उमर मामले में खेल पंचाट ने फैसला सुरक्षित रखा

**कराची।** खेल पंचाट ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार निरोधक ट्रिब्यूनल द्वारा लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध के खिलाफ बल्लेबाज उमर अक्मल की अपील पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है।

# संतुलित टीम इंडिया टी-20 में दिखाएगी ताकत

## ● आस्ट्रेलिया को दे सक्ती है कड़ी चुनौती

**भाषा।** कैनबरा



एक दिवसीय श्रृंखला में विकल्पों की कमी के कारण मिली हार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में आस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती दे सकती है क्योंकि उसके पास विकल्पों की भरमार है। वनडे श्रृंखला में 1-2 से मिली हार ने इस 50 ओवरों के प्रारूप में भारत की कमजोरियों की कलई खोल दी। टी20 में हालांकि भारत के पास काफी संतुलित टीम है। कोरोना महामारी से पहले भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड को हराया था और उसका मनोबल काफी उंचा होगा। वाशिंगटन सुंदर, दीपक चाहर और वनडे क्रिकेट में पदार्पण के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले टी नटराजन गेंदबाजी को संतुलन देते हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए आईपीएल में सुंदर ने शानदार प्रदर्शन किया जब कप्तान विराट कोहली ने पावरप्ले और बीच के ओवरों में उनका इस्तेमाल किया था। हार्दिक पंड्या नियमित गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। ऐसे में रविंद्र जडेजा के रूप में वनडे टीम में एकमात्र विशेषज्ञ हरफनमौला था। टी20 में हालांकि सुंदर के साथ कार्तिक भी छोटे स्पैल डाल सकते हैं। आईपीएल की खोज यॉर्कर विशेषज्ञ नटराजन शुक्रवार को टी20 क्रिकेट में पदार्प कर सकते हैं जिन्होंने पहले वनडे में दो विकेट लेकर प्रभावित किया। मानुका ओवल की पिच से स्पिनरों और तेज गेंदबाजों दोनों को मदद मिलने की उम्मीद है।ऐसे में देखना होगा कि जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी की शुरूआत कौन करेगा , मोहम्मद शमी या दीपक चाहर। वनडे में नाकाम रहे युजवेंद्र चहल भी वापसी की कोशिश में होंगे। बल्लेबाजी में केएल राहुल वनडे में पांचवें नंबर पर उतरने के बाद अब शिखर धवन के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ भी उन्होंने पारी की शुरूआत की थी। उम्मीद है कि वह आईपीएल वाला फार्म बरकरार रखेंगे जिसमें उन्होंने इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाए। कप्तान कोहली वनडे में फार्म में दिखे और उसे जारी रखना चाहेंगे। श्रेयस अय्यर अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके लेकिन अब बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। तीसरे वनडे में मिली जीत ने भारतीय टीम के लिए टॉनिक का काम किया है वरना वनडे श्रृंखला में क्लीन स्वीप होने से टीम का मनोबल गिर जाता। दूसरी ओर वनडे श्रृंखला जीतकर आस्ट्रेलिया के हौसले बुलंद हैं।स्टार बल्लेबाज डेविड वार्नर हालांकि चोट के कारण बाहर हैं। अब देखना यह है कि कप्तान आरोन फिंच के साथ मार्नस लाबुशेन उतरते हैं या कोई और। मार्कस स्टोइनिस भी पारी की शुरूआत कर सकते हैं लेकिन वनडे में उन्हें भी चोट लगी थी और अभी उनका खेलना संदिग्ध है। गेंदबाजी में मिशेल स्टार्क तीसरे वनडे से बाहर रहने के बाद वापसी कर सकते हैं जबकि पैट कमिंस को कार्यभार प्रबंधन के कारण आराम दिया गया है।

## भारत का प्रतिनिधित्व करने का अनुभव शानदार रहा: नटराजन

**कैनबरा।** भारतीय तेज गेंदबाज टी नटराजन ने गुरुवार को भारत के लिए अपने पदार्पण के बारे में बात करते हुए कहा कि यह शानदार अनुभव रहा और वह भविष्य में इस तरह के और मैचो मे देश का प्रतिनिधित्व करने को तैयार है। तमिलनाडु के 29 वर्षीय खिलाड़ी का भारत के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मे पदार्पण यादगार रहा जिसमे उन्होने दो विकेट चटकाए जिसके बाद विराट कोहली टीम मनोबल बढ़ाने वाली 13 रन की जीत हासिल करने में सफल रही। नटराजन ने अपने ट्विटर हैडल पर लिखा, देश का प्रतिनिधित्व करना स्वप्निल अनुभव था। शुभकामनाओं के लिए सभी का शुक्रिया। उन्होने लिखा, और चुनौतियो के लिए तैयार हूं। नटराजन ने 70 रन देकर मार्नस लाबुशेन और एशटन एगर का विकेट हासिल किया। भारत की टी20 टीम के लिए चुने गए नटराजन को नवदीप सैनी के बैकअप के तौर पर वनडे के लिए शामिल किया गया जिन्होंने श्रृंखला शुरू होने से पहले पीठ के दर्द की शिकायत की थी और उन्होंने पहले दो वनडे में काफी रन लुटाए थे। यार्कर गेंदबाजी करने की अपनी काबिलियत के लिए मशहूर नटराजन ने 16 विकेट चटकाकर सनराइजर्स हैदराबाद को इस साल संयुक्त अरब अमीरात में इंडियन प्रीमिलयर लीग के नाकआउट चरण मे पहुंचाने मे अहम भूमिका अदा की थी।

## विलियमसन ने न्यूजीलैंड को पहले दिन मजबूत स्थिति में पहुंचाया

**हैमिल्टन।** कप्तान केन विलियमसन के नाबाद 97 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरूवार को सेडॉन पार्क की हरी भरी पिच पर दो विकेट पर 243 रन बनाए। विलियमसन के साथ रोस टेलर 31 रन बनाकर खेल रहे हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। पिच पूरी तरह से घास से ढकी हुई थी और बारिश के कारण खेल भी देर से शुरू हुआ। वैसे पिच से गेंदबाजों को खास उछाल या स्विंग नहीं मिली जिसकी अपेक्षा की जा रही थी। अपना पहला टेस्ट खेल रहे विल यंग पांच रन बनाकर आउट हो गए। विलियमसन ने इसके बाद टॉम लाथम के साथ 154 रन की साझेदारी की। लाथम को 32वें ओवर में 45 के स्कोर पर जीवनदान मिला जब होल्डर के ओवर में विकेटकीपर शेन डोरिच ने गेंद लपकी। गेंदबाज या कैरेबियाई खिलाड़ियों ने हालांकि अपील ही नहीं की। लाथम को 86 के स्कोर पर केमार रोच ने बोल्ड किया। इस बीच विलियमसन ने अपने धीर गंभीर स्वभाव के अनुरूप खेलते हुए एक छोर संभाले रखा। इस पिच पर रन बनाना आसान नहीं था कि दोनों बल्लेबाजों ने संयम से काम लिया जिसका फल मिला। विलियमसन ने अपना अर्धशतक 134 गेंदों में पूरा किया। न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट खेलने हैं जिसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला की मेजबानी करना है।

## अभ्यास मैच तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण : बर्न्स



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के सलामी टेस्ट बल्लेबाज जो बर्न्स ने गुरूवार को कहा कि भारत के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले अभ्यास मैच तैयारी की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होंगे। भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलने हैं। पहला मैच छह दिसंबर से खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच 11 दिसंबर से शुरू होगा। बर्न्स ने कहा , फोकस हमेशा मैच जीतने पर रहता है। आस्ट्रेलिया ए के लिए खेलते समय भी हम टेस्ट श्रृंखला की तैयारी और भारत पर दबाव बनाने के इरादे से ही उतरेंगे। हम कोशिश करेंगे कि भारतीय टीम लय नहीं बना सके। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारत के पास अच्छे गेंदबाज हैं और उन्हें अच्छी शुरूआत करनी होगी। सलामी बल्लेबाजों की भूमिका अहम होगी।

## ली ने आस्ट्रेलिया के दो मैच के बाद कमिंस को आराम देने के फैसले पर सवाल उठाए



**सिडनी।** पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने हाल में भारत के खिलाफ समाप्त हुई श्रृंखला के महज दो मैचों के बाद पैट कमिंस को आराम देने के आस्ट्रेलियाई फैसले पर सवाल उठाए। तेज गेंदबाजी के अगुआ कमिंस अगस्त में इंग्लैंड दौरे के लिए आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे और इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए भी खेले थे। उन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत अंतिम वनडे के लिए आराम दिया गया है और वह आगामी टी20 श्रृंखला का भी हिस्सा नहीं होंगे। ली ने फॉक्सस्पोर्ट्स डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, यह शायद उसका फैसला नहीं होगा, वह शायद खेलना चाहता होगा, खिलाड़ी आमतौर पर खेलना चाहते हैं। दो मैचों के बाद उन्हें थकना नहीं चाहिए। मैंने हमेशा पाया है कि व्यक्तिगत रूप से मैं जितने ज्यादा मैच खेलता था, उतना ज्यादा बेहतर लय में होता था। आस्ट्रेलिया को तीसरे वनडे में 13 रन से हार का सामना करना पड़ा।

## इस तरह के गेंदबाजों का कभी सामना नहीं किया, भारत के स्पिन आक्रमण पर बोले ग्रीन



**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के युवा हरफनमौला कैमरन ग्रीन भारतीय टीम के स्पिन आक्रमण के मुरीद हो गए हैं जिनका मानना है कि कोई भी रिसर्च मैदान पर उनका सामना करने के लिए किसी बल्लेबाज को तैयार नहीं कर सकती। आस्ट्रेलियाई क्रिकेट के उभरते सितारे ग्रीन ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। ग्रीन ने क्रिकेट डॉटकॉम डॉट एयू से कहा , भारत के स्पिनर। मैने ऐसे बेहतरीन स्पिनर कभी नहीं देखे। जीत के लिए 303 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रीन पांचवें नंबर पर आए और 21 रन बनाकर रविंद्र जडेजा को कैच देकर लौटे। उन्होंने एक चौका और एक छक्का जड़ा। ग्रीन ने कहा , जडेजा शानदार गेंदबाज है और उसे पता है कि वह क्या कर रहा है। आप इन गेंदबाजों का सामना करने के लिए कितने ही फुटेज देख लें या रिसर्च कर लें लेकिन मैदान पर बात अलग ही होती है। वह अनुभव अलग ही है। आस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने ग्रीन को भारतीय कप्तान विराट कोहली को गेंदबाजी का जिम्मा सौंपा। विराट कोहली को गेंदबाजी करके पता चलता है कि वे कितने उम्दा क्रिकेटर है। उन्होंने मेरी गेंदों का बखूबी सामना किया।

# रोनाल्डो, गिरोड और नेमार का शानदार प्रदर्शन

## ● चैम्पियंस लीग

**भाषा।** तूरिन (इटली)



चैम्पियंस लीग के मुकाबलों में सभी सितारा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने कैरियर का 750वां गोल दागा जबकि ओलिविएर गिरोड ने चार गोल किए।

वहीं नेमार के शुरूआती गोल के दम पर दबाव बनाते हुए पेरिस सेंट जर्मेन ने ग्रुप एच में मैनचेस्टर युनाइटेड को 3-1 से हरा दिया। युनाइटेड ने मिडफील्डर फ्रेड की जगह स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं बुलाकर बड़ी गलती की। फ्रेड ने पहले हाफ में पीएसजी के लिएंड्रो पेरेडेस को सिर से मारा था।आखिर में उन्हें 70वें मिनट में लालकार्ड दिखा दिया गया। पीएसजी और युनाइटेड के अब नौ अंक है। लेइपजिग के भी नौ अंक हो गए हैं जिसने स्टॉपेज टाइम में शानदार गोल करके इस्तांबुल बसाकसेहिर को 4-3 से मात दी। युनाइटेड को अब लेइपजिग से खेलना है जबकि पीएसजी का सामना बसाकसेहिर से होगा। बोरूसिया डॉर्टमंड ने लाजियो से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले दौर में जगह बना ली। युवेंटस पहले ही अगले दौर में पहुंच चुका था जिसके स्टार खिलाड़ी रोनाल्डो ने अपने कैरियर का 750वां गोल दागा। युवेंटस ने डायनामो कीव को 3-0 से हराया। इस मैच में रैफरिंग करने फ्रांस की स्टीफानी फ्रापार्ट ने इतिहास रच दिया जो चैम्पियंस लीग में पहली महिला रैफरी बन गई। चेलसी और सेविला भी अगले दौर में पहुंच गए। गिरोड ने चार जबर्दस्त गोल करके स्पेनिश टीम के खिलाफ जीत के सूत्रधार की भूमिका निभाई। वहीं लियोनेल मेसी को आराम देने वाली बार्सीलोना ने फेरेंकवारोस को एकतरफा मुकाबले में 3 - 0 से हराया।

## बीसीसीआई एजीएम 24 दिसंबर को , आईपीएल की दो नई टीमों पर फैसला

**भाषा।** नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड की सालाना आम बैठक 24 दिसंबर को होगी जिसमें आईपीएल में दो नई टीमों को शामिल करने, तीन नए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और आईसीसी में भारत के प्रतिनिधि की नियुक्ति पर फैसला होगा। बैठक के एजेंडे में नए उपाध्यक्ष का चुनाव भी शामिल है। बीसीसीआई ने एजीएम बुलाने से पहले सभी मान्य ईकाइयों को 21 दिन पहले 23 बिंदुओं का एजेंडा भेजा है। इसमें सबसे अहम बिंदु आईपीएल में दो नई टीमों को शामिल करके इसे दस टीमों का टूर्नामेंट बनाना है। समझा जाता है कि अडानी समूह और संजीव गोयनका की आरपीजी (राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स के मालिक) नई टीमें बनाना चाहते हैं जिनमें से एक टीम अहमदाबाद से होगी। बैठक में इस पर भी बात की जाएगी कि आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद में बीसीसीआई का प्रतिनिधि कौन होगा। समझा जाता है कि बोर्ड सचिव जय शाह को यह जिम्मेदारी दी जाएगी। चयन समिति के अध्यक्ष के साथ तीन नए चयनकर्ताओं का भी चुनाव होना है। बोर्ड के एक सीनियर सूत्र ने बताया , चयन समिति क्रिकेट समिति का हिस्सा है।इसके अलावा तकनीकी समिति का भी गठन होना है। ए सभी उप समितियां हैं। अंपायरों की उप समिति का भी गठन होगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से जुड़े मसलों पर भी बात की जाएगी। बातचीत में भारत का 2021 का फ्यूचर टूर कार्यक्रम , अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी और 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की मांग जैसे मुद्दों पर भी बात होगी।

## विश्व विक्लांगता दिवस : उत्तर प्रदेश ने व्हीलचेयर क्रिकेट में दिल्ली को हराया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश ने गुरूवार को यहां विश्व विकलांगता दिवस के मौके पर आयोजित व्हीलचेयर क्रिकेट के एक दिवसीय मैच में दिल्ली को 67 रन से शिकस्त दी। उमेश कौशिक ने नाबाद 102 रन बनाए जबकि कप्तान अनमोल वशिष्ठ ने 49 गेंद में 61 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे उत्तर प्रदेश ने हिंडन क्रिकेट अकादमी में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद 35 ओवर में पांच विकेट पर 255 रन बनाए। गुरूवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इसके जवाब में दिल्ली की पूरी टीम 188 रन पर सिमट गई जिसमें वशिष्ठ की भूमिका काफी अहम रही जिन्होंने पांच विकेट झटके। दिल्ली के कप्तान सौरभ मलिक 35 गेंद में तेजी से 53 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

## रबी बुवाई पिछले सत्र के मुकाबले दो प्रतिशत अधिक रहने की संभावना: रिपोर्ट

**मुंबई।** रबी (जाड़े की फसल) बुआई पिछले विपणन वर्ष की तुलना में इस वर्ष लगभग दो प्रतिशत अधिक होने की संभावना है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा है कि 27 नवंबर तक पहले से ही रबी फसल की बुवाई 348 लाख हेक्टेयर (हेक्टेयर) में हो चुकी थी, जो पिछले पूरे सत्र में हुई बुवाई की तुलना में चार प्रतिशत अधिक है तथा पिछले पांच वर्षो के बुवाई के औसत से दो प्रतिशत अधिक है। इस साल रबी की बुआई में भरपूर बरसात देखी गई जो सामान्य मानसून के मुकाबले नौ प्रतिशत अधिक थी और जिसके कारण मिट्टी में अधिक नमी थी और पिछले पांच वर्षो के औसत की तुलना में जलाशय में पानी का स्तर 19 प्रतिशत अधिक है।

## भारत, अमेरिका के बीच बौद्धिक संपदा अधिकार पर सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका ने बौद्धिक संपदा अधिकार पर आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए सहमति ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत दोनों देश बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ प्रक्रिया साझा करेंगे और साथ मिलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाएंगे। आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों पक्ष एक द्विपक्षीय योजना तैयार करेंगे जो इस सहमति ज्ञापन पत्र के प्रावधानों को लागू करने का काम करेगी।

## आरबीआई नीतिगत दर को रख सकता है यथावत: उद्योग विशेषज्ञ

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को पेश की जाने वाली अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रख सकता है। हालांकि, केंद्रीय बैंक सितंबर तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े उम्मीद से बेहतर रहने को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अपने अनुमान को जरूर संशोधित कर सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार खुदरा मुद्रास्फीति उंची बने रहने के कारण केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती से परहेज कर सकता है। खुदरा महंगाई दर आरबीआई के संतोषजनक स्तर 4 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है।


## एक्सिस ने लॉन्च किया स्पेशल सिचुएशंस फंड

**मुंबई।** नए प्रोडक्ट के मामले में एक्सिस एएमसी हमेशा सबसे आगे रहा है और इसने एक ऐसी मजबूत निवेश प्रक्रिया बनाई है जो अपने निवेशकों के लिए दीर्घकालिक प्रदर्शन देने की क्षमता रखती है। चूंकि एक्सिस के पास अनेक बड़ी पारंपरिक इक्विटी रणनीतियाँ हैं, इस लिहाज से देखें तो अच्छी गुणवत्ता वाले थीमेटिक फंड इन्हें निवेशक के दृष्टिकोण से पूरक कर सकते हैं। इसी क्रम में एक्सिस एएमसी ने एक्सिस स्पेशल सिचुएशंस फंड् को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो परिवर्तनकारी विकास के अवसरों में निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करने वाली विशेष स्थितियों की थीम का अनुसरण करती है। फंड निवेशकों को संपूर्ण परिवर्तनकारी मूल्य श्रृंखला में अवसरों को हासिल करने की अनुमति देगा। इसके अलावाए फंड घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के साथसाथ सभी मार्केट कैप स्पेक्ट्रम में भी निवेश करेगा, इस प्रकार निवेशकों को बाजार के किसी भी हिस्से में प्रासंगिक अवसरों में भाग लेने की अनुमति मिलती है।

# शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद

## निफ्टी ऊंचाई पर

**भाषा।** मुंबई




वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। एनएसई निफ्टी रिकार्ड स्तर पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले निवेशक देखो और इंतजार करो की नीति का रुख अपनाए हुए हैं। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 44,953.01 तक चला गया था। बाद में यह कुछ नीचे आया और अंत में 14.61 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 44,632.65 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कारोबार के दौरान 13,216.60 अंक तक चला गया था। अंत में यह 20.15 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 13,133.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी का यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में मारुति रही। कंपनी का शेयर 7.45 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके आलावा ओएनजीसी, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व और टाटा स्टील में भी अच्छी तेजी रही। दूसरी तरफ, एचडीएफसी बैंक को सर्वाधिक 2.13 प्रतिशत का नुकसान हुआ। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने उससे अपनी नई डिजिटल बैंकिंग पहल और नए क्रेडिट कार्ड जारी करने को अस्थाई रूप से रोकने के लिए कहा है। केंद्रीय बैंक ने एचडीएफसी के डेटा सेंटर में पिछले महीने कामकाज प्रभावित होने के चलते यह आदेश दिया। इससे कंपनी के शेयर पर असर पड़ा। इसके अलावा टीसीएस, बजाज ऑटो, इन्फोसिस और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.48 प्रतिशत तक की गिरावट रही। वैश्विक स्तर पर मिला-जुला रुख रहा। इसके अलावा धातु, रीयल्टी और वाहन कंपनियों के शेयरों के प्रति भी आकर्षण दिखा... उम्मीद के अनुरूप मिड कैप और स्मॉल कैप (मझोली एवं छोटी कंपनियों के शेयर) का प्रदर्शन बड़ी कंपनियों के शेयरों के मुकाबले बेहतर बना हुआ है। यह स्थिति आने वाले दिनों में बनी रह सकती है।

## वी-आकार का सुधार दर्ज कर रही है भारतीय अर्थव्यवस्था: वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत अर्थव्यवस्था में वी आकार यानी तेजी से सुधार देखने को मिल रहा है और जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इससे पिछली तिमाही की तुलना में 23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। वित्त मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह निष्कर्ष सामने आया है। वी-आकार की वृद्धि से तात्पर्य किसी अर्थव्यवस्था में तेज गिरावट के बाद तेजी से सुधार से होता है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी यानी जुलाई-सितंबर की तिमाही में जीडीपी में एक साल पहले की इसी तिमाही के मुकाबले गिरावट घटकर 7.5 प्रतिशत रह गई है। पहली अप्रैल-जून की तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई थी। समीक्षा में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, लेकिन तिमाही-दर-तिमाही आधार पर इसमें 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नवंबर की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा गया है, 2020-21 के मध्य में वी-आकार की वृद्धि से भारतीय अर्थव्यवस्था की जुझारू क्षमता का पता चलता है। अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत है और लॉकडाउन को धीरे-धीरे हटाए जाने के बाद यह आगे बढ़ रही है। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत मिशन की वजह से भी अर्थव्यवस्था पुनरोद्धार की राह पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था को सबसे अधिक कृषि क्षेत्र से समर्थन मिल रहा है। इसके बाद निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र भी अर्थव्यवस्था को समर्थन दे रहे हैं। संपर्क की दृष्टि से संवेदनशील सेवा क्षेत्र ने भी इसमें योगदान दिया है। हालांकि, उसका यह योगदान मुख्य रूप से लॉजिस्टिक्स और संचार के रूप में है।

## अल्ट्राटेक 1.28 करोड़ टन क्षमता बढ़ाने पर करेगी 5,477 करोड़ का निवेश

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट अपनी क्षमता मे 1.28 करोड़ टन विस्तार के लिए 5,477 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके बाद कंपनी की कुल क्षमता 13.6 करोड़ टन सालाना से अधिक हो जाएगी। कंपनी ने एक बयान मे बृहस्पतिवार को कहा कि उसके निदेशक मंडल ने इस निवेश को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत कंपनी कुछ निवेश नए सिरे से संयंत्र स्थापित करने पर जबकि कुछ मौजूदा संयंत्रो में क्षमता विस्तार पर करेगी।

## रिचर्ड वर्मा बने मास्टरकार्ड के कार्यकारी उपाध्यक्ष

**वाशिंगटन।** भारत मे अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा को भुगतान कंपनी मास्टरकार्ड ने वैश्विक लोक नीति और नियामकीय मामलो का कार्यकारी उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। मास्टरकार्ड ने एक बयान मे कहा कि वर्मा दुनियाभर मे लोक नीति, नियामकीय मामले और विधि टीमो के साथ मिलकर काम करेंगे। मास्टरकार्ड से पहले वर्मा द एशिया ग्रुप मे वाइस-चेयरमैन और पार्टनर पद पर काम कर चुके है। वह 2014 से 2017 तक भारत मे अमेरिका के राजदूत थे।

## रिलायंस इन्फ्राटेल की समाधान योजना को एनसीएलटी की मंजूर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने रिलायंस इन्फ्राटेल की समाधान योजना को मंजूरी दे दी है। इससे कंपनी के ऋणदाताओं को 4,400 करोड़ रुपए की राशि मिल सकती है। रिलायंस जियो संभवतः कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार बुनियादी ढांचा कंपनी की संपत्तियों को खरीदेगी। रिलायंस जियो ने अपनी अनुषंगी के जरिए रिलायंस कम्युनिकेशंस के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी रिलायंस इन्फ्राटेल की संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए बोली पेश की है। एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा कि न्यायाधिकरण ने समाधान योजना के तहत इसे मंजूरी दे दी है।

## कभी तांगा चलाते थे एमडीएच के दादाजी



**भाषा।** नई दिल्ली

मसाला ब्रांड एमडीएच के टेलीविजन विज्ञापनों के जरिए घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाले एमडीएच के दादाजी के नाम से मशहूर महाशय धर्मपाल गुलाटी ने तांगा बेचकर दिल्ली के करोल बाग से अपने मसाला कारोबार की शुरुआत की। वह लगातार आगे बढ़ते रहे और 94 वर्ष की उम्र में देश के एफएमसीजी क्षेत्र में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ बने। सफलता की मिसाल कायम करने वाले मसाला किंग अब हमारे बीच नहीं रहे। उनका बृहस्पतिवार (3 दिसंबर 2020) को 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मसाला किंग धर्मपाल गुलाटी का जन्म सियालकोट (अब पाकिस्तान में) में 27 मार्च 1923 को हुआ था और विभाजन के बाद वह भारत आ गए। उनका परिवार विभाजन के दौरान अपना सब कुछ छोड़कर दिल्ली में रहने आ गया। उनके पिता की सियालकोट में मसालों की दुकान थी, जिसका नाम महाशियां दी हट्टी (एमडीएच) था, लेकिन दुकान को देगी मिर्च वाले के नाम से जाना जाता था। गुलाटी को कक्षा पांच के बाद स्कूल छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने लकड़ी का काम सीखा, साबुन फैक्टरी, कपड़े की फैक्टरी और चावन मिल में काम किया।

## एचसीएल की रोशनी नडार सबसे अमीर भारतीय महिला, मजूमदार-शॉ दूसरे स्थान पर

**भाषा।** मुंबई



सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की रोशनी नडार मल्होत्रा देश की सबसे अमीर महिला हैं। उनकी कुल संपत्ति 54,850 करोड़ रुपए है। हुरुन इंडिया और कोटक वेल्थ द्वारा तैयार अरबपति भारतीय महिलाओं की सूची में 36,600 करोड़ रुपए की संपदा के साथ बायोकॉन की किरण मजूमदार-शॉ दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची में कम से कम 100 करोड़ रुपए की संपत्ति वाली 100 महिलाओं को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इनमें से 31 महिलाएं ऐसी हैं जिन्होंने अपने दम पर यह मुकाम हासिल किया है। इनमें से छह पेशेवर प्रबंधक और 25 उद्यमी हैं।

अपने दम पर इस स्थान पर पहुंचने वाली महिलाओं की श्रेणी में मजूमदार-शॉ सबसे आगे हैं। उनके बाद 11,590 करोड़ रुपए की संपदा के साथ जोहो की राधा वेंबु का स्थान है। अरिस्ता नेटवर्क्स की जयश्री उल्लाल 10,220 करोड़ रुपए की संपदा के साथ तीसरे स्थान पर हैं। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस सूची में पहले तीन स्थान पर शामिल मजूमदार-शॉ, उल्लाल और वेंबु हुरुन की वैश्विक अमीरों की सूची में भी हैं। सूची में शामिल महिलाओं की औसत आयु 53 साल है। 100 की सूची में 19 महिलाएं 40 साल से कम उम्र की हैं। अमीर महिलाओं की कुल संपदा 2.72 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। दो महिलाएं ऐसी हैं जो यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर मूल्य से अधिक की स्टार्टअप कंपनी) की प्रवर्तक हैं।



दक्षिण कोरिया की राजधानी सिओल में छात्रों के परिजन अपने बच्चों की कालेज में प्रवेश परीक्षा में सफलता को लेकर विशेष पूजा करते हुए

# रक्षा मंत्री का चयन करने को लेकर बाइडन पर बढ़ा दबाव

**● सीनेट में देशों के लिए रोजगार आधारित आव्रजन वीजा की अधिकतम संख्या समाप्त करने वाला विधेयक पारित**

**एपी। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन पर आगामी रक्षा मंत्री के चयन को लेकर उनकी ही पार्टी के दो अलग-अलग गुट दबाव बना रहे हैं।

एक धड़े का कहना है कि इस पद पर किसी अफ्रीकी-अमेरिकी को चुना जाना चाहिए, जबकि दूसरा धड़ा चाहता है कि रक्षा मंत्री के पद के लिए पहली बार किसी महिला का चयन किया जाए।

इसी बीच, कुछ प्रगतिशील समूह प्रमुख महिला दावेदार मिशेल फ्लोर्नी के पुराने रिकॉर्ड के कारण उनका विरोध कर रहे हैं। कम से कम सात प्रगतिशील समूहों ने बाइडन को लिखे पत्र में फ्लोर्नी को इस पद के लिए नहीं चुने जाने की अपील की है।



यमनी अलायंस कमेटी की अध्यक्ष जेहन हकीम ने कहा, सैन्य हस्तक्षेप को लेकर फ्लोर्नी के लगातार समर्थन ने यमन समेत दुनियाभर में विनाशकारी संकट पैदा करने में योगदान दिया है। फ्लोर्नी के अलावा सेना के जनरल रहे लॉयड ऑस्टिन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दूसरे कार्यकाल में गृह मंत्रालय के प्रमुख रहे जे जॉनसन भी इस पद के दावेदार हैं।अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के करीब 100 सदस्य प्रोग्रेसिव कॉकस से संबंधित हैं, ऐसे में बाइडन के लिए उनका समर्थन और भरोसा बहुत जरूरी है।कांग्रेस में अश्वेतों के प्रमुख समर्थक जेम्स क्लिबर्न ने बाइडन से कैबिनेट में अधिक संख्या में अश्वेत महिलाओं एवं पुरुषों को स्थान देने की अपील की है। अभी तक किसी महिला या अश्वेत व्यक्ति ने रक्षा मंत्री का पदभार नहीं संभाला है। वहीं अमेरिकी सीनेट ने सर्वसम्मति से एक विधेयक पारित किया है जो विभिन्न देशों के लिए रोजगार आधारित आव्रजक वीजा की अधिकतम संख्या का निर्धारण समाप्त करता है साथ ही उसे परिवार आधारित वीजा बनाता है। यह विधेयक अमेरिका में कार्यरत सैंकडों भारतीय पेशेवरों को लाभान्वित करेगा जो वर्षों से ग्रीन कार्ड पाने का इंतजार कर रहे हैं। फेयरनेस फॉर हाई स्किल्ड इमिग्रेन्ट्स एक्ट को बुधवार को सीनेट से मिली मंजूरी भारतीय आईटी पेशेवरों के लिए बड़ी राहत है जो एच- ।बी वीजा पर अमेरिका आए थे और ग्रीन कार्ड अथवा स्थाई आवास के लिए दशकों से इंतजार कर रहे हैं।

विधेयक को 10 जुलाई 2019 को प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिल गई थी। विधेयक ने परिवार आधारित आव्रजन वीजा पर उस वर्ष मौजूद कुल वीजा के प्रति देश सात प्रतिशत की सीमा बढ़ा कर 15 प्रतिशत किया था। उटा राज्य से रिपब्लिक पार्टी के सीनेटर लाइक ली ने यह विधेयक पेश किया था।वित्त वर्ष 2019 में भारतीय नागरिकों को 9,008 श्रेणी। (ईबी1), 2908 श्रेणी 2(ईबी2), और 5,083 श्रेणी 3 (ईबी3) ग्रीन कार्ड प्राप्त हुए। (ईबी3) रोजगार-आधारित ग्रीन कार्ड की विभिन्न श्रेणियां हैं। सीनेटर ली ने जुलाई में सीनेट को बताया था कि स्थाई निवास या ग्रीन कार्ड पाने के लिए किसी भारतीय नागरिक का बैकलॉग 195 वर्ष से अधिक है।सीनेटर केविन क्रैमर ने कहा कि फेयरनेस फॉर हाई-स्किल्ड इमिग्रेंट्स एक्ट अधिक योग्यता-आधारित प्रणाली बनाता है जो दक्ष आव्रजकों को समान अवसर प्रदान करता है। क्रैमर ने यह सुनिश्चित करने का काम किया कि विधेयक धोखाधड़ी और वीजा प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने वाला हो।

# यूएनजीसी हिंदुओं, सिखों, बौद्धों के खिलाफ हिंसा पर आवाज उठाने में नाकामः भारत


**भाषा। संयुक्त राष्ट्र,**

भारत ने धर्मों के खिलाफ हिंसा की निंदा करने में संयुक्त राष्ट्र के चुनिंदा रूख की आलोचना करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा बौद्धों, हिंदुओं और सिखों के खिलाफ बढ़ती नफरत और हिंसा को पहचानने में नाकाम रही है।भारत ने रेखांकित किया कि शांति की संस्कृति केवल इब्राहीमी धर्मों के लिए नहीं हो सकती। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन में प्रथम सचिव आशीष शर्मा ने शांति की संस्कृति पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज की दुनिया में चिंताजनक चलन देखने को मिला है।उन्होंने कहा कि भारत इस बात से पूरी तरह सहमत है कि यहूदी, इस्लाम और ईसाई विरोधी कृत्यों की निंदा करने की आवश्यकता है और देश भी इस प्रकार के कृत्यों की कड़ी निंदा करता है, लेकिन इस प्रकार के महत्वपूर्ण मामलों पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव केवल इन्हीं तीन इब्राहीमी धर्मों के बारे में बात करते हैं।शर्मा ने कहा, यह गरिमामई संस्था हिंदू, सिख और बौद्ध धर्मों के अनुयायियों के खिलाफ बढ़ती नफरत एवं हिंसा को पहचानने में नाकाम रही है।उन्होंने कहा, शांति की संस्कृति केवल इब्राहीमी धर्मों के लिए नहीं हो सकती और जब तक यह चुनिंदा रुख बरकरार है, दुनिया में शांति की संस्कृति वास्तव में फल-फूल नहीं सकती। शर्मा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी संस्था है, जिसे धर्म के मामले में किसी का पक्ष नहीं लेना चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि हम वास्तव में चुनिंदा रुख अपनाते हैं , तो दुनिया अमेरिकी राजनीतिक शास्त्री सैम्युल हटिंगटन के सभ्यताओं का टकराव सिद्धांत को सही साबित कर देगी। शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन से अपील की कि वह चुनिंदा धर्मों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए आवाज उठाए।शर्मा ने अफगानिस्तान में कट्टरपंथियों द्वारा बामियान बुद्ध की प्रतिमा को तोड़े जाने, मार्च में युद्ध ग्रस्त देश में गुरुद्वारे पर बमबारी किए जाने, हिंदू एवं बौद्ध मंदिरों को नुकसान पहुंचाए जाने और कई देशों में इन अल्पसंख्यक धर्मों के लोगों के नस्ली सफाए का भी जिक्र किया। उन्होंने 193-सदर्सईय महासभा में कहा कि बौद्ध, हिंदू और सिख धर्मों के खिलाफ हिंसा जैसे कृत्यों की निंदा होनी चाहिए। शर्मा ने कहा, लेकिन मौजूदा सदस्य देश इन धर्मों के लिए उस तरह से आवाज नहीं उठा रहे, जिस तरह पहले तीन इब्राहीमी धर्मों के खिलाफ उठाई जाती है। यह चुनिंदा रुख क्यों? उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में बताया कि भारत केवल हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म का ही जन्मस्थल नहीं है, बल्कि यह वह भूमि है, जहां इस्लाम, जैन, ईसाई और पारसी धर्मों की शिक्षाओं ने भी मजबूत जड़ें जमाई हैं और जहां इस्लाम की सूफी परंपरा फली-फूली है। शर्मा ने कहा कि भारत केवल एक संस्कृति नहीं, बल्कि अपने आप में एक सभ्यता है।

# मेरी लड़ाई अमेरिकी लोगों का चुनाव में भरोसा कायम रखने के लिए : ट्रंप

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में धोखाधड़ी के अपने आरोपों को एक बार फिर दोहराते हुए अपने समर्थकों से कहा कि उनकी लड़ाई अमेरिकी लोगों के इस चुनाव और भविष्य में होने वाले चुनावों पर भरोसा कायम रखने के लिए है।व्हाइट हाउस में क्रिसमस पार्टी के दौरान ट्रंप ने अपने समर्थकों ने कहा, चुनाव के कुछ दिन बाद ही, हमने देखा कि एक विजेता घोषित



करने के गुप्त रूप से कई प्रयास शुरू हो गए, जबकि कई प्रमुख राज्यों में मतगणना चल रही थी। संवैधानिक प्रक्रिया को चलने देना चाहिए। हर वैध मत की गिनती हो और एक भी अवैध मत की गिनती ना हो हम यह सुनिश्चित करके मतों की सच्चाई की रक्षा करेंगे। ट्रंप ने कहा, यह केवल उन 7.4 करोड़ अमेरिकी लोगों के सम्मान के लिए नहीं है, जिन्होंने मुझे वोट दिया, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि अमेरिकी लोग इन चुनाव और भविष्य के सभी चुनाव पर विश्वास कर सकें। अमेरिकी में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव हुए थे। इसमें डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन को विजेता घोषित किया जा चुका है, लेकिन ट्रंप ने अभी तक अपनी हार स्वीकार नहीं की है।

# करतारपुर साहिब गुरुद्वारा का प्रबंधन हस्तांतरित करना यूएनजीए प्रस्ताव का उल्लंघनः भारत

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

**भारत ने** पाकिस्तान द्वारा पवित्र करतारपुर साहिब गुरुद्वारे का प्रबंधन मनमाने तरीके से गैर सिख इकाई को हस्तांरित करने का विरोध करते हुए कहा कि इस्लामाबाद का यह कदम सिख धर्म, उसके संरक्षण और रक्षा के खिलाफ होने के साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव का उल्लंघन है।

नवंबर में पाकिस्तान ने करतारपुर साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन का कामकाज पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से लेकर एवेक्की ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के प्रशासनिक नियंत्रण में कर दिया था, जो कि गैर सिख इकाई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव आशीष शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में बुधवार को कहा, पाकिस्तान पहले ही पिछले साल इस सभा द्वारा पारित कल्चर ऑफ पीस के शुरुआती प्रस्तावों का उल्लंघन कर चुका है। पिछले महीने पाकिस्तान ने मनमाने तरीके सिखों से पवित्र तीर्थस्थल करतारपुर साहिब गुरुद्वारा का प्रबंधन सिख समुदाय से लेकर गैर सिख इकाई के नियंत्रण वाले प्रशासन को सौंप दिया। शर्मा ने कहा कि यह कृत्य सिख धर्म, इसके संरक्षण और रक्षा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि करतारपुर साहिब गुरुद्वारा का जिक्र दिसंबर 2019 के महासभा के प्रस्ताव में है और पाकिस्तान ने इस प्रस्ताव का उल्लंघन किया।

यूएनजीए ने शांति के लिए अंतरधार्मिक और अंतरसंस्कृति के प्रचार, समझ और सहयोग के प्रस्ताव को पिछले साल दिसंबर में अंगीकार किया था। इसमें करतापुर साहिब गलियारे को खोले जाने की पहल का स्वागत किया गया था। भारत ने पिछले महीने पाकिस्तान के संबंधित फैसले को बेहद निंदनीय करार देते हुए कहा था कि यह सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है।



हाइफाः इजरायल के राष्ट्रपति व अन्य जंगी बेड़े में शामिल हुए एक नये जहाज की वर्षगांठ दौरान आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए

## क्विक न्यूज

### मीडिया कम्पनी के प्रमुख जिमी लाई को धोखाधड़ी के मामले में नहीं मिली जमानत

**हांगकांग।** हांगकांग में लोकतंत्र के बड़े समर्थक एवं दिग्गज मीडिया कर्मी जिमी लाई को अदालत ने बृहस्पतिवार को धोखाधड़ी के आरोप के एक मामले में जमानत देने से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार लाई उन 10 लोगों में शामिल हैं, जिन्हें 10 अगस्त को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन और किसी विदेशी देश के साथ मिलीभगत के संदेह में गिरफ्तार किया गया था। नेक्स्ट डिजिटल के संस्थापक लाई को तब जमानत पर रिहा कर दिया गया था लेकिन पुलिस ने अक्टूबर में उनकी कम्पनी के कार्यालय में छापेमारी की और वहां से कुछ दस्तावेज ले गई। इसके बाद बुधवार को लाई और नेक्स्ट डिजिटल के दो अन्य अधिकारियो पर धोखाधड़ी और कार्यालय परिसर के लिए पट्टे संबंधी नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया। लाई को बृहस्पतिवार को अदालत में पेश किया, जहां उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। इस मामले में अगली सुनवाई अब 16 अप्रैल को होगी।

### पाक के पूर्व प्रधानमंत्री जफरुल्लाह जमाली का निधन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री मीर जफरुल्लाह खान जमाली का बुधवार को रावलपिंडी के एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। वह 76 वर्ष के थे।कुछ दिनों पहले दिल का दौरा पड़ने के बाद जमाली को आर्म्ड फोर्सेज इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट डिजीज में जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया था।उनकी रिश्तेदार और नेता सना जमाली ने मीडिया को बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री का बुधवार शाम को निधन हो गया। जमाली ने नवंबर 2002 से जून 2004 तक प्रधानमंत्री के रूप में काम किया।

### फ्रांस और संयुक्त राष्ट्र लेबनान की सहायता के लिए आगे आए, राजनीतिक सुधार की अपील

**पेरिस।** फ्रांस और संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि वे लेबनान को मानवीय सहायता मुहैया कराते रहेंगे, लेकिन उन्होंने देश के नेताओं से अपील की है कि वे नई सरकार का गठन करें क्योंकि राजनीतिक गतिरोध की वजह से नकदी संकट का सामना कर रहे इस देश के लिए अरबों डॉलर की सहायता राशि अटकी पड़ी है।लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित बंदरगाह पर चार अगस्त को हुए भयानक विस्फोट के बाद संयुक्त राष्ट्र और फ्रांस के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह दूसरी बैठक है। इस विस्फोट की वजह से राजधानी का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया था। इस विस्फोट में 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और हजारों की संख्या में लोग घायल हुए थे।फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने विश्व बैंक, संयुक्त राष्ट्र और यूरोपीय संघ द्वारा संभाले जाने वाले एक कोष के गठन की घोषणा की जिससे लेबनान को मदद दी जाएगी। गुतारेस ने कहा कि हम मिलकर लेबनान के लोगों की मदद कर सकते है ताकि वहां दीर्घकालिक सुधार और पुनर्निर्माण के कार्य हो सकें।

### हाफिज सईद के नेतृत्व वाले जेयूडी के प्रवक्ता को 15 साल की जेल

**लाहौर।** पाकिस्तान की आतंक रोधी अदालत ने मुंबई हमले के सरगना हाफिज सईद के जमात-उद-दावा (जेयूडी) के प्रवक्ता याहया मुजाहिद को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में 15 साल जेल की सजा सुनाई है। आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने आतंकवाद के वित्तपोषण के दो मामलों में पिछले महीने मुजाहिद को 32 साल की सजा सुनाई थी। मुजाहिद के अलावा, एटीसी लाहौर ने बुधवार को जेयूडी के नेता जफर इकबाल को 15 साल और जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद के रिश्तेदार प्रोफेसर हाफिज अब्दुल रहमान मक्की को छह महीने जेल की सजा सुनाई। इससे पहले, एटीसी लाहौर ने इस तरह के तीन मामलों में इकबाल को 26 साल कारावास की सजा सुनाई थी। आतंक रोधी अदालत के न्यायाधीश एयाज अहमद बतर ने आतंकवाद रोधी कानून 1997 के विभिन्न प्रावधानों के तहत 2019 में दर्ज प्राथमिकी के मामले में सजा सुनाई।न्यायाधीश ने जब सजा सुनाई उस वक्त तीनों दोषी अदालत में मौजूद थे। पंजाब पुलिस के आतंक रोधी विभाग (सीटीडी) ने विभिन्न मामलों में सईद समेत जेयूडी के नेताओं के खिलाफ 41 प्राथमिकियां दर्ज की थी। निचली अदालत इनमें से 25 मामलों में सजा सुना चुकी है। आतंक रोधी अदालत आतंकवाद रोधी कानून 1997 की धाराओं के तहत सईद को चार मामले में 21 साल की सजा सुना चुकी है। सईद के नेतृत्व वाला जेयूडी, लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन है। मुंबई में 2008 में आतंकी हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी और इसके लिए लश्कर-ए-तैयबा को दोषी ठहराया गया था। अमेरिका ने सईद का नाम आतंकियों की सूची में डाल रखा है और 2012 से ही उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित है।

### कोविड-19 पर संरा के विशेष सत्र को 100 से अधिक नेता करेंगे संबोधित

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व के कम से कम 100 नेता और अनेक मंत्री बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे संयुक्त राष्ट्र महासभा के कोविड-19 पर विशेष सत्र को संबोधित करेंगे। इसमें वैश्विक महामारी के प्रभाव और वैश्विक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की जाएगी, जिससे दुनियाभर में अभी तक 15 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।

# कंपनियों के साथ गुप्त समझौतों से चीन की जांच में हुई चूक

**एपी। वुहान (चीन)**

**कोरोना वायरस** के प्रसार को रोकने में विफलता को लेकर चीन एक बार फिर सवालों के घेरे में है। चीन की शीर्ष रोग नियंत्रण एजेंसी में गोपनीयता और पक्षपात के कारण बड़े पैमाने पर जांच की कमी रही और गड़बड़ियां सामने आईं जिनसे कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के शुरुआती प्रयास बाधित हुए।समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस की पड़ताल में यह बात सामने आई है। पड़ताल के मुताबिक चीन के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने जांच किटों की डिजाइन और वितरण का अधिकार विशेष रूप से शंघाई की तीन ऐसी कंपनियों को दिया जिनसे अधिकारियों के व्यक्तिगत संबंध थे। इन कंपनियों के बारे में हालांकि तब तक लोगों ने ज्यादा सुना भी नहीं था।

यह पड़ताल 40 से ज्यादा चिकित्सकों, सीडीसी कर्मचारियों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और उद्योग के बारे में जानकारी रखने वालों के साथ ही आंतरिक दस्तावेजों, अनुबंधों,संदेशों और ई-मेल पर आधारित है। इस मामले और लेन-देन के बारे में जानकारी रखने वाले दो सूत्रों के मुताबिक, शंघाई की कंपनियों- जीनियोडीएक्स बायोटेक, हुईरुई बायोटेक्नोलॉजी और बायोजर्म मेडिकल टेक्नोलॉजी- ने चीन सीडीसी को सूचना और वितरण अधिकार के लिए भुगतान किया। उन्होंने अपना नाम जाहिर नहीं करने की इच्छा व्यक्त की थी। सूत्रों ने कहा कि, कीमत: प्रत्एक के लिए 10 लाख आरएमबी (1,46,600 डॉलर) थी। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या रकम खास व्यक्तियों के पास गई। इस बीच सीडीसी और उसकी पितृ एजेंसी नेशनल हेल्थ कमीशन ने अन्य वैज्ञानिकों और संगठनों को अपने घरेलू किटों से विषाणु की जांच करने से रोकने का प्रयास किया।

उन्होंने मरीजों के नमूनों का नियंत्रण ले लिया और कोरोना वायसर से मामलों की पुष्टि के लिए जांच के पैमानों को और ज्यादा जटिल बना दिया। ऐसे समय में जब विषाणु धीमा हो सकता था, त्रुटिपूर्ण जांच प्रणाली ने वैज्ञानिकों और अधिकारियों को यह देखने से रोक दिया कि यह कितनी तेजी से फैल रहा था।

चीनी अधिकारी पांच जनवरी से 17 जनवरी के बीच एक भी नए मामले का पता लगाने में विफल रहे, जबकि वुहान में सैकड़ों लोग संक्रमित थे। इसी शहर में पहली बार वायरस सामने आया था। मामलों को लेकर इस संभावित शांति का मतलब है कि आम लोगों के बीच चेतावनी जारी करने और लोगों को बड़ी संख्या में एक जगह पर इकट्ठा होने से रोकने संबंधी शुरुआती कार्वाई करने में अधिकारियों की प्रतिक्रिया धीमी थी। जांच में यह भी आरोप लगाया गया कि इससे जांच किटों की भी कमी हो गई जिससे बहुत से संक्रमित स्वास्थ्य देखभाल का लाभ नहीं ले पाए। अन्य गलतियों और देरी से जांच की समस्याओं ने विषाणु को वुहान में बेरोकटोक अपनी जड़े जमाने और दुनिया भर में प्रसार का मौका दे दिया।

काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए सीनियर फैलो यानझोंग हुआंक ने कहा, क्योंकि आपके पास जांच किट उपलब्ध कराने वाली सिर्फ तीन कंपनियां थीं, इससे जांच की क्षमता बेहद सीमित हो गई।

उन्होंने कहा, यह एक प्रमुख समस्या थी जिससे मामलों और मौतों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। चीन के विदेश मंत्रालय और चीन की शीर्ष स्वास्थ्य एजेंसी- नेशनल हेल्थ कमीशन- ने इस मामले में प्रतिक्रिया के अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया।

# चीन के विवादित ट्वीट को लेकर ऑस्ट्रेलिया के रुख में आई नरमी

**एपी। वेलिंगटन ( न्यूजीलैंड )**

**ऑस्ट्रेलिया और** चीन के बीच एक ग्राफिक ट्वीट को लेकर राजनयिक वाकयुद्ध ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मोरिसन के सुलह करने वाले स्वरों के बाद बृहस्पतिवार को अंततः शांत होता प्रतीत हुआ।मॉरिसन ने कहा, मेरा और मेरी सरकार का रुख रचनात्मक बातचीत करना है। चीन ऑस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। मॉरिसन ने कहा, चीन के साथ संबंध दोनों देशों के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने ट्वीट और वीचैट पर संदेश को लेकर अपने विचार स्पष्ट कर दिए हैं।मॉरिसन ने गत सोमवार को चीन सरकार से कहा था कि वह उस विवादित तस्वीर को ट्वीट करने के लिए माफी मांगे, जिसमें एक ऑस्ट्रेलियाई सैनिक कथित तौर पर एक बच्चे की हत्या करता दिख रहा है। इस ट्वीट के बाद चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच तनाव पैदा हो गया। मॉरिसन ने चीन के विदेश मंत्रालय से फर्जी ट्वीट को हटाने की मांग की थी, जिसमें अफगानिस्तान में संघर्ष के दौरान ऑस्ट्रेलियाई बलों द्वारा कथित अवैध हत्याओं एवं उत्पीड़न को दिखाने की कोशिश की गई। वीचैट ऐप का संचालन करने वाली कंपनी ने मॉरिसन की पोस्ट डिलीट कर दी थी। मॉरिसन ने बृहस्पतिवार को अलग रुख अपनाते हुए कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि उनका लक्ष्य है कि दोनों देश खुशी से साथ रहें।ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जोश फ्राइडेनबर्ग ने कहा कि वह ट्वीट और वीचैट से डिलीट की गई पोस्ट को लेकर निराश हैं। जोश फ्राइडेनबर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने वीचैट पर अपनी पोस्ट में कहा था कि उन्हें वर्दी पहनने वाले अपने जवानों पर गर्व है। इस पोस्ट को चीनी कंपनी द्वारा डिलीट कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने गत सोमवार को एक ग्राफिक तस्वीर ट्वीट की, जिसमें एक मुस्कुराते हुए ऑस्ट्रेलियाई सैनिक ने चाकू एक बच्चे के गले पर रखा हुआ है। बच्चा एक मेमने को गोद में लिए हुए है।

होम थियेटर

# बच्चों के लिए मजेदार



## द क्रिसमस क्रॉनिकल्सः भाग 2

**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकारः कर्ट रसेल, गोल्डी हान, जुडा लेविस, डार्बी कैंप, किंबरली विलियम्स-पेसले, जूलियन डेनिसन तथा टाइरीस गिब्सन**
**रेटिंगः 6/10**

यदि इसे कोई वयस्क बैठकर देख रहा होगा तो उसे इसकी भाषा का ही कोई तर्क समझ में नहीं आएगा या फिर पूरी कहानी की एक अजीब विचित्रता भी उसकी समझ से परे होगी। लेकिन ये सेंटा के बौने हैं और वे कोई भी भाषा बोल सकते हैं क्योंकि सेंटा उनकी बात को समझ ही लेता है। दूसरी बात ये है कि ये क्रिसमस के अवसर के लिए ही बनी है और हम इसके माध्यम से सेंटा क्लॉज़ और उसकी पत्नी के बारे में अच्छी बातें ही परोसना चाहते हैं। एक दुष्ट बौना कुछ भी करके क्रिसमस की खुशियों को ध्वस्त करना चाहता है आप बच्चे की कल्पना से देखिये कि यदि क्रिसमस, उपहार, मोज़े या फिर घर में कुकीज़ न बने तो क्रिसमस पर उसके जीवन में कितना सूनापन होगा। ये वैसा ही होगा यदि दीवाली पर पटाखे न हों।

लेकिन इसके बाद भी बच्चों को ये फिल्म प्रिय होगी क्योंकि इसमें दिखाए गए बौने भी सुंदर दिखते हैं आप उन्हें छूकर भी देखना चाहेंगे फिर चाहे उनमें से एक दुष्ट ही क्यों न हो। सैंटा का पूरा गांव ही देखने योग्य है। वहां एक बड़े से वर्गाकार मैदान के ठीक बीचो-बीच एक क्रिसमस वृक्ष है और पूरे क्षेत्र में लाइट्स जगमगा रही हैं, तोपें थोड़ी-थोड़ी देर में बर्फ के गोले बरसा रही हैं। ये गांव, वैसे उत्तरी ध्रुव पर एक गुप्त गांव है और किसी को इसके बारे में पता नहीं चलना चाहिये। यही कारण है कि इसपर एक कवर रहता है। वहां चारों ओर क्रिसमस की खुशियां मनाते लोग दिखाई देते हैं। तरह तरह के केक बनाए जा रहे हैं।

सैंटा की स्लेज़ भी इसका एक प्रमुख आकर्षण है। ये बहुत तेज चलती है और इसमें जुते बारहसिंगे दुष्ट बौने के भेड़ियों को खूब छकाते हैं। ये बिलकुल एक विज्ञान कथा जैसी लगती है।

इसके अलावा इस फिल्म में कर्टरसेल तथा गोल्डी हान भी हैं। वे दोनों हॉलिवुड में 37 सालों से एक दूसरे के साथ काम करते आ रहे हैं। गोल्डी को इस फिल्म में पिछली फिल्म की तुलना में काफी बड़ी भूमिका करने को मिली है वो पूरी तरह से पर्व के रंग में रंगी दिखी है और उंगलियों के संकेतों से जादू करने में समर्थ है। पूरी फिल्म उन्हीं के कंधों पर टिकी है चरित्र को निभाने में उनकी सहजता भी स्पष्ट दिखाई देती है। यद्यपि फिल्म की कहानी के अनुसार चरित्र को निभाने में उन्हें कठिनाई भी पेश आई है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि फिल्म बच्चों को अच्छी लगेगी लेकिन बडे लोगों को किसी दूसरी फिल्म की प्रतीक्षा कर लेनी चाहिये।

**- शालिनी सक्सेना**

# परिवार के लिए भी उपयुक्त

## डॉली पार्टन्स क्रिसमस ऑन द स्क्वायर

**प्लेटफॉर्म : नेटलिक्स**
**कलाकारः डॉली पार्टन, जेनिफर लेविस, जोश सेगेरा, जीनी मैसन, ट्रीट विलियम, जेना हैथवे**
**रेटिंगः 5.5/10**

जिन्हें डॉली पैटरन के बारे में नहीं पता हो तो कुछ जानकारी इस प्रकार है। वो देश की सबसे प्रतिभासंपन्न परफॉर्मर्स में से एक है। उन्हें 25 आरआईएए प्रमाणित गोल्ड, प्लेटिनम तथा कई प्लेटिनम पुरस्कार मिल चुके हैं। बिलबोर्ड कंट्री म्यूज़िक चार्ट में उनके 25 गाने नंबर एक पर रह चुके हैं जो किसी भी महिला गायक के लिए रिकॉर्ड है।

इसके अलावा उनके पास 9 ग्रैमी अवार्ड, दो अकादमी अवार्ड नामांकन, 10 कंट्री म्यूज़िक एसोसियेशन अवार्ड , सात अकादमी ऑफ कंट्री म्यूज़िक अवार्ड, तीन अमेरिकन म्यूज़िक अवार्ड तथा स्टील मैग्नोलियाज़ तथा 9 टु 5 जैसी चर्चित फिल्में भी वो कर चुकी हैं।

प्रस्तुत फिल्म एक संगीतमय फिल्म है और इसका भी सफल होना पहले से ही निश्चित है। इसमें वो एक समृद्ध महिला हैं जिन्हें अपने पिता से काफी धन विरासत में मिला है और वो क्रिसमस के दिन ही सभी को निकालने पर तुली हैं। लेकिन जैसा कि होता ही है कि ये क्रिसमस फिल्म है और इसमें लेने से अधिक देने पर जोर रहता है। इसका अंत भी पूर्व निश्चित सा लगता है।

लेकिन मुख्य बात ये है कि इसके संगीत पक्ष पर पूरा ध्यान दिया गया है। इसमें दिखाए गए नृत्य अद्भुत हैं। इसके सेट भी अच्छे बन पड़े हैं और कहानी तथा गानों को एक दूसरे में भलीभांति गुथे प्रतीत होते हैं। वैसे देखा जाए तो कहानी के नाम पर इसमें अधिक कुछ नहीं है लेकिन इसकी कोरियोग्राफी देखने योग्य है। कई धुनों पर तो आपके पैर भी थिरकने पर बाध्य होंगे। इसे देखने के बाद आप भी चमत्कार होते हैं मानने लगेंगे।

**- शालिनी सक्सेना**



# रेमो ने दिया उदीयमान गायकों को ब्रेक

## कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा का कहना है कि अपने कॅरियर के लिए संघर्ष करने वालों के प्रति उनके मन में करुणा का भाव उत्पन्न होता है क्योंकि वो स्वयं भी संघर्ष के माध्यम से ही यहां तक पहुंचे हैं।

कोरियोग्राफर रेमो डिसूज़ा का कहना है कि अपने कॅरियर के लिए संघर्ष करने वाले कलाकरों के प्रति उनके मन में करुणा का भाव उत्पन्न होता है क्योंकि वो स्वयं भी अपने कॅरियर के प्रारंभिक दिनों में संघर्ष के माध्यम से ही यहां तक पहुंचे हैं।

उन्होंने बताया, 'मैं उन उभरती प्रतिभाओं के लिए करुणा का भाव रखता हूं क्योंकि अपने प्रारंभिक दिनों में मैं स्वयं भी कठिन संघर्ष करके ही यहां तक आ सका हूं। मुझे पता है कि प्रतिभाशाली युवा को उचित अवसर न मिलने पर या कई बार बाहर किये जाने से उनपर क्या बीतती है। सालों के कठिन परिश्रम तथा सराहना के कारण ही मैं अपने लिए स्थान बनाने में सफल हो सका हूं। यही कारण है कि मैं नई प्रतिभाओं को अवसर देने पर विशेष ध्यान देता हूं। मैं ये अपने डांसर्स के लिए ये करता था लेकिन मुझे लगा कि गाना तो किसी भी परफॉर्मेंस का अभिन्न अंग होता है और उदीयमान गायकों को भी इस दौर से गुजरना होता है।' हाल ही में रेमो एक म्यूज़िक वीडियो में दिखे थे जिसका गाना था लोग क्या कहेंगे' उनका कहना था कि कैमरे के सामने आने का उनका मुख्य उद्देश्य उदीयमान गायकों को अवसर देना था। उन्होंने बताया, 'मैं गायकों को भी प्रोत्साहित करना चाहता हूं और इस उद्देश्य के लिए ही मैंने वो गाने वाला वीडियो बनाया था।'

उनके अनुसार, 'अभिनव शेखर बहुत प्रतिभाशाली रैपर तथा गायक है। मैं इसमें पहली बार एक डांसर के रूप में कैमरे के सामने आया था क्योंकि वैसे तो मैं आजीवन कोरियोग्राफर रहा हूं और मैं लोगों को डांस सिखाता हूं।'

इस गाने को लिखा तथा गाया है अभिनव शेखर ने जो वीडियो में भी दिखाई दे रहे हैं। तो कैमरे के पीछे से आगे आने के पीछे क्या कारण था? रेमो बताते हैं, 'प्रारंभ में ये अजीब लगा। राहुल शेट्टी ने इसपर काम किया और मैं तो बस डांस में उनके ही निर्देशों का पालन कर रहा था। राहुल ने मुझसे ही प्रशिक्षण लिया है और अब वो मुझे कोरियोग्राफकर रहा है। एक गुरू के रूप में ये मेरे लिए गर्व की बात है क्योंकि मैं भी नए अभिनेताओं के साथ काम करना चाहता हूं।'



# अपने अभिनय से लोगों को चकित कर दूंगाः नमित दास

अभिनेता नमित दास के पास कुछ ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जिनके बारे में अभी घोषणा नहीं की गई है। डिजिटल मनोरंजन से कदम से कदम मिलाते हुए उन्होंने भी अपनी भूमिकाओं जॉनर्स को लेकर पूरे साल प्रयोग किये हैं। ओटीटी स्पेस में उनके हालिया प्रोजेक्ट्स के कारण वो दर्शकों के बीच लोकप्रिय भी हुए हैं।

डिजिटल परिदृश्य में उनके योगदन को मान्यता प्रदान करते हुए उन्हें वर्ष 2020 के प्रमुख 13 कलाकारों की सूची में स्थान प्राप्त हुआ है।

उन्हें एक ऐसा कलाकार माना जाता है जिसने विशेष प्रयासों द्वारा निर्देशक राम माधवानी की लोकप्रिय डिजिटल सीरीज़ 'आर्या' में प्रमुख भूमिका का दमदार निर्वहन किया है।

इस सीरीज़ में प्रमुख भूमिका निभाई है पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन इसमें एक स्नेही मां तथा सख्त पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। दास का चरित्र जवाहर उसे गहनता से प्रभावित करता है। इस सीरीज़ तथा कुछ अन्य प्रोजेक्ट्स के चलते वर्ष 2020 उनके लिए अच्छा माना जा सकता है। 'अ सूटेबल ब्वाय तथा माफिया में भी उनके अभिनय को पूरी दुनिया में सराहा गया था।

नमित ने बताया, 'ये साल मनोरंजन के लिए एक अच्छा साल रहा क्योंकि इसमें लोगों को विविधतापूर्ण शोज़ देखने को मिले हैं। मुझे प्रसन्नता इस बात की है कि मैं विविधतापूर्ण भूमिकाओं से लोगों का मनोरंजन करने में सफल रहा। मुझे लोगों की प्रशंसा मिली इसके लिए मैं उनका कृतज्ञ भी हूं। मैं अपने अभिनय से लोगों को चकित करता रहूंगा। आज मैं यही सब सोचते हुए नए साल में जा रहा हूं।'

वर्तमान में वो आफत-ए-इश्क़ के किसी प्लेटफॉर्म पर प्रारंभ होने की बाट जोह रहा हूं। हाल ही में उन्होंने पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य तथा आत्महत्या पर जागरूकता के प्रसार में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा संकट में फंसे लोगों से बात करने की थैरेपी आधारित एक सेवा में भी वो अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं।



# किसी भी तरह के भेदभाव का सामना नहीं किया

## यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने अभिनय की दुनिया में कदम रखने पर कहा



**भाषा। मुंबई**

**लोकप्रिय** यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने कहा कि सोशल मीडियो से शो की दुनिया में कदम रखना उनके लिए बेहद सहज रहा क्योंकि सिनेमा जगत के लोगों ने कभी उनके अभिनय की संभावनाओं को संकुचित करके नही देखा। वह ऑनलाइन की दुनिया में मॉस्टली सेन के नाम से जानी जाती हैं और पांच साल पहले उन्होंने यूट्यूब और इंस्टाग्राम के लिए कॉमेडी स्केच बनाकर पहचान स्थापित की थी। भले ही कोली ने अभिनय की दुनिया में लघु फिल्म ख्याली पुलाव से कदम रखा हो लेकिन 27 वर्षीय यूट्यूबर को नेटफ्लिक्स पर हाल में आई सीरिज मिसमैच्ड से लोकप्रियता हासिल हुई। इस सीरिज में उनके साथ रोहित श्राफ, रणविजय सिंघा समेत अन्य कलाकार हैं। कोली ने कहा कि उन्होंने कभी अपनी पृष्ठभूमि को लेकर पूर्वाग्रह का सामना नहीं किया और मिसमैच्ड के सेट पर अन्य कलाकारों जैसा ही बर्ताव भी उनके साथ हुआ।

उन्होंने कहा, सेट पर अपने सहकलाकारों, निर्देशकों और निर्माताओं की वजह से मैंने काफी सहज महसूस किया। सभी का सहयोग मिला और कोई भी ऐसा दिन नहीं गुजरा, जहां मुझे गंभीरता से नहीं लिया गया हो। यह सीरिज संध्या मेनन की किताब व्हेन डिंपल मेट ऋषि पर आधारित है।

# अभिताभ बच्चन और अजय देवगन के साथ मेडे में अदाकारा अंगिरा धार भी आएंगी नजर

**मुम्बई।** फिल्म मेडे में अजय देवगन और अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म लव पर स्क्वायर फुट की अदाकारा अंगिरा धार भी नजर आएंगी। अजय देवगन इस फिल्म का निर्देशन भी करेंगे।





अदाकारा ने एक बयान में कहा, अमिताभ सर और अजय सर जैसे फिल्म जगत के दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। अजय देवगन के निर्देशन में काम करने को भी उत्सुक हूं। फिल्म में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह भी नजर आएंगी।

# वैज्ञानिकों ने गनिया घास से बनाया सैनिटाइजर

**देहरादून।** उत्तराखंड में वैज्ञानिकों ने गनिया घास से निकले तेल का इस्तेमाल कर हैंड सैनिटाइजर बनाया है जिसके विभिन्न किस्म के कीटाणुओं के खिलाफ प्रभावी होने का दावा किया गया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह हैंड सैनिटाइजर हर्बल है जिसमें इस्तेमाल किया जाने वाला एल्कोहॉल भी गन्ने के शीरे से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि सैनिटाइजर में कीटाणुओं को मारने की क्षमता बाजार में मौजूद बडीबडी कंपनियों के सैनिटाइजरों के मुकाबले कहीं अधिक है। उन्होंने साथ ही बताया कि बहुत ही जल्द इसे बाजार में उतारा जाएगा जिसके लिए उद्योगों से बातचीत चल रही है।

यह सैनिटाइजर देहरादून की सेलाकृई फार्मासिटी में स्थित उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित संगंध पौध केंद्र (कैप) में गनिया घास के संगंध तेल से तैयार किया गया है जिसकी कीटाणु रोधी प्रकृति है। कैप के प्रमुख डा नृपेंद्र चौहान ने बताया कि उत्तराखंड में बहुतायत से जंगली तौर पर उगने वाली गनिया घास पर किए गए विभिन्न प्रयोगों में इसे सैनिटाइजर बनाने के लिए बहुत बढ़िया पाया गया। चौहान ने दावा किया है कि गनिया घास के बने संगंध तेल की कीटाणु रोधी प्रकृति के कारण उसका उपयोग मानव त्वचा के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया कि यह हाथों की त्वचा पर पाए जाने वाले सभी प्रकार के बैक्टीरिया और फंगस तथा उनसे होने वाले खुजली को समाप्त कर देता है।

एक सर्वेक्षण में पाया गया कि उत्तराखंड में 2.6 लाख हेक्टेअर क्षेत्र गनिया घास से आच्छादित है और अगर केवल 10 प्रतिशत क्षेत्र में उत्पादित घास का ही इस्तेमाल किया जाए तो कुल 104 कुंतल संगंध तेल निकाला जा सकता है। चौहान ने कहा कि गनिया घास पर शोध टिहरी जिले के धनोल्टी क्षेत्र के जबरखेत गांव में शुरू किया गया था। गनिया घास पर हुए तीन वर्षों के गहन अध्ययन व शोध के उपरांत यह सैनिटाइजर बनाया गया। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रूप से भी स्थानीय लोग गनिया घास का औषधीय उपयोग सूजन, खांसी, सर्दी, अस्थमा, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस आदि के लिए करते रहे हैं। वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि कोविड 19 से बचाव के लिए हाथों की नियमित स्वच्छता आवश्यक है और इसके लिए साधारण साबुन, हैंड वॉश और हैंड सैनिटाइजर तीनों विकल्पों में से गनिया घास के तेल का उपयोग किया जा सकता है। मई में गनिया हर्बल हेंड सैनिटाइजर नाम से इसका वृहद उत्पादन शुरू किया गया और पहले 1000 लीटर सैनिटाइजर का निर्माण किया गया। इसमें आधा लीटर की 2000 बोतलें व 60 मिलीलीटर की 650 बोतलें तैयार की गईं और लॉकडाउन के दौरान इनका निशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कैप ने गनिया सैनिटाइजर के लिए कोटद्वार के एक उद्यमी को नॉनएक्सलूसिव लाइसेंस दे दिया है जो शीघ्र ही इसका उत्पादन कर उसे बाजार में उतारेगा। चौहान ने बताया कि कई अन्य उद्यमियों से भी लाइसेंस के लिए बातचीत चल रही है।

# कार्यस्थल पर हास्य-विनोद से बढ़ती है सृजनात्मकता, कम होता है तनाव : पुस्तक

**नई दिल्ली।** कार्यस्थल पर हास्य-विनोद से न सिर्फ सृजनात्मकता और समस्या का समाधान करने की क्षमता बढ़ती है, बल्कि यह दूसरों को भी प्रेरित करता है, तनाव दूर करता है तथा एक ऐसा माहौल बनाता है जिसमें सहकर्मी सुरक्षित एवं प्रसन्न महसूस करते हैं। एक नई पुस्तक में यह दावा किया गया है। जेनिफर आकेर और नाओमी बागडोनास ने ह्यूमर,सीरियसली शीर्षक वाली अपनी पुस्तक में वैज्ञानिकों, लोकप्रिय कॉमेडियन और प्रेरणा देने वाले कारोबार जगत के दिग्गज लोगों के निष्कर्षों के आधार पर इस बात का जिक्र किया है कि किस तरह से हास्य-विनोद अपना प्रभाव दिखाता है। पुस्तक का प्रकाशन पेंग्विन बिजनेस ने किया है। जेनिफर और नाओमी स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस में ह्यूमरःसीरियस बिजनेस शीर्षक से एक पाठ्यक्रम का अध्यापन करते हैं। उन्होंने यह प्रदर्शित किया है कि हास्य-विनोद का इस्तेमाल एक ऐसा माहौल बनाता है, जो जीवंत होता है और वहां सृजनात्मकता बढ़ती है। लेखकों ने कहा है कि हास्य-विनोद को आज के समय में ज्यादातर कार्यस्थलों पर व्यापक रूप से महत्व नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, हमने यह पुस्तक हमारे करियर, हमारे कामकाज और हमारे जीवन में इसके फायदों के बारे में बताने के लिए लिखी है।


# उत्तर भारत का मैदानी हिस्सा बन गया वायुमंडलीय अमोनिया का हॉटस्पॉट

## आईआईटी खड़गपुर का अध्ययन

**नई दिल्ली** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर के अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक कृषि की अत्यधिक गतिविधियों और उर्वरक के उत्पादन के चलते उत्तर भारत का मैदानी हिस्सा वायुमंडलीय अमोनिया (एनएच3) का वैश्विक हॉटस्पॉट है। भारत में वायुमंडलीय अमोनिया का रिकार्ड उच्च स्तरः स्थानिक एवं अस्थाई विश्लेषण शीर्षक वाला अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल साइंस ऑफ द टोटल इनवायरोन्मेंट में भी प्रकाशित हुआ है। आईआईटी की टीम ने यह अध्ययन भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान,पुणे के अनुसंधानकर्ताओं और कुछ यूरोपीय अनुसंधानकर्ताओं के साथ किया है। टीम ने स्थान आधारित फसल प्रबंधन अपनाने और उर्वरकों के मौसमी प्रतिबंध की भी सिफारिश की है। आईआईटी खड़गपुर के सागर, नदी, वायुमंडल केंद्र में प्राध्यापक जयनारायणन कुट्टीप्पुरथ ने कहा, अत्यधिक मात्रा में अमोनिया वाले उर्वरकों को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक वस्तु माना जाता है। अपने तरह के पहले अध्ययन में कृषि क्षेत्र से उत्सर्जित होने वाली अमोनिया का विश्लेषण हमने किया है और इसके नतीजे वैश्विक पर्यावरणविदों की इन आशंकाओं के अनुरूप है कि उत्तर भारत का मैदानी हिस्सा वायुमंडलीय अमोनिया का हॉटस्पॉट है। उन्होंने कहा है कि कृषि संबंधी उत्सर्जन से एकत्र किए गए उपग्रहीय आंकड़ों से वायुमंडलीय अमोनिया की मौजूदगी प्रदर्शित होती है। भारत में 2008-2016 के बीच वायुमंडलीय अमोनिया की मौसमी विविधता का अध्ययन करने के लिए उपग्रहीय आंकड़ों का उपयोग किया गया। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि खरीफ फसल की अवधि में (जून से अगस्त तक) वायुमंडलीय अमोनिया सालाना 0.08 प्रतिशत की दर से बढ़ा। कुट्टीप्पुरथ ने कहा कि वायुमंडलीय अमोनिया मुख्य रूप से कृषि गतिविधियों से पैदा होता है, जिनमें नाइट्रोजन वाले उर्वरकों का इस्तेमाल, खाद प्रबंधन, मिट्टी एवं जल प्रबंधन तथा पशुपालन गतिविधियां शामिल हैं।

# कंगना के खिलाफ दाखिल मानहानि शिकायत के संबंध में जावेद अख्तर ने बयान दर्ज कराया

**मुंबई।** गीतकार जावेद अख्तर ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ दाखिल की गई मानहानि की शिकायत के संबंध में बृहस्पतिवार को यहां एक मेट्रोपॉलिटन अदालत में अपने वकील के जरिए बयान दर्ज कराया। अख्तर ने पिछले महीने अंधेरी मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष रनौत के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दाखिल की थी, जिसमें कंगना पर टीवी साक्षात्कारों के दौरान अख्तर के खिलाफ कथित रूप से मानहानिकारक तथा बेबुनियाद टिप्पणियां करने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने रनौत के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत कार्वाई करने की मांग की थी। मामले की प्रक्रिया के तहत दिग्गज शायर-गीतकार ने शिकायत के सत्यापन के



लिए अपने वकील के जरिए मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया। अदालत ने इस मामले को 19 दिसंबर सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। शिकायत में कहा गया है कि रनौत ने अख्तर पर बेबुनियाद आरोप लगाए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। इसमें कहा गया है कि रनौत ने इस साल जून में अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद बॉलीवुड गैंग का जिक्र करते हुए अख्तर का नाम लिया था। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रनौत ने दावा किया था कि अख्तर ने उन्हें चेतावनी दी थी कि वह अभिनेता ऋतिक रौशन के साथ कथित संबंध के बारे में न बोलें। शिकायत के अनुसार ए सभी बयान लाखों लोगों तक पहुंचे, जिससे अख्तर की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है।

डीएम ने गिराई गाज

# शौचालय निर्माण में लापरवाही महिला प्रधानों-सचिव पर केस

- ग्राम पंचायत ग्वाहडीह, रेवान अर्थलियाग्रंट की प्रधानों-तत्कालीन सचिवों पर हुई कार्रवाई

संवाददाता। सीतापुर

**शौचालय** निर्माण में लापरवाही बरतने पर जिले के तीन प्रधान-सचिवों पर गिरी गाज, डीएम विशाल भारद्धाज के फरमान पर तीन प्रधान-सचिवों पर होगा केस, एसबीएम एवं एलओबी के तहत बनाए गए शौचालयों की कराई गई थी जांच, जांच अफसर की रिपोर्ट पर रामपुर मथुरा विकास खंड की ग्राम पंचायत ग्वाहडीह के प्रधान गौरी व सचिव कुलदीप, विकास खंड सकरन के ग्राम पंचायत रेवान की प्रधान कनकलता, सचिव प्रदीप कुमार और विकास खंड ऐलिया के ग्राम पंचायत अर्थलियाग्रंट की प्रधान लजीमा एवं तत्कालीन सचिव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सम्बंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश संबंधित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को दिए हैं।



## कोरोना की चपेट में नवागत सीएमओ मधु गैरोला आयीं

**सीतापुर।** डफरिन सीएमएस के बाद कोरोना ने नवागत सीएमओ मधु गैरोला को चपेट में ले लिया है। बता दें इससे पहले भी कई स्वास्थ्य कर्मी कोरोना की संक्रमित हो चुके हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य कर्मी लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। विगत दिनों सीएचसी तम्बौर में खुले में पीपीई किट पड़ी मिली थीं। इसके अलावा शहर के अस्पतालों में भी लापरवाही देखी जा सकती है।

## 24 घंटे में मिले कोरोना के दो मरीज

**सीतापुर।** थोड़ा है थोड़े की जरूरत है, कोरोना के लेकर इसी तरह से सजगता बरतते हुए सीतापुर जीत की तरफ बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे में जिले में सिर्फ2 मरीज मिले हैं, जो अब तक कोरोना के इतिहास सबसे कम हैं। सिधौली में 2 केस छोड़ जनपद के किसी हिस्से में मरीज नहीं मिला है। जिले में अब कोरोना मरीजों की संख्या 4,616 हो गई है।

तिलक समारोह में हुई हर्ष फायरिंग

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि के ड्राइवर को लगी गोली, ट्रामा रेफर

संवाददाता। सीतापुर

**महोली** कोतवाली इलाके में बुधवार रात तिलक समारोह में हुई हर्ष फायरिंग, ऐलिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के ड्राइवर को लगी गोली, समारोह में मची अफरा-तफरी, आनन फानन घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने रेफर किया ट्रॉमा सेंटर, मौके पर पहुंची पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली महोली के सिंघौड़ा के पूर्व प्रधान संजय सिंह के भतीजे महिपाल सिंह पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। बुधवार रात को महिपाल सिंह का तिलक था। समारोह में कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। हर्ष फायरिंग के दौरान एक गोली वहां पर मौजूद एलिया ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह के ड्राइवर, इमलिया सुल्तानपुर के रोजहा निवासी राजू सिंह पुत्र अजय पाल सिंह को लग गई। बताया जाता है कि उसे गोली बाई तरफ लगी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायरिंग करने वाले सदरपुर थाना के मुसैदापुर निवासी रवि को गिरफ्तार किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह ने बताया कि घायल का दोबारा अल्ट्रासाउंड कराया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ऑपरेशन की कार्रवाई की जाएगी।



सीतापुर-जिला अस्पताल में भर्ती गोली लगने से घायल युवक पायनियर

# अब गांव की सरकार बनाने की तैयारी

- चुनाव कराने से पहले होगा परिसीमन
- अपर मुख्य सचिव ने जारी किया परिसीमन कार्यक्रम

संवाददाता। सीतापुर

**शिक्षक-स्नातक** एमएलसी चुनाव कराने के बाद अब योगी सरकार गांव की सरकार के चुनाव की तैयारियों में जुट गई। यह चुनाव कराने से पहले सरकार ग्राम पंचायतों का आंशिक परिसीमन कराएगी। यह परिसीमन उन ग्राम पंचायतों में होगा, जो नगर निकायों की सीमा विस्तार याफिर नई निकायों के सृजन से प्रभावित हो गई हैं। परिसीमन के लिए उत्तर प्रदेश अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बकायदा कार्यक्रम जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश में गांवों की सरकार का कार्यकाल 25 दिसंबर तक खत्म रहा है। कार्यकाल की समाप्ति से पहले नए कार्यकाल का गठन होना था, मगर दुनिया और देश में फैले कोरोना वायरस के चलते सरकार ने इस प्रक्रिया को फिलहाल टाल दिया था। कोरोना दौर में ही पहले बिहार राज्य समेत उप विधान सभा चुनाव कराए। शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव की वोटिंग कराने के बाद सरकार अब गांवों की सरकार बनाने की प्रक्रिया में जुट गई है। ये चुनाव कराने से पहले सरकार ग्राम पंचायतों का आंशिक परिसीमन कराएगी। यह आंशिक परिसीमन उन ग्राम पंचायतों में होगा, जहां पर नगर निकाय की सीमा विस्तार व नई निकायों के सृजन से असर पड़ा है। उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने समय सारिणी जारी कर दी है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक यह परिसीमन वर्ष 2011 की जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा। यह कार्य चार दिसंबर से ग्यारह दिसंबर तक होगा। बारह से 21 दिसंबर तक ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्रों की प्रस्तावित सूची तैयारी व प्रकाशन कार्य किया जाएगा। 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक प्रस्तावित सूची पर आपत्तियां ली जाएगी। 27 दिसंबर से दो जनवरी तक आपत्तियों का निस्तारण होगा। तीन जनवरी से छह जनवरी के मध्य निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा, हालांकि सीतापुर में परिसीमन का कोई खबर असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि यहां पर नगर पंचायत तम्बौर-अहमदाबाद के अलावा कहीं भी कोई बदलाव नहीं किया गया, सिर्फ एक वार्ड में मामूली फेरबदल किया गया है।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

- बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन ने दिलाई शपथ

संवाददाता। सीतापुर

**अधिवक्ता** दिवस के अवसर पर गुरुवार को बिसवां लायर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। बतौर मुख्य अतिथि, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन व सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने इन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कहा कि सभी ध्नवनियुक्त पदाधिकारियों से अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। एसोसिएशन सभागार में उन्होंने कहा कि बार काउंसिल हमेशा अधिवक्ताओं के हितों के लिए प्रयासरत है, उसने कोरोना काल मे कमजोर अधिवक्ताओं के लिए बार काउंसिल ने दस लाख आठ हजार 9 सौ छत्तीस रुपये की सहायता की है। यह धनराशि स्थानीय अधिवक्ता संगठनों द्वारा पारदर्शी तरीके से पात्र अधिवक्ताओं को वितरित की जाएगी। विशिष्ट अतिथि, सिविल जज (जू डि) रामेश्वर दयाल ने बार और बेंच के महत्व को समझाया। साथ ही भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों का अनुसरण करने की नसीहत भी दी। विधायक बिसवां महेंद्र सिंह यादव ने कहा कि बार एशोसिएशन को टीनशेड देने का काम किया है।अधिवक्ता की हर सम्भव मदद की जाएगी। विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने कहा बार एशोसिएशन के लिए हमेशा बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस मौके पर पूर्व एमएलसी राकेश सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आदर्शवादी बताया और उनके बताए हुए उनके मार्गो को अनुसरण करने को कहा। संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता पदमकांत शर्मा प्रभात ने किया। उन्होंने बिसवां लायर्स एसोसिएशन के गरिमामयी इतिहास विस्तार के साथ रखा। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष पुत्ती लाल वर्मा, सचिव नागेन्द्र मौर्य, वीरेंद्र शुक्ला, राजेश सिंह, आरपी सिंह ने माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। अंत में आगन्तुकों का आभार अध्यक्ष पुत्ती लाल वर्मा ने व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष भोलानाथ बाजपेयी, लालजी वर्मा, मनोज वर्मा, रसिक बिहारी गुप्ता, ब्रजेश नारायण गुप्ता, अशोक वर्मा, अभय अवस्थी, रामकिशोर वर्मा, राजेंद्र वर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

## आश्रितों को दी आर्थिक मदद

**पूर्व चेयरमैन** एवं सदस्य अजय शुक्ल ने बताया कि जिले के दिवंगत अधिवक्ता महेंद्र सिंह तोमर की पत्नी संध्या सिंह, स्व अनिल अवस्थी की पत्नी बीना, स्व कृष्णराज सिंह की पत्नी पन्ना सिंह, स्व. मुज्किर की पत्नी उजमा, स्वर्गीय विनीत की पत्नी रचना शुकला एवं अतुल सक्सेना की पत्नी विनीता को ट्रस्टी कमेटी द्वारा 5-5 लाख तथा जयप्रकाश श्रीवास्तव की पत्नी सोनपरी एवं स्व ओमप्रकाश दुबे की पत्नी को डेढ़ लाख रुपये दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार से कोरोना पीड़ित अधिवक्ताओं की सहायता के लिए 1500 करोड़ रुपये की मांग की गई है तथा जूनियर अधिवक्ताओं को सरकार के सहयोग से 5 हजार लाइब्रेरी के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार बाइक ने मजदूर को मारी टक्कर, मौत

**सिधौली सीतापुर।** सिधौली थाना के महमूदाबाद रोड पर जाफरीपुरवा के पास तेज रफ्तार बाइक ने बकाया मजदूरी लेने जा रहे एक मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर शकील की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को हिरासत मे लिया है।

### मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारम्भ

**मछरेहटा सीतापुर।** सीएचसी मछरेहटा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का शुभारम्भ हो गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार व मनोरोग चिकित्सक डॉ. प्रांशु अग्रवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अधीक्षक ने बताया कि आशा व आंगनबाड़ियों के माध्यम से गांव में लोगों को मानसिक इलाज को जागरूक किया है। डॉ. प्रांशू अग्रवाल ने बताया मांसिक बीमारी किसी को भी हो सकती है, इसमें मरीज को घबराने की बात नहीं है। इस मौके पर डॉ. दीपक यादव, डॉ. सायना, अनिल कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

### पान की खेती करने वालों को मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

**सीतापुर।** पान की खेती करने वाले किसानों के लिए अच्छी खबर है। जिला उद्यान अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि विभाग की वेबसाइट पर रजिस्टर्ड किसानों को पानी की खेती करने के लिए 50 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान उनके कार्यलय पहुंचकर भी पंजीकरण करा सकते हैं।

### रत्नेश द्विवेदी मण्डल व डा. वीरेन्द्र आर्य बने जिलाध्यक्ष

**सीतापुर।** रत्नेश द्विवेदी को भारत परिषद का मंडल अध्यक्ष और डॉ. वीरेंद्र आर्य को जिलाध्यक्ष बनाया है। आकाश राय को जिला महासचिव मनोनीत किया है। ये मनोनयन शहर के आनन्द नगर स्थित भारत परिशद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ वीके सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह, मनोज शर्मा, रूबी शर्मा, गौरी शंकर त्रिवेदी, जीतेन्द्र सिंह, अंकित सिंह आदि मौजूद थे।

### दूर संचार सलाहकार समिति के सदस्य हुए नामित

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वैजनाथ निषाद, सीमा वर्मा, चंद्र भूशण शुक्ला, राकेश राठौर गुरु को दूर संचार सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। सदस्य नामित सांसद राजेश वर्मा, रेखा वर्मा, कौशल किशोर व अशोक रावत, विधायक ज्ञान तिवारी, महेंद्र यादव, सुनील वर्मा, शशांक त्रिवेदी, सुरेश राही ,राम.श्ण भार्गव, क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, संजय मिश्र आदि ने बधाई दी है।

### ग्राम पंचायतों में अभी भी डम्प पड़ा एक अरब का बजट

**सीतापुर।** ग्राम पंचायतों में अभी भी एक अरब का बजट डम्प पड़ा है। बावजूद इसके जिम्मेदार इसे खर्च नहीं कर पाए हैं। जबकि गांव की सरकार के कार्यकाल खत्म होने में महज 22 दिन बचे हैं। ऐसे में प्रधानों की धुकधुकी बढ़ गई है। प्रधान सरकार पर कार्यकाल खत्म होने बाद भी अधिकारों को बहाल करने का दबाव बना रहे हैं, हालांकि अभी तक सफलता मिलने के संकेत नहीं दिख रहे हैं। इस प्रकरण में सरकार क्या निर्णय लेगी ये तो भविष्य ही बताएगा।

### तूल पकड़ने लगा गायब लड़की का मामला

**तंबौर सीतापुर।** थाना तंबौर इलाके के गांव माखूबेहड़ में गायब लड़की मामला तूल पकड़ने लगा है। लड़की बरामदगी और आरोपियों की गिरतारी की मांग के समर्थन में हिन्दू वाहिनी के जिला प्रभारी केके सिंह समर्थकों के साथ एसपी आरपी सिंह से मिले। एसपी ने दो दिन में लड़की को बरामद करने का भरोसा दिया। प्रतिनिधि मंडल में उत्तम सिंह चौहान, शरद सिंह और अभिनव मिश्र भी शामिल थे।

### पेड़ से टकरायी कार, चालक की मौके पर मौत

**रामकोट सीतापुर।** थाना रामकोट के सीतापुर- हरदोई मार्ग पर बुधवार की रात कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। हादसे में लोधौरा निवासी चालक अंकुर श्रीवास्तव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। कार शहर के इस्माइलपुर निवासी आलोक श्रीवास्तव की बताई जा रही है।

### ग्राम पंचायत बरेती जलालपुर में अधूरे सामुदायिक शौचालय का हुआ उद्घाटन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर की ग्राम पंचायत बरेती जलालपुर में अधूरे सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन किया है। इतना ही नहीं प्रधान राधिका, ग्राम पंचायत अधिकारी जाहिद अली और एडीओ पंचायत नौशाद अली ने मिलीभगत कर चहेते महिला समूह को शौचालय की चाभी सौंप दी है।

### मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कमलापुर बीजेपी मण्डल की हुई बैठक

**कमलापुर सीतापुर।** मतदाता पुनरीक्षण को लेकर कमलापुर के राधाकृष्ण मंदिर में कमलापुर बीजेपी मंडल की बैठक हुई। इस दौरान पुनरीक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का निर्णय किया गया। बैठक में जिला मंत्री रमेश भार्गव, जिला उपाध्यक्ष करूणा शंकर त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष अमर बाजपेयी, महामंत्री नागेन्द्र सिंह, आशुतोश मिश्रा, प्रताप यादव, लालता बक्स सिंह, अशेश सिंह आदि मौजूद थे।

### अधिवक्ता दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**लहरपुर सीतापुर।** अधिवक्ता दिवस के अवसर पर लहरपुर तहसील बार सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एवं वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र का माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने प्रथम राष्ट्रपति के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद बाजपेयी, संयुक्त सचिव प्रशांत शुक्ला, कन्हैयालाल तिवारी, दिनेश श्रीवास्तव, बालकृष्ण वर्मा, जवाहरलाल मिश्र, रामे बाजपेयी, अपूर्व त्रिवेदी, रोहित पाण्डेय, दिनेश गौतम, दिनेश भार्गव आदि मौजूद थे।

### शातिर अपराधियों पर हुई बड़ी कार्रवाई, 18 अभियुक्त जिला बदर

**सीतापुर।** सीतापुर प्रशासन ने शातिर अपराधियों पर बड़ी कार्यवाही की है। अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक हरिशंकर लाल ने 18 अभियुक्तों को जिला बदर किया है, इसमें थाना रामकोट के काशीराम कॉलोनी निवासी टिंकू कनौजिया, अहलादपुर के सोहन, खटखरी खुर्द के ओमकार, थाना कमलापुर के मैनीढकिया निवासी राजेंद्र यादव, गढ़ाजयरामपुर के शिवेंद्र प्रताप सिंह, कोतवाली महमूदाबाद के लखनीपुर निवासी मंजीत, भगिया बिरौली बाजार के बशीर अहमद, कोतवाली सिधौली के अकोहरा के इजहार, थाना रेउसा के सिकरोहर कलां के धनेश व रामकुमार, थाना संदना के जमुनापुर के फूलचंद्र, थाना मछरेहटा के इटौवा के दिनेश, थाना तंबौर के नवाब शाह कस्बा के इम्तियाज व दिलशाद, थाना थानगांव के सुजातपुर के मदन और थाना इमलिया सुल्तानपुर के बेला गोवर्धनपुर के मनोज शामिल हैं।

विधायक ने हवन पूजन के साथ किया पुल का शिलान्यास

# योगी सरकार में नदी पर पुल बनाने का सपना हुआ साकार

- सकरन के ताजपुर सलौली के ग्रामीण नदी पर पुल की कर रहे थे मांग

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** के सकरन ब्लॉक के ताजपुर सलौली के ग्रामीण हर वर्ष किवानी नदी की बाढ़ आपदा का सामना करते आ रहे हैं, तमाम ग्रामीणों के खेत नदी के उस पार स्थित होने के चलते खेती बाड़ी की जरूरत को पूरा करने, बाजार, अस्पताल आदि जाने व गांव के बच्चों को पढ़ने-लिखने के लिए नदी को पार करना सबसे बड़ी समस्या थी। इसके लिए नदी पर पुल बनाए जाने की बहुत जरूरत थी, ग्रामीणों ने नदी पर पुल बनाए जाने के लिए लगातार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान न होते देख ग्रामीणों ने आपस में चंदा लगाकर करीब तीन दशक पूर्व नदी पर लकड़ी और बांस की सहायता से पुल बनाकर नदी पार करने लगे। ग्रामीणों का कहना कि किवानी नदी पर बनाए गए बांस और लकड़ी के इस पुल से क्षेत्र के बेलवा बसैया, मदनापुर,सकरन,ताजपुर सलौली, बरछता, मुर्थना, कल्ली, अंबाई, झउआ कलां, कोंसर, कम्हरिया महरिया, पिपरा खुर्द ,जीजौली आदि जगहों के ग्रामीण नदी को पार करते हैं। सूबे में योगी सरकार बनने पर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक महेंद्र प्रताप सिंह यादव से नदी पर पुल बनवाने की मांग कर रहे थे। उनकी पहल पर आज नदी पर तीन दशक बाद पुल बनने का सपना साकार हो रहा है। विधायक महेंद्र सिंह यादव ने हवन पूजन के साथ पुल का शिलान्यास किया। कहा कि आज ग्रामीणों को पुल की सौगात देते हुए उन्हें बहुत ही हर्ष हो रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह,ज्ञानेंद्र मिश्र, सचिन मौर्य,मनीराम अवस्थी, चंद्रभाल चौरसिया,रमेश यादव, आलोक गुप्ता,जेपी यादव, विनीत सिंह, सेतुबंद यादव ,कौशल मौर्य विकास बाजपेई ,दीपक शुक्ला ,रामनाथ, सोनू,बबलू मोर्य, राकेश चौरसिया, अखिलेश मिश्रा ,कमलेश भार्गव आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## डम्फर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, युवक घायल

**कमलापुर सीतापुर।** थाना कमलापुर के कस्बा मास्टरबाग में तेज रफ्तार डम्फर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार, चपरुआ निवासी रंजीत यादव गंभीर घायल हो गया, वहीं उसकी मां भी चोटिल हो गई। रंजीत का इलाज जिल अस्पताल में चल रहा है।

## परिवार परामर्श केंद्र पर सुनी महिलाओं की समस्याएं

संवाददाता। सीतापुर

**महिला एवं बाल** कल्याण विकास मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड की सचिव प्रीता श्रीवास्तव ने गुरुवार को सीएचसी सिधौली में चल रहे परिवार कल्याण परामर्श केंद्र का मुआयना किया। यह केंद्र विनोद बख्शी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित किया जा रहा है। मुआयने में उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को सुना। उनके द्वारा कई मामले निपटाए गए। मुआयने में सचिव प्रीता श्रीवास्तव ने बताया कि महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार एवं पारिवारिक विवाद जैसी समस्याओं को हल करना इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है। इस संस्था द्वारा किसी से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी अश्वनी कुमार एवं विनोद बक्शी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट के सचिव वीणा खुराना, परामर्श केंद्र की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेहान आलम, काउंसलर काजल राय एवं रुपाली शुक्ला उपस्थित रही।

गोंदलामऊ क्षेत्र के किसान ने कायम की मिसाल

# किशोरी लाल को मिली कृषि मंत्री की सराहना

- खालेगढ़ी के किसान 25000 रू. प्रति माह आय कर रहे प्राप्त, अन्य किसानों के बने रोल मॉडल

संवाददाता। गोंदलामऊ सीतापुर

**रासायनिक** उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग से बेजान हो रही खेतों की मिट्टी को नया जीवन देने और फसलों को जहरीले प्रभाव से मुक्त करने को सीतापुर के गोंदलामऊ 58 वर्षीय किसान किशोरी लाल ने जैविक खेती अपनाने का संदेश दिया है। कृषि क्षेत्र में सालाना लाखों रूपये की आय अर्जित कर किसान ने जिले में एक मिसाल कायम की है। इस किसान के विषय में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप साही ने ट्वीट किया है सीतापुर जिले में कृषि विभाग की आत्म योजना से प्रेरित होकर खालेगढ़ी गांव के किसान पिछले दो वर्षों से वर्मी कंपोस्ट, जीवामृत, घनामृत, दशपरणी आदि का व्यवसायिक उत्पादन और बिक्री कर रू. 10000 से शुरू कर इस समय प्रति माह रू. 25000 आय प्राप्त कर रहे है।



किसान किशोरी लाल

# सड़क हादसों में दो की गई जान, एक जख्मी

**सीतापुर।** यातायात माह खत्म होते ही सड़क हादसे एक बार फिर बढ़ गए हैं। सड़क हादसों में दो लोगों की हुई मौत, एक घायल को भेजा जिला अस्पताल। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, दोनों शव को भेजा पोस्टमार्टम। जिले में अलग-अलग थाना इलाकों में हुए ये सड़क हादसे। पहला हादसा सिधौली कोतवाली इलाके में सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर जाफरीपुरवा के पास हुआ। बुधवार की शाम मजदूरी का बकाया पैसा लेने पैदल जा रहे कटसरैया मजरा जसवंतपुर निवासी 35 वर्षीय शकील पुत्र अली रजा एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अटरिया थाना इलाके के सरौरा निवासी बाइक सवार राम सिंह को मय बाइक के हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। रामकोट थाना इलाके में सीतापुर-हरदोई मार्ग पर लोधोरा के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में लोधौरा निवासी पच्चीस वर्षीय हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। मृतक हरीश भाजपा नेता ललित श्रीवास्तव का ड्राइवर बताया जा रहा है। क्षतिग्रस्त कार भी उन्हें की बताई जा रही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। उधर, थाना कमलापुर इलाके के कस्बा मास्टरबाग में तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम चपरुआ निवासी रंजीत यादव पुत्र टन्नू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सीएचसी पहुंचाया, नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायल बाइक सवार रंजीत यादव अपनी मां के साथ प्रसाद चढ़ाने को बुढ़वा बाबा मंदिर को जा रहा था। हादसे में बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# उपकरण पाकर दिव्यांगों के खिले चेहरे

- विधायक ने बांटे कृत्रिम उपकरण
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिव्यांग बच्चों ने मोहा मन

संवाददाता। सीतापुर

**विश्व** दिव्यांगता दिवस पर गुरुवार को कृत्रिम उपकरण पाकर जिले के 26 दिव्यांग बच्चों पर मुस्कान दिखी। इन्हें बतौर मुख्य अतिथि, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने उपकरण प्रदान किए। समारोह में दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध किया। जिला दिव्यांग जन सघ्शक्तिकरण विभाग की ओर से गुरुवार को शहर के जिला पुर्नवास केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने घ्मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। कहा कि केंद्र- राज्य दोनों सरकारें दिव्यांगों के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण दिए जा रहे हैं। साथ ही उन्हें पेंशन भी दी जा रही है। आत्म स्वाबलंबी बनाने को दिव्यांगों को आर्थिक सहायता भी मुहैया कराई जा रही है। जिला दिव्यांग जन सशिक्तकरण अधिकारी मोनिका लाल ने बताया कि समारोह में 26 दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में दो को ईयर मशीन, तीन को ट्राई साइकिल बांटी गई। तीन दृष्टिहीन बच्चों को स्मार्ट बेंत बांटे गए हैं। इन बेंत की खाशियत यह है कि राह चलते अगर कोई ठोकर सामने पड़ती हैं तो ये स्मार्ट बेंत कम्पन कर उन्हें सचेत कर देंगे। इसके अलावा दिव्यांगों को वैशाखी का भी वितरण किया गया है।



सीतापुर-दिव्यांग छात्रा को कृत्रिम उपकरण देते महोली विधायक शशांक त्रिवेदी पायनियर

## स्वेटर पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे

**सीतापुर।** सिधौली इलाके के प्राथमिक विद्यालय देवीपुर द्वितीय में गुरूवार सुबह 72 नौनिहालों को निःशुल्क स्वेटर बांटे गए। स्वेटर पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश चंद्र यादव व अनीत मिश्रा ने बच्चों को प्रोत्साहित कर नैतिक कर्तव्य का बोध कराया। सोशल डिस्टेंनसिंग का पालन करते हुए बच्चो को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में किसान यूनियन के विजय प्रताप सिंह, रोहित मिश्रा, सौरभ कुमार सिंह, अजयपाल, मधुबन सिंह आदि शामिल रहे।

## वांछित अपराधियों पर हुई कार्रवाई, दो महिलाओं समेत पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** वांछित अपराधियों पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने दो महिलाओं समेत पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर कोतवाली पुलिस ने तीखी पुरवा के विजयपाल, रामपुर कला पुलिस ने भेड़िया के अवधेश, थाना रामकोट पुलिस ने गदपुरवा पप्पू फैयाज और थाना रामपुर मथुरा पुलिस ने भगवानपुर की सीमा व श्यामा को पकड़ा है। पकड़े गए अभियुक्तो को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 4 दिसंबर, 2020



# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने को सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



- प्रदेश स्तरीय आनलाइन लोन मेला एवं टूल वितरण कार्यक्रम आयोजित
- शामिल हुए लाभार्थी
- पांच लाभार्थियों को दी गई टूल किट

**गुरुवार को** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन लोन मेला एवं टूल किट वितरण का वर्चुअल कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ऑनलाइन लोन मेला एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम का जनपद स्तर से जिला सूचना एवं विज्ञान केंद्र के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष के माध्यम से डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीडीओ अरविंद सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक जितेंद्रनाथ श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह जिले के लाभार्थियों सहित जुड़े।आनलाइन मेले एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं आत्मनिर्भर भारत सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सर्वांगीण विकास हो रहा है। यह योजनाएं प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति लाने के साथ ही नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने में बड़ी भूमिका अदा कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत परंपरागत हस्तशिल्प के स्किल डेवलपमेंट, उत्पादों को बेहतर बनाने हेतु इनका प्रशिक्षण कराने सहित उन्हें निःशुल्क टूल किट का वितरण कर रही है। एमएसएमई उद्यमियों की समस्याओं के निदान हेतु विभिन्न एप्स के माध्यम प्लेटफार्म उपलब्ध कराए गए हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकर्स ने विशेष रूचि दिखाई है। जिसके लिए उन्होंने बैंकर्स को बधाई दी।जिला सूचना विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय ऋण वितरण एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व सीडीओ अरविंद सिंह ने एलडीएम जितेंद्र नाथ श्रीवास्तव व उपायुक्त संजय सिंह की मौजूदगी में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत हलवाई, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री लोहार के परंपरागत पांच लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत टेलरिंग के व्यवसाय हेतु तीन लाख, वुडन एवं फर्नीचर के व्यवसाय हेतु पांच लाख का ऋण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत बुटीक एवं सिलाई कार्य हेतु एक लाख एवं ओडीओपी वित्त पोषण योजना के तहत दो लाभार्थियों को दस-दस लाख रुपए का ऋण प्रदान किया।

# एबीवीपी ने पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी।

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद द्वारा नगर के सदर चौराहे पर उप जिला अधिकारी गोला को 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इनमें नगर के अंदर अपूर्ण मानकों के साथ बिना रजिस्टर के अवैध रूप से संचालित सभी कोचिंग संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। छात्र-छात्राओं पर कोचिंग के लिए दबाव बनाने वाले शिक्षकों की शिकायत करने के लिए हेल्प डेस्क जारी करें। कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी को देखते हुए नगर के सक्षम विद्यालय 20% छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करें। विभिन्न सक्षम विद्यालयों द्वारा छात्र छात्राओं से भी फीस लिए जाने के बावजूद शिक्षकों को वेतन नहीं दिया जा रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले का संज्ञान लेकर शिक्षकों का वेतन दिलाने तथा नगर के विभिन्न विद्यालयों के समीप चल रही पान पुड़िया सिगरेट तंबाकू की दुकानें बंद कराई जाए। नगर में संचालित नानक चौकी के समीप चल रहे चिपड़ नामक नशे के कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद कर त्वरित कार्रवाई करें। नव युवकों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए अथवा विद्यार्थी परिषद मांग करता है कि गोला तहसील की शिक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द ही निर्देश जारी कर विद्यार्थी परिषद की मांगों को पूर्ण करें मांगे पूरी न होने पर विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसका जिम्मेदार प्रशासन होगा।

## प्रदेश अध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता



**लखीमपुर-खीरी।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि प्रदेश में किसानों की सुरक्षा को लेकर किसान स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से किसान स्वाभिमान यात्रा पूरे प्रदेश में निकाली जा रही है। यह यात्रा 15 दिसंबर तक चलेगी। उन्होंने बताया कि किसान के बीच की यात्रा है जिसमें किसान के मान सम्मान और उनके भविष्य की सुरक्षा और उनके स्वाभिमान की बात की जा रही है। साथ ही यह भी बताया की यात्रा के समापन के उपरांत आगामी 23 दिसंबर पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर किसान कांग्रेस लखनऊ में प्रदेश स्तरीय किसान सभा का आयोजन कर रही है। इसमें समूचे प्रदेश से किसान हजारों हजार की संख्या में पहुंचेंगे। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से ही किसान विरोधी रही है। तीनों कृषि विधेयक बिल किसानों को कारपोरेट सेक्टर का गुलाम बनाने की साजिश है। मोदी सरकार किसान विरोधी है।

# बैंक के समान फसली ऋण दे सकेगी समिति

- किसान गोष्ठी में दी गई जानकारी
- 40 लाख की लागत से बनेगा गोदाम
- सभापति के निधन पर व्यक्त किया गया शोक

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

**राजेपुर बैनी** में एक किसान गोष्ठी का आयोजन नाबार्ड के द्वारा किसान सेवा सहकारी समिति में की गई। इसकी अध्यक्षता समिति के चेयरमैन देवेश प्रताप सिंह ने की। मुख्य अतिथि परमेश यादव शाखा प्रबंधक ने किसानों को नई ऋण नीति के बारे में बताया कि अब समिति गन्ना किसानों को भी बैंक के कृषि फसली ऋण के समान 56000 रूपए प्रति एकड़ दे सकेंगे। समिति में मासिक बचत खाता भी चल सकेंगे। चेयरमैन ने बताया कि आने वाले समय में समिति द्वारा बिजली के बिल जमा किए जा सकेंगे और समिति में नए गोदाम भवन के विषय में किसानों व संचालक मंडल से भी चर्चा हुई यह गोदाम 100 मी. टन का 40 लाख की लागत से बनेगा। समिति ने ऋण वसूली पर विशेष आग्रह किसानों से किया। अंत में समिति के पूर्व सभापति चंद्रभाल सिंह के निधन पर 2 मिनट का शोक व्यक्त किया गया। संचालक मंडल से सेवा सिंह, चंद्र मोहन, शिव शंकर, त्रिलोक सिंह व ताहिरा सहित सैकड़ों किसानों की उपस्थिति रही।

# ऑपरेशन मुक्ति के तहत सूदखोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता। बरेली

**सूदखोर** ने एक लाख रुपये देकर पीड़ित से 5.6 लाख रुपये वसूल लिए। इसके बाद भी कर्ज से पीछा नही छूटा। शिकायत पर ऑपरेशन मुक्ति के तहत सूदखोर के खिलाफ आंवला थाने मे मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी राजेश उर्फ राजू खंडेलवाल ने पुलिस को बताया कि उसने 10 नवंबर 2016 को पक्का कटरा के सोनू से एक लाख रुपया तीन प्रतिशत मासिक ब्याज दर से लिया था। इस धनराशि का ब्याज नौ हजार रुपए उसने चेक के माध्यम से 13 नवंबर 2017 को दिया। विपक्षी ने बाद मे ब्याज धनराशि नकद प्राप्त करने के बाद उसका चेक वापस कर दिया। बाद मे दो बार मे 10 हजार रुपए दिए।

# धूमधाम से मनाया गया अधिवक्ता दिवस

संवाददाता। मितौली-खीरी



**देश के** प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद का जन्म दिवस अधिवक्ता संघ मितौली के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र ने 3 दिसंबर को वार्षिक समारोह का आयोजन कर धूमधाम के साथ मनाया गया गत 3 दिसंबर को अधिवक्ता संघ मितौली ने सर्वसम्मति से वार्षिक समारोह का आयोजन कर वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य को लेकर एक साल नव वर्ष की डायरी तथा मिष्ठान के साथ माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र तथा महामंत्री उमाकांत तिवारी द्वारा समस्त अधिवक्ता बंधुओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों का बखान किया गया। इस अवसर पर समस्त पत्रकार बंधुओं को भी अधिवक्ता संघ द्वारा एक डायरी वह मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मितौली तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र मिश्रा एल्डर कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र सिंह तोमर, वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र मिश्र, पंकज बाजपेई, बृजेश कुमार मिश्रा व प्रदीप मिश्र आदि अधिवक्ता बंधुओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राजीव मिश्र, पंकज बाजपेई, मुकेश मिश्र व अब्बास जैदी मितौली तहसील के समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार, बार एसोसिएशन द्वारा प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन पर अधिवक्ता दिवस के रूप में बार सभागार में मनाया गया जिसमें 1987 और 1989 बैच के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित करने के साथ-साथ ऐसे अधिवक्ताओं को भी सम्मानित किया गया जो एक अधिवक्ता के साथ साथ सामाजिक, साहित्यिक क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह को एक वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश त्रिवेदी व महामंत्री एहसान खां ने शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# पंकज मिश्र के निलंबन की हुई निंदा

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**लेखपाल पंकज** मिश्रा को निलंबित किए जाने पर लेखपाल संघ ने आपात बैठक बुलाकर निलंबन की निंदा की है। वहीं लेखपालों के पास अतिरिक्त क्षेत्र का चार्ज था। उसे वापस लेने का निर्णय लिया गया। बिना नोटिस दिए लेखपाल को निलंबित किए जाने से यह निर्णय लिया गया है। वहीं उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बताया कि अनुशासनहीनता के चलते लेखपाल पंकज मिश्रा को निलंबित किया गया है। इसकी जांच तहसीलदार को दी गई है। गौरतलब है कि एक हफ्ता पूर्व अनुशासनहीनता के चलते पंकज मिश्रा को निलंबित किया गया था। उसी के चलते लेखपालों ने जो अतिरिक्त क्षेत्र का चार्ज था। उसका बस्ता जमा कर दिया है। सदस्यों ने उपजिलाधिकारी से निलंबन वापस लेने की मांग की है।

## क्विक न्यूज

### अधिवक्ता दिवस पर अधिवक्तओं को किया गया सम्मानित



सम्मानित किए गए अधिवक्तागण

**संडीला(हरदोई)।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित अधिवक्ता दिवस में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। अधिवक्ता समिति सभागार में आयोजित अधिवक्ता दिवस समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश द्विवेदी, राजेन्द्र दीक्षित, मेराजुल हसन, चौधरी इकबाल नुसरत आदि ने डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर 6 वरिष्ठ अधिवक्ताओं मो0 मोनिस अली, राजेश सिंह, सूर्यप्रसाद, महेश प्रसाद, देवेश सिंह तथा प्रदीप द्विवेदी तथा 4 कनिष्ठ अधिवक्ताओं नागेन्द्र मिश्रा, शिवेंन्द्र सिंह, मो0 वसीम तथा मुकेश अस्थाना को सम्मानित किया गया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजकुमार सिंह चंडेल तथा मंत्री मो0 सूफियान ने भी अपने विचार रखे।

### ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से युवक की मौत, तीन घायल

**बरेली।** बहन और उसके दो बच्चों को मोटरसाइकिल से अपने घर ला रहे एक युवक की रास्ते में ही ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से मौत हो गई। बहन और 2 बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मजनू पुर निवासी 20 वर्षीय गंगाचरण पुत्र लाल सिंह की कल शाम इलाके में ही ढकिया डैम के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि गंगा चरण की फुफेरी बहन सिधौली गांव में रहती है।कल दिन में बहन प्रीतमा देवी को बुलाने के लिए घर से उसकी ससुराल गया था। जहां से वह बहन के साथ दो बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। लेकिन रास्ते में ही ढकिया डैम के पास सामने से आ रही एक ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहा गंगाचरण गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे बैठी बहन और दो बच्चों को मामूली चोट आई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर-ट्राली को रोकने की कोशिश की। उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे।

### चौकीदार की रात में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बरेली ।** रात के समय बाजार में चौकीदारी करने वाले एक चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।कोतवाली थाना क्षेत्र में आलम गिरि गंज बाजार के चौकीदार नेपाल के कैलाली जिले के थाना बूढोला के गांव गिला निवासी 61 वर्षीय गौरी शंकर पुत्र राम बहादुर की बीती रात ड्यूटी पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह होने पर स्थानीय लोगों ने उसकी लाश को सड़क किनारे एक चबूतरे पर देखा और घटना की सूचना पुलिस को दे दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की लाश को जिला अस्पताल भेजा। जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### वाहन की टक्कर से ट्रक चालक की जान गई

**फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एनएच-2 पर गुरूवार की रात ट्रक से उतरकर पता पूछने जा रहे 27 वर्षीय ट्रक चालक को विपरीत दिशा से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार औरैया जनपद के गांव चुरूली निवासी राम प्रकाश का पुत्र सागर ट्रक चालक था। बताते हैं कि बीती रात वह औंग थाना क्षेत्र के अन्तर्गत फैक्ट्री में भाड़ा लेने जा रहा था। तभी एनएच-2 कृष्णा ढाबा के सामने ट्रक खड़ा कर पता पूछने के लिए जैसे ही ट्रक से उतरकर सड़क पार करने लगा उसी बीच तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन उसे टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां गांव निवासी भानु प्रताप सिंह आज सुबह अपनी 42 वर्षीय पत्नी सविता को लेकर शहर किसी काम से आ रहा था। जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा इसी बीच ब्रेकर में गाड़ी उछलते ही पीछे बैठी महिला मुंह के बल नीचे गिरकर घायल हो गयी। इसी तरह थाने के फिरोजपुर गांव निवासी सूरज का 32 वर्षीय पुत्र वीरेन्द्र बाइक द्वारा हुसैनगंज कस्बा किसी काम से जा रहा था। तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। वहीं थरियांव थाना क्षेत्र के टीसी गांव निवासी देशराज की 70 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी बुधवार की शाम सड़क पार कर रही थी। तभी बाइक की टक्कर लग जाने से घायल हो गयी। वहीं हुसैनगंज थाने के हाजीपुर गंग निवासी सुशील की 35 वर्षीय पत्नी सुधा देवी मार्ग दुर्घटना में घायल हो गयी। जबकि कस्बे के ही 72 वर्षीय राधे बाइक की टक्कर लगने से चुटहिल हो गये।

# विवेचना में खुले 11 नाम, 4 और नाम चर्चा में

- सीज हुई डंप मोरम की चोरी का मामला

संवाददाता। फतेहपुर

**सत्ता के** अलमबरदारों की सह पर कई करोड़ की सीज मोरम को चोरी छिपे बेचने वाले 11 लोगों के नाम पुलिस की विवेचना में सामने आए हैं। विगत 6 अगस्त को सीज किए गए मोरम के इन ढेरो का मुकदमा विगत 25 सितम्बर को दर्ज हुआ था। ज्ञातव्य रहें कि कल ही एक जनप्रतिनिधि ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी थी। इस मामले में तत्कालीन कार्यवाहक तहसीलदार, मौजूदा खनन अधिकारी समेत संबंधित थाने के पूर्व एसओ निशिकांत राय की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। मामला सीएम तक पहुंचने के बाद किसी बड़ी फजीहत से बचने के लिए जिला प्रशासन ने पूर्व में दर्ज मुकदमे में विवेचना तेज कर दी गई है। कहते है कि जिन 11 लोगों के नाम उजागर हुए है वह तो मोहरा मात्र हैं, असली चेहरे तो अभी पर्दे के पीछे है। जिनपर हांथ डालने से पहले कई बार सोचना पड़ेगा।ज्ञातव्य रहें कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गांव देवरी मोड़ से गढ़ीवा के निकट बांदा सागर रोड पर सड़क के किनारे अवैध ढंग से किये गए मोरम के डंपो को पूर्व में प्रशासन के निर्देश पर सीज किया गया था, जिसे सत्ता के अलंबरदारो के इशारे पर उनके गुर्गों ने चोरी-छिपे बेच डाला। कई करोड़ कीमत की चोरी हुई इस सीज डंप की मोरम के मामले में वास्तविक रूप से जिम्मेदार किसको ठहराया जाता है यह अपने आप में बडा सवाल होगा।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र में लगभग चार माह पूर्व देवरी मोड़ से लेकर बेरा गढ़ीवा तक सड़क के किनारे पड़ी डंप (27 ढेर) मोरम को खनन अधिकारी, राजस्व विभाग और हुसैनगंज थाना पुलिस द्वारा इन ढेरो की जाँच की गई तो अवैध मिले जिसको तत्कालीन कार्यवाहक तहसीलदार की मौजूदगी में खनन अधिकारी ने सीज कर हुसैनगंज पुलिस की निगरानी में दे दिया था। उसके बाद सीज की गई इस मोरम को माफियाओं ने रात के अंधेरे में चोरी छिपे बेच डाला। जिसकी जानकारी बीट के सिपाही विजय मिश्रा ने तत्कालीन हुसैनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक निशिकांत प्रधान राय को दिया। जिसमे थाना प्रभारी ने सिपाही की तरफ से अज्ञात में एक मुकदमा दर्ज किया गया जो विगत 25 सितम्बर 2020 को दर्ज किया। जिसका क्राइम न0 176/20 है। जिसकी जाँच एसआई प्रवीण चक्रवर्ती को मिली लेकिन तेजी तब आई जब इस मामले की डीएम ने एसपी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिया लेकिन कुछ सत्ताधारी नेताओं की दखल देने की वजह से मामला वही का वही पड़ा रहा। खबर है कि नए कप्तान के चार्ज लेते ही मामला गर्मा गया और विवेचक ने आनन फानन में 11 लोगो के नाम धारा 379 के तहत विवेचना में दर्ज किया है, उनके नाम कामता सिंह पुत्र पूती सिंह निवासी बेरागढ़ीवा, चंद्रवीर सिंह पुत्र उदयवीर सिंह निवासी बेरागढ़ीवा, विवेक पुत्र संतोष सिंह निवासी बेरागढ़ीवा, सूर्यवीर पुत्र उदयवीर निवासी बेरागढ़ीवा, सत्यम पुत्र दयाराम निवासी बेरागढ़ीवा, कैलाश पुत्र गया प्रसाद निवासी बड़ागांव, शिवप्रसाद पुत्र शिवनन्दन निवासी बेरागढ़ीवा, श्याम वीर सिंह, भोला सिंह पुत्र स्व0 जगरूप सिंह निवासी बेरागढ़ीवा, आकाश, विकास पटेल पुत्र गया पटेल निवासी कढ़ीवा मजरे बेरागढ़ीवा, मनोज पांडेय पुत्र राजेन्द्र पांडेय निवासी सहनीपुर का नाम विवेचना में सामने आए है। ऐसी संभावनाएं बलवती है कि आगे इस मुकदमें में और धाराए बढ़ सकती हैं। जानकारी के अनुसार इन लोगों के खिलाफगैंगस्टर की कार्यवाही भी की जा सकती हैं।सीज डंप की मोरम चोरी छिपे बेचने वालो मे अभी चार और नाम बढ़ सकते हैं। अगले कुछ दिनों में चार और नाम बढ़ाए जा सकते हैं। वही जिम्मेदार सत्ता के अलमबरदारों का मन लेने में जुट गए है क्योंकि मोरम चोरी में कई बड़े नाम शामिल बताए जा रहे है। इनके नाम बढ़ने से हड़कंप मच सकता है।

# पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सिपाही के खिलाफ मामला दर्ज

**शाहजहांपुर।** थाना अल्हागंज में छात्रा के साथ नशे की हालत में अभद्रता तथा छात्रा की पिटाई के मामले में पिता की तहरीर पर सिपाही के खिलाफमामला दर्ज कर मेडिकल कराया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अल्हागंज में तैनात सिपाही मुकेश ने नशे के हालत में मोहल्ला बगिया द्वितीय में एक छात्रा के साथ अभद्रता कर धमकाया। जिसकी शिकायत करने थाने पहुंची पिता के साथ छात्रा ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की मगर पुलिस ने पीड़िता को टाल दिया जिसके बाद स्थानीय नेताओं ने मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को देकर न्याय की मांग की पुलिस अधीक्षक एस आनंद के आदेश के बाद छात्रा के पिता की तहरीर पर सिपाही के खिलाफ294,504,323 में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। शराब के नशे के सक में सिपाही को मेडिकल किया लिए भी भेजा गया

## पेश इमाम हुए सुपुर्दे खाक

**शाहजहांपुर।** ईदगाह जलालनगर के पेश इमाम और नायब काजी हाफिज मोहम्मद अयूब कादरी की आज ईदगाह जलालनगर स्थित कब्रस्तान में सोगवारों की मौजूदगी में आखिरी रस्मात अदा की गई। इस दौरान बड़ी तादाद में लोगों ने मरहूम को श्रद्धांजलि अर्पित की मोहल्ला तारीन जलालनगर में रहने वाले हाफिज अयूब विगत कई माह से बीमार चल रहे थे। बुधवार को अपरान्ह तीन बजे जिला अस्पताल में उनका इंतकाल हो गया। वह अपने पीछे पत्नी और चार बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बृहस्पतिवार को दिन में दो बजे ईदगाह के निकट फैजाने मदीना के सामने उनके शिष्य हाफिज अनीस अत्तारी ने नमाजे जनाजा अदा कराई। आखरी रसूम में शहर काजी मसूद हसन, अशफाक हुसैन, मौलाना आमिल, मौलाना नईम रजा, हाफिज जीशान, मौलाना तौफीक, मौलाना तौहीद, डा. जमाल, इफ्तेखार, मुजीब अत्तारी, आदि ने शिरकत की और मरहूम के लिए दुआए मगफिरत की।

# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 40 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किए

- जिले के दिव्यांगजनों को बैटरी वाली साइकिल वितरित की जाएगी -इंद्र विक्रम सिंह

संवाददाता। शाहजहांपुर



**विश्व दिव्यांग** दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट के पास निर्वाचन कार्यालय परिसर में 40 दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया है कि दिव्यांग जन लाभार्थियों को 4 कान की मशीन, 2 वाकिंग स्टिक, 2 व्हीलचेयर, 2 बैसाखी, नेत्रहीन छड़ी तथा 29 को ट्राईसाइकिल वितरित की गयी है। जिलाधिकारी ने बताया है कि जल्दी जनपद के दिव्यांगजनों को बैटरी वाली साइकिल वितरित की जाएगी जो प्रदेश का पहला जनपद होगा। उन्होंने बताया कि अब हर सरकारी कार्यालय में दिव्यांग प्रकोष्ठ बनाई जाएगी श्री सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा है कि दिव्यांग जनों के लिए सरकार द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा है कि दिव्यांग जन अपनी दिव्यांगता को हीन भावना से न जोड़े और अपने आत्म सम्मान से जुड़े रहे। कोई कमी है तो इसका मतलब यह नहीं की हम अपना आत्म सम्मान खोदें। आत्म सम्मान बनाए रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सुविधाएं सीमित रहती है। स्वयं को इतना सक्षम बनाना चाहिए कि किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से उठाओगे तो उसका लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने कहा कि विकास भवन की ओर से दिव्यांग हेल्प डेस्क अगले हफ्ते स्टार्ट कर दी जाएगी। उन्होंने कहा है कि दिव्यांग जनों को अगर किसी प्रकार की समस्या है तो वह सीधा कॉल के माध्यम से अथवा व्हॉट्सप्प के माध्यम से अपनी समस्या बता सकते है।

# घर से निकले तीन लोगों के मिले शव

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**अलग-अलग** तीन घटनाओं में घर से निकले दो लोगों के शव खेतों में तथा एक का रेलवे ट्रैक के बीच पड़ा पाया गया। पहली घटना थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम सुजेहटा की है। ग्राम निवासी भैयालाल पुत्र श्रीपाल घर से निकला और फिर वापस नहीं लौटा। कई दिनों के बाद उसका शव गांव से लगभग 300 मीटर दूर एक खेत में पड़ा पाया गया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी और पांच बच्चे हैं। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। दूसरी घटना ग्राम भदेउरा की है। ग्राम निवासी 45 वर्षीय रोजन्द्र पुत्र राममूर्ति घर से काम के लिए गया था और फिर वापस नहीं लौटा। उसका शव खेत में पड़ा पाया गया। तीसरी घटना में एक व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार उमरताली एवं दलेलनगर रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा पाया गया। बाद में उसकी सिनाख्त ग्राम तिरगवां निवासी आरिफ के रूप में हुई। परिजन का कहना है कि वह बुधवार को घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

## सब्जी विक्रेता की हत्या, बंद कमरे में मिली लाश

**बरेली ।** 12 दिन पहले लापता हुए एक सब्जी विक्रेता की लाश आज एक बंद मिले खस्ताहाल कमरे में पाई गई। मृतक की पत्नी ने एक दबंग पर जमीनी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव पस्तोर में टीकाराम के मकान में किराए पर रहने वाले इज्जत नगर के गांव नगरिया परीक्षित निवासी राजू पुत्र लखन की लाश आज इज्जत नगर के न्यू मॉडल रेलवे कलौनी में लंबे समय से बंद पड़े एक खस्ताहाल कमरे में पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक की पत्नी शीला ने बताया कि उसके पति ने कुछ दिन पहले एक व्यक्ति के हाथों आधी जमीन बेच दी थी। लेकिन वह व्यक्ति उसके पति की जमीन पर पूरा कब्जा करना चाहता था। जमीन बेचने के बाद उसके पति ने बेटी की शादी तय कर दी और हिमाचल प्रदेश में जाकर काम करने लगा। लेकिन बेटी की शादी के कारण वह हिमाचल प्रदेश से लौटकर सीबीगंज के गांव पस्तोर में किराए के मकान में रहने लगा। वह सब्जी बेचकर गुजारा करने लगा। 2 दिन पहले वह अपने बेटे गौतम के साथ पस्तोर अड्डे पर गया था। जहां से दो लोग उसे अपने साथ बुलाकर ले गए। विरोध करने पर उन्होंने बेटे गौतम के साथ मारपीट की और राजू को जबरन अपने साथ ले गए। पता चलने पर पति और घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। तब घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई। पुलिस और घरवाले उसे तलाशने की कोशिश कर रहे थे। इधर उसे बुलाकर ले जाने वाले लोगों ने उसकी हत्या करने के बाद लाश को खस्ताहाल कमरे में फेंक दिया।

# पुलिस कर्मियों की रिश्वतखोरी की शिकायत पर की जायेगी प्रभावी कार्रवाईः एसपी

संवाददाता। फरुखाबाद



**नवागन्तुक** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना ने बीती रात चार्ज लेने के बाद गुरुवार को मीडिया कर्मियों से वार्ता की। उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों की यदि रिश्वतखोरी की शिकायत आती है तो सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही महिला अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही प्राथमिकता से होंगी।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अशोक कुमार मीना ने बताया कि शासन की मंशा के अनरूप कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि 2015 में आईपीएस बनने के बाद वह कई जनपदों बरेली, मथुरा व सहारनपुर में तैनात रहे। लेकिन एसपी के तौर पर उनकी जनपद फर्रुखाबाद में पहली तैनाती है। उन्होंने बताया कि महिला अपराध से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्यवाही की जायेगी। साइबर अपराध कम हों इसके लिए लोगों को जागरुक किया जायेगा।

उन्होंने कहा की पुलिस कार्यवाही पर उनकी सीधी नजर होगी। घटना पर पुलिस का रिस्पांस टाइम को भी मजबूत किया जायेगा। उन्होंने कहा यदि किसी थाने-चौकी से रिश्वत मांगने की शिकायत आती है तो सम्बन्धित पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। अपराधी की जगह या तो जेल में होगी या फिर जिले से बाहर। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, सीओ राजवीर सिंह आदि रहे।

### रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**ताखा।** कस्बा ऊसराहार के अंतर्गत एस ए एन इंटर कॉलेज महराजपुर नगर में बच्चों से मार्कशीट देने के बदले लिए जा रहे हैं पैसे कस्बा ऊसराहार के रहने वाले सुधीर कुमार ने बताया कि उनके दो बच्चे उसी स्कूल में पढ़ रहे हैं। किसी काम के लिए बच्चों को मार्कशीट की आवश्यकता पड़ी तो सुधीर कुमार उस कॉलेज में मार्कशीट लेने पहुंचे जहां स्कूल के टीचर वीरेंद्र सिंह और लाल सिंह ने मार्कशीट के बदले पैसों की डिमांड रखी पैसे ना देने पर मार्कशीट भी नहीं दी। सुधीर कुमार ने उप जिलाधिकारी से शिकायत की इस पर उप जिला अधिकारी ने कॉलेज फोन करके बात की तो कॉलेज ने कहा आप कल भेज देना हम मार्कशीट दे देंगे सुधीर कुमार का कहना है टीचर कह रहे हैं कि हम अन्य बच्चों से 7500 प्रति मार्कशीट लेते हैं। आपसे कुछ कम ले लेंगे अब सवाल यह उठता है की इन शिक्षा के मंदिरों में भी किस तरह से लूट मची हुई है और शिक्षा विभाग में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है क्या सभी बच्चों के लिए उप जिला अधिकारी फोन करेंगे तभी फ्री में मार्कशीट मिलेगी । प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।

## पटाखा बारूद में हुए विस्फोट से पांच मासूम झुलसे, हालत गंभीर, लोहिया रिफर

संवाददाता। फरुखाबाद

**कायमगंज** नगर के मोहल्ला गंगादरवाजा में आज लापरवाही एवं नादानी के कारण हुआ हादसा। जिसमें 5 मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। इनकी हालात चिंताजनक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इसी मोहल्ले के निवासी शिवमंगल का 8 वर्षीय बेटा कार्तिक व आलोक का 5 वर्षीय देवांश, शिवरतन का 7 वर्षीय बेटा चिराग, किशन का 7 वर्षीय बेटा वासु तथा दानिश का 6 वर्षीय बेटा अली वारिस यह पांचों बच्चे पटाखा वाली बारूद से खेल रहे थे। मासूमियत में बच्चों ने कुछ ऐसा किया जिससे बारूद में आग लग कर विस्फोट हो गया। खेल रहे यह पांचों बच्चे झुलस कर घायल हो गए। आनन फानन सभी घायल बच्चों को उपचार के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से प्रथम उपचार के बाद इन सभी को लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

## लाभार्थियों को योजना के तहत वितरित किया गया टूलकिट व ऋण



स्वरोजगार ऋण मेले के तहत युवक को ऋण प्रमाण पत्र वितरित करते विधायक व डीएम

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चतुर्थ ऑनलाइन स्वरोजगार संगम/ऋण वितरण मेला ध्टूलकिट वितरण कार्यक्रम गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से जनपद कानपुर देहात में एनआईसी कक्ष में सम्पन्न हुआ। जिसका भव्य आयोजन ईको पार्क में संपन्न हुआ।

उपरोक्त कार्यक्रम के तहत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओडीओपी टूलकिट योजना के अन्तर्गत 5.5 लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण अकबरपुर रनियां विधायिका प्रतिभा शुक्ला एवं भोगनीपुर विधायक विनोद कटियार, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र के द्वारा जनपद कानपुर देहात से श्यामू शुक्ला को 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के अन्तर्गत रु. 7.00 लाख ऋण, तथा 'मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना' के अन्तर्गत अंजुम को रु. 15.00 लाख ऋण एवं विवेक कुमार शुक्ला को रु. 10.00 लाख का ऋण तथा 'एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषित योजना' के अन्तर्गत रजत शर्मा को रु. 6.60 लाख ऋण एवं अरविन्द कुमार को रु. 2.00 लाख का ऋण प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 40.60 लाख रु. का ऋण वितरित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विद्युत तार से चिपक कर युवा दुकानदार की हुई दर्दनाक मौत



**कायमगंज, फर्रुखाबाद** । कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर जदीद निवासी 40 वर्षीय धीरु पुत्र नन्हेलाल आज प्रात: गांव स्थित अपनी जूता चप्पल की दुकान पर गया था। जहां दुकान के पास एक टूटे पड़े बिजली के तार को बांधने लगा। उसी समय अचानक आए विद्युत प्रवाह के कारण उतरे करंट की चपेट में आकर धीरू तार से ही चिपक गया।

काफी देर बाद लोगों का ध्यान उस ओर गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर उपचार के लिए कायमगंज नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर अमरेश कुमार ने युवक को मृत घोषित कर दिया। साथ आए परिजन रोते बिलखते उसका शव लेकर वापस जा रहे थे। उसी समय अचानक मृत घोषित धीरू को हिचकी आई लोगों ने समझा कि अभी यह जिंदा है, तो वे सब लोग उसे लेकर उपचार के लिए फर्रुखाबाद की ओर चल दिए। किंतु कुछ ही दूर तक जा पाए थे । कि तब तक मृत घोषित धीरू का शरीर ठंडा पड़ गया और उसकी कुछ देर पहले चली सांसे दोबारा फिर थम गई, तो लोग फिर उसे लेकर वापस गाँव पहुंच गए ।

परिवार के खेवनहार की विद्युत स्पर्श से हुई मौत के बाद परिवार का रो .रो कर बुरा हाल हो रहा है । मृतक की मां मीरा देवी एवं पत्नी नैना देवी की हालत दुख के कारण अति दयनीय दिखाई दे रही थी । वही इस दुखद घटना का समाचार मिलते ही मृतक को देखने के लिए लोगों की भीड़ उसके आवास पर लग गई थी।

## अलग-अलग स्थानों पर चार महिलाओं ने जहर खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** समाज के बिगड़ते सामंजस्य के कारण लोग छोटी-छोटी बातों से खिन्न होकर आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठा लेते हैं। जिसके एक नही अलग-अलग स्थानों से चार मामले आज सामने आए। उसके अनुसार गांव रायपुर खास के निवासी आवेज खां की 16 वर्षीय बेटी मुस्कान ने वही भटासा निवासी रफीउद्दीन की 24 वर्षीय बेटी समताज तथा गांव मईहादीदादपुर निवासी रामबरन सिंह की 40 वर्षीय पत्नी द्रोपदी एवं कस्बा कंपिल निवासी कालेश्वर की 32 वर्षीय पत्नी सुनीता ने पति से हुई मारपीट एवं विवाद के कारण इन सभी ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर सभी के परिजन जहर पीड़ितों को उपचार के लिए कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। यहां से सभी की हालत गंभीर बताकर प्रथम उपचार के बाद इन सभी को डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग लाभार्थियों को वितरण किये गये ट्राईसाइकिल

● दिव्यांग बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत का गायन किया गया, शिखा के द्वारा नृत्य तथा अंगद के द्वारा सुन्दर ढोलक वादन का हुआ प्रस्तुतीकरण



**कानपुर देहात।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर ईको पार्क, माती में जनप्रतिनिधियों में विधायक अकबरपुर प्रतिभा शुक्ला, विधायक भोगनीपुर विनोद कटियार की गरिमामयी उपस्थिति में जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से 31 विद्यालयों के 37 विशेष दिव्यांग बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे- सरस्वती वंदना, स्वागत गीत का गायन किया गया, शिखा के द्वारा नृत्य तथा अंगद के द्वारा सुन्दर ढोलक वादन का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 'मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती हैं। कार्यक्रम में विधायक, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा 37 लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इसके पश्चात् विधायकगणों, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।'' इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी जिला राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि मौजूद।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर दो लोगों की मौत

**रूरा, कानपुर देहात।** अलग-अलग ट्रेन दुर्घटनाओ में दो लोगों की मौत हो गयी, सूचना पर पहुँची रूरा पुलिस व जीआरपी ने शव को सील कर कार्यवाही की है। रूरा चौकी इँर्चाज अनिलेश सिंह ने बताया कि पश्चिमी केबिन से धनीरामपुर गॉव की ओर एक महिला के शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना पर मौके पर जाकर शव को सील कर पॅचनामा भरा गया। परिजनों ने मृतक महिला की शिनाख्त सुमन कमल(62) निवासिनी धनीरामपुर के रूप में की है। महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त बतायी जा रही है। वहीं रूरा रेलवे स्टेशन के पश्चिमी दिशा की ओर एक वृद्ध अज्ञात व्यक्ति की मालगाडी की चपेट में आने से मौत हो गयी। जीआरपी झींझक चौकी इंर्चाज राकेश पाल ने बताया कि शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### करंट लगने से मजदूर झुलसा, हैलट रिफर

**घाटमपुर।** लाइन में काम करते समय करंट लग जाने से बर्रा भाग 2 निवासी सागर मस्कर ( 30 ) झुलस गया, भाई शैलेंन्द्र उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रिफर कर दिया गया है।

### मधुमक्खी के हमले से दो मासूमों सहित तीन घायल

**घाटमपुर।** सोमवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव बनाहरी में भौरा मधु मक्खी के हमले से दो मासूमों सहित तीन लोग घायल हो गये, तीनों को इलाज के लिये सीएचसी घाटमपुर में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि गांव निवासी गुड्डन पुत्र सूरजपाल दिन में 11 बजे के करीब खेत में खड़े पेंड़ के नीचे अपने पुत्र अखिलेश ( 6 ) व पुत्री गौरी (3 ) के साथ बैठा था बताते हैं पेंड़ की डाल में लगे मधु मक्खी के छत्ते को किसी ने छेंड़ दिया जिससे छत्ता नीचे गिर गया और मधु मक्खियों उग्र होकर वहॉ मौजूद लोगों पर हमला बोल दिया।

### राज मिस्त्री पर फावड़े से हमला

**घाटमपुर।** कोतवाली की पुलिस चौकी पतारा क्षेत्र के गांव तिलसड़ा में रास्ते में समान पड़ा होने को लेकर हुए बिवाद में दवंगों ने एक राज मिस्त्री को को फावड़ा मार कर घायल कर दिया है। दोपहर बाद पिता घायल राज मिस्त्री को लेकर कोतवाली पंहुचा और घटना की तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जॉच के आदेश दिये गये है। गांव निवासी राजेश का पुत्र दीप राज मिस्त्री है पिता ने बताया कि दिन में 11 बजे के करीब गांव का ही हरीकेश कुशवाहा के यहॉ मजदूरों के साथ दीवाल बना रहा था कि तभी गां का ही सनी पुत्र देव सिंह कार लेकर निकला और रास्ते में सामान पड़ा होने को लेकर गाली गलौज के बाद फावड़ा मार दिया। राजेश ने तीन लोगों के खिलाफतहरीर दी है।

### कोरोना संक्रमित नौ लोग मिले

**कानपुर देहात।** जनपद में गुरूवार को कोरोना संक्रमित 9 लोग मिले। प्रभावित क्षेत्रों में सेनेटाइज की प्रक्रिया के साथ संक्रमित लोगों को कोविड-19 हास्पिटल में आइसोलेट किया गया है। सीएमओ राजेश कटियार ने बताया कि अकबरपुर ब्लाक के जगदीशपुर गॉव में एक 50 वर्षीय व्यक्ति, भटौली गॉव में 45 वर्षीय, सुमेरपुर गॉव 32 वर्षीय युवक व जगनपुर गॉव में 43 वर्षीय व्यक्ति की आरटी-पीसीआर टेस्ट में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुयी है। झींझक ब्लाक के खम्हैला गॉव में 60 वर्षीय महिला व लोहियानगर झींझक में 3 वर्षीय बालक के कोरोना की पुष्टि हुयी है। अमरौधारा के मूसानगर आश्रम में 10 वर्षीय बालक, पुखरॉया कस्बे में 70 वर्षीय वृद्ध के कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुयी है। डेरापुर के मुंगीसापुर में 67वर्षीय वृद्ध के कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुयी है। सीएमओ ने बताया कि मेडिकल टीमों को सम्बन्धित क्षेत्रों में कोरोना टेस्ट कराये जाने के निर्देश दिये गये प्रभावित क्षेत्रों में सेनेटाइज की प्रक्रिया की जा रही है। संक्रमित पाये गये लोगों को कोविड-19 हास्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

### दो पक्षों में जमकर संघर्ष, संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज

**रूरा, कानपुर देहात।** वुधवार की देर रात्रि कस्बे के निजी गेस्ट हाउस में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में दो पक्ष आमने सामने हो गये। दोनों पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जॉच पुलिस ने शुरू कर दी है। भाजपा नेता श्याम बिहारी शुक्ला ने बताया कि गेस्टहाउस में रोहित सिंह चौहान, शिवम चौहान, बउआ सिंह व रोहित सिंह ने गाली गलौज कर मारपीट कर हत्या का प्रयास किया उनके साथ लूटपाट कर जान से मार देने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष ने भाजपा नेता श्याम बिहारी शुक्ला व उनके भाई के खिलाफगाली गलौज, मारपीट लूटपाट, जान से मार देने की धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया है। थानाध्यक्ष विद्यासागर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जॉच की जा रही है।

### भाजपा नेता को पित्र शोक

**घाटमपुर।** सेवा निव्त शिक्षक एंव भाजपा कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिला मंत्री डा0 दिलीप पटेल के पिता राजकुमार का ह्रदय गति रुक जाने से निधन हो गया वा करीब 72 वर्ष के थे। थाना सजेती क्षेत्र के गांव चतुरीपुर निवासी राज कुमार सचान नगर के कैप्टन सुखबासी सिंह स्मारक जनता औधोगिक विद्यालय इन्टर कालेज में शिक्षक थे बताया जाता है कि आज दोपहर को उन्हे दिल का दौरा पड़ा परिजन उन्हें इलाज के लिये कानपुर ह्रदय रोग संस्थान ले गये जहॉ डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य राजनरायन कुरील, रामआसरे पाल, भाजपा किसान मोर्चा कानपुर ग्रामीण के जिला महामंत्री श्रीकृष्ण मिश्रा, बरीपाल मंण्डल के महामंत्री पुष्पेंन्द्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार और पूर्व सांसद राकेश सचान सहित बिभिन्न राजनैतिक दलों के तमाम लोगों ने शोक संवेंदना ब्यक्त किया है। उधर भाजपा कानपुर ग्रामीण के जिला मंत्री दलजीत सिंह ने बताया कि उनका अन्तिम संस्कार यमुना पुल हमीरपुर घाट में आज शुक्रवार को किया जायेगा।

### हाई-वे पर युवक के सीने में गोली मारकर हत्या

**फरुखाबाद।** गुरुवार को सुबह अज्ञात युवक के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गयी। जिसके बाद शव को हाई-वे पर फेंक दिया गया। पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम घर भेज दिया। कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के नेकपुर पुल के ऊपर इटावा-बरेली हाई पर ग्राम विजाधरपुर निवासी प्रियम चौहान पुत्र शैलेन्द्र सिंह चौहान दौड़ लगाने के लिए गया था। उसने एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा देखा। उसके सीने में गोली लगी थी। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस नें शव कब्जे में ले लिया। लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी। कर्नल गंज चौकी इंचार्ज तेज बहादुर सिंह नें बताया कि शव की शिनाख्य्त सर्वजीत सिंह पुत्र गोरखराम निवासी महमदपुर गढिया राजेपुर के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दी गयी है।

### गुरुवार को 800 रुपये कुंतल गिरा आलू का भाव

**फर्रुखाबाद।** लगातार बढ़ रही सातनपुर मंडी में आलू की आवक पर आलू का भाव आसमान से जमीन की तरफतेजी से आना शुरू हो गया है। गुरुवार को आलू 800 रूपये कुंतल को गिरावट आयी। शहर की सातनपुर मंडी में किसान आलू की तेजी के चलते तेजी से अपना आलू बेंचने के लिए लेकर पंहुचनें लगा। जिससे आवक बढ़ी तो थोक दर में भी गिरावट आ गयी। बीते दिन आलू 1300 से 1400 रूपये पैकेट बिक्री हुआ। गुरुवार को सातनपुर मंडी में लगभग 80 ट्रक आलू की आवक हुई। आलू की आवक बढने से आलू का पैकेट 9 से 1000 रूपये प्रति 50 किलो पैकेट बिक्री हुई। इस हिसाब से लगभग चार सौ रूपये पैकेट की गिरावट आ गयी। थोक के दाम कम होंने बाजार में फुटकर आलू की बिक्री पर भी फर्क पड़ा। बाजार में पुराना आलू 35 रूपये और नया आलू 45 रूपये किलो दर पर आ गया।

### भरथना के एक दर्जन भाजपाइयों पर संगीन धाराओं में मुकद्दमा दर्ज

**भरथना।** कोतवाली में बीती रात कोतवाल अनिल कुमार ने भरथना क्षेत्र के एक दर्जन नामजद भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं समेत अज्ञात भाजपाइयों के विरूद्ध विभिन्न संगीन धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कराया है। यह घटना विगत दिबस विधान परिषद के चुनाव यानी मतदान से पहले 30 नबम्बर रात्रि करीब 9 बजे की है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि भरथना मतदान केंद्र एसएवी इंटर कालेज पर मौजूद पुलिस बल के साथ भाजपा अध्यक्ष अनूप जाटव, मौना चौबे, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, बन्टू यादव, कुलदीप यादव, सुमेर अवस्थी, शैलेन्द्र वऊआ, बन्टी पोरवाल राधामोहन चिकना, गोविन्द रावत समेत एक दर्जन भाजपाइयों ने पुलिस बल के साथ अभद्रता की जबकि पुलिस बल चुनाव डियूटी पर तैनात रह कर मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था कर रहा था। पुलिस बल द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सभी नामजदों को समझाने की कोशिश करने पर उपरोक्त सभी पुलिस बल पर हमलावर हो बलवा करने का प्रयास करने लगे।

### फर्जीवाड़ा करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जसवंतनगर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में फर्जीवाड़ा कर अपात्रों के नाम सम्मिलित करा कर उन्हें लाभ पहुंचाने के आरोप में दर्ज कराए गए मामले में एक और आरोपी को यहां गिरफ्तार कर लिया गया है ।इस मामले में एक आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है जबकि एक की गिरफ्तारी होना अभी बाकी है। बताते हैं कि जसवंतनगर क्षेत्र में फर्जीवाड़ा कर तमाम अपात्रों के नाम किसान सम्मान निधि योजना में शामिल करा दिये गए थे। जिसमें एक मामला जसवंत नगर विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी कृषि यश कुमार यादव द्वारा 3 लोगों के नाम थाना जसवंतनगर में मुकदमा दर्ज कराए गया था जिसमें से एक अभियुक्त की पूर्व में ही गिरफ्तारी हो चुकी थी तथा दूसरे की गिरफ्तारी पुलिस ने की है गिरफ्तार किए गए व्यक्ति का नाम गुलशन कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम खेड़ा बुजुर्ग थाना जसवंतनगर बताया गया है गत 6 नवंबर 2020 को धारा 420 468 471 465 तथा 66सी व 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया था।

## सवर्णों को सरकार से अपने हकों को पाने के लिए एकता की ताकत दिखानी होगी: जितिन प्रसाद




**फर्रुखाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व ब्राह्मण चेतना परिषद संरक्षक एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि सवर्ण आरक्षण कानून बनने से सवर्णों का काम चलने वाला नहीं बल्कि सवर्णों को सरकार से अपने हकों को पाने के लिये एकता की ताकत दिखानी होगी।

यह विचार श्री प्रसाद ने गुरूवार को राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव में गांधीग्राम के एक गेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेने के बाद अपरान्ह करीब 02:30 बजे शहर के ब्राह्मण धर्मशाला में ब्राह्मण चेतना परिषद के तत्वाधान में एकत्र ब्राह्मण समाज के लोगों को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। गांधी ग्राम गेस्ट हाउस में उन्होने कहा कि आज देश का किसान और नौजवान परेशान है, महिलाओं का उत्पीड़न चरम सीमा पर है, सभी के धंधे चौपट हो गए हैं, बेरोजगारी चरम सीमा पर है। अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट हो रही है। कांग्रेस वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी और आमनागरिकों के बीच पहुॅचकर उनकी समस्याओं को हल करेगी।

उन्होने बताया कि ब्राह्मण चेतना परिषद से जुड़े कार्यकर्ता ब्राह्मणों की गौरवशाली मिसाल कायम करने के लिये ब्राह्मण चेतना परिषद का प्रतीक चिन्ह लेकर गांव-गांव में दिखाये और नौजवानों को नौकरियां कैसे दिलवायीं जाये इसकी रूपरेखा बनायें। उन्होने कहा कि ब्राह्मण चेतना परिषद में डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक, किसान आदि सभी वर्गों के ब्राह्मण आज हैं, ऐसे में ब्राह्मण चेतना परिषद में आज युवाओं को जोड़कर ब्राह्मण समाज को ब्राह्मणों की गौरवशाली मिसाल कायम करने की जरूरत हैं। कानपुर में विकास दुबे हत्याकाण्ड का नाम लिये बिना उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण वर्ग के लोगों की हत्याएं की जा रही हैं, ऐसे में ब्राह्मण सिक्योरिटी फोर्स की स्थापना की जानी चाहिए ताकि ब्राह्मणों के उज्जवल भविष्य की दिशा मिल सके। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय कटियार, पूर्व जिलाध्यक्ष, मृत्युजंय शर्मा, पुन्नी शुक्ला, ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष अरूण प्रकाश ददुआ, ब्राह्मण चेतना परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजन दीक्षित, मंत्री अशोक पाण्डेय, संजीव मिश्रा उर्फ बॉबी आदि प्रमुख मौजूद रहे।

## रात के अंधेरे में जलाया महिला का शव

● परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा अपहरण कर की गई महिला की हत्या



**इटावा।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव बहादुरपुर लोहिया के पास नहर के किनारे बुधवार की रात को एक शव को जला दिया गया राजेंद्र पुत्र मुन्नीलाल निवासी कुईया थाना सैफई ने बताया कि मेरी पत्नी गीता देवी व मेरी छोटी पुत्री दीपांशी को 20 फरवरी 2020 हो सौरभ पुत्र पहलाद निवासी बहादुरपुर लोहिया ने अपने एक साथी के साथ मिलकर अपहरण कर लिया था इस घटना की जानकारी मैंने जसवंत नगर थाने में दर्ज करवाई थी आज बहादुरपुर गांव से सुबह फोन आया कि तुम्हारी पत्नी गीता देवी की हत्या कर उसे नहर किनारे मिट्टी का तेल डालकर जला दिया गया है जिस पर मैं अपने बच्चों और अपने पिता मुन्नीलाल और गांव के कुछ लोगों को लेकर बहादुरपुर गांव पहुंचा तो देखा कि सौरभ फरार था और गांव वालों के बताने पर जब नहर किनारे जाकर देखा तो वहां एक जले हुए शव के अवशेष पड़े हुए थे यह घटना की जानकारी बसरेहर थाने में दी गई तो उन्होंने घटना को फर्जी मानते हुए भगा दिया जब उच्च अधिकारियों को फोन कर घटना के बारे में बताया गया तो मौके पर एक दरोगा और दूसरे भाइयों को भेजा गया जिन्होंने घटनास्थल पर पहुंच कर खानापूर्ति की और घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति की कोई तलाश नहीं की।

घटना की जानकारी देते हुए बसरेहर थाना प्रभारी नागेंद्र पाठक ने बताया कि महिला गीता देवी पत्नी राजेंद्र कुमार निवासी कुईया थाना सफई अपने पति के साथ जसवंत नगर के न्यू ओम साईं राम ईट भट्टे पर ईट बधाई का कार्य करती थी जहां उसका प्रेम संबंध साथ में काम करने वाले सौरभ से हो गई थी और उसी के साथ वह अपने एक बच्चे को लेकर अपने पति व पांच बच्चों को छोड़कर चली गई थी जोकि तभी से सौरभ के साथ ऊसराहार में संचालित यादव जी के भट्टे पर कार्य कर रही थी वहां पर मंगलवार की रात करीबन 8:00 बजे गीता ने किसी बात को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया और उसकी हालत खराब हो गई जिसे तुरंत सौरभ वहां मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस के जरिए सरसई नावर अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत को देखते हुए डॉ वीरेंद्र सिंह ने सैफई ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के ससुर मुन्नीलाल थे घटना की लिखित जानकारी मांगी गई है जिसके बाद जले हुए अवशेषों से डीएनए से पता किया जाएगा कि मरने वाली महिला गीता ही थी या कोई और वही सौरभ को भी तलाशा जा रहा है जल्दी घटना का सही खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## आन लाइन स्वरोजगार संगम का किया गया आयोजन

**फरुखाबाद।** विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य एवं डॉ. राजेंद्र पैंसिया मुख्य विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद द्वारा मुद्रा योजना के अंतर्गत उमेश चन्द्र, शिवम सिंह,ी मधुर शुक्ला, शाहरुख शेख एवं योगेश मिश्रा को रोजगार हेतु मुद्रा लोन की चेक सौंप कर उज्वल भविष्य की ओर बढ़ने की कामना की ओर रोजगार बढ़ने पर भविष्य में मुद्रा योजना के अंतर्गत और अधिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम के समय जीएमएडीआईसीए फर्रुखाबाद एलडीएमए फर्रुखाबाद उपस्थित रहे। वही दूसरी ओर विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनो को नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में सांसद मुकेश राजपूत, विधायक, नागेन्द्र सिंह राठौर, डॉ राजेंद्र पैंसिया, मुख्य विकास अधिकारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

## एनटीपीसी औरैया में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस

**औरैया।** एनटीपीसी औरैया में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर कोविड-19 के नियमों का अनुपालन करते हुए कर्मचारी विकास केंद्र में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अनन्त चरण साहूए परियोजना प्रमुख (औरैया) को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनटीपीसी गीत एवं पंकज कुमारए उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा उपस्थित सभी का स्वागत करके किया गया। इस वर्ष दिव्यांग दिवस की थीम थी (ठनपसकपदह ठंबा ठमजजमत) इसी विषय पर आधारित दो प्रेरणादायक वीडियो उपस्थित सभी के सम्मुख दिखाया गया। इसके पश्चात् उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) पंकज कुमार ने अपने वक्तव्य में दिव्यांग दिवस मनाने का उद्देश्य बताया तथा दिव्यांग व्यक्तियों द्वारा किये गये प्रेरक कार्यों से सभी को अवगत कराया। तत्पश्चात् जगदीश लाल भाम्बी, उप महाप्रबंधक (सी. एण्ड आई) ने गत वर्ष तीन दिसम्बरए 2019 को हुए कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा दिव्यांगों के हित में किये जा रहे कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया।




इसके उपरांत संजय कुमार बाल्यान, अपर महाप्रबंधक (ओ. एण्ड एम) तथा डॉ. तेजेंदर सहगल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्वास्थ्य केंद्र) द्वारा उपस्थित सभी दिव्यांग कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गयी साथ ही आगे आनेवाले चुनौतियों एवं कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया गया। नवागंतुक परियोजना प्रमुख (औरैया) ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि आप सभी के अपेक्षित सहयोग के लिए एनटीपीसी प्रबंधन सदैव तत्पर रहेगी। उन्होंनें दिव्यांग कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप भी हैं समाज का गौरव बिखेर सकते हैं अपना सौरभ। उपस्थित दिव्यांग कर्मचारियों, अंशुल चतुर्वेदी, मनीष निगम, गुरूपद शिट, नगेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, जगपाल सिंह चौहान, श्रीमती प्रतिभा बाजपेयी तथा श्रीमती अनीता चतुर्वेती ने एनटीपीसी द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों के लिए किये जा रहे कार्यों हेतु आभार व्यक्त किया तथा यह प्रण लिया कि एनटीपीसी की प्रगति में हम सभी दिव्यांग कर्मचारीगण अपना यथोचित योगदान देंगे। परियोजना प्रमुख (औरैया) द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों को समृति चिह्न भेंट कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खेत में मिला नवजात शिशु स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया

**जसवंतनगर।** ग्राम धनुवाँ मोड़ हाइवे के किनारे खेत मे एक नवजात शिशु फेंका हुआ मिला। लोकलाज के भय से संभव है। कोई महिला अपने कलंक को छुपाने के लिए वहां फेक गई होगी ग्रामीण उपेंद्र कुमार को वह बच्चा पड़ा हुआ मिला था वह अपनी पत्नी के साथ उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के लिए ले गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम धनुआ मोड़ के हाइवे किनारे सुबह 6बजे करीब बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो उपेंद्र कुमार के साथ अन्य ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो कपड़े में लपेटा एक नवजात शिशु लावारिस के रूप में एक बालक पड़ा था जो जोर.जोर से रो रहा था। इसकी सूचना धीरे-धीरे आस-पास के गांव में फैली तो उसे देखने के लिए ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसकी सूचना पुलिस को देकर उपेंद्र कुमार ने शिशु को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हैं। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि बच्चा एक या दो दिन की उम्र है। जो कि बिल्कुल स्वस्थ है। उधर उपेंद्र इस बच्चे को अपनाना चाहता है क्योंकि उसके सिर्फएक 6 वर्षीय बच्ची है तथा कोई बेटा नहीं है लेकिन अब यह निर्णय अधिकारी ही कर पाएंगे कि वह कैसे इस लावारिस बालक को सौंपते हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 4 दिसंबर 2020



# आत्मनिर्भर भारत बनने से साकार होगा प्रधानमंत्री मोदी का सपनाः योगी



योजना का लाभ देते मंत्री व सांसद।

**चित्रकूट।** स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को आयोजित ऑनलाइन लोन मेला कार्यक्रममें सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा ऋण व टूल किट का वितरण किया गया। लोनि राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय और बाँदा -चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने चित्रकूट जिले के लाभार्थियों को ऋण और किट वितरित किया। मेहनत और ईमानदारी से कार्य कर आत्मनिर्भर बन कर पीएम मोदी और सीएम योगी के सपने को साकार करने का आह्वाहन किया। मुख्यमंत्री योगी ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि आज 10 लाख उद्यमियों को प्रदेश में 390 करोड़ का ऋण वितरण किया जा रहा है। स्वरोजगार योजना, पीएम मुद्रा योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना आदि के अंतर्गत इकाइयों को ऋण दिया जा रहा है। एक जनपद एक उत्पाद, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत परंपरागत हस्तशिल्प व कारीगरों के लिए प्रशिक्षण दिया गया व टूल किट भी वितरण शासन स्तर से प्रदेश के सभी जनपदों में निःशुल्क किया जा रहा है। एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 16 हजार लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें से आज 5 हजार प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट दिया जा रहा है। प्रदेश के अंदर औद्योगिक विकास को एक नई गति प्रदान करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। कोविड-19 को देखते हुए प्रदेश सरकार ने भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमियों को लाभ देकर रोजगार दिया है। प्रवासी मजदूरों के स्वालंबन के लिए तमाम योजनाओं का लाभ दिया गया है 14 मई को ऑनलाइन के माध्यम से स्वरोजगार संगम पोर्टल का शुभारंभ कर उद्यमियों को लाभ दिलाया गया।

पीएम ने आत्मनिर्भर भारत अभियान योजना के अंतर्गत रोजगार को बढ़ावा दिया है। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में ऋण मेला आयोजित करके लाभार्थियों को उद्योग लगाने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा है। उद्यमियों को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। पीएम की परिकल्पना को साकार किया जा सके। बैंकर्स ने अच्छी रूचि लेकर उद्यमियों को बढ़ावा दिया है मैं सभी बैंकर्स को बधाई देता हूं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान एनआईसी चित्रकूट में राज्यमंत्री लोनि विभाग चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, बांदा, चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, डीएम व सीडीओ ने ओडीओपी के अंतर्गत 8 लाभार्थियों तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत 6 लाभार्थियों को ऋण व टूल किट वितरण किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एस के केसरवानी, अग्रणी जिला प्रबंधक आर के सोनी सहित सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, भाजपा के पंकज अग्रवाल सहित संबंधित अधिकारी व लाभार्थी मौजूद रहे।

# कोतवाल ने दो चोरों को मोटरबाइकों समेत दबोचा



पकड़े गए चोर।

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर कर्वी कोतवाल अरुण कुमार पाठक ने चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद कर दो चोरों को दबोचा है। कर्वी कोतवाल अरुण कुमार पाठक ने बताया कि तीस नवम्बर को जगदीशगंज वैद्यजी के बाडा के किसलय द्विवेदी पुत्र हरवंश प्रसाद द्विवेदी के घर के अन्दर से ताला तोडकर बुलेट मोटरबाइक यूपी 96जे- 0018 चोर चुरा ले गये थे। कोतवाली में मामला दर्जकर विवेचना दरोगा प्रवीण कुमार सिंह को सौंपी गई। दरोगा ने लोढवारा मोड से अभिषेक मिश्र पुत्र बजरंग मिश्र निवासी अतरौली थाना राजापुर के कब्जे से बुलेट बाइक व दीपक मिश्रा पुत्र देवनारायण मिश्रा निवासी दांदो थाना कमासिन जिला बांदा के कब्जे से स्पेलेंडर मोटरबाइक यूपी 96डी- 5784 के साथ गिरफ्तार किया। बुलेट मोटरबाइक व स्पेलेंडर चुराकर बेंचने के फिराक में थे।

## क्विक न्यूज

### कोरोना से 17 मरीजों ने और जीती जंग 3096 हुए स्वस्थ

**बांदा।** कोरोना के 17 मरीज उपचार के बाद और स्वस्थ हो गए। एक बच्ची समेत 14 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सभी का होम आइसोलेशन में उपचार चल रहा है। जनपद में अभी तक 3233 संक्रमित मिले हैं। 3096 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। सक्रिय 100 मरीजों का चिकित्सीय टीमें उपचार कर रही हैं। नए संक्रमितों में 6 महिलाएं व 8 पुरुष शामिल हैं। 24 घंटे में सबसे ज्यादा संक्रमित शहर के मोहल्ला सिविल लाइन में मिले हैं। वहां के 7 मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सीएमओ के निर्देश पर चिकित्सीय टीमें संक्रमितों का उपचार कर रही हैं। संपर्क में आने वालों की भी जांच कराई जा रही है।

### बांदा में एक ही रात में दो मकानों से नकदी जेवर चोरी

**बांदा।** कस्बे की छोड़ दो बैंक के आसपास भी पुलिस की सक्रियता शून्य रहती है। ऐसा कुछ मंगलवार रात को देखने को मिला जब चोरों ने बैंक के पास ही दो घरों को निशाना बनाते हुए वारदात को अंजाम दिया। चोर दोनों घरों से नकदी व जेवर समेट ले गए। आर्यावर्त बैंक के सामने मंगलवार देररात चोर बगल के खंडहर नुमा मकान से मजाकीलाल गुप्ता निवासी राघव थोक के घर में घुस गए। मजाकीलाल व उनका परिवार घर में नीचे के खंड में सो रहा था। चोरों ने दूसरे तल में बच्चे के एडमिशन के लिए रखे 7500 रुपये नकद व एक जोड़ी चांदी के पायल में हाथ साफकर दिया। वहां से चोर पीछे रह रहे नगर पंचायत के रिटायर्ड लिपिक राम शरण अवस्थी के घर में भी घुसे। उनके यहां भी पूरा परिवार नीचे के कमरों में सो रहा था। छत के रास्ते मकान में दाखिल हुए चोरों ने ऊपर के खंड में बने कमरों से एक जोड़ी सोने के टॉप्स एक मंगलसूत्र व 5 000 नकद चोरी कर लिया।

### अवैध गांजा विक्रेता को हुई पांच माह की सजा

**चित्रकूट।** बरगढ़ थानाध्यक्ष रविप्रकाश ने न्यायालय में चल रहे मुकदमे की प्रभावी पैरवी करवाकर अवैध गांजा विक्रेता को पांच माह का कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित कराया है। गुरुवार को मऊ के जूडीसियल मजिस्ट्रेट सुमित कुमार की अदालत में चल रहे एनडीपीएस एक्ट के आरोपी जज्जे उर्फराजेश पुत्र बम्बम उर्फरामसेवक तिवारी निवासी अशोक चौराहा बरगढ के मामले में थानाध्यक्ष रविप्रकाश व पैरोकार रामकुमार ने गवाहों की समय से पेशी कराई। एपीओ कपिल त्रिपाठी ने प्रभावी बहस की। सीजेएम ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए पांच माह का कारावास व दो हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

### सोलर कम्पनी पर आरोप

**चित्रकूट।** सुखवीर एग्रो एनर्जी कम्पनी छीबों पर छीबों निवासी पूर्व प्रवक्ता महेशदत्त शुक्ला ने कम्पनी के मध्यस्त संजीव राय पर आरोप लगाया कि उनकी 14 बीघा भूमि खरीदने का वायदा कर उनके साथ उत्पीडन व जालसाजी की है। पूर्व प्रवक्ता महेशदत्त शुक्ला ने आरोप लगाया कि कम्पनी के मध्यस्त संजीव राय ने उनसे भूमि खरीदने का वायदा किया था। अब संजीव राय उनसे किसी शर्त पर जमीन नहीं खरीद रहे। संजीव राय ने सभी आरोपों को निराधार बताया।

### युवती ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो मारापीटा

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने दबंगो द्वारा छेड़छाड का विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि आज सुबह उसकी 20 वर्षीय पुत्री दुकान पर बैठी थी। उसी दौरान गांव के ही दो सगे भाई आये और उसकी पुत्री के साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसकी पुत्री ने गाली देने का विरोध किया तो उसे दुकान के अंदर से बाहर कर जमकर मारापीटा। आरोप लगाया कि युवकों ने उसकी पुत्री के साथ अशखील हरकतें कर उसके साथ छेडखानी की। बताया कि उसने फोन से पुलिस को सूचना दी।

### आटो से गिरकर छात्र घायल, चालक फरार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कोचिंग पढ़कर घर जाते समय एक छात्र हाईवे में गिरकर घायल हो गया गंभीर हालत में उसे कानपुर रिफर किया गया है। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम कुंड़ौरा निवासी अभिषेक सिंह पुत्र राजन सिंह कक्षा 10 का छात्र है गुरुवार की सुबह वह कोचिंग पढ़ने सुमेरपुर गया था। कोचिंग पढ़ने के बाद आटो से अपने गांव कुंड़ौरा जा रहा था तभी नारायणपुर के पास यह छात्र अचानक आटो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आटो का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आटो को कब्जे में लेकर घायल को एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। हमीरपुर से छात्र को कानपुर भेजा गया है।

### जिले में मिले आठ नए कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** आज जिलेभर में हुई कोरोना जांच में कुल आठ लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। वहीं 11 लोगों ने कोरोना से जंग जीतकर अपने घर वापसी की है। सीएमओ डा.आरके सचान ने बताया कि इस समय कुल 66 केस एक्टिव है। वहीं जो लोग गुरुवार को कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें आइसोलेट किया गया है। साथ ही घर के अन्य सदस्यों की भी जांच की गई है। गुरुवार को कुल 1431 सैंपल लिए गए हैं। जिसमें आठ लोग संक्रमित पाए गए हैं।

### पनयारा में बृद्धा ने कुएं में कूदकर दी जान

**कोंच(जालौन)।** ग्राम पनयारा में एक बृद्धा ने कुएं में कूदकर अपनी जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी 82 बर्षीय श्याम दुलैया पत्नी आशाराम पटेल ने गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे गांव में बने स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे स्थित कुएं में कूदकर जान दे दी। वहीं जब श्याम दुलैया की खोज की गयी तो उसका शव कुएं में तैरता हुआ दिखाई दिया सूचना मिलते ही क्राइम इंस्पेक्टर उदयभान गौतम व सागर चौकी प्रभारी संजीव कटियार मौके पर पहुंचे और शव को कुएं में से बाहर निकलवा कर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक श्याम दुलैया मानसिक रूप से कमजोर होना बताई जा रही है।

### कैथी के तालाब की हुई नीलामी

**कोंच(जालौन)।** तहसील सभागार में बीते रोज बुधवार को तहसीलदार की अध्यक्षता में तालाबों की नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराई गई कैथी और जगनपुरा के तालाब के लिए आवेदन आए थे सिर्फ केंथी तालाब की ही नीलामी पूरी हो सकी। पूर्व में भी कई दफा तालाबों की नीलामी कराने का प्रयास किया गया था कम बोली आने के कारण नीलामी निरस्त कर दी गई थी। बुधवार को एक बार फिर केंथी और जगनपुरा के तालाब की नीलामी के लिए आए आवेदनों पर बोली लगवाई गई जिसमें राम प्रताप पुत्र बिरंची अहिरवार निवासी केंथी के पक्ष में 50 हजार 500 रुपये प्रति वर्ष पर बोली टूट गई और तालाब उन्हें एक बर्ष के लिए दे दिया गया। सिर्फकेंथी का तालाब ही नीलाम हो सका, जगनपुरा के तालाब की बोली सही नहीं आने पर नीलामी मुल्तबी कर दी गई।

### उधार दिए रुपए मांगे तो मिली जानमाल की धमकी

**कोंच(जालौन)।** नगर के मुहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी कमाल पुत्र नन्हे खाँ ने कोंच कोतवाली को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि काम धंधे के लिये उसने अपने रिश्तेदार दीदार पुत्र खुदाबख्श निवासी जालौन को बीते समय पूर्व 50 हजार रुपये दिये थे जिसके बाद वह कई बार अपने रुपये वापस मांग चुका है दीदार उसके रुपये वापस नहीं कर रहा है। 30 नवंबर को दीदार अपने कई साथियों के साथ उसके घर आया और रुपये वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। कमाल ने उक्त मामले को लेकर पुलिस से कार्यवाही करने की मांग की है।

# रिपोर्ट उपलब्ध न कराने पर सभी सीडीपीओ के वेतन को रोकने का आदेश

## ● जिले मे कुपोषण की स्थिति दिनों दिन होती जा रही है खराब, सीडीपीओ हुए निरंकुश

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेंस विभागों की समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि गत माह की बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या अभी तक उपलब्ध न कराने पर सभी सीडीपीओ का वेतन रोकने के आदेश दिये है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह की बैठक में लिए गए निर्णयों से संबंधित अनुपालन आख्या प्रत्येक माह की बैठक से 01 सप्ताह पूर्व ही उपलब्ध कराया जाए अन्यथा की स्थिति में संबंधित माह का वेतन आहरित नही किया जाएगा। सुमेरपुर तथा कुरारा विकास खंड के सीडीपीओ द्वारा नवंबर माह में पोषण वाटिका बनवाए जाने की प्रगति शून्य होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों से जवाब तलब किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह समयबद्ध ढंग से ड्राई राशन पोषण किट का वितरण कराया जाए। कुपोषित बच्चों के माता-पिता को प्रत्येक ब्लॉक सीडीपीओ द्वारा कम से कम 10-10 दुधारू गाय अवश्य उपलब्ध करा दी जाए। प्रत्येक माह अधिक से अधिक पोषण वाटिका का निर्माण कराकर शीघ्र शत-प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका का निर्माण कराया जाय। कुपोषित परिवारों बच्चों को मौसमी फल सब्जियों के सेवन हेतु प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा सीडीपीओ द्वारा कुपोषित परिवारों को प्रत्येक माह समय से ड्राई राशन का वितरण कराया जाए। ड्राई राशन वितरण के पश्चात वेबसाइट पोर्टल पर 7 दिसंबर तक 100: डाटा फीडिंग का कार्य सीडीपीओ द्वारा अपनी पोर्टल आईडी के माध्यम से अनिवार्य रूप से करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराकर उनका इलाज कराया जाए। डीएम ने कहा कि सीडीपीओ द्वारा कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके लिए नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाए तथा प्रत्येक एक्टिविटी को दैनिक डायरी में अंकित किया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा दैनिक डायरी का सप्ताहिक अवलोकन किया जाए। सभी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया जाए। कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएं।

# धर्म नगरी के पर्यटन विकास से चित्रकूट बनेगा आत्मनिर्भताः नरेंद्र गुप्ता

## ● चेयरमैन ने किया स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ



उद्घाटन करते चेयमैन नरेंद्र गुप्ता।

**चित्रकूट।** धर्म नगरी को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कर्वी नगर पालिका जुटी हुई है। गुरूवार को मुख्यालय के ट्रैफिक चौराहा से कलेक्ट्रेट तक जाने वाले मुख्य मार्ग में करीब 10 लाख की लागत से लगाई गई स्ट्रीट लाइट का पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने विधिवत पूजन अर्चन के बाद शुभारंभ किया। चेयरमैन गुप्ता ने कहा कि भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट को सुंदर और स्वच्छ बनाने को केंद्र और प्रदेश सरकार संकल्पित है। चित्रकूट के पर्यटन विकास को दृष्टिगत रख नगर पालिका द्वारा सभी वार्डो का सतत विकास किया जा रहा है। धर्म नगरी के पर्यटन विकास से क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर बढेगें। पीएम और मुख्यमंत्री योगी के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प साकार होगा।

अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा ने कहा कि नगर पालिका द्वारा डिवाइडर युक्त पहली रोड का निर्माण किया गया है। विद्युत पोल सिफ्टिंग का कार्य पूर्ण होते ही जल्द ही रोड निर्माण का कार्य पूरा कराया जायेगा। यह रोड पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। उद्घाटन अवसर पर ईओ नरेंद्र मोहन मिश्र, जेई एस के मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक कर्मोत्तर सिंह, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, सुभाष गुप्ता, प्रवीण श्रीवास्तव, ज्ञान गुप्ता, असरफ खान, राजेन्द्र राम, सभासद मुन्ना गुप्ता, व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल, समाजसेवी महेश जायसवाल आदि दर्जनों लोग रहे मौजूद।

## बोलेरो को ट्रक ने मारी टक्कर, मरीज व चालक की मौत

**हमीरपुर।** आज तड़के हमीरपुर शहर के हाईवे में जिला अस्पताल से रिफर मरीज लेकर जा रही बोलेरो में सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे मरीज व बोलेरो चालक की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गयी। उसमें सवार तीन लोगो में मृतक मरीज के पुत्र को गंभीर हालत में कानपु रिफर कर दिया गया है। सुमेरपुर क्षेत्र के भौनिया गांव निवासी जगत सिंह (50) अचानक गंभीर रुप से बीमार हो गया कल रात में अपनी बहिन के यहा छतरपुर निवासी शिवपूजन वर्मा(22) बोलेरो से आया था, तभी जगत सिंह के परिवारीजनों ने शिवपूजन की बोलेरो मे बैठाकर जगत सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया डाक्टरो ने उसे गंभीर हालत में कानपुर रिफर कर दिया, जैसे ही बोलेरो हमीरपुर शहर के लक्ष्मीबाई तिराहे पर पहुची तभी कानपुर से महोवा जा रहे ट्रक ने बोलेरो मे टक्कर मार दी जिससे चालक शिवपूजन व मरीज जगत सिंह दोनो की मौके पर मृत्यु हो गयी, बोलेरो मे सवार तीन मे मृतक के पुत्र संजय को गंभीर चोटे आयी है उसे कानपुर इलाज के लिये रिफर कर दिया गया है। चालक ट्रक छोडकर भाग निकला पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे मे ले लिया है दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

## दो लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ, एक की हालत चिंताजनक

**मौदहा ( हमीरपुर )।** कस्बे सहित क्षेत्र में एक किशोरी सहित दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिन्हे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से एक की हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर निवासी लीला (38) पत्नी जय किशोर ने घर में किसी बात से नाराज होकर जानवरों के कीड़े मारने वाली कीटनाशक दवा पी लिया। जिसे गंभीर हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया।जहां से महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं कस्बे की कशिश परवीन (17) पुत्री तबरेज ने किसी बात से नाराज होकर डाई पी ली। सरकारी अस्पताल लाया गया, किशोरी का इलाज किया जा रहा है।

## बांदा जिला एचआइवी एड्स का प्रमुख हॉट स्पाट

**बांदा।** वैश्विक स्तर पर एडस से बचाव व सुरक्षा के लिए विभिन्न संस्थाएं लोगों को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में नरैनी के प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। सीएचसी नरैनी के अधीक्षक डॉ. बृजेंद्र सिंह राजपूत ने आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एड्स की भयावहता पर जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में बांदा एचआईवी एड्स का प्रमुख हॉट स्पाट है। इस गंभीर बीमारी से बचाव के लिए नाको संगठन के अधीनस्थ उत्तर प्रदेश कंट्रोल सोसायटी नियोजित प्रयास कर रही है। जिले में लक्षित हस्तक्षेप परियोजना संचालित हो रही है। परियोजना के निदेशक व संस्था ज्ञान भारती शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के परियोजना निदेशक अखिलेश अवस्थी ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। कहा कि असुरक्षित यौन संबंध एड्स रोगी मां के स्तनपान एड्स रोगी की इस्तेमाल किए इंजेक्शन आदि के प्रयोग से होता है। कहा कि सभी सरकारी अस्पताल में एड्स की जांच की जाती है।

# बांदा में खिले चेहरे, अब पूरे हुए शिक्षक बनने के सपने

**बांदा।** जिले के परिषदीय स्कूलों में रिक्त 814 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू हुई तो मुरझाए अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। अब उनके शिक्षक बनने के ख्वाब पूरे हो रहे हैं। 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत बुधवार को जीआइसी में 478 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया। इसमें देर शाम तक 438 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई। शेष महिला अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग गुरुवार को होगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिश्चंद्रनाथ और डायट प्राचार्य वीरेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में छह सदस्यीय समिति ने गुरुवार को 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की। जिले में परिषदीय स्कूलों में रिक्त कुल 814 शिक्षक के पदों के लिए काउंसिलिंग दूसरे चरण की कराई जा रही है। इसके पूर्व अक्टूबर माह में 223 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देकर विद्यालयों का आवंटन कर दिया गया है। गुरुवार को काउंसिलिंग के लिए सुबह से ही जीआइसी में अभ्यर्थियों की भीड़ जमा हो गई। शिक्षकों ने अपने अभिलेखों और शपथ पत्र तैयार करने में पसीना बहाया। उन्हें स्टांप खोजने में मेहनत करनी पड़ी। देर शाम तक दूर.दराज जिलों कानपुर, गाजीपुर, फतेहपुर, वाराणसी, गोरखपुर से आए अभ्यर्थियों को काउंसलिग के लिए देर शाम तक इंतजार करना पड़ा। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पहले दिन 814 में 478 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। देर शाम तक 438 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हुई है। गुरुवार को सुबह दस बजे से 336 महिला अभ्यर्थियों के साथ छूटे हुए पुरुष अभ्यर्थियों की भी काउंसिलिंग होगी। इसके बाद जो अनुपस्थित रहेंगे वह खुद जिम्मेदार होंगे।

## बांदा में ठंड बढ़ी बच्चों तक नहीं पहुंचे स्वेटर व मोजा-जूता

**बांदा।** ठंड जोर पकड़ रही है। छात्र.छात्राओं को स्वेटर व जूता.मोजा की जरूरत है। विभागीय लापरवाही से अभी तक उन तक स्वेटर जूता मोजा नहीं पहुंचे हैं। जबकि शासन ने मंडल के चारों जिलों में इसके लिए 9.69 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है। 30 नवंबर तक सभी छात्र.छात्राओं को स्वेटर जूता मोजा वितरण के निर्देश हैं। चित्रकूटधाम मंडल के परिषदीय विद्यालयों में करीब साढ़े पांच लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। सभी बच्चों को घरों में मिडडे मील और कन्वर्जन कास्ट के साथ स्वेटर व अन्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। स्वेटर जूता मोजा के लिए चारों जिलों में नौ करोड़ 69 लाख 69 हजार 241 रुपये जारी किए हैं। इसमें बांदा को तीन करोड़ 74 लाख 37 हजार 424 रुपये हमीरपुर को एक करोड़ 84 लाख दो हजार 433 रुपये महोबा जिले को एक करोड़ 64 लाख 72 हजार 295 रुपये और चित्रकूट जनपद को दो करोड़ 46 लाख 57 हजार 89 रुपये शामिल हैं।

# करोड़ों खर्च के बाद भी गौवंशों का बुरा हाल

**कदौरा ( जालौन )।** शीत लहर शुरू होने के बावजूद गौशाला में बंद गौवंशों को सर्दी से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। पिछले वर्ष लगाए गए तिरपाल फट चुके हैं। ज्यादातर गौशालाओं में टीनशेड भी गौवंश की क्षमता के अनुसार कम है। रात में गौवंश ठंड से ठिठुर रहे हैं चारे पानी की भी समस्या बनी हुई है जिस कारण अन्ना मवेसी खेतों व गांवों में घूमते रहते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी जहां किसान रातजगा कर फसलों की रखवाली को लाचार हैं तो जिम्मेदार महकमा सर्द रातों में नींद पूरी करते देखे जा रहे हैं। सवाल यह उठता है कि गौशालाओं में धरातल पर जो अव्यवस्थायें हैं उनको दूर करने की जिम्मेदारी किसकी है। इस कटु सवाल पर हर जिम्मेदार अधिकारी जबाब देने के बजाय बगले झांकने लगता है।

## लमसर में नहीं है चारा

**कदौरा।** क्षेत्र के ग्राम लमसर में स्थित गौशाला में न तो टट्टर है और न तिरपाल प्रधान व सचिव ने गांव के बीच में बने तालाब के किनारे झाखंड़ व टट्टर लगा कर मवेशियों को बन्द किया है। मवेसी गौशाला से निकल कर खेतो पर खड़ी फसल को बर्बाद करते हैं जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। गौशाला में चारे पानी की व्यवस्था नही है शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होती है।

## सुरौला गौशाला में भी गौवंशजों के नाम पर हो रही खानापूर्ति

**कदौरा।** ग्रामीणांचल के ग्राम सुरौला में पशु पालन विभाग ने बेसहारा गौवंश समस्या निवारण हेतु आश्रय ग्रह निर्माण के लिए 30 लाख रुपये दिए थे जिस पर गौशाला का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने कराया था। गौशाला में मवेशियों के नाम पर सिर्फ कागजी कार्यवाही पूरी होती है जब कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए जाता है तब गौशाला में मवेशियों को हांककर बन्द किया जाता है। किसानों ने बताया कि हम लोग रात रात भर जाग कर फसल की रखवाली करते हैं।

## बड़ागांव की गौशाला शोपीस

**कदौरा।** क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में गौशाला तो है लेकिन सिर्फदिखावे के लिए किसानों ने बताया कि फसलों को बचाने के लिए कटीले तार झांखड़ व मजदूरों को लगाया है लेकिन अन्ना मवेशियों के आगे सारे इंतजाम ध्वस्त हो जाते हैं प्रतिदिन दर्जनों बीघा चना मटर की फसल बर्बाद हो जाती है किसानों का कहना है कि हम लोग शिकायत करते करते थक गए हैं कोई सुनता नही है तो क्या करे जल्द डीएम से मिलकर अन्ना की समस्या से निजात दिलाने की मांग करेंगे।

## चारा खरीद में भ्रष्टाचार का बोलबाला

**कदौरा।** विकासखंड के गांवों में 20 स्थाई व 36 अस्थाई गौशालाएं है। जिन्हें संचालित जिनके लिए राज्य सरकार चारा व दाना आदि के लिये धनराशि भेजती है गौशालाओं के लिए आने वाली धनराशि पर भी जिम्मेदार अपना कमीशन फिक्स रखते हैं।

## अन्ना जानवरों को कई बार भिड़ चुके हैं किसान

**कदौरा।** ब्लॉक क्षेत्र में 5 व 30 नबम्बर को अन्ना जानवरो के हांकने को लेकर भेड़ी खुर्द बड़ागाँव व कानाखेड़ा चन्दरसी नगवां के किसानों में विवाद हो चुका है।

# आशा बहुओं ने प्रदर्शन कर डिप्टी सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत नियमित टीकाकरण सर्वे के विजिट का भुगतान विभाग द्वारा न किया जाने को लेकर आशाओं ने प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डिप्टी सीएमओ को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। गुरुवार को स्थानीय मुख्य चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा बहू विनीता यादव के नेतृत्व में आशा बहुओं ने प्रदर्शन किया। आशाओं ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम फाइलेरिया व रूबेला विजिट का भुगतान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तालग्राम डॉ0 उमेश चंद्र वर्मा द्वारा नहीं किया गया है। जब आशाओं ने भुगतान करने को कहा तो प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भड़क गए और आशाओं से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिसके बाद आशाओं ने जिलाधिकारी राकेश मिश्र और पूर्व राज्यमंत्री छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की। इस मौके पर किरण दुबे, सुमन यादव, कीर्ति देवी, नीरज देवी, उषा देवी, बेबी शाक्य सहित करीब तीन दर्जन आशा बहू उपस्थित रही। प्रदर्शन कर रही आशाओं ने मौके पर पहुंचे डिप्टी सीएमओ केसी राव को ज्ञापन सौपकर कार्रवाई व समस्या के निस्तारण की मांग की।

## दबंग ने विधवा से किया दुष्कर्म का प्रयास, दी धमकी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** क्षेत्र के एक ग्राम निवासी विधवा महिला ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि उसके पति की 6 माह पूर्व मृत्यु हो गई थी। वह अपने तीन बच्चों के साथ अकेली रहती है। विगत 11 अक्टूबर 2020 की दोपहर घर में नहाते समय गांव का ही नाजिम पुत्र जमील जबरन घुस आया और तमंचा लगाकर उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। विरोध करने व शोर मचाने पर युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## क्षेत्राधिकारी सदर ने किया महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ

**उरई ( जालौन )।** गुरुवार को रामनगर स्थित महिला थाने की हेल्प डेस्क का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी सदर संतोष कुमार ने करते हुये कहा कि अब पीड़ित महिलाओं के मामलों की चौबीस घंटे सुनवाई कर उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह जनपद का प्रथम स्थायी निर्मित महिला हैल्प डेस्क है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कोरोना को ध्यान में रखकर बनाया गया है। वहीं महिला थानाध्यक्ष नीलेश कुमारी ने योगी सरकार की सराहना करते हुये कहा कि यह महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने यह भी बताया कि यह एक प्रकार से महिला रेसेप्शन की तरह है जिसमें आने वाली महिलाओं से उन्हें नाम पूंछकर रजिस्टर किया जायेगा ताकि प्रार्थी की उपस्थिति से पता चल सके कि उसे समस्या क्या है। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पहले सूबे के मुखिया योगी अदित्यनाथ ने महिला हेल्प का शुभारंभ किया था जिसकी खासियत यह है कि यह 24 घन्टे खुला रहेगा।

# एसपी ने कोतवाली का जायजा ले परखी जाम की समस्या

## ● अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की हिदायत देते हुये दी चेतावनी

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जनपद के नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने स्थानीय कोतवाली पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत लंबित विवेचनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधीनस्थों के पेच कसे। उन्होंने पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड का पैदल भ्रमण कर अतिक्रमण जमायें अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की चेतावनी दी। तो वही सड़क पर खड़े वाहनों के चालान काटने के निर्देश दिए।

गुरुवार को स्थानीय कोतवाली पहुंचे नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कार्यालय, कोविड हेल्प डेस्क, का निरीक्षण करने के उपरांत महिला हेल्प डेस्क प्रभारी रजनीबाला से महिला उत्पीड़न संबंधित जानकारी ली। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क में कैमरा स्थापित किए जाने की बात कही। उन्होंने उप निरीक्षकों की बैठक लेते हुए लंबित विवेचनाओं पर नाराजगी व्यक्त की और समय रहते विवेचना को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल के साथ नगर के जीटी रोड का पैदल भ्रमण किया। सड़क पर आड़ी तिरछी खड़ी बाइकों सहित वाहन का चालान काटने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने दुकानों के आगे फुटपाथ पर सामान लगाए दुकानदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए सामान को हटा लेने की हिदायत देते हुए अगली बार चालान काटने की चेतावनी भी दी। इस दौरान उन्होंने कोतवाली प्रभारी राजा दिनेश सिंह को सड़क पर खड़े वाहनों का चालान करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने संवाददाता से वार्ता में बताया कि शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए आज उनके द्वारा अतिक्रमणकारियों को हद में रहने की चेतावनी दी गई। पुनः अतिक्रमण करने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश

संवाददाता। गोंडा

**आयुक्त** एसवीएस रंगाराव ने विभागवार मंडलीय समीक्षा बैठक के क्रम में आयुक्त सभागार में बेसिक शिक्षाए कौशल विकासए स्वास्थ्य तथा गन्ना आदि विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मंडल के 14 अवस्थापना मापदंडों पर मंडल में 9436 विद्यालयों के सापेक्ष कुल 6867 संतृप्त विद्यालयों की समीक्षा के दौरान कहा कि यद्यपि ऑपरेशन कायाकल्प में अच्छा कार्य हुआ है। किंतु कार्यों में समरूपता रहे तो और अच्छा है। उन्होंने कौशल विकास मिशन के अंतर्गत विभिन्न कौशल विभाग प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि ग्रामीण कल्याण रोजगार योजना में प्रवासी मजदूरों हेतु होने वाले प्रशिक्षण में ऐसे मजदूर जो अपने पूर्व कार्यस्थल पर वापस चले गए हैं, उनके स्थान पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का पूरा बैच तैयार करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किया जाए।

बैठक में बताया गया कि मंडल में गन्ना आपूर्तिकर्ता कुल 390268 कृषकों के सापेक्ष 340273 कृषकों का गन्ना भुगतान किया गया है। जो लगभग 87.19 प्रतिशत है। गन्ना भुगतान की देय धनराशि 249866.88 लाख के सापेक्ष 231000.36 लाख रुपये की धनराशि का भुगतान किया गया हैए जो 85.25 प्रतिशत है। इटईमेदाए कुंदरकी तथा चिलवरिया चीनी मिलो पर गन्ना भुगतान बकाया हैए जिसमें चिलवरिया चीनी मिल के विरुद्ध आर सी जारी हो चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कोविड.19 वैक्सीन आने के दृष्टिगत आयुक्त ने 15 दिसंबर तक मंडल में कोल्ड चैन की पूरी व्यवस्थाए जिसमें पावर बैकअप सहित वैक्सीन रखने आदि की व्यवस्था सम्मिलित हैए उसे पूरा कर लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि विगत दिनों करोना के मामलों में बढ़ोतरी के दृष्टिगत ल्1 व ल्2 अस्पतालों में सभी तैयारियां सुनिश्चित रखी जाए। संवेदनशील क्षेत्रों जैसे मलिन बस्तियोंए सामुदायिक शौचालय तथा चीनी मिलों के आसपास के क्षेत्रों में ठीक प्रकार से सर्वे सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने आयुष्मान भारत. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे गोल्डन कार्ड की प्रगति अभी तक मंडल में मात्र 16.2 प्रतिशत होने के क्रम में निर्देशित किया है कि इसके लिए अभियान चलाकर तथा रोस्टर बनाकर गोल्डन कार्ड बनवाया जाए। उन्होंने जनपद बलरामपुर में ऐसे लाभार्थी परिवारों का प्रतिशत जिनमें एक भी गोल्डन कार्ड नहीं बना हैए उनका 82.26 प्रतिशत होने के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर को निर्देशित किया कि वह विशेष ध्यान देकर अपेक्षित कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने दिसंबर माह में अतिरिक्त रूप से 15 प्रतिशत से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए जाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों में जनपद श्रावस्ती में उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष व्यय मात्र 30.32 प्रतिशत होने पर वित्तीय प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही साथ उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की संबंधित योजनाओं कीऑडिट करा कर आपत्तियों का निस्तारण समय से सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए हैं

इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेयए अपर आयुक्त केके सिंहए अपर निदेशक स्वास्थ्य डाण् आनंद ओझाए उपायुक्त गन्ना हरिपाल सिंहए सहायक निदेशक बेसिक विनय मोहन सिंह निदेशक प्रशिक्षण योगेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुक्त ने किया सपरिवार पौधरोपण

**गोंडा।** आयुक्त, देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव की सदप्रेरणा से आयुक्त आवासीय परिसर में विभिन्न विशिष्ट प्रजाति के लगभग 400 से अधिक पौधों का रोपण कर वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें चंदनए रुद्राक्षए लाल चंदनए बॉसए लाठी बॉसए मौलश्रीए सीताअशोक तथा सागौन आदि के पौधे मुख्य रूप से रोपित किए गए। आयुक्त श्री रंगाराव सपरिवार इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुष्मिथा राव व दोनों बेटियां कुमारी लोपामुद्रा व कुमारी लोकात्रया ने बड़े उत्साह के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मंडल में अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए सभी को प्रेरित किया।

इस अवसर पर आयुक्त ने पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण के दृष्टिगत लोगों से अपील की है कि मंडल में जहां भी पौधों के लिए उपयुक्त स्थल उपलब्ध हो वहां विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वृक्षारोपण कराने हेतु विशेष प्रयास किया जाए। वन संरक्षक देवीपाटन मंडल एके शुक्ला ने विभिन्न प्रजाति के पौधों की विशेषता व उपयोगिता का का उल्लेख करते हुए बताया कि चंदन के पौधों में लाल चंदन का पौधा अत्यंत ही महत्वपूर्ण व कीमती होता है। उन्होंने बताया कि चंदन का पौधा लगाते समय उसके साथ एक अन्य पौधे लगाया जाना अति आवश्यक होता हैए ताकि कुछ दिनों तक चंदन का पौधा उस पौधे के माध्यम से अपनी खुराक ले सके। प्रभागीय वनाधिकारी गोंडा आरके त्रिपाठी ने बताया कि हमारे जीवन का आधार एवं धरती का श्रृंगार वृक्ष ही हैं। वृक्षों के कारण ही सभी को प्राणवायु प्राप्त हो रही है। जो मानव जाति के लिए उनकी परम उदारता का परिचायक है। इस प्रेरणादाई वृक्षारोपण के अवसर पर वन संरक्षक एके शुक्ला, प्रभागीय वनाधिकारी आरके त्रिपाठी, एसडीओ गोंडा एसपी सिंह, एसडीओ बलरामपुर राम सिंह यादव, रेंजर मोहम्मद इलियास खां, वन रक्षक अर्चना मौर्य व रक्षाराम वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी व वन कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन फॉरेस्टर अभिषेक वर्मा द्वारा किया गया।

# डीएम-एसपी के निर्देशन में हुई अपराध गोष्ठी

● क्राइम कन्ट्रोल को लेकर मातहतों को दिए गए निर्देश



**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीणा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक समस्त क्षेत्राधिकारी व समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष व समस्त शाखा प्रभारी द्वारा भाग लिया गया।

गोष्ठी में जिलाधिकारी द्वारा यह बताया गया कि भूमि विवादों को चिन्हित कर राजस्व एवं पुलिस की टीम नियुक्त कर मामले को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में निम्न निर्देश दिये गये। जिसमे महिलाओं सम्बंधी अपराधों की रोकथाम व एण्टीरोमियो अभियान में प्रभावी कार्यवाही के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गयें तथा यह भी अवगत कराया गया कि इस सम्बंध में कोई लापरवाही क्षम्य नही होगी। समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियो को प्रतिदिन अपने-अपने थाना क्षेत्र में पैंदल गस्त कर, संदिग्ध वाहनो व संदिंग्ध व्यक्तियो की व बैंको की संघन चेकिंग के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

थाने पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल एफआईआर पंजीकृत कर विवेचना की जाए व मिशन शक्ति के तहत प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाये। सभी थानो को यह भी निर्देश दिये गये कि अभियान चलाकर वांछित, वारण्टी, फरार व ईनामिया आपराधियो की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाये। थानो पर लम्बित विवेचनाओ व आईजीआरएस एवं जनसूचना का निस्तारण समय पर किया जाये। जिन थानो में विवेचना व आईजीआरएस एवं जनसूचना लम्बित पाये गये उन थाना प्रभारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। सम्मन, बीडब्लू व नोटिस का तामिला सभी प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष समय पर कराना सुनिश्चित करें। थाना क्षेत्र में सक्रिय व जेल से छुटे हुए अपराधियो का नियमित निगरानी व उनका डोजियर भराना सुनिश्चित करें। सप्ताह में एक दिन थानो पर पुलिस कर्मियो द्वारा स्वच्छता का अभियान चला कर थानो को स्वच्छ रखने का भी निर्देश कप्तान ने दिया।

## अधिवक्ता दिवस के रूप में मना डा. राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन

**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** तहसील सभागार मे प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के जन्मदिन को अधिवक्ता दिवस के रूप मे मनाया गया। बल्दीराय तहसील सभागार मे अधिवक्ता संघ के द्वारा प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के जन्मदिन के अवसर पर अधिवक्ता दिवस के रूप मे मनाया गया। जिस के मुख्य अतिथि तहसीलदार शैलेंद्र चौधरी व अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओ ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज सिंह अपने संबोधन मे बताया कि हमारे देश के प्रेरणा स्रोत व अधिवक्ताओ के मार्गदर्शक डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने जो सम्मान अधिवक्ताओ को दिया वह अनुकरणीय है। हम सब अधिवक्तागण समाज के निचले वर्ग को न्याय दिलाने के लिए संघर्षरत रहे और न्याय की आस्था को बनाए रखे। संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शैलेंद्र चौधरी तहसीलदार ने अधिवक्ताओ को यह विश्वास दिलाया कि हम आपके साथ मिलजुल कर काम कर गरीबो को न्याय प्रदान करेंगे।

# सुरक्षा के मद्देनजर आईजीएटीएस ने भारत-नेपाल सीमा का किया निरीक्षण



**श्रावस्ती।** सिरसिया. उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता के आई जी डा. जीके गोस्वामी ने बुधवार को सायंकाल नेपाल सीमा के समीपवर्ती सुइया बार्डर तुरुसमा सहित बार्डर के अन्य क्षेत्रों के सीमावर्ती गाँवों के आसपास जाकर निरीक्षण कर सुरक्षा ब्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वहां उपस्थित सुरक्षा बल के जवानों को निरन्तर निगरानी रखते हुए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।

● एसएसबी को सीमा पर विशेष सावधानी बरतने के दिये निर्देश

भारत-नेपाल सीमा पर आईजीएटीएस के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी टी के शिबु पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य अपर पुलिस अधीक्षक एटीएस मुख्यालय लखनऊ डॉ. दिनेश यादव सहित एसएसबी व पुलिस के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चैम्पियन्स लीग के 16वें दिन पहला सेमीफाइनल मैच निर्मल हास्पिटल को




**रायबरेली।** श्री शारदा सिंह क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली चैम्पियन्स लीग के 16वें दिन पहला सेमीफइनल मैच निर्मल हॉस्पिटल लायन्स एवं मरीनर्स स्पोर्ट क्लब के बीच खेला गया, जिसमें मरीनर्स स्पोर्ट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रवि सिंह के 84 व शुभम गौड़ के नाबाद 30 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 185 रन बनाये। निर्मल हॉस्पिटल लायन्स की ओर से गेंदबाजी में वैभव पाल ने ने 3 विकेट व मनीष अवस्थी और गौरव पाठक ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्मल हॉस्पिटल लायन्स की टीम महज 17.3 ओवरों में 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। निर्मल हॉस्पिटल लायन्स की ओर से बल्लेबाजी में अरविन्द राजपूत ने 25 व रवि कुमार ने 23 रन बनाए। मरीनर्स स्पोर्ट क्लब की ओर से गेंदबाजी में रवि सिंह व शोभित तिवारी ने 3-3 विकेट व कुलदीप मिश्रा और शुभम गौड़ ने 2-2 विकेट झटके। इस मैच में निर्मल हॉस्पिटल लायन्स को मरीनर्स स्पोर्ट क्लब ने 52 रनों से मात देकर फइनल में जगह बनाई। इस मैच में रवि सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

## विजिलेंस विभाग का चला छापेमारी अभियान

**सुलतानपुर।** बिजली विभाग विजिलेंस टीम द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी से अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। टीम ने लाखों की वसूली के साथ एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफमुकदमा भी दर्ज कराया। टीम ने जिले के जयसिंहपुर, भटमई, बोजोरी, बेलगरा, तेहसा समेत कई स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर चेक करने के साथ साथ बकाएदारों से वसूली भी की गई। चेकिंग के दौरान विद्युत चोरों में अफरा-तफरी मची रही। टीम ने 13 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराते हुए 20 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन भी काट दिए। चेकिंग के दौरान जेई राजेश चन्द्र तिवारी, उदयप्रताप चौहान विजलेंस जेई, प्रभारी विजलेंस निसार अहमद, केपी सिंह, सुभाषचन्द्र दूबे, वीरेन्द्र, हजारी आदि मौजूद रहे।

# आजाद सेवा समिति के कार्यक्रम में हुआ हाई वोल्टेज ड्रामा

● राजपूताना शौर्य फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने सांसद संजय के खिलाफ की नारेबाजी

● पुलिस अधिकारियों ने ड्रामा कर रहे लोगों को लिया हिरासत में

**सुलतानपुर।** आजाद सेवा समिति की ओर से आयोजित खुदीराम बोस शहीद दिवस पर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। ड्रामे के दौरान राजपूताना शौर्य फाउण्डेशन और आजाद सेवा समिति के सदस्य आमने-सामने हो गए। संस्था के संस्थापक एवं आप के राज्यसभा सदस्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। माहौल बिगड़ने न पाए सुरक्षा में लगे अधिकारियों ने राजपूताना शौर्य फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं को पकड़ा और कोतवाली लेकर चले गए। यह वाकया उस समय हुआ जब कार्यक्रम खत्म होने वाला था और मुख्य अतिथि के साथ सांसद संजय सिंह निकल रहे थे।

गुरूवार को नगर के तिकोनिया पार्क में आजाद सेवा समिति की ओर से खुदीराम बोस शहीद दिवस पर असहाय व जरूरतमंदों को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कंबल, रजाई, ठेला और सिलाई मशीन वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। संस्था संस्थापक आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य सिंह ने एक समाचार के प्रधान संपादक बृजेश मिश्रा को मुख्य अतिथि बनाया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरकत किए। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब स्थल से निकलने लगे तो इं. अभिषेक सिंह चौहान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद युवा एवं राजपूताना शौर्य फाउण्डेशन के संचालक मण्डल सदस्य बृजेश सिंह, प्रणीत बौद्धिक आदि ने हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू कर दिया। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के खिलाफ गगनभेदी नारे लगने लगे। सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मियों ने ड्रामा कर रहे लोगों को नगर कोतवाली लेकर आई। बहरहाल मुख्य अतिथि बृजेश मिश्रा ने कंबल और रजाई वितरण गरीबों में किया। करीब एक हजार रजाई, 13 ठेला, 40 सिलाई मशीन जरूरतमंदों को बांटे गए। कार्यक्रम में सोशल डिस्टेसिंग का ख्याल रखा गया। शिरकत करने वाले हर महिला पुरुष को सेनेटाइज के साथ मास्क दिया गया। इस मौके पर संस्था संरक्षक एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष अशोक सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार कमलनयन पाण्डेय, शशि प्रताप सिंह 'शशि', पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद, कैप्टन शालिनी, पप्पू रिजवान, डा. संदीप शुक्ला, श्याम नरायण पाण्डेय, मास्टर निजाम, मासूक अली समेत विभिन्न दलों के नेता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### डा.राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर चित्र पर माल्यार्पण

**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी रायबरेली ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष डा.राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय तिलक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया गया। माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी गण व युवक कांग्रेस के प्रदेष अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय, अभिनव तिवारी, राजकुमार दीक्षित, राहुल बाजपेई, राजन यादव, हाफिज रियाज, साजू नकवी, आयुष द्विवेदी नीरज मिश्रा, आमीन पठान, रूपेष कुमार, रासिद अंसारी, विजय पटेल, राघवेन्द्र सिंह, कमल सिंह, मोहित सिंह, प्रमोद पाण्डेय, शादाब खान, अजीजुल हसन, शैलेन्द्र गुप्ता, जितेन्द्र तिवारी, अफसर रसीद पोलू, विद्या विनोद, वैभव शुक्ल, सुमित यादव, सहित अन्य कांग्रेसी जन मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसंबर को

**रायबरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा लम्बित वादों के त्वरित निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 दिसम्बर 2020 को आयोजित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमो के निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन 04 दिसम्बर 2020 व 10 दिसम्बर 2020 को दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित 18-न्यायालय कक्षीय नवीन भवन स्थित सभागार किया जाएगा। पारिवारिक वादों के अधिक से अधिक निस्तारण हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन 05 दिसम्बर 2020 व 09 दिसम्बर 2020 को अपर प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय-तृतीय के न्यायालय कक्ष में किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद द्वारा वादकारियों का आवाह करते हुए यह अपील की गयी है कि 12 दिसम्बर 2020 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मुकदमों को लगवाये और निस्तारण का प्रयास करे जिससे कि अधिक से अधिक निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा सके।

### सड़क के ऊपर से झाड़ियां हटवाने की मांग

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज-खीरों मार्ग पर सड़क के ऊपर तक लटकी झाड़ियां दुर्घटना का सबब बनी हुई हैं। लालगंज-उन्नाव मुख्यमार्ग से राजपतिनगर, धनाभाद, उगाभाद, रानीपुर, जगतपुर आदि गांवो को मिलते हुए खीरों तक लगभग 15 किलोमीटर लम्बा मार्ग गया है। रानीपुर से लेकर खीरों तक जगह जगह पर सड़क के ऊपर तक बबूल के पेंड़ों की डालियां व झाड़ियां सड़क तक लटकी हुई हैं। काफी घुमावदार सड़क होने के चलते वैसे भी इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हुआ करती हैं उस पर यह झाड़ियां राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी हैं। ग्रामीणों तारा यादव एडवोकेट, राजकुमार, सुनील तिवारी, प्रेमशंकर गुप्त आदि ने सड़क किनारे से इन झाडियों की सफाई कराने की मांग की है।

### नवीन पंचायत भवन निर्माण में मानक विहीन ईंट प्रयोग का आरोप

**लालगंज रायबरेली।** चांदा ग्राम सभा में बन रहे नवीन पंचायत भवन निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री प्रयोग होने का आरोप लगाते हुए मामले का शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी को दिया गया है। उक्त गांव निवासी एवं भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने दिए गए पत्र में उल्लेख किया है कि गांव में नवीन पंचायत भवन का निर्माण ग्राम पंचायत अधिकारी की देखरेख में हो रहा है। जिसके निर्माण में मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि नींव में पीली ईंटो का प्रयोग किया गया है। श्रीसिंह ने एसडीएम को मामले की तकनीकी जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की है। एसडीएम जीतलाल सैनी ने मामले की जांच कर दोषियां पर कार्रवाही किए जाने का आश्वासन दिया है।

### दुर्घटना में दो गंभीर घायल

**लालगंज,रायबरेली।** चौपहिया वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना गुरूवार की दोपहर में लगभग एक बजे घटी। नसीरपुर गांव निवासी उमेश यादव पुत्र शिवशंकर यादव अपने रिश्तेदार चंदन पुत्र भीष्म यादव निवासी पूरे अवसेरी मजरे रानीपुर के साथ लालगंज की तरफबाइक से आ रहा था। अम्बारा पश्चिम गांव के निकट चौपहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार दोनो युवक घायल हो गए। दोनो को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को रेफर किया गया है। बताया गया है कि उमेश यादव का आज ही तिलक समारोह था।तिलक लालगंज के ही प्रतापपुर गांव से जाना था लेकिन दुर्घटना होने के चलते तिलक समारोह निरस्त हो गया। उमेश के गंभीर घायल होने की वजह से परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। उमेश का उपचार लखनऊ के कमांड हॉस्पिटल में जारी है।

### ऑनलाइन ऋण वितरण मेले का हुवा आयोजन

**श्रावस्ती।** माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में जिले में ऑनलाइन मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 श्रावस्ती में विधायक राम फेरन पान्डेय एव़ जिलाधिकारी टी0के0 शिबु की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जनपद में स्वरोजगार संगम योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन मेले का आयोजन किया गया जिसमें स्वरोजगार अभियान प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद और अन्य जनपद की योजनाओं के ऋण का वितरण किया गया जिसमें ओडीओपी टूल किट प्राप्त करने वाले लाभार्थियों में एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत अब्दुल सलाम पुत्र मो0 शरीफमुबारक नगर इकौना श्रावस्ती को 02 लाखए फकरुद्दीन पुत्र जुम्मन खा सेमगढा चैराहा इकौना श्रावस्ती को 05 लाख का फर्नीचर उद्योग के लिये धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।


### उर्दू विभाग ने तीन मेधावियों ने बढ़ाया कॉलेज का मान

**सुल्तानपुर।** गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज में उर्दू विभाग के तीन मेधावी छात्रों ने परिवार के साथ साथ कॉलेज का रोशन कर दिया है। मोहम्मद जीशान अंसारी निवासी खैराबाद जो इसी महाविद्यालय में अध्यापन का कार्य भी कर रहे हैं उन्होंने जेआरएफकी परीक्षा उत्तीर्ण की। उम्मे रुबाब पुत्री रशीद खान निवासी गोरा बारिक गभड़िया और खुशबू खान निवासी गौसाबाद गोसाईगंज ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण किया। यह जानकारी उर्दू विभाग की एसो. प्रो. डॉ.जेबा महमूद ने देते हुए बधाई दी। सफल मेधावियों को महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ. ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी प्राचार्य डॉ.जे.एन.मिश्र ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के दम पर कुछ भी हासिल किया जा सकता है, जिसे मेधावियों ने कर दिखाया है। महाविद्यालय के डॉ. ए.के.मिश्रा,डॉ. मो.शाहिद, डॉ. सीताराम सिंह, डॉ.शैलेन्द्र डॉ. शहनवाज आलम, डॉ. नकी अब्बास, डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी, डॉ.सुधा पाडेय, राकेश कुमार सिंह, सुभाष वर्मा, डॉ. आलोक तिवारी, डॉ.विनय पाण्डेय, डॉ.कुँवर दिनकर प्राताप सिंह ने मेधावियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### भाजपा नेता को पित्र शोक

**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा नेता सुभाष झा के पिता श्री चंड़ीचरण झा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर विवेक शुक्ला, सर्वेश नरायण सिंह, विजय बाजपेई, आशुतोष पाण्डेय, विजय सिंह, विनय शुक्ला, आलोक झा, सुशील सिंह, अलोक श्रीवास्तव, अंकुर चौधरी, विश्वप्रकाश पाठक, अखिलेश तिवारी, अनुभव मिश्रा, अंकुश दीक्षित, आदि लोगों ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की मृतक आत्मा के लिए दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की प्रभू अपने श्री चरणों में उनको स्थान दें परिवार को यह दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

# डलमऊ पुलिस की अनदेखी से डग्गामार वाहन निरंकुश, कोविड एसओपी तार-तार



**डलमऊ रायबरेली।** डग्गामार वाहनों की बेलगाम निरंकुशता की खबर पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए जिस पर डलमऊ प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम उठाने की उम्मीद ही बेईमानी प्रतीत हो रही है कोविड प्रोटोकॉल में डग्गामार वाहन कोरोना जैसी महामारी मे एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के प्रमुख भूमिका अदा करते हैं जिस पर यातायात विभाग की नजर नहीं पड़ती। यातायात विभाग के अधिकारी बड़े राजस्व या कमाई के चक्कर में बड़ी गाड़ियों पर नजरे गड़ाए रह जाते हैं और उनके नाक के नीचे डग्गामार वाहन सभी नियम को ताख पर रखते हुए सवारियों के जीवन से खिलवाड़ करने मे कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं डलमऊ के अंदर से ही चलने वाले तीपहिया वाहन ही अपने परमिट की अपेक्षा चार गुना ज्यादा सवारियों को बेधड़क लेकर चल रहे हैं डलमऊ से जिले और डलमऊ से गदागंज की सड़कों पर दौड़ रहे डग्गामार वाहन या छत पर सवारी ढो रही बस लोगों की जान से खुलेआम खिलवाड़ कर रही हैं। कम किराए का लालच देकर सवारियों को अपने वाहनों में ठूंस-ठूंस कर भर रहे इन वाहन चालकों में पुलिस व प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। यहां की सड़कों पर चल रहे इस प्रकार के वाहनों पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं होने के चलते ये आए दिन हादसों का भी सबब बन रहे हैं अपनी जान जोखिम में डाल इन वाहनों में यात्रा कर रहे लोगों की भी अपनी मजबूरी है चूंकि क्षेत्र में परिवहन संसाधनों का पहले से ही भारी अभाव रहा है।बता दें कि जिले के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में रोडवेज बसों की कमी के चलते क्षेत्र में डग्गामार वाहनों का चलन आम बात है मानक से ज्यादा सवारियों के आवागमन पर बेधड़क कुछ ड्राइवर कहते हैं कि खर्चा देते हैं पुलिस को वो हमारा कुछ नहीं कर सकते. समस्या यहां के मुख्य मार्गों से लेकर संपर्क मार्गों पर रोडवेज की बसों की संख्या न के बराबर है। जिसके चलते भी यात्री डग्गामार वाहनों में सफर करने को मजबूर हैं। डग्गामार वाहनों के मालिक लोगों की मजबूरी का जमकर फायदा उठा रहे हैं। नगर के सभी हिस्सों में इस तरह की समस्या सामने आ रही है। उक्त वाहन चालक सवारियों को भेड़ बकरी की तरह ठूंस-ठूंस कर भरते हैं। इसके अलावा हद की बात तो यह है कि इन डग्गामार वाहनों की चालक सीट पर बेधड़क बैठी सवारियों को देखा जा सकता है जो सीधे सड़क दुर्घटनाओं को दावत दे रहें।चौकी मुराई बाग के सामने से निकलते ओवरलोड बस देख कर प्रशासन को जा रही अनदेखी साफ तौर पर समझी जा सकती है डलमऊ कोतवाली क्षेत्र मे अवैध रूप से चल रहे डग्गामार वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई न करना चिंता का विषय है।

# जिलाधिकारी ने लाभार्थियों में बांटे टूल किट एवं ऋण प्रमाण पत्र

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा.निर्देश पर जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल की उपस्थिति में चतुर्थ ऑनलाइन मेला आयोजन एनआईसी गोण्डा परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न जनपदों के हस्तशिल्पियों, कारीगर तथा उद्यमियों से वार्ता की गयी। इस लोन मेला में विभागीय अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक/इलाहाबाद गोण्डा उपस्थित रहे। विभाग द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत डबलू कश्यप, गनेश कुमार मिश्र, अमत सोनी को जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा टूल किट प्रदान किया गया। साथ ही स्वरोजगार परक योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित अभ्यर्थियों को ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी जिलाधिकारी ने प्रदान किया गया। जिसमें पीएमईजी योजना के अंतर्गत श्रीमती आभा सिंह को आरओ प्लाण्ट के लिए रु. 15.00 लाख, यूनियन बैंक खरथरी, एमवाईएसवाई योजना के अंतर्गत श्री सतरूद्र प्रकाश शुक्ला एको शटरिंग हेतु रु0 05.00 लाख, यूनियन बैंक खरथरी तथा ओडीओपी योजना के अंतर्गत श्री दीपक कुमार गांधी को नमकीन बेसन उद्योग के लिए रु0 10.00 लाख, इण्डियन बैंक/इलाहाबाद, गोण्डा के माध्यम से प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा स्वरोजगार के प्रोत्साहन हेतु अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण, ऋण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

# विश्व विकलांगता दिवस पर 41 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल का किया गया वितरण

**श्रावस्ती।** भिनगा. प्रदेश सरकार दिव्यांगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिये सरकार द्वारा दिव्यांगों के हित में तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से जुडें और लाभ उठायें। उक्त बाते विकास भवन कैम्पस में 41 दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल प्रदान करते हुये विधायक राम फेरन पाण्डेय ने के व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे दिव्यांगजन जिन्हें अपने रोजमर्रा कार्यों के लिये इधर.उधर आने जाने में दिक्कत हो रही थी उन्हें यह साईकिल मिल जाने से निश्चित ही लाभ मिलेगा। विधायक ने कहा कि दिव्यांगों हेतु दी जाने वाली ट्राई साईकिल के अलावा दिव्यांग भरण.पोषण अनुदान दुकान संचालन एवं शादी.विवाह पुरस्कार योजना विभाग द्वारा संचालित की जा रही है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगजन अपने में हीन.भावना कदापि न रखें क्योंकि सरकार उनके उत्थान के लिये तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इस लिये वे अपने रोजी.रोजगार के लिये सरकार द्वारा संचालित दुकान संचालन योजना का लाभ उठायें। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने विभागीय योजनाओं पर प्रकाश डाला और कार्यक्रम में आये अतिथियों के प्रति आभार किया।

## उप निदेशक एसके सिंह ने समुदायक शौचालय निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

**श्रावस्ती।** जमुनहा. विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट में गुरुवार को उप निदेशक एसण्के सिंह पंचायत देवी पाटन गोंडा ने जिलापंचायत राज अधिकारी किरन के साथ निर्माणाधीन समुदायक शौचालय निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। जिसमे खामियां मिलने पर उप निदेशक ने ग्राम विकास अधिकारी नील मणी मिश्रा व प्रधानप्रतिनिध असगर अली को सख्त चेतावनी देते हुए मिली कमियों को तत्काल प्रभाव से पूरा करने की बात कही। इसके बाद कुलईपुरवा पर पहुंचे जहां पर समुदाक शौचालय निर्माण कार्य को भी देखा इसके बाद ग्रामपंचायत सचिवालय गिरंट में निरीक्षण किया और कुछ कमियों को देखकर जल्द पूरा करने को कहा।फिर हाल उप निदेशक के निरीक्षण होने की तैयारियो में सुबह से प्रधानप्रतिनिध असगर अली व ग्राम विकास अधिकारी नील मणी मिश्रा लगे रहे। इसी के साथ ही बदलाबैजनापुर का भी औचक निरीक्षण उप निदेशक ने किया।

# अवैध निर्माण में छह मंजिला होटल सील, बीडीए की बड़ी कार्रवाई

## स्वीकृति मानचित्र पांच मजिल से ज्यादा का मामला

## नोटिस के बाद भी निर्माण जारी करने पर हुई कार्रवाई

संवाददाता। बस्ती



**बस्ती** विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई की है। सुभाष चौक और बीडीए कार्यालय के सामने निर्मित्त छह मंजिला भवन को अवैध निर्माण करने के आरोप में सील कर दिया। इस भवन के स्वामी राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं भाई आशीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र रमेशचंद्र श्रीवास्तव है। सीलिगं की कार्रवाई बीडीए के सचिव नंदकिशोर कलाल और अधिशाषी अभियंता पंकज पांडेय की देखरेख में हुई। सीलिगं की कार्रवाई करने से पहले निर्माण न करने की नोटिस जारी की गई, बावजूद निर्माण बंद नहीं हुआ, मजबूरी में नियमानुसार बीडीए को संभावित निर्माणधीन होटल के भवन को सील करना पड़ा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीडीए की ओर से जो मानचित्र स्वीकृति किया गया, वह पांच मंजिला का था, मगर भवन का निर्माण छह मंजिला का किया जा रहा था, इसके लिए पहले भवन स्वामी को अवैध निर्माण के आरोप में नोटिस जारी किया गया। बावजूद निर्माण बंद नहीं हुआ, हांलाकि भवन स्वामी द्वारा शमन योजना के तहत शुल्क और मानचित्र जमा किया गया। नियमानुसार जब तक शमन न हो तब तक नहीं माना जाएगा कि मानचित्र स्वीकृति हो गया। भवन के अवैध निर्माण के विरुद्ध बीडीए पर कार्रवाई करने का दबाव बनाया गया, कार्रवाई नहीं करने का आरोप भी लगे।

## अनुपस्थित कर्मचारियों का वीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

बृहस्पतिवार को खण्ड विकास अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने ब्लॉक कार्यालय में देर से आने वाले सात कर्मचारियों को गैरहाजिर करते हुए उनसे तीन दिवस भीतर स्पष्टीकरण देने संबंधित पत्र भेज दिया है। बीडीओ विजय कुमार पांडेय ने बताया कि समय पर कार्यालय न आने पर प्रभारी एडीओं समाज कल्याण अजय कुमार, ब्लाक तकनीकी सहायक कृष्ण देव पांडेय, राकेश चौधरी, सेराजूद्दीन, ध्रुव नाथ मौर्या, रमेश चन्द्र गुप्ता तथा कम्प्यूटर आपरेटर माधुरी को गैरहाजिर करते हुए सभी को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने संबंधित पत्र भेजा गया है। समुचित उत्तर नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

# राजस्व वसूली में तेजी लाएंः डीएम

## समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व, विकास कार्यो, कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने लम्बित प्रकरणों में सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि मामलो का निस्तारण कर अवगत कराएं। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास विभाग, पंचायती राज, नगरीय सहित महत्वपूर्ण विभागों के विकास कार्यो की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी श्रीमती मित्तल ने निर्माण कार्यो में तेजी लाए जाने के साथ समयावधि एवं गुणवत्ता के साथ कार्यो को पूरा किये जाने का निर्देश दिया। कार्यों से सम्बन्धित बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में आबकारी विभाग, स्टाम्प एवं शुल्क पंजीयन, एआरटीओ, नलकूप विभाग, खनन, स्थानीय निकाय आदि विभागों में राजस्व वसूली की गहन समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में और तेजी लाये जाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिये गये। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की समस्या के निस्तारण के लिये सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का तत्काल निदान कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा न्यायालयों में लम्बित रिटों में प्रति शपथ-पत्र दाखिल किये जाने सम्बन्धी प्रकरण एवं समस्त विभागों में आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को तत्काल निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिए।

## योजना के लाभार्थियों को सौंपा ऋण, टूलकिट बैग

संवाददाता। बस्ती

**ओडीओपी**, पीएम रोजगार सृजन के लाभार्थियों को कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण और टूल किट बैग प्रदान किया गया। विधायक दयाराम चौधरी, अजय सिंह, संजय प्रताप जायसवाल, डीएम आशुतोष निरंजन ने ओडीओपी में साधना पाल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में रामजी, अरविन्द कुमार, मंजू को 20 लाख रुपये का ऋण वितरित किया। ओड़ीओपी के तहत फर्नीचर उद्योग के लिए घनश्याम, सोमई, राममिलन, शिवप्रकाश, राजकुमार, जयनाथ शर्मा, रमेश लाल, लल्लन, चन्द्र प्रकाश को टूल किट बैग प्रदान किया।

इस अवसर पर पीडी आरपी सिंह, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्रा, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल, विधायक प्रतिनिधि सुनील पाण्डेय, राजकुमार शुक्ला व अन्य मौजूद रहे।

# टीका आने पर पांच हजार कोरोना योद्धाओं का पहले होगा टीकाकरण

संवाददाता। बस्ती

**कोविड**-19 का टीका आने के बाद सबसे पहले जिले के 5280 कोरोना योद्धाओं को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों में काम करने वाले कर्मियों की सूची तैयार की है। इसमें सरकारी, प्राइवेट दोनों अस्पतालों का स्टाफ शामिल है। एसीएमओ,आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम) (आईडीएसपी) के नोडल ऑफिसर डा. सीएल कन्नौजिया ने बताया कि शासन के दिशा निर्देश पर सभी सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में काम करने वाले चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ की सूची तैयार कराई गई है। इसे विभागीय पोर्टल पर अपलोड भी किया गया है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय अस्पतालों सहित कुल 20 राजकीय फैसिलिटी यूनिट हैं। यहां काम करने वाले 4254 स्टाफ और प्राइवेट अस्पतालों की 76 फैसिलिटी में काम करने वाले 1026 स्टाफ की सूची तैयार की गई है। प्राइवेट फैसिलिटी में अस्पताल व क्लीनिक दोनों शामिल हैं। शासन की गाइड लाइन के अनुसार कोरोना का टीका उपलब्ध होने पर सबसे पहले हाईरिस्क वाले इन्हीं मेडिकल स्टाफ को प्रतिरक्षित किया जाएगा। 866 वैक्सीनेटर कोविड टीकाकरण की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन्हें चिन्हित कर सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका है। यह वैक्सीनेटर जिला स्तरीय अस्पताल से लेकर सीएचसी, पीएचसी पर कार्यरत हैं। जिन वैक्सीनेटर्सरों को चिन्हित किया गया है, आवश्यक प्रशिक्षण देकर टीका लगाए जाने का काम उनसे लिया जाएगा। वैक्सीन के स्टोरेज के लिए जिला स्तर पर यूआईपी भवन में मानक के अनुरूप स्टोर रूम तैयार किया जा रहा है। आईएलआर (आईस लाइन रेफ्रीजरेटर), डीप फ्रीजर की मांग शासन से की गई है।

# कृषि बिल किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कारगर कदमः भूपेश चौबै

## सदर विधायक ने धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। सोनभद्र



**सदर** विधायक भूपेश चौबे ने गुरुवार को कई धान ऋय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। हॉट शाखा राबर्ट्सगंज क्रय केन्द्र पर जाकर वहां मौजूद किसानों से हो रहे धान ऋय के बारे मे विस्तृत जानकारी ली उसके बाद वहां मौजूद अधिकारियों को किसानो के हित में दिये जा रहें सुविधाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा की हमारी सरकार किसानों के प्रति जवाब देह है।

किसानों के हित में जो भी लाभ के कार्यक्रम सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे हैं उसे हर हाल में किसानों तक उपलब्ध कराया जाए। किसान न्यूनतम निर्धारित दरों पर उत्साह के साथ अपना धान विक्रय कर रहे है जो इस बात का संकेत है की भारत सरकार का कृषि बिल उनकी आय दोगुनी करने की दिशा में सही साबित हुआ है। विपक्ष के लोग भ्रामक खबरे फैलाकर किसानों को गुमराह कर राजनीति कर रहे है। विधायक भूपेश चौबे ने कहा की कई धान क्रय केन्द्रो पर शिकायत मिल रही है की वहां किसानो द्वारा लाये जा रहे धान के अनलोडिंग मे देरी हो रही है। जिसके चलते किसान परेशान है विधायक ने कहा की किसानो को किसी भी प्रकार परेशानी न हों क्रय केन्द्र के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा की किसानो और विचैलियों के बीच धान क्रय केन्द्रों के अधिकारियों की मिलीभगत पायी गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। औचक निरीक्षण के दौरान साथ में भाजपा जिला मंत्री संतोश शुक्ला नगर महामंत्री देवेन्द्र सिंह टिंकू राजकुमार तिवारी व अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्माण कार्यों को ब्लाक प्रमुख ने देखा

सेमरियावां (संतकबीरनगर)। ब्लॉक प्रमुख मुमताज अहमद गुरुवार को दशावां गांव पहुंचे। जहां उन्होंने दशावां चौराहे पर लगनी वाली साप्ताहिक बाजार में दर्जनों से अधिक गांवो की हजारों की संख्या में लगने वाली भीड़-भाड़ को देखते हुए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उसका जायजा लिया। साथ ही तीन हजार आबादी वाले इस दशावां गांव के प्रत्येक घरो में स्वच्छ जल की सुविधा देने के लिए एक करोड़ 65 लाख की लागत से वाटर टैंक निर्माण कार्य कराने की घोषणा भी की। बृहस्पतिवार को सेमरियावां ब्लाक प्रमुख मुमताज अहमद अपने सर्मथकों के साथ ग्राम पंचायत दशावां पहुंचे।

इस दौरान उनके द्वारा गांव में कराये जा रहे सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य का जायजा लिया गया। इसके बाद उन्होंने बताया कि 3000 आबादी वाले दशावां गांव में शासन द्वारा एक करोड़ 65 लाख की लागत से वाटर टैंक का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कराया जाएगा।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की

संवाददाता। मीरजापुर

**अखिल** भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पं. सुनील कुमार पाण्डेय ने एक बैठक कर मीरजापुर के लालगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बामी गांव में ब्राह्मण परिवार के तीन बच्चों शिवम, सुधांशु व हरिओम तिवारी की निर्मम हत्या की घोर भर्त्सना कर इस हत्याकाण्ड की उच्च स्तरीय जांच व मृतक बच्चों के परिजनों को 20-20 लाख रूपये का मुआवजा दिये जाने की मांग की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार दिसम्बर को अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान का डेलीगेशन युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित शुक्ला, राष्ट्रीय महामंत्री पं. सुनील कुमार पाण्डेय, राष्ट्रीय सचिव नगेन्द्र नाथ दूबे, पुरोहित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार पाण्डेय की अगुवाई में संस्थान का प्रतिनिधि मण्डल पीडित परिवार के परिजनों से बामी गांव जाकर मुलाकात करेगा तथा इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को ज्ञापन दिया जायेगा । बैठक में संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पं. सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की ढुलमुल कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश में ब्राह्मणों की हत्या लगातार हो रही है। वर्तमान सरकार में ब्राह्मण समाज उत्पीड़ित व प्रताड़ित हुआ है। बैठक को संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रोहित शुक्ला उर्फ लल्लू ने कहा कि बामी गांव के तीन बच्चों की निर्मम हत्या की घटना को पुलिस प्रशासन द्वारा दबाने का प्रयास किया जा रहा है। इस जघन्य अपराध को दुर्घटना का नाम देकर दोषियों को बचाने का प्रयास स्थानीय प्रशासन द्वारा किया जा रहा है । अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान इस घटना की उच्चस्तरीय मजिस्ट्रेटीय जॉच की मांग करती है।

# विश्व दिव्यांग दिवसः बच्चों ने दिखाया हुनर, हुए पुरस्कृत

## दिव्यांग बच्चो को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन सदैव तत्परः पीडी

संवाददाता। संतकबीरनगर



**समग्र** शिक्षा अभियान के तत्वाधान में बृहस्पतिवार को विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन प्राथमिक विद्यालय खलीलाबाद प्रथम निकट कोतवाली पर किया गया। कार्यक्रम में दृष्टिबाधित बच्चों हेतु ब्रेड लेखन प्रतियोगिता एवं स्पर्श प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ब्रेल लेखन में प्रथम स्थान जगन्नाथ, द्वितीय स्थान रंजना, तृतीय स्थान ज्ञानू ने प्राप्त किया। स्पर्श प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवा, द्वितीय स्थान आकाश, तृतीय आकाश, तृतीय स्थान रोशनी ने प्राप्त किया। इसी प्रकार मानसिक मंद बच्चों के कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में निमित प्रथम, साधना तृतीय स्थान मानसिक मंद बच्चों के रंगोली प्रतियोगिता में रिंकी प्रथम स्थान राधा व पलक तृतीय स्थान लकी अनुष्का द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख लेखन प्रतियोगिता में श्रवण बाधित बालिका साधना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के समापन पर जिला पर परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रमोद कुमार यादव द्वारा समस्त विजेता बच्चों को एवं प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमदभागवत कथा यज्ञ का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

**म्योरपुर** ब्लाक के नाधिरा ग्राम पंचायत में गुरुवार को संगीतमय श्रीमदभागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ। ग्राम पंचायत के सैकड़ों वर्ष प्राचीन देवस्थान ब्रह्मबाबा धाम पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा हेतु विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ कलश यात्रा निकालकर छठ घाट स्थित जलाशय से जल उठाया गया। कथा वाचक व्यास महाराज ब्रजराज देव पाण्डेय के विधि विधान से पूजा अर्चना के बीच यजमान विजेंद्र बहादुर दुबे एवं कमला देवी ने जलाशय से जल उठाया गया। कलश यात्रा ग्राम पंचायत के चारों दिशाओं से होते हुए ज्ञान यज्ञ स्थल ब्रह्म बाबा धाम पर पहुंचा कलश यात्रा में महिलाएं पुरुष बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे। पूरा गांव मंत्रोचार एवं ब्रह्मबाबा के जयकारे से गूंज उठा महिलाएं देवी गीत गाते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचने के बाद विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ मंडप में प्रवेश की कथा के आयोजक यजमान विजेंद्र बहादुर दुबे ने बताया कि भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ होगा। आठ दिन तक चलने वाले श्रीमदभागवत कथा को सुनने के लिए जनपद सहित जनपद से सटे मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से भी सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे हैं। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन 11 दिसंबर को भव्य भंडारे के साथ किया जाएगा। उक्त अवसर पर आचार्य सूरज प्रसाद द्विवेदी आचार्य अखिल पांडे आचार्य नित्यानंद दुबे आचार्य शिवेश द्विवेदी आचार्य यज्ञ कुमार द्विवेदी के मंत्रोच्चार से समूचा ब्रह्मबाबा धाम परिसर भक्ति रस से गुंजायमान हो उठा।

# सरल जीवन, ऊंचे विचार के उदाहरण थे डा. प्रसाद



संवाददाता। बस्ती

**स्वाधीन** भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद को उनकी 136 वीं जयंती पर याद किया गया। चित्रगुप्त मंदिर परिसर में डा.राजेन्द्र बाबू को नमन करते हुए उनके योगदान पर चर्चा की गई। कायस्थ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राजेंद्र बाबू भारतीय संस्कृति और सामान्य जनता के प्रतिनिधि थे, इसलिए वे सबके प्यारे थे। वे सरल जीवन और ऊंचे विचार के जीते जागते उदाहरण थे । उन्होंने जीवन भर भारतीय पोशाक पहनी, विदेशी वस्त्र कभी नहीं पहना। सादगी और सच्चाई के वे अवतार थे। उनका अंदर और बाहर का जीवन एक समान था। वे गांधी जी के अनुयायियों में प्रथम थे। ट्रस्ट अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव ने कहा कि महापुरुषों का जन्म अपने लिए नहीं हुआ करता। वे तो किसी बड़े काम को पूरा करके ही दम लेते है। सन् 1917 में जब गांधी जी ने चंपारण में अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठायी तभी राजेंद्र बाबू की भेंट गांधी जी से हुई और वे बापू के शिष्य हो गए। उन्होंने चलती वकालत को छोड़ देश सेवा का व्रत लिया और आजीवन उसका निर्वहन किया। सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गेश श्रीवास्तव, दुगेन्द्र श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव व अन्य ने देष के लिए किए गए उनके योगदान पर चर्चा की।

## अधिवक्ता दिवस के रूप में मनायी गयी डा. राजेन्द्र की जयंती

घोरावल (सोनभद्र)। स्थानीय तहसील परिसर में तहसील अधिवक्ता समिति घोरावल के सभागार में गुरुवार को एक सभा के माध्यम से देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद के संदेशों को व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर की गयी। सभा की अध्यक्षता अधिवक्ता रामकिंकर पाठक ने किया। अधिवक्ता आदिनाथ मिश्रा ने अधिवक्ताओं को उनके कर्तव्यों व अधिकारों का बोध कराया। एनामुल हक अंसारी ने राजेन्द्र प्रसाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इनका जीवन समाज को पूर्ण रूप से समर्पित रहा। दो कार्यकाल तक देश के राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने निर्भीकता के साथ देश का नेतृत्व किया। अधिवक्ता रामायण सिंह ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब वे छात्र जीवन मे थे तो परीक्षा की कॉपी जांचते हुए अध्यापक ने लिखा छात्र अध्यापक से बेहतर है। उन्होंने अपने इसी प्रखरता को पूरे जीवन में बनाये रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम किंकर पाठक ने अभी अधिवक्ताओं को डॉ राजेन्द्र प्रसाद के अधिवक्ता स्वरूप को विस्तार पूर्वक बताया। फरियादियों को हर हाल में न्याय मिले इसके लिए अधिवक्ताओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए। किसी शोषण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता राम अनुज धर द्विवेदी ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,भारत रत्न व सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धांत को अपनाने वाले कर्त्तव्य निष्ठ डा. राजेंद्र प्रसाद आज भी आदर्श स्वरूप हैं। इनका जन्म 3 दिसंबर 1884 ई को हुआ। इनके जन्मदिवस को देश में अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता आदिनाथ मिश्रा राम अनुज धर द्विवेदी संतोष पाठक रामायण सिंह को माल्यापर्ण व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र पाठक ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रकाश सिंह, सचिदानन्द चौबे, ज्योति गुप्ता, संतोष मिश्रा, दिनेश दुबे, संतोष तिवारी, अरुण तिवारी, श्यामधर दुबे आदि मौजूद रहे।

# प्रतिरोधक शक्ति पर दें ध्यान, नहीं होगा सेप्सिस

## प्रत्येक वर्ष विश्व में होने वाली मृत्यु के आंकड़ों में 20 प्रतिशत मृत्यु का कारण सेप्सिसः विश्व स्वास्थ्य संगठन

संवाददाता। मीरजापुर

**सेप्सिस**, सेप्सिसिमिया या रक्तपूतिता एक गंभीर रक्त संबन्धित रोग है। यह कमजोर प्रतिरोधक शक्ति वाले लोगों में आसानी से हो सकती है। इससे ग्रस्त होने की संभावनाएं तब और बढ़ जाती है, जब शरीर पहले से ही किसी अन्य संक्रमण जनित रोग से जूझ रहा हो। यह संक्रमण शरीर के स्वस्थ हिस्से और रक्त को भी क्षति पहुंचाता है जो रोगी के स्वस्थ होने में बाधक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आठ सितंबर के नवीनतम रिपोर्ट में यह स्पष्ट है कि कोरोना संक्रमण या दूसरे किसी संक्रमण के रोगियों में सेप्सिस होने की संभावनाएं बहुत बढ़ जाती है। प्रत्येक वर्ष विश्व में होने वाली मृत्यु के आंकड़ों में 20 प्रतिशत मृत्यु का कारण सेप्सिस है। ससमय लक्षण पहचान कर निदान करना आवश्यक है अन्यथा देर होने से शरीर के अंग लीवर, किडनी आदि काम करना बंद कर सकते हैं। यह परिस्थिति रोगी के लिए नुकसानदायक हो सकती है।

**इनको आसानी से हो सकता है सेप्सिसिमिया:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सेप्सिस किसी को भी हो सकता है। विशेष तौर पर कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली या प्रतिरोधक शक्ति वाले व्यक्तियोंए नवजात शिशुओं, बच्चों, गर्भवतियों, बुजुर्गों, किसी संक्रमण से संक्रमित, एड्स या एचआइवी पॉज़िटिवए कैंसरए लीवर सिरोसिस, गुर्दा या प्लीहा संबन्धित रोगों से ग्रसित व्यक्ति को, मौजूदा कोरोना संक्रमण के दौर ने इसकी संभावनाएं और ज्यादा बढ़ा दी है।

**क्या है लक्षण और उपायः** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इसमें बुखार और कंपकपी, सांस लेने में कठिनाई, सांस फूलना या तेज होना, हृदय की धड़कन का तेज होना, मानसिक स्वास्थ्य में बदलाव या बेचैनी, असामान्य रक्तचाप, शरीर पर धब्बे या चकत्ते, दस्त, मतली या उल्टी, पेशाब कम आना और शरीर में अत्यधिक दर्द जैसे लक्षण होते हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय ने बताया सेप्सिस हो जाने पर शुरुआती स्टेज में शरीर में पनप रहे संक्रमण को एंटीबायटिक्स द्वारा खत्म कर इस रोग को फैलने से रोका जा सकता है।

लेकिन यदि लक्षण के प्रति सतर्क होकर तुरंत उपचार नहीं कराया गया तो यह गंभीर हो सकता और सेप्टिक शॉक के रूप में परिणत होकर रोगी के जीवन के लिए संकट पैदा कर सकता है। इसलिए ऐसे किसी भी लक्षण के दिखते ही बिना लापरवाही बरते चिकित्सक से संपर्क करें ताकि चिकित्सक अविलंब रक्त जांच कर स्थिति का पता लगा सकें और इलाज शुरू कर सकें। डॉ. अजय ने बताया सेप्सिस हो जाने पर उसका इलाज घरेलू उपायों से नहीं हो सकता है। लेकिन कोई रोग हो जाने पर उसका इलाज करवाने से अच्छा है कि रोग को शरीर में पनपने न दें। कोरोना ने वैसे भी समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति पहले की अपेक्षा ज्यादा जागरूक कर दिया है।

यह स्पष्ट है कि सेप्सिस होने का मुख्य कारण स्वच्छता के अभाव में फैला संक्रमण है। इसलिए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रख कर संक्रमित होने से बचें। दूषित पानी और उससे बने भोजन से बचें। भोजन की गुणवत्ता और रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिए विटामिन सी युक्त आहार लें और पर्याप्त जल पीएं। खुद को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए मास्क और सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें। दो गज की शारीरिक दूरी का ध्यान रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## प्रबन्ध कमेटी का चुनाव प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में कराया जाए

**संतकबीरनगर**। दुधारा थाना क्षेत्र के बसडीला चाईकला निवासी ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मदरसा दारूल उलूम अहले सुन्नत तदरीसुल इस्लाम बसडीला कमेटी का चुनाव प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी एवं पुलिस फोर्स के साथ कराया जाय। शिकायतकर्ताओ का आरोप है कि गांव के जनप्रतिनिधि के हस्ताक्षेप से पारदर्शिता चुनाव नही हो सकता है। दिये गये प्रार्थना पत्र में कौसर, वसी अहमद, मो. शफीक, हबीबुर्रहमान, मो. इकराम, गुलाम अहमद ने कहा है कि मदरसा अनुदानित है और प्रत्येक पांच वर्षो पर कमेटी का चुनाव होता है। गत 10 अक्टूबर को पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है तत्कालीन कमेटी अध्यक्ष वसीक अहमद के ऐलान पर जनरल कमेटी बुलाई गई लेकिन चुनाव नही सम्पन्न हो सका बाहरी व्यक्तियों का हस्ताक्षेप शुरू हो गया।

### तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण में थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा शीतलगंज तिराहा के पास से एक अभियुक्त दिनेश कुमार यादव पुत्र राजपति यादव ग्राम नदियांव थाना मड़ियाहूँ जौनपुर को एक तमंचा 315 बोर मय एक जिन्द कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं 341,2020 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

### बलात्कार के मुकदमे में वांछित धरा गया

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना केराकत पुलिस ने मुअसं 421,20 धारा 363,366,376 भादवि व 5,6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त संजय यादव पुत्र राम लाल यादव निवासी खर्गसेनपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को खर्गसेनपुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया।

### दो वांछित पकड़े गए

जौनपुर। राजकरन नय्यर पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश में अपराध एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थाना सराय ख्वाजा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मुअसं 307,2020 धारा 504,307 भादवि का नामजद अभियुक्त रत्नाकर सिंह उर्फरवि सिंह पुत्र स्व0 गुड्डु सिंह उर्फ संजय सिंह निवासी खलीलपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर व नीरज सिंह पुत्र हरिकेश सिंह नि0 खलीलपुर थाना सरायख्वाजा जौनपुर को जमुहाई से कयार वाली सडक पर आगे सुरेन्द्र सिंह के भट्ठे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### घर के बाहर बंधी भैंस उठा ले गये चोर

धर्मापुर, जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव से बीती देर रात मवेशी चोरों ने एक बाड़े में बंधी कीमती भैंस को उठा ले गए। भुक्तभोगी ने थाने पर सूचना दिया है। जानकारी के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र के उत्तरगावां गांव में शोभनाथ मौर्य की भैंस और उसका एक सप्ताह का बच्चा बंधा हुआ था। बताते हैं कि शोभनाथ अपनी भैंस व उसके बच्चे को बांध कर घर में सोये थे। सुबह उठकर जब बाड़े में जाकर देखा तो भैंस गायब थी जबकि उसका बच्चा वहीं बंधा हुआ था। गांव के मध्य से भैंस चुरा ले जाने से लोग अचंभित व भयभीत हैं। भुक्तभोगी ने भैंस चोरी की सूचना थाने पर दे दी है।

### 73वां वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां सम्पूर्णता की ओर

जौनपुर। 73वां वार्षिक निरंकारी संत समागम पिछले 72 वर्षों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष विश्व की परिस्थितियों को देखते हुए वर्चुअल रूप में आयोजित किया जायेगा जिसका शुभारंभ 5 दिसम्बर को होने जा रहा है। देश एवं विदेश की विविधता से परिपूर्ण संस्कृति एवं संप्रभुता की बहुरंगी छटा इस वर्चुअल संत समागम में देखने को मिलेगी। समागम में सम्मिलित प्रतिभागियों द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग, मास्क,सेनेटाइजेशन एवं सोशल डिस्टेंसिंग दो गज दूरी मास्क है जरूरीद्व के नियमों को पूर्ण रूप से पालन होगा।

# दिव्यांग जनों को संवारने की जरूरत है : सदर सांसद





विश्व दिव्यांग दिवस पर विकास भवन में आयोजित हुए कार्यक्रम

संवाददाता। देवरिया

विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से विकास भवन परिसर में दिव्यांगों को सशक्त बनाने और नित्य कार्यों में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।जिसमे दिव्यांगजन को हियरिंग मशीनएबाइस्टिक स्टिक आदि दिये गये। उपकरण वितरण के बाद संबोधित करते हुये सदर सांसद डा रमापतिराम त्रिपाठी ने कहा कि आज काफी प्रसन्नता है कि दिव्यांगजन दिवस आज पूरे देश मे उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा है।सर्वविदित है कि दिव्यांगजन में किसी न किसी प्रकार की विशेष प्रतिभा विद्यमान होती है।दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्रदेश के दिव्यांगजन की इच्छाशक्ति को जागृत कर उनके आत्मविश्वास को विकसित करते हुये उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।जिससे वे लोग भी समाज की मुख्यधारा में अपना योगदान दे सके।दिव्यांगता के कारण जीवन में कठिनाई तो आ सकती है लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति से व्यक्ति किसी भी कठिनाई पर विजय प्राप्त कर सकता है।आज सरकार प्रधानमंत्री गरीबकल्याण योजना के तहत दिव्यांगजन को एक हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता दे रही है।दिव्यांगजन को 500 रुपये महीने की पेंशन भी सरकार द्वारा दिया जा रहा है।दिव्यांगजन को परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा भी सरकार द्वारा दी जा रही है। सदर विधायक डाण् सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजन के उत्थान हेतु निरन्तर प्रयासरत है और इसी को ध्यान रखकर सरकार द्वारा दिव्यांगजन के लिये विभिन्न योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा रहा है।सरकार द्वारा दिव्यांगजन की सुविधा के लिये एक उच्च कोटि के लिम्ब सेन्टर एवं खेल स्टेडियम का निर्माण लखनऊ में कराया गया है।जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से सरकार दिव्यांगजन की सहायक बन रही है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित यादव ने सभी अतिथियों तथा आगन्तुको का आभार ज्ञापित किया तथा जिलादिव्यांग अधिकारी मीनू सिंह ने सभी का स्वागत किया।

### दिव्यांगजन द्वारा ट्राई साइकिल का यूज देख भाव विभोर हुए सांसद और विधायक

देवरिया। विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम समाप्ति के बाद स्थल से निकल रहे सदर सांसद और सदर विधायक की नजर भीखमपुर रोड निवासी दिव्यांग गामा मद्धेशिया पर पड़ी।उसे अपनी ट्राई साइकिल पर नमकीनएबिस्किटएचिप्स आदि लेकर पहुंचे देख।उनके पास पहुंच दोनो माननीयों ने जानकारी लिया तो दिव्यांग गामा मद्धेशिया ने बताया कि इसी पर वह समान बांधकर बेचते है और अपना रोजगार करते है।इस बात को जानकर सांसदएविधायक और उनके साथ मौजूद प्रबुद्धजनों ने गामा की प्रशंसा किया और उनके साथ सांसद ने सबकी तस्वीर खिंचवाई।

### सेवी शिवा ने दिव्यांग को किया सम्मानित



जौनपुर। विश्व विकलांग दिवस पर दिव्यांग को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन करंजाकला क्षेत्र के जासोपुर गांव में पन्ना लाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जनकल्याण समिति द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्थापकध्अध्यक्ष शिवा वर्मा ने दिव्यांग सालिग राम को अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण सम्मानित किया। साथ ही कहा कि दिव्यांगों से प्रेम करें। उनसे घृणा नहीं। वह आपके प्रेम के भूखे हैं। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोकए राजेशए विकासए हिमांशु वर्माए रामसकल यादवए ओण्पीण् यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### डॉ. ऋचा ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल कर नाम किया रोशन



मऊ । मऊ शहर में क्षेत्राधिकारी के रुप में तैनात नरेश कुमार की पत्नी डॉ ऋचा चौधरी ने लोकसेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए सहायक निदेशक मत्स्य के पद पर चयनित हुई हैं। डॉ ऋचा चौधरी की सफलता की सूचना मिलते ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गया। डॉऋचा ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, पति समेत घर के सभी परिजनों को दिया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्राधिकारी मऊ शहर के रुप में नरेश कुमार काफी दिनों से मऊ जिले में तैनात है, इस दौरान उनकी पत्नी डॉ ऋचा चौधरी घर पर रहकर अपने गृहस्थ दायित्वों का निर्वहन करते हुए लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में जुटी हुई थीं। डा ऋचा चौधरी के चयन से अधिकारियों व कर्मचारियों में काफी खुशी की लहर है। डॉ ऋचा ने बताया कि उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल रायबरेली से पूरा किया है। वर्ष 2015 में उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या से मत्स्य विज्ञान में स्नातक एवं 2017 में फिशरीज साइंस विश्वविद्यालय कर्नाटक से फिशरीज साइंस में परास्नातक किया है। हाल ही में उन्हें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि दी गई है। वह मूल रूप से रायबरेली की रहने वाली हैं।

# अधिवक्ताओं ने देश के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती अधिवक्ता दिवस के रुप में मनायी

संवाददाता। मछलीशहर, जौनपुर



देश के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद की जयंती तहसील बार एशोसियेशन ने गुरुवार को अधिवक्ता दिवस के रुप में मनाया जहां तहसील अधिकारियों व अधिवक्ताओं ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह ने कहा कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डाण् राजेन्द्र प्रसाद एक वकील के रुप में अपने जीवन की शुरुआत की थी। बाद में भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में शामिल हो गये। 26 जनवरी 1950 में देश के प्रथम राष्ट्रपति बने जो वर्ष 1962 में भारत रत्न से सम्मानित किये गये। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी विजय सिंह ने कहा कि वे सादा जीवनए उच्च बिचार के कारण समाज के लिये प्रेरणास्त्रोत हैं। गरीबों की मदद की सीख दिये। तहसीलदार अमित त्रिपाठी ने कहा कि वे प्रतिभा के धनी व अनुकरणीय हैं। समाज को उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम बिहारी यादव व संचालन पूर्व अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिन्हा ने किया। इस अवसर पर महामंत्री अजय सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद्र विश्वकमा, जगदंबा प्रसाद मिश्रए हरिनायक तिवारी, अशोक श्रीवास्तवए विपिन मौर्या मौजूद रहे।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के दावे,आपत्ति की तिथि निर्धारित

संवाददाता। जौनपुर

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अहर्ता तिथि जनवरी 2021 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत 17 नवंबर से 15 दिसम्बर तक दावेध्आपत्तियां प्राप्त किए जाने की तिथि निर्धारित की गई हैं। इस अवधि के मध्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 5 दिसंबर दिन शनिवार एवं 13 दिसंबर दिन रविवार को विशेष अभियान की तिथि नियत की गई है। उक्त विशेष अभियान तिथियों में समस्त बूथों पर नियुक्त पदाभिहीत अधिकारी एवं बूथ लेवल आफिसर अपने नियत मतदेय स्थल लिए स्थल पर एकीकृत निर्वाचक नामावली एवं समस्त फार्म सहित पूर्वाह्न 10 बजे से 4 बजे तक उपस्थित होकर संबंधित मतदाताओं से दावाध्आपत्ति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। आनलाइन फार्म भरे जाने सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि विशेष अभियान की तिथियों में अपने नियत स्थल पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण करने के उपरांत आवश्यकता अनुसार मतदाता सूची में नाम बढ़ाए जाने हेतु फार्म.6 मतदाता सूची से नाम अपमार्जित किए जाने हेत फार्म.7 एवं किसी प्रकार के अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध किए जाने हेतु फार्म.8 तथा उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानांतरण करने हेतु फार्म-8 ए भरकर जमा कर सकते हैं।

### क्षितिज शर्मा बनाये गये अध्यक्ष व असलम महासचिव

जौनपुर। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की बैठक शहर के एक स्कूल पर हुई जहां सर्वप्रथम सभी ने विश्वविद्यालय के सौ वर्ष पूरे होने पर एक.दूसरे को बधाई दिये। फिर सभी ने पूर्व छात्रों की नयी कार्यकारिणी का गठन किया। नई कार्यकारिणी के संरक्षक में समाजसेवी हबीब आलम खान एवं शिया इण्टर कालेज के प्रबन्धक नजमुल हसन को चुना गया। इसके साथ ही शहर के जानेमाने चिकित्सक और विभिन्न क्लबों सहित सामाजिक संस्थाओं से जुड़े और विवि के पूर्व छात्र रहे डा क्षितिज शर्मा को अध्यक्ष और असलम अन्सारी को महासचिव बनाया गया।

### पुरातन छात्र के रूप में सम्मानित हुये ग्राम प्रधान



केराकत, जौनपुर। स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बड़नपुर सेनापुर में पुरातन छात्र सम्मान समारोह प्रधानाध्यापक अमित यादव की अध्यक्षता में हुआ जहां प्रधानाध्यापक सहित सहायक अध्यापकों ने पुरातन छात्रों में लालचंद यादव ;शिक्षकद्ध व ग्राम प्रधान रमेश कुमार को शाल व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान श्री कुमार ने बताया कि जहाँ से पढ़ाई किया। वहीं सम्मान पाया।

### शिक्षकों की काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहे 32 अभ्यर्थी सात दिसंबर को वितरित किया जाएगा नियुक्ति पत्र

जौनपुर। परिषदीय विद्यालयों में 36590 पदों के सापेक्ष सहायक अध्यापक के रूप में गुरुवार को हुई काउंसलिंग में 32 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जबकि 595 महिला और पुरुष अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग टीम के समक्ष उपस्थित होकर अपनी काउंसलिंग पूर्ण करवाई। दर असल प्रदेश स्तर पर 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत द्वितीय चरण में शुरू हुई काउंसलिंग के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर में दो दिन काउंसलिंग हुई। इस प्रक्रिया में शिक्षकों के 627 सहायक अध्यापक के पद शुरू हुई काउंसलिंग की चयन प्रक्रिया में 403 पुरुष अभ्यर्थी और 224 महिला अभ्यर्थी शामिल थे ।
दो दिन की काउंसिलिंग में गुरुवार को 595 अभ्यर्थियों ने अपनी काउंसलिंग पूर्ण कराई । जबकि 32 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शिक्षकों की काउंसलिंग प्रक्रिया के लिए शहर के रजा डीएम शिया इंटर कॉलेज में कोरोना कोविड से बचाव के तहत विशेष व्यवस्था की गई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यहां आठ टेबल बनाए गए थे।


# नहीं बनी बात दो छात्राएं बैठी भूख हड़ताल पर

संवाददाता। चकिया,चन्दौली

पिछले 11 सितंबर से ही ताजपुर गणवा में वनाधिकार कानून के तहत दाखिल दावों की सुनवाई कर वहां के निवासियों के जमीन का कागज उनके नाम से करने तथा गणवा सहित ऐसे तमाम गांवों को राजस्व गांव का दर्जा देकर विकास योजनाओं से जनता को लाभान्वित करनेएगढ़वा में 50 सालों से बनी बंधी तथा उसी समय से सिंचाई के लिए बनी नाली काटने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुन: नाली निर्माण कराने सहित तमाम सवालों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने का कोई हल न निकलने के कारण आज से धरना क्रमिक भूख हड़ताल में बदल गया। पहले 24 घंटे के लिए भूख हड़ताल पर ममता चौहान व अर्चना चौहान बैठी। इस दौरान हुई सभा में अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष कामरेड श्रवण मौर्य ने कहा कि यह लड़ाई अपनी जमीन अपना घर और अपना हक अधिकार बचाने की लड़ाई है जो आज दिल्ली में पूरे देश का किसान लड़ रहा है इस रूप में अगर देखा जाए तो गणवा की यह लड़ाई देश की लड़ाई से जुड़ गई है और अगर प्रशासन इन सवालों को हल नहीं करता है तो इस लड़ाई को पूरे जिले में फैलाया जाएगा। भाकपा माले जिला सचिव कामरेड अनिल पासवान ने कहा कि अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए हम उन जनप्रतिनिधियों से भी सवाल करेंगे जो जनता के प्रतिनिधि तो बनते हैं लेकिन केवल चुनाव के दौर में यह जनता नजर आती है उसके बाद उनके नजर में इस जनता की कोई कदर नहीं होती।

### सपाइयों ने किसान जन जागरण चौपाल लगाई

देवरिया । वृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में बरहज विधानसभा के मोहाव व देईडीहा गाँव मे ष्किसान जन जागरण चौपालष् लगाकर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराया। इस दौरान संबोधित करते हुए सपा नेता विजय रावत ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है। भाजपा सरकार में अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन करने पर किसानों को लाठीचार्जए पानी की बौछार व आसुं गैस के गोले की सौगात मिल रही है। सरकार नए कानून बनाकर किसानों के अधिकारों को सीमित करना चाहती है। जिले में पराली जलाने को लेकर किसानों का उत्पीड़न किया जा रहा हैए किसानों को मुकदमो में फँसाकर उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है।किसानों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न व मुकदमो जल्द वापस नही लिया गया तो सपाई आंदोलन को बाध्य होंगेएभाजपा सरकार में जनता का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा की जनविरोधी सरकार किसानों के सम्मान से खिलवाड़ कर रही हैं। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार से हर वर्ग परेशान है। किसानों को खादए बीजए समय से नही मिल पा रहा है। धान क्रय केंद्रों पर खरीद नही हो रही है। प्रदेश की भाजपा सरकार को गरीबोए किसानों से कोई लेना देना नही है।




### एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

डुमरियागंज। बलरामपुर जिले के कलवारी गांव निवासी राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार राकेश सिंह व उनके साथी पिंटू साहू को घर में रात्रि के समय जलाकर जलाकर दबंगों द्वारा जान से मार दिया गया। इसी क्रम में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन डुमरियागंज इकाई द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम डुमरियागंज त्रिभुवन कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई। गुरुवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम त्रिभुवन कुमार को इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा दिया गया। जिसमे मांग की गई है कि दिवंगत पत्रकार राकेश सिंह व उनके साथी की हत्या सरेआम किया जाना अति निंदनीय है। इनके दोषियों को फांसी की सजा देने के साथसाथ सरकार परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता व एक सदस्य को नौकरी दे। साथ ही हत्या की सीबीआई जांच भी कराई जाए। एक स्वर में मांग की अगर इस तरह का पत्रकारों के साथ दबंगों द्वारा व्यवहार किया जाता रहा तो भारत का चतुर्थ स्तम्भ अपने निष्पक्ष काम करने के लिए असहाय महसूस करेगा ।

### डा. सतीश द्विवेदी ने किया सीसी रोड का लोकार्पण



डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा मंत्री डा. सतीश द्विवेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र इटवा के ग्राम बडुईया में विधायक निधि से 17 लाख 13 हजार की लागत से 280 मीटर की सीण्सी रोड का गुरुवार को लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर बेसिक शिक्षा मंत्री व स्थानीय विधायक डॉण् सतीश द्विवेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारा इटवा शून्य से शिखर की ओर बढ़ रहा है। क्षेत्र की जनता ने आश छोड़ दिया था कि कभी बिस्कोहर और इटवा को नगर पंचायत का दर्जा मिलेगाए उनके साथ हमेशा छलावा किया गयाए हमेशा कहा गया कि इस बार जिताइये फिर नगर पंचायत होगाए हर चुनाव में यही झांसा देकर इटवा और बिस्कोहर गाँव ही बना रहा। मैंने चुनाव में ये वादा किया था कि अगर मैं विधायक बनता हूंए प्रदेश में मेरी सरकार बनती है तो इटवा और बिस्कोहर को नगर पंचायत का दर्जा दिलवाऊंगा। क्षेत्र की जनता ने मुझे इटवा विधानसभा का जनप्रतिनिधि चुनाए विधायक चुना तो मैंने जनता की मांग को पूरी करते हुए इटवा और बिस्कोहर को नगर पंचायत का दर्जा दिलवाया। पूरे विधानसभा क्षेत्र में एक भी राजकीय शब्द से जुड़ा विद्यालय नही था आज बिस्कोहर में राजकीय डिग्री कॉलेज का निर्माण हो रहा है। भिलौरी. भिलौरा में आईटीआई का निर्माण हो रहा है। गोरया में पॉलीटेक्निक कॉलेज का निर्माण हो रहा है।

### बाइक एजेंसी मालिक को लगी गोली

जौनपुर। केराकत थाना क्षेत्र के ग्राम नरहन में गुरुवार की दोपहर में बाइक एजेन्सी मालिक अशोक कुमार सिंह निवासी वीरमपुर पिस्टल की गोली चलने से उस समय घायल हो गये जब वह शोरूम में अपनी पिस्टल को साफ कर रहे थे। गोली लगने से घायल अशोक कुमार सिंह को स्वजनों ने तत्काल वाराणसी स्थित एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



संवाददाता। देवरिया

भाजपा सलेमपुर मण्डल द्वारा मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण अभियान की तैयारी बैठक सिंचाई विभाग स्थित डाकबंगले में आयोजित की गयी । बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता मतदाता सूची लेकर बूथ सम्पर्क अभियान के साथ मतदाता पुनर्निरीक्षण का सघन अभियान चलाये। आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के निमित्त अब कार्यकर्ता भी चुनाव लड़ने की तैयारी करे। मण्डल अध्यक्ष कन्हैया लाल जायसवाल ने कहा कि जिस बूथ की मतदाता सूची जितनी निरीक्षण से दुरुस्त होगीएउस बूथ की जीत भी उतनी ही मजबूत होगी । अत: हमें अपने अभियानों को मजबूती से धरातल पर लागू करना होगा। अभियान के मण्डल संयोजक अशोक तिवारी ने कहा कि चुनाव में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका मतदाता और मतदान की होती हैएउतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका मतदाता सूची अथवा वोटर लिस्ट की होती है। आगामी 5 और 12 दिसम्बर को मण्डल के सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर बीएलओ केस साथ मतदाता सूची में संशोधन एवम नाम जुड़वाने में अपने सक्रिय भूमिका निभाये। बैठक का संचालन विकास रौनियार ने किया।

### धान खरीदारी शुरू न होने से किसान परेशान

धानापुर,चन्दौली। गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने हाट शाखा पर पहुंच कर धान क्रय के स्थिति का जायजा लिया। लेकिन क्रय केंद्र पर अभी तक एक क्विंटल की भी धान खरीदारी नही हो पाई थी। जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल किसानों का धान क्रय करने को कहा। किसानों के आरोप है कि विपणन अधिकारी विगत एक सप्ताह से छुट्टी पर थे जिसके कारण खरीदारी नही हो रही थी गेहूं की बुआई के लिए किसानों के पास खाद बीज के लिए पैसा नही है किसान लाचार होकर बिचौलियों के चंगुल में फंस रहे हैं। उपजिलाधिकारी को देखकर किसानों ने उनसे अपनी समस्या रखी जिसपर उन्होंने तत्काल समस्या का समाधान करते हुए क्रय करने और जल्द से जल्द भुगतान की व्यवस्था करने को कहा। वही दूसरी तरफ क्रय केंद्र प्रभारी का कहना है कि धान में नमी ज्यादा है इएलिये क्रय कार्य रुक हुआ है। किसान राणा सिंहए इनाम खानए दिग्विजय सिंहए प्रशांत कुमार आदि किसानों ने जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन से क्रय केंद्र पर धन खरीदारी शुरू कराने की मांग की है।

# राजेश पटेल बने पूर्वी प्रदेश के महासचिव



संवाददाता। सुजानगंज,जौनपुर

राजनीति की पाठशाला के संस्थापक डा राजपूत की संस्तुति पर राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी राहुल चौधरी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव त्यागी ने प्रेस क्लब लखनऊ में प्रेसवार्ता कर युवा भाजपा नेता राजेश झल्लू राम पटेल को राजनीति की पाठशाला का पूर्वी उत्तर प्रदेश का महासचिव घोषित किया। वहीं राजेश ने कहा कि राजनीति की पाठशाला का उद्देश्य भारतीय युवाओं को भारतीय संविधान एवं मौलिक अधिकार के प्रति जागरूक करना है। प्रदेश अध्यक्ष डाण् प्रमोद केण् सिंह की दिशा और निर्देश का पालन करते हुए मैं संस्था के विचारों और उद्देश्यों को लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश के हर जिले के स्कूलोंए कालेजोंए प्राधिविक विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से संपर्क कर वर्कशॉपए पुरस्कार समारोह एवं समारोह के माध्यम से संस्था के उद्देश्यों से अवगत कराएंगे। इससे राजनीति के पाठशाला के मुख्य उद्देश्य से लोग जुड़े और जानें। फिर राजनीति की पाठशाला का मूल उद्देश्य क्या हैए हम अपनी पूरी निष्ठा के साथ युवा साथियों को एकत्रित करके ग्रामीण क्षेत्रों में घर.घर जाकर संस्था और संस्था के नीतियों के बारे में अवगत कराएंगे। इस अवसर पर तमाम लोग सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये मौजूद रहे जिन्होंने राजेश जी का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

### एक जनपद,एक उत्पाद योजना से आधा दर्जन हुये लाभान्वित

जौनपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में चतुर्थ आनलाइन मेले में जनपद के एनआईसी में मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा विभाग की रोजगार परियोजनाओं में लगभग 90 लाख ऋण कुल 5 लाभार्थियों को वितरित किया गया। प्रशिक्षण के कार्यक्रम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एक जनपद, एक उत्पाद् के अंतर्गत कुल 5 ट्रेड में लगभग 5 प्रशिक्षणार्थियों को टूल किट वितरित किया गया।

### एसएमएस से रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था के निर्देश जारी: सीडीओ

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा एसएमएस के माध्यम से रोजगार प्रदान करने की व्यवस्था किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। उक्त के क्रम में मनरेगा योजना अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार प्रदान कराने के माध्यम को अधिक सुलभ बनाने हेतु एसएमएस के माध्यम से रोजगार की मांग दर्ज कराने हेतु मनरेगा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जनपद स्तर पर एसएमएस के माध्यम से रोजगार मांग दर्ज कराने हेतु निम्न विशिष्ट नंबरों एवं कार्मिकों को नामित किया गया है।

### आयुष विभाग का चिकित्सा शिविर, सैकड़ों का हुआ इलाज

देवरिया । गुरुवार को आयुर्वेद विभाग द्वारा आयुष आपके द्वार चिकित्सा शिविर का आयोजन बाकी चौराहा पर शिवाजी बालिका इंटर कालेज में क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारीध्यूनानी अधिकारी डॉक्टर डीके चौरसिया के निर्देशन में किया गया। इसमें आरोग्य भारती के द्वारा सहयोग किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायकडॉक्टर सत्य प्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि 2 गज दूरी मास्क हैं जरूरी। कोरों ना काल में पूरे विश्व में आयुर्वेद की दवाएं कारगर सिद्ध हुई है। उन्होंने कहा कि रोग प्रतिरोधक क्षमता के विकास के लिए अश्वगंधा चूर्णए गिलोय घनवटीए विटामिन सी युक्त भोज्य पदार्थ जैसे नींबूए संतराए आंवलाए मौसम्मीए आदि का सेवन करें। इन सभी उपायों को अपनाकर हम ऐसी महामारी से बच सकते है। उन्होंनेकहा कि आरोग्यभारती और सेवा भारती समय.समय पर ऐसे आयोजनों को कर रही है। कोरो ना काल में स्वस्थ जीवन शैली और योग आयुर्वेद अपनाकर हम अपने को मजबूत रख सकते हैं तथा को रो ना जैसी महामारी से हम मजबूती से लड़ सकेंगे।

### सिद्धार्थनगर में तीन मार्गो के सुदृढ़ीकरण के लिए 9 करोड़ 82 लाख

सिद्धार्थनगर। जनसुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद सिद्धार्थनगर अंतर्गत तीन मार्गों के सुदृढ़ीकरण हेतु धनराशि 9 करोड़ 82 लाख 74 हजार की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ट्वीट कर दी गई जानकारी के मुताबिक बांसी-बस्ती मार्ग पर 3 किमी लंबे खुटहना से रोवारी दुभरा गांव तक मार्ग के लेपन कार्य हेतु, धनराशि 3 करोड़ 2 लाख 49 हजार की स्वीकृति दी गई है। जबकि 3 किमी लंबे कासडीह पोखरे से नासिरगंज तक के मार्ग के लेपन कार्य हेतु धनराशि 2 करोड़ 76 लाख 94 हजार की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह चौरी गांव से पूरब जामडीह पुरवा, पचपेड़वा होते हुए कपियवा तक लेपन कार्य के लिए धनराशि 4 करोड़ 3 लाख 31 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत

## दो गंभीर रूप से घायल

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

क्षेत्र में अलग अलग हुई मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की घटनास्थल पर जहां मौत हो गयी, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए। कोतवाली लालगंज अन्तर्गत वर्मा नगर चौराहे के समीप रानीगंज कैथौला की ओर से आ रहे ट्रेलर ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक चला रहे एकलाक अहमद (42 वर्ष) निवासी किया का पुरवा मऊआइमा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।

बाइक पर उसके साथ बैठी उसकी भाभी गुलशन बानो को भी चोटें आयी है। गुलशन बानो की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध कोतवाली लालगंज मे मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना इतनी दर्दनाक थी कि शव को पहचानना मुश्किल हो रहा था। ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। ट्रेलर दुर्घटना के बाद भाग निकला। वहीं दूसरी घटना उदयपुर थाना क्षेत्र के बड़डुआं के पास घटित हुई। यहां ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवको को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उदयपुर थाना क्षेत्र के कन्धई पाण्डेय का पुरवा ननौती निवासी अनुज पाण्डेय (25 वर्ष) अपने छोटे भाई आयुष पाण्डेय (18 वर्ष) पुत्र अजेन्द्र कुमार पाण्डेय के साथ जा रहे थे। ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर में आयुष पाण्डेय की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी।

गंभीर रूप से घायल अनुज पाण्डेय को ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी सांगीपुर इलाज के लिए भेजवाया। मृतक अपने भाई के साथ मंगापुर में आयोजित रामचरितमानस के पाठ में शामिल होने के लिए जा रहा था। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने वहां जमकर बवाल काटा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस के समझाने पर किसी तरह ग्रामीणों का आक्रोश शांत हुआ।

## सन्दिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला गर्भवती विवाहिता का शव

बाराबंकी। सन्दिग्ध परिस्थितियों मे एक पांच माह की गर्भवती विवाहिता का शव घर के पीछे के कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम कराया है। वहीं विवाहिता के परिजन ससुराली जनों पर हत्या का आरोप लगाया है और पुलिस पूरे मामले में जांच करने की बात कह रही है। जानकारी के अनुसार घुंघटेर थाना क्षेत्र के पलटू पुर के निवासी छोटू की शादी वर्ष 2012 मे लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र निजामपुर मल्हौर निवासी पूजा से हुई थी। उनके एक पांच वर्ष की बेटी तान्या भी है। पूजा का शव बुधवार की दोपहर पीछे कमरे में साड़ी के सहारे लटकता देखा गया तो हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है और मृतका पूजा के भाई पुष्पेंद्र ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

बाराबंकी। अपने घर पैदल चलकर जा रही 55 वर्षीय बुजुर्ग महिला को अज्ञात बाइक की टक्कर से गम्भीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर आए, यहां गुरुवार की सुबह घायल महिला ने दम तोड़ दिया।

## एहतियातन लगाई गई धान खरीद केंद्र पर पीएसी

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। विपणन केंद्र बदोसराय पर धान तौल कराने को लेकर दो किसानों में तनातनी के बाद पीएसी तैनात कर दी गई है। बंदोसराय के धान केंद्र पर गुरुवार को पहले धान तौल कराने को लेकर दो किसानों के मध्य विवाद शुरू हो गया। पुरनिया के बृजेश कुमार तथा बरोलिया के रामकुमार के मध्य पहले धान तौल कराने को लेकर विवाद शुरू हो गया इस दौरान धान की तौल बंद करा दी गई। मामले को बढ़ता देख केंद्र प्रभारी तेजभान सिंह ने मामले की जानकारी उप जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान को दी। उप जिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दयाशंकर सिंह को मौके पर फोर्स तैनात के निर्देश दिए। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक ने डेढ़ सेक्शन पीएससी धान के केंद्र पर तैनात करा दी है। अभी 26 नवंबर को पहले धान तौल कराने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था। जिसमें रमसाय के निर्मल तिवारी व रसूलपुर के राजेंद्र प्रसाद के मध्य हुए विवाद में पांच लोग घायल हुए थे।

# कुपोषित बच्चों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं: डीएम

## कुपोषित बच्चों के परिवारों को गाय देने के निर्देश

संवाददाता। अमेठी

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जेन्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नवीन विकेंद्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत ड्राई राशन वितरण की जानकारी लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह द्वारा कोटेदारों के यहां से राशन का उठान कर ससमय आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने अति कुपोषित बच्चों के परिवारों को गाय देने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी सरोजनी देवी ने बताया कि बच्चों के वजन कार्यक्रम में कुल 191607 बच्चों में से नवंबर माह में 174266 बच्चों का वजन किया गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी कन्वर्जेन्स विभागों द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कुपोषण मुक्त बनाये जाने के उद्देश्य से कुपोषित ग्राम पंचायतों को सुपोषित बनाने के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि कुपोषित बच्चो को ड्राई राशन देकर कुपोषण मुक्त बनाये तथा गर्भवती महिलाओं के खान.पान पर विशेष ध्यान देने तथा बच्चा पैदा होने पर उसका वजन कराकर देखा जाए कि बच्चा स्वस्थ्य है कि नहीए यदि बच्चा स्वस्थ्य नही है तो बच्चे की मां को आयरन की गोली के साथ विटामिन्स भी दिये जाये और उससे जुड़े सभी खान.पान व टीकाकरण का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं को हरी साग सब्जिया अधिक मात्रा में खाने के लिए आगनवाड़ी एवं आशा कार्यकत्रियो के माध्यम से प्रेरित करेंए जिससे कि गर्भवती महिला एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दे सकें। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया कि जो बच्चे रेड श्रेणी में है उनकी नियमित जानकारी रखें साथ ही उन्हें समुचित मात्रा में पोषाहार उपलब्ध कराकर हरी श्रेणी में लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों की उपलब्धता पर ध्यान दिया जाए, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को यह निर्देश दिए गए कि कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चे जिनके परिवारों को शौचालय एवं राशन कार्ड की सुविधाएं अभी उपलब्ध नही कराई गई है उनकी सूची संबंधित विभाग को प्रेषित करें।

# बाराबंकी पहुंची किसान आन्दोलन की आग, नौ को किसान करेंगे सीमाएं सील

संवाददाता। बाराबंकी

दिल्ली मे चल रहे किसान आन्दोलन की आग अब बाराबंकी मे भी पहुंच गयी है। समय रहते यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दिल्ली की भांति यहां भी किसान नौ दिसम्बर को जनपद की सीमाएं ब्लाक करने का काम करेंगे। यह ऐलान गुरूवार को भारतीय किसान यूनियन आजाद ने किया है। प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव एवं जिलाध्यक्ष लाल जी यादव ने संयुक्त बयान में बताया कि इसके लिए किसानों के अन्य संगठन की भी सहमति व्यक्त की है, साथ ही इसकी सूचना भी प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से दे दी गयी है। तैयारियों के विषय पर कहा कि जल्द ही बैठक बुलायी जायेगी, जिसमें रणनीति पर चर्चा कर अमल किया जायेगा। बताया कि अभी तक जिन किसान संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है। उनमें किसान यूनियन अम्बावता,



किसान दल, धर्मेन्द्र गुट, अन्नदाता भाकियू एवं लोक शक्ति एवं किसान महासभा शामिल है, इसके अतिरिक्त संगठनों से भी संपर्क किया जा रहा है।

### भारतीय किसान यूनियन का दूसरे दिन भी धरना जारी

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के बैनर तले गन्ना दफ्तर में शुरू हुआ धान आंदोलन आज दूसरे दिन भी जारी है। विपणन विभाग द्वारा धान तौल कराने आये किसानों की सूची जिसपर भाकियू द्वारा ब्लॉकवार सूची तैयार कर देर शाम 579 किसानों की ट्रॉलियों की सूची सौंप दी है। गुरुवार के धरने का नेतृत्व कर रहे हौसिला प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार को यदि कोई सार्थक परिणाम नही निकला तो लखनऊ कूच किया जाएगा। धान खरीद में धांधली को लेकर भारतीय किसान यूनियन द्वारा जनपद की पांच तहसीलों में शुरू हुआ धान आंदोलन गुरुवार को भी सदर तहसील स्थित गन्ना दफ्तर में जारी रहा।

## संक्षिप्त पुनिरीक्षण विशेष अभियान कल

बाराबंकी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2021 के अन्तर्गत पांच दिसंबर को विशेष अभियान तिथि घोषित किया गया है। उक्त अभियान में नियुक्त पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेबिल अधिकारी अपने से सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर अर्ह व्यक्तियों से दावें और आपत्तियां प्राप्त करेंगे। अर्हता एक जनवरी को 18 वर्ष या इससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके हो, ऐसे नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित कराना चाहते हैं, तो वह अपने से सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर नियुक्त पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेबिल आफिसर या तहसील कार्यालय में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है। मतदाता सूची में नाम बढ़ाने या कटवाने के लिए फार्म भरकर जमा कर सकते हैं।

# कब्रिस्तान कमेटी ने अवैध निर्माण रोकने की मांग की

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। बाराबंकी



कमरियाबाग कब्रिस्तान कमेटी के सदस्यों ने कब्रिस्तान में हो रहे अवैध निर्माण रोके जाने के संबंध में एसडीएम सदर अभय कुमार पांडे व नगर कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर निर्माण कार्य तत्काल रोके जाने व जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। एसडीएम सदर ने तत्काल कोतवाल नगर को आदेश दिया कि निर्माण कार्य को तुरंत रुकवा कर और जांच कर हमें जांच आख्या प्रेषित करें।

एसडीएम सदर ने कमेटी के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि मौके की जांच अतिशीघ्र कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कमरिया बाग कब्रिस्तान के अध्यक्ष मोहम्मद नईम ने बताया कि गाटा संख्या 2745 पर जो अवैध निर्माण कर कर रहे हैं उनको तत्काल रोका जाए जिस पर एसडीएम सदर ने कोतवाली को निर्देश दिया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें और निर्माण कार्य तुरंत मौके पर जाकर बंद कराने का भी आदेश दिया है। कमरिया बाग कब्रिस्तान आजादी से पहले कायम चला आ रहा हैए यह नाम जेडे की जमीन हैए जमीदारों की जमीन पर कब्रिस्तान कायम है। कुछ लोगों ने इसे आबादी घोषित करा कर फर्जीवाड़ा करके रजिस्ट्री आदि करा रहे हैं। इसी का यह प्रमाण है कि सुनीता चौरसिया पत्नी सुशील कुमार अभय नगर निवासी है जो यह बता रहे हैं कि यह मैंने रजिस्ट्री द्वारा खरीदा है। जुज भाग पर सात फीट गढ्ढा खोदकर कबरों को क्षतिग्रस्त किया व उनमें मिले हुए अवशेषों(हड्डी) इत्यादि मिट्टी के साथ में ट्रैक्टर.ट्राली द्वारा फेंकवा दिया। कुछ अवशेष जल्दबाजी में वहीं पड़े हैं। जबकि हाईकोर्ट इलाहाबाद डबल बेंचों का आदेश है कि जमीन किसी की भी हो या कबरें बनी हुई है तो उसे कब्रिस्तान माना जाएगा। ये ईश्वर और अल्लाह की भी सम्पित है। इसी में लगाए पेड़ हो तो यह भी कब्रिस्तान की मिल्कियत मानी जाएगी। बिना मानचित्र पास कराएं निर्माण कराया जाना, सात फीट गढ्ढा खोदना कानूनन अपराध है,ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# डीएम ने किया कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। ललितपुर

जिलाधिकारी ए. दिनेशकुमार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम नजारत एवं आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने सभी पटलों का अवलोकन कर पटल प्रभारियों से उनके कार्यों की जानकारी ली, साथ ही प्रतिदिन समय से कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये। मौके पर उन्होंने पत्रावलियों को व्यवस्थित रखने तथा पटलों को साफ रखने के निर्देश दिये।

मौके पर जिलाधिकारी ने सुगम्य भारत अभियान के तहत कलेक्ट्रेट के सभी तलों तक दिव्यांगजनों कि पहुंच आसान बनाने के लिए एक मल्टीलेवल पा निर्माण कराये जाने के निर्देश भी दिए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग का निरीक्षण किया। यहां पर मुख्य द्वार पर फ्रीजर रखा हुआ पाया गयाए जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त फ्रीजर को खुलवाकर देखा। इसके उपरान्त उन्होंने कार्यालय के सैम्पल रजिस्टर का अवलोकन किया। रजिस्टर में प्रविष्टियों को नम्बरिंग नहीं की गई थी। मौके पर उपस्थित अधिकारी द्वारा बताया गया कि एफएसओ द्वारा खाद्य सामग्री की दुकानों पर जाकर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की जाती है।

यदि जांच में गुणवत्ता खराब पायी जाती है तो सम्बंधित दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्र में कार्य करने हेतु भेजें। उन्हें कार्यालय में न बिठायें। साथ ही मौके पर उपस्थित नाजिर को निर्देश दिये कि नियोग्य सामग्री को निस्तारित कराना सुनिश्चित करें।

# वंचित व बेसहारा लोगों को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम: त्रिवाठी

## अधिवक्ता दिवस पर उत्कृष्ट विधि व्यवसाय के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं का हुआ सम्मान

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर तहसील सभागार मे अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी की अध्यक्षता मे आयोजित समारोह मे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नवदेनान्दिनी एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति होने के साथ ही अधिवक्ता भी थे। इस दिवस को अधिवक्ता समाज अधिवक्ता दिवस के रूप मे आयोजित कर उन्हें याद करता है। कार्यक्रम मे पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के पिछडे दीनहीन वर्ग को न्याय दिलाना ही अधिवक्ताओं का परम दायित्व है।

देश की आजादी से लेकर समाज मे हो रही कुरीतियों के विरूद्ध जब भी जरूरत पड़े। तब–तब अधिवक्ताओं ने आगे बढ़कर समाज को नई दिशा दिलाकर वंचित एवं शोषित लोगों की आवाज बनकर समाज को नई दिशा दी है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने आयोजन समिति की ओर से अधिवक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि अधिवक्ता न्याय व कानून का जानकार होने के कारण विधि मे स्थापित संविधान की मूल अवधारणा के अनुरूप पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सदैव सजग रहते हुए अपने कर्तव्य को अंजाम देता रहा है और इस पेशे को एक मिशन के रूप मे लेने का आहवान अधिवक्ताओं से किया।

## आत्मा योजना अंतर्गत रवी गोष्ठी संपन्न

तिलोई (अमेठी)। आत्मा मिशन द्वारा विकासखंड स्तरीय रवी कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जो कि राजकीय बीज गोदाम सिंहपुर परिसर में हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख रणजीत सिंह ने की। आकाशवाणी के कृषक वार्ताकार के रूप में अर्जुन सिंह भदोरिया तथा पशु चिकित्सक डॉक्टर चमन लाल ने कृषकों को रवी की फसल से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी गोष्ठी में किसान यूनियन अध्यक्ष नंद कुमार पांडे तथा ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद इजहार भी अपने कृषक साथियों के साथ उपस्थित रहे विभागीय कर्मचारी नीरेश कुमार बीटीएम के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें प्राविधिक सहायक आशीष कुमार तिवारी व राजेंद्र कुमार व एटीएम आनंद कुमार व अनुज सिंह वह ब्लॉक में ग्रामीण स्तर पर तैनात सहयोगी किसानों ने भरपूर सहयोग किया साथ में आत्मा योजना अंतर्गत गठित बीफएफएसई अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार तिवारी ने कृषकों को बैठक में आने पर आभार व्यक्त किया।

## निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश

अमेठी। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने विकासखंड संग्रामपुर अंतर्गत 352.93 लाख की लागत से नवनिर्मित ग्राम छाछा पूरे दला का पुरवा में मालती नदी पर 3.9 मीटर आरसीसी बॉक्स, कलवट, सेतु पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि राकेश चौधरी ने बताया कि ग्राम छाछा व पूरे दला का पुरवा को जोड़ने हेतु मालती नदी के ऊपर सेतु व एक किमी डामर रोड का निर्माण कराया जाना था। जिसमें अभी तक मालती नदी पर सेतु व 900 मीटर डामर रोड का निर्माण कराया जा चुका है। शेष 129 मीटर डामर रोड का निर्माण कराया जाना है। उन्होंने बताया कि संपर्क मार्ग में ग्रामीणों की जमीन होने के कारण निर्माण नहीं हो पाया है। जिलाधिकारी ने मौके पर ही उप जिला अधिकारी अमेठी को टीम भेजकर उक्त संपर्क मार्ग के अंतर्गत पड़ने वाली जमीन की पैमाइश कराने के निर्देश दिए।

## विदेशी फंडिंग की सूचना पर ईडी ने की छापेमारी

बाराबंकी। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम ने गुरुवार को विदेशी फंडिंग की सूचना पर कुर्सी थाना क्षेत्र के अगासड गांव के निवासीमुवस्सिर घर पर मिली सूचना के आधार पर 7 सदस्यीय टीम ने पुलिस की सहायता से छापेमारी की लेकिन किसी प्रकार की संदिग्ध वस्तु बरामद न होने परबैरंग ही लौट गई हालांकि छापेमारी की सूचना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति देखने को मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुवस्सिर अभी थोड़े दिनों पहले ही विदेश से कमाकर लौटा था किसी ने इसकी सूचना ईडी को दे दी थी। वहीं कुछ भी सन्दिग्ध न मिलने पर गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है लेकिन छापेमारी की सूचना के बाद हड़कम्प मचा रहा है। वहीं प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि सूचना मिलने पर ईडी की टीम पहुची थी परन्तु सभी वस्तुओं को टीम ने सन्तोष जनक बताया वहीं कुछ भी न मिलने पर टीम ने राहत की सांस ली।

# एनआईसी में आनलाइन स्वरोजगार संगम का किया गया आयोजन

## एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना के लाभार्थी से मुख्यमंत्री ने किया आनलाइन संवाद

संवाददाता। प्रतापगढ़



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में आनलाइन स्वरोजगार संगम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश स्तरीय चतुर्थ आनलाइन ऋण वितरण भी किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ के एनआईसी में भी आनलाइन स्वरोजगार संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय द्वारा आत्मनिर्भर भारत योजनाए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के लाभार्थियों को डेमो चेक एवं ऋण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 55 लाख के ऋण का वितरण किया गया। इसी के साथ एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के पांच लाभार्थियों को टूलकिट भी प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के लाभार्थी अभिषेक सिंह को 20 लाख, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के लाभार्थी मो0 जावेद को 10 लाख एवं कुंवर वीरेन्द्र कुमार सिंह को पांच लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की लाभार्थी रंजना विश्वकर्मा को 10 लाख एवं मो. नदीम को 10 लाख के डेमो चेक एवं ऋण प्रमाण पत्र का वितरण किया।

## राकेश तिवारी बने समाजवादी प्रबुद्ध सभा के प्रदेश सचिव

मुसाफिरखाना (अमेठी)। समाजवादी प्रबुद्ध सभा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक मनोज पाण्डेय ने स्थानीय कस्बा निवासी राकेश तिवारी को संगठन का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए नेतृत्व का आभार जताया।

पूरे भवानी चरण निवासी सामाजिक कार्यकर्ता व सपा नेता राकेश तिवारी को समाजवादी प्रबुद्ध सभा के अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री मनोज पाण्डेय ने संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने उम्मीद जताई कि इससे समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलने के साथ ही 2022 में सपा सरकार बनाने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही अखिलेश यादव को पुन: मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ काम करेंगे।

# सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहायक के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

संवाददाता। बाराबंकी



पशुपालन विभाग में वरिष्ठ सहायक कार्यालय अधिकारी सीताराम श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त उपरांत एक भव्य विदाई सम्मान समारोह संपन्न हुआ। विदाई सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से अयोध्या मंडल अयोध्या के अपर निदेशक ग्रेड 2 डॉ अरविंद कुमार सिंह एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. मार्कंडेय तथा पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ एस एन सिंह के साथ कर्मचारियों के मुखिया और राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष हसीब अहमद की आदि लोग उपस्थित थे। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थिति डॉक्टर एके सिंह अपर निदेशक पशुपालन विभाग अयोध्या मंडल ने सीताराम श्रीवास्तव के कार्य और व्यवहार को अपने शब्दों और भावों में रेखांकित किया और उन्हें सपरिवार दीर्घायु की कामना की। उसके बाद जिले के मुखिया और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मार्कंडेय राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष हसीब अहमद आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ अरविंद सरोज उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा संघ के जिला अध्यक्ष विकास वर्मा एवं पशुधन प्रसार अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला उपाध्यक्ष और विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खान, गौरव वर्मा मिस्त्री रियल इंप्लाइज एसोसिएशन पशुपालन विभाग अयोध्या मंडल अयोध्या एवं विकास भवन कर्मचारी परिषद के महामंत्री ने में सीताराम श्रीवास्तव को एक अच्छा गुरु बताया।

## अखिलेश पाण्डेय मुख्य कार्यसमिति सदस्य नामित

बाराबंकी। योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली विविध संस्थाओं के सर्वमान्य संगठन इण्डियन योगा एसोसिएशन (आईवाईए)की प्रदेश कार्यकारिणी में जिले के बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक योगाचार्य अखिलेश पाण्डेय को मुख्य कार्य समिति सदस्य एवं प्रान्तीय कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि अखिलेश पाण्डेय को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा आईवाईए के राज्य प्रतिनिधि के रूप में नामित किया गया है। योगाचार्य अखिलेश पाण्डेय जिले के विकास खण्ड सूरतगंज के कम्पोजिट स्कूल भैरमपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें देव संस्कृति विश्वविद्यालय के आधारभूत मूल्यों को स्थापित करने के लिए उपराष्ट्रपति द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है।